आज

आज ३.०० तीन रुपये मात्र

भाजन

गौरवशाली परम्परा

गौरवशाली परंपरा का २०७ वर्ष

हर लड़की को खूबसूरती पर होना चाहिए गर्व

तमन्ना भाटिया



वाराणसी, शनिवार २४ अक्तूबर, २०२६ सौर ७, आश्विन शुक्ल १३, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

गृह मंत्रालय
भारत सरकार

करें उन जांबाज़ों को नमन
जिनसे देश है अखंड

CBC 19101/13/0017/2627

आंतरिक सुरक्षा बलों का सम्मान

राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

एक ही जगह देखें, एकता के रंग अनेक

भारत पर्व
1 से 15 नवंबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर 2026 स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, एकता नगर, गुजरात

जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या विज़िट करें rashtriyaektadiwas.com



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



सिवान : पटाखा कारोबारीके घर में विस्फोट, आठ की मौत

लगातार दो घंटे होते रहे धमाके, थानेदार-चौकीदार निलम्बित

बड़हरिया(सिवान) (आससे)। बिहार के सिवान जिले में शुक्रवार को पटाखों में आग लगने से एक मकान में भीषण विस्फोट हो गया। जामो थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव में हुई इस घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे में करीब आठ लोगों की मौत की सूचना है। मृतकों की संख्या और उनकी पहचान की आधिकारिक पुष्टि की प्रतीक्षा है। विस्फोट इतना तेज था कि मकान के अगले हिस्से का मलबा सड़क पर जा गिरा। जानकारी के अनुसार, आलमपुर निवासी मो. अमीरुद्दीन मियां के मकान में पटाखे रखे हुए थे। उन्हें पटाखों का कारोबारी बताया जा रहा है। बताया जाता है कि मकान में कई लोग मौजूद थे, तभी पटाखों में आग लग गई। इसके बाद आग ने वहां रखे अन्य पटाखों को भी अपनी चपेट में ले लिया और लगातार विस्फोट होने लगे। करीब दो घंटे तक



रह-रहकर धमाकों की आवाज सुनाई देती रही। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि मकान का अगला हिस्सा ढहकर सड़क पर गिर गया। घटना के बाद आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। धमाकों की आवाज से लोग सहम गए और घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मकान को हुए नुकसान और विस्फोट की भयावहता के कारण राहत एवं पहचान संबंधी कार्यों में परेशानी होने की जानकारी सामने आई है। स्थानीय लोगों ने हादसे में करीब सात लोगों की मौत की सूचना दी है। बताया जा रहा है कि विस्फोट की वजह से शवों की पहचान करने में कठिनाई हो रही है। मृतकों की वास्तविक संख्या और उनकी पहचान के बारे में आधिकारिक पुष्टि अभी प्रतीक्षित है। सीवान के पुलिस कप्तान भारत सोनी ने जामे थाने के थानेदार और चौकीदार को पटाखे विस्फोटकी घटनामें समयसे नहीं पहुंचने के कारण लापरवाही बरतने के तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

देश को भरोसे में ले सरकार-खड़गे

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चीन के साथ सीमा विवाद, बढ़ते व्यापार घाटे और कूटनीतिक वार्ताओं के नतीजों को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर देश को स्थिति स्पष्ट करने और संसद को भरोसे में लेने की मांग की है। खड़गे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि अरुणाचल प्रदेश में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच टकराव जारी रहने की खबरें चिंताजनक हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि डोकलाम और गलवान के बाद क्या एक और गंभीर टकराव की स्थिति बन रही है? उन्होंने तवांग क्षेत्र के पास तक्षिंग में चीनी घुसपैठ की खबरों और वाचा-दामई में कोर कमांडर स्तर की वार्ता के बाद भी टकराव जारी रहने का हवाला देते हुए पूछा कि क्या भारतीय सैनिकों की गश्त के अधिकार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और सरकार को इस संबंध में देश को स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने आर्थिक मोर्चे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि गलवान संघर्ष में 20 भारतीय सैनिकों के बलिदान के बाद वित्त वर्ष 2020-21 से चीन से आयात 102 प्रतिशत बढ़ गया है, जबकि चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 155 प्रतिशत बढ़कर 112.16 अरब डॉलर हो गया है। खड़गे ने आरोप लगाया कि एक ओर चीन भारतीय निर्यात में बाधा डाल रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकार चीनी निवेश पर लगी पाबंदियों में ढील देने और चीन से जुड़ी पात्र कंपनियों को उत्पादन आधारित प्रोत्साहन देने पर विचार कर रही है। उन्होंने सवाल किया कि क्या मेक इन इंडिया अब इंपोर्ट फ्रॉम चाइना बन गया है?

चीन को लेकर मोदी सरकार से पूछे तीन सवाल



नयी विश्व व्यवस्थामें भारत की होगी अहम भूमिका-मोदी

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि दुनिया के सामने मौजूद चुनौतियों से निपटने में मौजूदा वैश्विक व्यवस्था नाकाम हो रही है और ऐसे में नई विश्व व्यवस्था उभर रही है। इसमें भारत की अहम भूमिका होगी। उन्होंने मानवता के सामूहिक कल्याण पर जोर देते हुए कहा कि भारत अपनी क्षमताओं को मजबूत कर दुनिया को सशक्त बनाने में योगदान दे रहा है। प्रधानमंत्री ने गुरुवार शाम नई दिल्ली में आयोजित एक शिखर सम्मेलन में 'व्यवस्थाओं के बीच की दुनिया' विषय पर मुख्य भाषण देते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी के विकास ने नई शक्तियों और नई आवाजों को जन्म दिया है। उन्होंने बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधार की जरूरत बताते हुए कहा कि वैश्विक दक्षिण की आवाज को उचित स्थान मिलना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय सहयोग केवल अच्छे समय तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि संकट के समय भी प्रभावी होना चाहिए। मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। उन्होंने 'सशक्त बनाने की शक्ति' का दृष्टिकोण रखते हुए कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य केवल देश की प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बेहतर दुनिया के निर्माण की गारंटी भी है। भारत की आत्मनिर्भरता वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब दुनिया के लिए केवल बैक ऑफिस नहीं, बल्कि 'ब्रेन ऑफिस' के रूप में भी काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि दुनिया के आधे से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) भारत में हैं। ये केंद्र अब सामान्य सहायता सेवाओं से आगे (शेष पृष्ठ नौ पर)



युवाओं को केंद्र में रखकर बनायी जा रही हैं सरकार की नीतियां

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि युवाओं को हमेशा उनकी सरकार की नीतियों और पहलों के केंद्र में रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है। प्रधानमंत्री शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में तीन दिवसीय 'चिन्मय अमृत महोत्सव वैश्विक सम्मेलन' का उद्घाटन करने के बाद संबोधित (शेष पृष्ठ नौ पर)

यूपी एमएलसी चुनाव : स्नातक में ३९, शिक्षक निर्वाचन में ५६ प्रतिशत मतदान

लखनऊ (आससे)। विधान परिषद की लखनऊ खंड स्नातक और शिक्षक निर्वाचन सीटों पर शुक्रवार को हुए मतदान में शिक्षक निर्वाचन के मतदाताओं ने अधिक उत्साह दिखाया। मंडल के सातों जिलों में स्नातक निर्वाचन सीट पर औसतन 38.72 प्रतिशत और शिक्षक निर्वाचन सीट पर 55.76 प्रतिशत मतदान हुआ। स्नातक निर्वाचन में खीरी 44.32 प्रतिशत मतदान के साथ पहले स्थान पर रहा। वहीं, शिक्षक निर्वाचन में रायबरेली में सबसे अधिक 63.14 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। दोनों सीटों पर प्रतापगढ़ सबसे पीछे रहा। यहां स्नातक निर्वाचन में 31.24 प्रतिशत और शिक्षक निर्वाचन में 49.12 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। राजधानी लखनऊ में दोनों सीटों पर मतदान का प्रतिशत मंडल के औसत से कम रहा। यहां स्नातक निर्वाचन में 34.51 प्रतिशत और शिक्षक निर्वाचन में 43.72 प्रतिशत मतदान हुआ। लखनऊ में शिक्षक निर्वाचन के मुकाबले स्नातक निर्वाचन में 9.21 प्रतिशत अंक कम मतदान दर्ज किया गया। स्नातक निर्वाचन सीट पर खीरी में सर्वाधिक 44.32 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद सीतापुर में 41.04, रायबरेली में 40.23, बाराबंकी में 40.03 और हरदोई में 39.65 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। लखनऊ में 34.51 प्रतिशत और प्रतापगढ़ में सबसे कम 31.24 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। (शेष पृष्ठ नौ पर)

लखनऊ में औसत से कम मतदान

राहुलको हल्केमें न ले भाजपा-शशि थरूर

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पिछले कुछ महीनों में लोगों, खासकर युवा मतदाताओं में नया उत्साह जगाया है। उन्होंने कहा कि अब सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए इस बात पर ध्यान देने का समय आ गया है कि लोग उससे क्यों दूर हो रहे हैं। शशि थरूर ने आगे दावा किया कि सत्तारूढ़ पार्टी ने इस पर ध्यान देना शुरू भी कर दिया है। यही वजह है कि वह राहुल गांधी को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। थरूर ने राहुल गांधी का समर्थन ऐसे समय किया है, जब हाल ही में भाजपा ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उन्हें फेल प्रोडक्ट यानी असफल उत्पाद कहा। एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक समाचार चैनल के समिट में बिना नाम लिए गांधी परिवार के वंशज राहुल गांधी पर निशाना साधा था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, मुझे नहीं पता कि कांग्रेस अपने फेल प्रोडक्ट को लॉन्च करने के लिए देश को कितने समय तक दांव पर लगाती रहेगी। श्रीहरिकोटा (सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र) से एक साल में उतने (शेष पृष्ठ नौ पर)

मतदाता सूचीमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ीका लगाया आरोप

एसआईआर के विरोधमें मार्च, सैकड़ों हिरासतमें

नयी दिल्ली (आससे)। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में शुक्रवार को दिल्ली में भारत निर्वाचन आयोग मुख्यालय की ओर मार्च निकाल रहे कई प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन पर मतदाताओं के नाम कथित तौर पर सूची से हटाए जाने का आरोप लगाया। मार्च में वरिष्ठ माकपा नेता वृंदा करात के अलावा ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक वीमेंस एसोसिएशन और ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन के सदस्य भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने 'ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो' और 'वोट चोरी बर्दाश्त नहीं' जैसे नारे लगाए। मार्च गोल डाकखाना के निकट कालीबाड़ी मार्ग और भाई वीर सिंह मार्ग के चौराहे से शुरू होकर निर्वाचन आयोग मुख्यालय की ओर बढ़ रहा था। लेकिन पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया और कई लोगों को हिरासत में ले लिया।

कोलकाता : मोस्ट-वांटेड माओवादी दंपती का आत्मसमर्पण, एक-४७ और इंसास राइफल सौंपी

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल और झारखंड में वांछित माओवादी दंपती मंगल और मालती ने शुक्रवार को आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों ने कोलकाता के लालबाजार स्थित पुलिस मुख्यालय में पुलिस आयुक्त अजय के. नंद के सामने हथियार डाल दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिस को एक एके-47 और एक इंसास राइफल भी सौंपी। दोनों पर कुल सात लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के मुताबिक, सुरक्षा बलों के लगातार दबाव और माओवादी गतिविधियों के लिए मुश्किल होते हालात के बीच दोनों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया है। मंगल और मालती ने 23 अक्टूबर को कोलकाता पुलिस मुख्यालय में पुलिस आयुक्त अजय के. नंद के सामने आत्मसमर्पण किया। दोनों पश्चिम बंगाल और झारखंड में वांछित थे। आत्मसमर्पण के समय उन्होंने एक एके-47 और एक इंसास राइफल पुलिस को सौंप दी। पुलिस के (शेष पृष्ठ नौ पर)



टायर फटने से खाई में गिरी कार, चार की मौत

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान के दौसा-मनोहरपुर नेशनल हाईवे (ह॥-148) पर शुक्रवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। रायसर के पास एक कार का टायर फटने से चार लोगों की मौत हो गई। टायर फटते ही कार बेकाबू होकर सड़क किनारे एक गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में चार लोगों की मौत और दो अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। राजस्थान में ये हादसा सुबह छह बजे के करीब हुआ। टायर फटते ही ड्राइवर का कार से कंट्रोल छूट गया। इसके बाद कार खाई में जाकर गिरी, जिससे चार लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद के लिए पुलिस को फोन किया। इस दौरान स्थानीय लोगो ने गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकाल लिया। घायलों को अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं मृतकों के शवों को मोर्चरी भेजा दिया गया है। रायसर के थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि हादसे की मुख्य वजह टायर फटना ही था। इस हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान हो चुकी है।

ड्राइविंग लाइसेंस : अब भारतीय-विदेशी नागरिकोंके लिए होंगे अलग कलर कोड

नयी दिल्ली (आससे)। देश में ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) जारी करने और इसके नवीनीकरण की प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और सख्त बनाने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़े नीतिगत बदलाव का खाका तैयार किया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएस) ने केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन के लिए एक नया मसौदा प्रस्ताव जारी किया है। इस मसौदे के तहत भारतीय नागरिकों और विदेशी नागरिकों के लिए अलग-अलग रंग वाले ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की योजना बनाई गई है। इसके साथ ही, लाइसेंस बनवाने और उसमें सुधार की प्रक्रिया को पेपरलेस, तेज और बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के पूरा करने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक सुधार प्रस्तावित किए गए हैं। मंत्रालय ने इस मसौदे पर आम जनता और हितधारकों से 30 दिनों के भीतर सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की हैं। सड़क परिवहन मंत्रालय के नए (शेष पृष्ठ नौ पर)



सड़क हादसे में दो की मौत

अमेठी (एजेंसी)। लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र में कादूनाला चौकी के पास शुक्रवार देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में बाइक आ गई। हादसे में बाराबंकी जिले के घुंघटेर थाना क्षेत्र के जमुआ गांव निवासी रोहित उर्फ खूनखून (25) और अटहरा गांव निवासी बृजेश उर्फ ग्लोस (22) की मौत हो गई। दोनों की मौत से परिवारों में मातम पसरा है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चालक और वाहन की तलाश करने के साथ मामले में कार्रवाई में जुटी है। पुलिस के अनुसार, हादसा रात करीब नौ बजे हुआ। दोनों युवक बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने (शेष पृष्ठ नौ पर)

अमिताभके बंगले-दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई(आससे)। मुंबई की मेयर ऋतु तावड़े को एक धमकी भरा ई-मेल आया है, जिसमें अभिनेता अमिताभ बच्चन का घर और गायक दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट स्थल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों और मुंबई पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। अधिकारी ने बताया कि बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) मुख्यालय में मेयर के दफ्तर की गहन तलाशी ली गई, लेकिन वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस के अनुसार, यह ई-मेल डिप्टी मेयर संजय घाडी को भी भेजा गया था। अधिकारी ने बताया कि मेयर को आए मेल में 31 अक्टूबर को एक स्कूल पर ग्रेनेड हमले की चेतावनी दी गई है। वहीं 31 अक्टूबर से 27 नवंबर के बीच सुपरस्टार अमिताभ बच्चन के जुहू स्थित घर जलसा को निशाना बनाने की धमकी दी गई है। अधिकारी ने बताया कि इस धमकी के बाद, सुरक्षा एजेंसियों ने संदेश की सच्चाई का पता लगाने, यह कहां से भेजा गया है यह जानने और भेजने वाले की पहचान करने के लिए व्यापक जांच शुरू कर दी है। खालिस्तान का जिक्र करने वाले इस (शेष पृष्ठ नौ पर)

मुंबई मेयर को मिला ई-मेल

अरुणाचल में चीनी सैनिकों से अब भी तनातनी

आईटीबीपी चीफ बोले- हमारे शौर्य कमांडो तैयार

नयी दिल्ली (आससे)। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) प्रमुख शत्रुजीत सिंह कपूर ने बताया कि आईटीबीपी ने शौर्य कमांडो नाम से एक नई लड़ाकू इकाई तैयार की है। इन कमांडो ने अरुणाचल प्रदेश में कई जगहों पर चीनी सेना (पीएलए) के साथ चल रहे गतिरोध के दौरान अपनी क्षमताएं साबित की हैं। कपूर ने कहा कि हर बॉर्डर बटालियन में कमांडो तैनात किए जाएंगे, क्योंकि यह फोर्स चीन के साथ 3,488 किलोमीटर लंबी लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर अपनी युद्ध-तैयारी को मजबूत कर रही है। आईटीबीपी प्रमुख की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब यह बल अपने आधुनिकीकरण अभियान को तेज कर रहा है, जिसमें नई युद्ध तकनीकों और विशेष प्रशिक्षण पर अधिक जोर दिया जा रहा है। 24 अक्टूबर को आईटीबीपी के 65वें स्थापना दिवस से पहले राजस्थान के अलवर में एक आईटीबीपी बेस पर जवानों को संबोधित करते हुए कपूर ने कहा कि भारत के सबसे बड़े विरोधी चीन का



मुकाबला करने के लिए युद्ध के पारंपरिक तरीके अब काफी नहीं हैं। इस बल ने अपनी सीमा-रक्षक बटालियनों में ड्रोन प्लाटून बनाए हैं और अपने जवानों को ड्रोन चलाने तथा इस तकनीक को विकसित करने के लिए प्रशिक्षित कर रहा है। कपूर ने बताया कि आईटीबीपी को सरकार से 400 करोड़ रुपये की फंडिंग मिली है, जिसमें से 70 प्रतिशत राशि का इस्तेमाल उसकी ड्रोन युद्ध क्षमताओं को मजबूत करने के लिए किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने 4,000 करोड़ रुपये की आधुनिकीकरण योजना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इसमें ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम के लिए 1,000 करोड़ रुपये शामिल हैं। आईटीबीपी ने एक नया स्ट्राइक कोर्स भी तैयार किया है, ताकि जवानों को (शेष पृष्ठ नौ पर)

सऊदी के चार शहरोंमें इंडिगो की उड़ानें रद

नयी दिल्ली (आससे)। भारतीय एयरलाइन इंडिगो ने बदलती सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर सऊदी अरब के रियाद से आने-जाने वाली उड़ानें 31 अक्टूबर तक रद्द कर दी हैं। वहीं, जेद्दा, दम्माम और मदीना से आने-जाने वाली उड़ानें 27 अक्टूबर तक रद्द रहेंगी। इंडिगो ने बयान जारी कर कहा कि यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। एयरलाइन स्थिति पर लगातार नजर रख रही है और संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर रही है। प्रभावित यात्रियों को उनकी बुकिंग के दौरान दिए गए संपर्क विवरण के जरिए सूचना दी जा रही है। एयरलाइन ने यात्रियों को हवाई अड्डे के लिए रवाना होने से पहले अपनी (शेष पृष्ठ नौ पर)

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज गौरव शाली परंपरा का १०४ वां वर्ष
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राईब करें।

मौसम

सूर्योदय : ०६.००
सूर्यास्त : ०५.२४

तापमान
अधि. : ३१.०
न्यून. : २०.०







बूथ का निरीक्षण कर बाहर निकलते डीएम-एसपी, वोट डालने के लिए लाइन में खड़े लोग वोट डालकर बाहर निकलते विधायक। छाया:आज

शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ एमएलसी का चुनाव

डीएम-एसपी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण, स्नातक के ४३.६१ एवं खंड शिक्षक निर्वाचन के ६९.५२ प्रतिशत पड़े मतदान

गाजीपुर। विधान परिषद चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने शुक्रवार को जनपद के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनपद में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुई। जिसमें वाराणसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 21926 मतदान पड़े जिसमें 43.61 प्रतिशत तथा वाराणसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 4306 मतदान पड़े में 69.52 प्रतिशत मतदान पड़ा है। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने सिटी इंटर कॉलेज कोतवाली, हनुमान प्रसाद इंटर कॉलेज देवकली रामपुर मांझा, जखनिया ब्लॉक मतदान केंद्र, नेशनल इंटर कॉलेज कासिमाबाद, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जमानियां तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय करंडा का दौरा किया।संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सुरक्षा प्रबंधों की बारीकी से जांच की गई। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा निर्धारित 100 मीटर के सुरक्षा घेरे का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। प्रशासन के अनुसार, जनपद में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से जारी रही और सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी गई। इसी क्रम में स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर के प्राचार्य प्रो. डॉ. राघवेंद्र कुमार पांडेय ने मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोट डाला। उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए मतदान को महत्वपूर्ण बताते हुए शिक्षकों और स्नातकों से अपने मताधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने की अपील की। वहीं, उनकी पत्नी एवं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी की कुलसचिव डॉ. सुनीता पांडेय ने भी मतदान कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी निभाई। दोनों के मतदान करने से क्षेत्र में चुनाव को लेकर उत्साह का माहौल नजर आया। सेवराई प्रतिनिधि के अनुसार- विधान परिषद चुनाव के तहत शुक्रवार को भदौरा ब्लॉक मुख्यालय पर स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान के लिए ब्लॉक मुख्यालय परिसर में दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अलग-अलग दो मतदान केंद्र बनाए गए थे। सुबह आठ बजे शुरू हुई मतदान प्रक्रिया शाम चार बजे तक चली। मतदान के दौरान पुरुष एवं महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शिक्षक निर्वाचन के लिए कुल 172 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 121 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 102 पुरुष व 19 महिलाओं ने मतदान किया वहीं, स्नातक निर्वाचन में कुल 1,141 मतदाताओं के सापेक्ष 484 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 404 पुरुष व 80 महिलाओं ने मतदान किया दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। दिलदारनगर प्रतिनिधि के अनुसार- स्थानीय नगर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) में शुक्रवार को स्नातक एमएलसी चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान सुबह आठ बजे से शुरू होकर शाम चार बजे तक चला। इस दौरान मतदाता कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे और बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्र पर कुल 623 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 294 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह केंद्र पर कुल 47.19 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान के दौरान केंद्र के बाहर सड़क पर भी लोगों की आवाजाही बनी रही।मतदान के दौरान निर्धारित व्यवस्था के तहत प्रक्रिया जारी रही और शाम चार बजे मतदान समाप्त होने के साथ ही चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। भांवरकोल प्रतिनिधि के अनुसार- उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लिए वाराणसी खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक के दिवार्षिक चुनाव हेतु ब्लॉक मुख्यालय स्थित सभी तीनों मतदेय स्थलों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न हो गया। बूथ संख्या 51 पर 187के सापेक्ष 114 शिक्षकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बूथ संख्या 131 पर 1214 के सापेक्ष 476 तथा बूथ संख्या 131 (अ) पर 1100 के सापेक्ष 406 स्नातक मतदाताओं अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह 8ः00 बजे से मतदान शुरू हुआ। 10ः00 बजे तक मतदान की गति काफी धीमी रही। धीरे-धीरे मतदान की गति बढ़नी शुरू हुई और दोपहर में मतदाताओं की संख्या अधिक होने के कारण मतताओं को बरामदे के अलावा धूप में भी खड़ा होना पड़ा। मतदान के दौरान उप जिलाधिकारी रणविजय सिंह और क्षेत्राधिकारी सुधाकर पांडेय मतदान केंद्र पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिया। बाराचवर प्रतिनिधि के अनुसार-वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड बाराचवर में शुक्रवार को मतदान शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुआ। शेर करीमुद्दीनपुर स्थित झारखंडे महादेव राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में बनाए गए मतदान केंद्र पर सुबह से ही मतदाताओं की आवाजाही बनी रही। मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मतदान केंद्र पर स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के लिए कुल दो बूथ बनाए गए थे। स्नातक निर्वाचन के बूथ संख्या 130 पर कुल 1,283 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 583 मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं, शिक्षक निर्वाचन में पंजीकृत 121 मतदाताओं में से 94 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार दोनों निर्वाचन में कुल 1,404 पंजीकृत मतदाताओं में से 677 मतदाताओं ने वोट डाले। मोहम्मदाबाद प्रतिनिधि के अनुसार- वाराणसी खंड स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र 2026 के लिए विधान परिषद सदस्यों के चुनाव का मतदान शुक्रवार को मोहम्मदाबाद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुआ। मतदान प्रक्रिया के प्रति मतदाताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।चुनाव आयोग के अनुसार, शाम तक शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में स्नातक 43.61त्न और शिक्षक 69.52त्न मतदान दर्ज किया गया। सादात प्रतिनिधि के अनुसार- प्राथमिक विद्यालय प्रथम मतदान केंद्र पर स्नातक और शिक्षक एमएलसी चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। नायब तहसीलदार विवेकानंद सिंह और थानाध्यक्ष तारावती देवी के नेतृत्व में प्रशासन मुस्तैद रहा। स्नातक एमएलसी के चार बूथों पर कुल 3710 में से 1599 मतदाताओं ने वोट डाला, जिसमें 424 महिला और 1175 पुरुष शामिल रहे। शिक्षक एमएलसी के बूथ संख्या 39 पर कुल 605 में से 444 शिक्षकों ने मतदान किया, जिनमें 63 महिला और 381 पुरुष शिक्षक रहे। जमानिया प्रतिनिधि के अनुसार- स्थानीय कस्बा स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शुक्रवार को शिक्षक एवं स्नातक विधान परिषद चुनाव के लिए मतदान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। मतदान समाप्ति के उपरांत सभी मतपेटिकाओं को प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की निगरानी में सील कर सुरक्षा घेरे में गंतव्य के लिए रवाना किया गया।मतदान के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, एसडीएम निधि तथा प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने मतदान केंद्र के सभी बूथों का सघन निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम निधि ने बताया कि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। शिक्षक कोटे के लिए निर्धारित बूथ संख्या 53 पर कुल 250 पंजीकृत मतदाताओं में से 190 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जहां सर्वाधिक 76 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं स्नातक निर्वाचन के बूथों पर मतदान की गति सामान्य रही। स्नातक कोटे के बूथ संख्या 133 पर कुल 652 मतदाताओं में से 274 ने वोट डाले (42.02 प्रतिशत)। बूथ संख्या 134 पर 1018 पंजीकृत मतदाताओं में से 442 मतदाताओं ने मतदान किया (43.41 प्रतिशत)। इसके अलावा बूथ संख्या 135 पर कुल 808 मतदाताओं में से 349 ने अपने मत का प्रयोग किया (43.19 प्रतिशत)। इस प्रकार केंद्र पर स्नातक वर्ग के कुल 2478 मतदाताओं में से 1065 मतदाताओं ने वोट डाले और कुल औसत मतदान 42.97 प्रतिशत रहा। दिनभर चले मतदान के बाद अब प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतपेटियों में बंद हो चुका है।

टेंट हटाने को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और एसडीएम के बीच नोकझोंक

डीएम-एसपी ने लिया जायजा

जखनियां अतुल कुमार के बीच नोकझोंक शुरू हो गई। काफी देर तक चले विवाद के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति को संभाला और टेंट को वहां से हटवाकर दूसरी तरफ लगवाया। इस दौरान मतदान प्रक्रिया जारी रही।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टेंट को लेकर शुरू हुआ विवाद कुछ समय तक चर्चा का विषय बना रहा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा रामकृष्ण तिवारी तथा कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र पांडे मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। इसके बाद मतदान केंद्र के आसपास की व्यवस्था को व्यवस्थित किया गया।टेंट विवाद के बाद चुनावी व्यवस्था को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नेताओं की ओर से पुलिसकर्मियों पर आरोप लगाए जाने की बात भी सामने आई। वहीं समाजवादी पार्टी के नेताओं की ओर से भी चुनावी व्यवस्था को लेकर शिकायतें किए जाने की जानकारी सामने आई। शिकायतों और परिसर में बढ़ती गहमागहमी को देखते हुए जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला तथा पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह भी जखनियां ब्लॉक पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, मतदान प्रक्रिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की। सेक्टर मजिस्ट्रेट डॉ प्रशांत कुमार ने बताया कि स्नातक के लिए 48.57त्न तथा शिक्षक के लिए 66.86 प्रतिशत मत पड़े।जबकि स्नातक के लिए 5028 मतदाताओं की सूची में 2442 मत पड़े। तथा शिक्षक के लिए 703 मतदाताओं में 470 मत पड़े ।



वोट डालकर बाहर निकलते प्राचार्य, कुलसचिव। छाया:आज

शटर तोड़कर लाखों का डीजे चोरी

मरदह, गाजीपुर। थाना के डोड़सर गांव स्थित चट्टी पर बीती रात्रि में शटर तोड़ कर अज्ञात चोरों ने डोड़सर गांव निवासी प्रांसु गोड़ की डीजे की दुकान से बारह लाख के लगभग कीमत का डीजे मशीन चोरी कर लिया। सुबह शटर टूटा देखकर ग्रामिणो द्वारा सूचना देने पर दुकानदार को चोरी की वारदात की जानकारी सुबह हुई।बताया कि बीती रात्रि में किराए के कमरे में स्थित दुकान पर दस बजे तक था ।उसके बाद दुकान बंद कर घर चला गया था। प्रांसु ने बताया कि समूह से काफी रुपये लोन पर लेकर दुकान में डीजे की मशीन खरीदा था आगामी दिनों में चालीस के लगभग मांगलिक कार्यक्रमों में डीजे की बुकिंग किया था। दुकान के बगल में स्थित खेत मे उसका लैपटॉप एवं मोबाइल छतिग्रस्त हाल में चोरों द्वारा फेंका गया मिला।

चरस के साथ युवक गिरफ्तार

खानपुर, गाजीपुर। खानपुर पुलिस ने बृहस्पतिवार , 23 अक्टूबर 2026 को मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 670 ग्राम चरस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 670 ग्राम चरस बरामद करने के बाद उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बृहस्पतिवार को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे खानपुर पुलिस टीम अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम बेलहरी मार्ग पर पुलिया के पास पहुंची तो वहां एक युवक हाथ में झोला लिए खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखकर युवक असहज हो गया और किनारे हटने लगा। उसकी गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम ने वाहन रोककर युवक की जांच की। तलाशी के दौरान उसके झोले से 670 ग्राम चरस बरामद हुई।चौकी प्रभारी सिधौना सुधीर राय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। बेलहरी मार्ग पर पुलिया के पास संदिग्ध अवस्था में खड़े युवक की जांच की गई, जिसके झोले से 670 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया।



अभियुक्त के साथ पुलिस टीम। छाया:आज

बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी

नगसर, गाजीपुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव के पूरब स्थित शिव मंदिर के बरामदे में शुक्रवार को करीब 70 वर्षीय अज्ञात बुजुर्ग का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मंदिर परिसर में शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन काफी कोशिशों के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अगले 72 घंटे तक सुरक्षित रखने के लिए मोर्चरी में भिजवा दिया है।पुलिस के मुताबिक मृतक ने नीले रंग की हाफ बाजू की टी-शर्ट और सफेद धोती पहन रखी थी। उसके बाल और दाढ़ी सफेद थे। शुरुआती जांच में बुजुर्ग के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं। वहीं उसके पास से कोई ऐसा दस्तावेज या सामान भी बरामद नहीं हुआ, जिससे उसकी पहचान हो सके।मृतक की पहचान के लिए पुलिस आसपास के गांवों और सीमावर्ती थानों से संपर्क साधने के साथ ही सोशल मीडिया, व्हाट्सएप ग्रुपों तथा मुखबिरों की भी मदद ले रही है। थानाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार सोनकर ने बताया कि शव को 72 घंटे तक मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है।

पुलिस ने बिछड़े बुजुर्ग को परिजनों से मिलाया

गाजीपुर। रामपुर मांझा थाना पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मानसिक रूप से अस्वस्थ एक बुजुर्ग को उनके परिजनों से मिलाया। मिर्जापुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र के बरैनी गांव निवासी छन्नू यादव नौ अक्टूबर से घर से लापता थे। पुलिस की तत्परता से 23 अक्टूबर को वह अपने परिजनों के पास लौट सके। पुलिस के अनुसार, 22 अक्टूबर की रात करीब नौ बजे ग्राम छपरा के एक व्यक्ति ने डायल 112 पर सूचना दी कि एक बुजुर्ग उनके दरवाजे पर लेटे हुए हैं। उनकी उम्र करीब 60 वर्ष है और वह गांव के निवासी नहीं हैं। सूचना पर डायल 112 और थाना रामपुर मांझा की पुलिस मौके पर पहुंची और बुजुर्ग को सुरक्षित थाने ले आई। वहां उन्हें भोजन-पानी उपलब्ध कराया गया और प्रेमपूर्वक पूछताछ की गई। सूचना मिलने पर 23 अक्टूबर को छन्नू यादव के भाई पंचम यादव और उनके परिजन गिरीश यादव थाने पहुंचे। पंचम यादव ने बताया कि उनके बड़े भाई छन्नू यादव नौ अक्टूबर से लापता थे और परिवार लगातार उनकी तलाश कर रहा था। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती है।पुलिस ने पहचान और पहचान पत्रों का सत्यापन करने के बाद छन्नू यादव को उनके भाई पंचम यादव की सुपुर्दगी में दे दिया। लंबे समय बाद अपने परिजन को सकुशल पाकर परिवार ने राहत की सांस ली।

वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कठवामोड़ (गाजीपुर)। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत नोनहरा पुलिस ने शुक्रवार को एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रुद्र प्रताप पाण्डेय उर्फ लाला (26) पुत्र जयप्रकाश पाण्डेय, निवासी रानीपुर, थाना नोनहरा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त के विरुद्ध षष्ठम अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के न्यायालय से गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया गया था। यह वारंट भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत जारी हुआ था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष नोनहरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 23 अक्टूबर को अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उसे नियमानुसार न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अविनाश मणि तिवारी, चौकी प्रभारी अटवा मोड़, हेड कांस्टेबल जयप्रकाश और कांस्टेबल दुर्गेश सिंह शामिल रहे।

दुकान का शटर तोड़कर कई मोबाइल फोन चोरी

बाराचवर (गाजीपुर)। गाजीपुर जनपद के बाराचवर के बरेसर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक मोबाइल मार्ट एवं रिपेयरिंग सेंटर को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुकान का शटर तोड़कर चोर कई नए मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। पीड़ित दुकानदार ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सद्दाम अंसारी पुत्र नफीस अंसारी, निवासी बाराचवर, थाना करीमुद्दीनपुर, जनपद गाजीपुर, बरेसर क्षेत्र में मोबाइल मार्ट एवं रिपेयरिंग सेंटर का संचालन करते हैं। आरोप है कि 22 और 23 अक्टूबर 2026 की दरमियानी रात वह अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे। अगले दिन सुबह दुकान पहुंचने पर शटर टूटा हुआ मिला। दुकान के अंदर जांच करने पर कई नए मोबाइल फोन गायब पाए गए।

सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल

बरही (गाजीपुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी-गोरखपुर मार्ग के लिंक रोड पर पलहीपुर-बद्धूपुर मार्ग स्थित ढोड़ावीर गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान मरदह थाना क्षेत्र के ढोड़ावीर गांव निवासी बृजेश चौहान (पुत्र अच्छेलाल चौहान) के रूप में हुई है। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मऊ से वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, बृजेश चौहान टाइल्स लगाने का काम करते हैं। वह अपने घर से बाइक लेकर निकले थे। गांव के पास मोड़ पर सामने से तेज रफ्तार में आ रही दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि दूसरी बाइक पर सवार युवक महारे की ओर से जखनिया जा रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बृजेश चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की मदद से घायल को निजी वाहन से मऊ अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद घायल के परिजन चिंतित हैं।

शिक्षक निर्वाचन में ६६.०६, स्नातक में ४०.६७ प्रतिशत हुआ मतदान

बलिया में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ स्नातक, शिक्षक निर्वाचन का मतदान





बलिया। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के लिए शुक्रवार को जिले में मतदान सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान के दौरान जिले में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। जिले में शिक्षक निर्वाचन में कुल 3,244 में पुरुष 2499 तथा महिला 745 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार शिक्षक निर्वाचन में कुल 66.06 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं, स्नातक निर्वाचन में कुल 11,738 में पुरुष 8895 तथा महिला 2843 मतदाताओं ने वोट डाले, जिससे मतदान का प्रतिशत 40.67 रहा। शिक्षक निर्वाचन में स्नातक निर्वाचन की अपेक्षा अधिक मतदान दर्ज किया गया। **रसड़ा।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक के लिए रसड़ा नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान हुआ। जिलाधिकारी डा. ज्ञानेंद्र सिंह एवं एसपी डा. ईरज राजा ने मतदान केंद्र पहुंचकर व्यवस्था को परखा। रसड़ा में खंड स्नातक के लिए 3232 मतदाताओं में से 1468 मतदाताओं ने मतदान किया वहीं खंड शिक्षक के लिए 575 मतदाताओं में से 399 लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया। **बैरिया/दोकटी।** वाराणसी स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव के लिए शुक्रवार को बैरिया तहसील क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। बैरिया और मुरली छपरा स्थित कंपोजिट विद्यालयों में स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी पदों के लिए मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कंपोजिट विद्यालय बैरिया मतदान केंद्र पर शिक्षक एमएलसी के लिए कुल 125 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 86 मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं स्नातक एमएलसी के लिए पंजीकृत 1,340 मतदाताओं में से 471 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी प्रकार मुरली छपरा स्थित कंपोजिट विद्यालय मतदान केंद्र पर शिक्षक एमएलसी के लिए कुल 98 मतदाता पंजीकृत थे,जिनमें से 66 ने मतदान किया। जबकि स्नातक एमएलसी के लिए पंजीकृत 868 मतदाताओं में से 428 मतदाताओं ने वोट डाले। दोनों मतदान केंद्रों पर शिक्षक एमएलसी के लिए कुल 223 मतदाताओं में से 152 ने मतदान किया, जबकि स्नातक एमएलसी के लिए पंजीकृत 2,208 मतदाताओं में से 899 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, दोनों केंद्रों पर शिक्षक एमएलसी के लिए लगभग 68.16 प्रतिशत और स्नातक एमएलसी के लिए लगभग 40.72 प्रतिशत मतदान हुआ। **हल्दी।** विकास खंड बेलहरी के बीआरसी केंद्र हल्दी पर सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक चले मतदान में शिक्षक और स्नातक वर्ग के कुल 740 मतदाताओं में से 333 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह कुल 45 प्रतिशत मतदान हुआ। **बेल्थरारोड।** वाराणसी खंड के शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी निर्वाचन के तहत शुक्रवार को बेल्थरारोड विधानसभा क्षेत्र के जूनियर हाईस्कूल सीयर स्थित मतदान केंद्र पर मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। शिक्षक एमएलसी के भाग संख्या 55 पर कुल 830 में 513 वोट तथा स्नातक एमएलसी के भाग संख्या 138 पर कुल 782 में 366 वोट और 139 पर 1182 में 508 वोट पड़े। कुल मिला कर शांति पूर्वक मतदान शाम 4 बजे तक समाप्त हो गया।

डीएम-एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

बलिया। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के मतदान को सकुशल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा ने जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक इंतजामों का निरीक्षण किया। जिले में 20 मतदेय केंद्रों के अंतर्गत 54 बूथों पर हो रहे मतदान को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। जिलाधिकारी ने सबसे पहले कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय गड़वार, प्राथमिक विद्यालय नगरा, उच्च माध्यमिक विद्यालय सीयर, कंपोजिट विद्यालय सिकंदरपुर, उच्च माध्यमिक विद्यालय रसड़ा, कंपोजिट विद्यालय चिलकहर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय हल्दी तथा कंपोजिट उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मतदान की स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी मतदेय स्थलों का भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया की निगरानी की जा रही है। विभिन्न स्थानों पर अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर स्थिति पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतदान शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है और कहीं से भी किसी प्रकार की समस्या की जानकारी नहीं मिली है। प्रशासन की ओर से मतदान को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की गई। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के संयुक्त निरीक्षण से मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की गई।

पोखरे में उतराया मिला लापता मजदूर का शव

फेफना (बलिया)। थाना क्षेत्र के मिठवार गांव के मढ़ाई टोला निवासी प्रेमचंद राजभर (40) पुत्र स्व. हरि राजभर का शव शुक्रवार की सुबह गांव स्थित बाबा के पोखरे में उतराया मिला। शव मिलने की सूचना से गांव में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची फेफना पुलिस ने शव को पोखरे से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में पांच स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। बुधवार को प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान प्रेमचंद अपनी बस्ती की प्रतिमा लेकर जाने वाली समिति के साथ देर शाम गया था। इसके बाद से वह लापता था। शुक्रवार की सुबह शौच और टहलने के लिए पोखरे की ओर गए ग्रामीणों ने पानी में शव उतराता देखा। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस की आपातकालीन सेवा 112 को दी। सूचना मिलते ही फेफना पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में परिजनों ने शव की पहचान प्रेमचंद के रूप में की। प्रेमचंद मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी तारा देवी, दो बेटे और एक बेटी हैं। परिवार के कमाऊ सदस्य की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इस संबंध में फेफना थानाध्यक्ष अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि पोखरे से बरामद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है। मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

पुलिया में गिरी तेज रफ्तार कार, आधा दर्जन घायल

रसड़ा (बलिया)। नगरा मार्ग स्थित सिंगही पुलिया में गुरुवार की देर रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में कार सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनकर आस पास के लोगों ने आनन फानन में सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसड़ा लाया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। इलाज के दौरान चार लोगों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने रेफर कर दिया, जबकि पांच वर्षीय दो बच्चों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बिहार के गोपालगंज जिले के कट्या क्षेत्र के निवासी कार से बच्चों के मुंडन संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वाराणसी जा रहे थे। इसी दौरान देर रात अचानक अनियंत्रित होकर सिंगही पुलिया में जा घुसी। जिसमें वेदांती देवी उम्र 45 निवासी कटया गोपालगंज बिहार, महेश्वर शाह उम्र 30 निवासी कटया, पल्लवी 17 निवासी कटया, अंकुर उम्र 5 वर्ष इन चारों लोगों को रेफर किया गया। दो और बच्चों का इलाज कर छोड़ दिया गया।

मुस्लिम बस्ती में दिखा १२ फीट लंबा अजगर

बेल्थरारोड (बलिया)। चैनपुर गुलौरा गांव की मुस्लिम बस्ती में करीब 12 फीट लंबे अजगर की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों के मुताबिक, अजगर पिछले कई रातों से दिखाई दे रहा है। रात में वह पानी भरे एक गड्ढे से निकलकर शिकार की तलाश में झाड़ियों की ओर जाता है और फिर कहीं छिप जाता है। दो दिन पहले रात में दिखाई देने पर ग्रामीणों ने उसका वीडियो भी बना लिया था। ग्रामीणों का दावा है कि अजगर अब तक कई मुर्गे-मुर्गियों को अपना शिकार बना चुका है। इस संबंध में फॉरेस्ट रेंजर शशि कुमार ने बताया कि अजगर दिखाई देने पर ग्रामीण वन विभाग से संपर्क करें। विभाग की टीम अजगर को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ देगी। वन विभाग की इस पहल से ग्रामीणों को राहत मिलने की उम्मीद है।

घर में घुसकर १३ लाख रुपये, जेवरात चोरी करने का वांछित आरोपी गिरफ्तार

भीमपुरा (बलिया)। भीमपुरा और नगरा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने रात के समय घरों में घुसकर चोरी करने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त सूरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त मऊ जनपद के रामपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर मिश्ती कमलसागर का निवासी है। पुलिस ने उसे नगरा थाना क्षेत्र के अब्दुलपुर मदारी स्थित बॉर्डर के पास से शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, मामला भीमपुरा थाना क्षेत्र के बराइच गांव का है। गांव निवासी अनिल कुमार मिश्रा पुत्र स्वर्गीय गोपाल जी मिश्रा ने 22 जनवरी को थाने में लिखित तहरीर देकर चोरी की घटना की जानकारी दी थी। शिकायत के मुताबिक, रात करीब दो बजे अज्ञात चोर घर के बगल में लगे पेड़ के सहारे छत पर चढ़े और वहां से घर के अंदर दाखिल हो गए। इसके बाद चोरों ने घर में रखे कुछ बक्सों और अलमारी के ताले तोड़ दिए तथा करीब 13 लाख रुपये नकद और कीमती जेवरात चोरी कर लिए। परिवार के अन्य सदस्यों को चोरी का पता चला और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों के नाम प्रकाश में आने की बात कही। इनमें संजय राम उर्फ डाक्टर निवासी डुमाडाड़, अवधेश वर्मा उर्फ डाक्टर निवासी करसी, चंदन राम निवासी इनामीपुर, सूरज कुमार निवासी गोपालपुर मिश्ती कमलसागर तथा शीतल कुमार उर्फ छोटू उर्फ रौमी उर्फ रोहन उर्फ रोमियो निवासी छिछोर, जनपद मऊ शामिल हैं।

बंद मकान से लाखों के गहने, नकदी गायब

रिश्तेदार को देखने वाराणसी गया था परिवार, वापस आने पर टूटा मिला ताला



बांसडीह (बलिया)। बांसडीह कस्बे में चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। ताजा मामला कस्बे के वार्ड नंबर-11 का है, जहां चोरों ने दो मंजिला मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के आभूषण और 50 हजार रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया। परिवार के लोग बुधवार की सुबह वाराणसी गए थे और गुरुवार की शाम घर लौटे तो मकान का ताला टूटा मिला। जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर-11 निवासी सुरेश पांडेय अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। उनके पुत्र और पुत्रवधू नौकरी के सिलसिले में बाहर रहते हैं। सुरेश पांडेय बुधवार की सुबह वाराणसी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार को देखने परिवार सहित गए थे। गुरुवार की शाम जब वह वापस लौटे तो मकान का ताला टूटा हुआ था और दरवाजा खुला मिला। घर के अंदर जाने पर अलमारी में रखा सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर लाखों रुपये के आभूषण और नकदी गायब मिली। यह देख परिवार के लोग स्तब्ध रह गए। पीड़ित परिवार के अनुसार, चोर 50 हजार रुपये नकद के अलावा मांगटीका, नथिया, कान के झुमके, सोने के टप्स, बाली, अंगूठियां, दो मंगलसूत्र, चांदी की पायल, दर्जनों बिछिया, नाक की कील समेत अन्य आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़ित ने बताया कि चोरी गए गहनों में उनके और उनकी बहू के आभूषण शामिल हैं। परिवार का कहना है कि वे महज एक दिन के लिए घर बंद कर वाराणसी गए थे, इसी दौरान चोरों ने वारदात को अंजाम दे दिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस अधीक्षक से मामले के खुलासे की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। जांच के बाद मामले का खुलासा किया जाएगा।

कस्तूरबा विद्यालय का डीएम-एसपी ने किया औचक निरीक्षण

डीएम ने कक्षों में पहुंचकर देखीं व्यवस्थाएं, मेनू के अनुसार भोजन बनाने के निर्देश

बलिया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा ने शुक्रवार को विकासखंड सीयर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और विद्यालय में उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी भी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं से पढ़ाई, भोजन, कंप्यूटर शिक्षा सहित अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य से शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों की संख्या के संबंध में भी पूछताछ की। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में कुल आठ शिक्षक कार्यरत हैं। वहीं चौकीदार, सफाई कर्मचारी और रसोइयों सहित कुल 14 कर्मचारी विद्यालय में सेवाएं दे रहे हैं। जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि छात्राओं की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रत्येक बच्ची को नियमित रूप से शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सके। उन्होंने भोजन निर्धारित मेनू के अनुसार तैयार कराने तथा उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय परिसर एवं सभी कक्षों में साफ-सफाई बनाए रखने पर जोर दिया। अधिकारियों ने विद्यालय के सभी कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि छात्राओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और बेहतर वातावरण सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए।


महिला आयोग की अध्यक्ष ने सीएचसी में गंदगी पर जतायी नाराजगी



सिकंदरपुर (बलिया)। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष गीता विश्वकर्मा ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं और अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अस्पताल परिसर में उगी घास और साफ-सफाई की कमी देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। संबंधित अधिकारियों को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के साथ ही मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महिला आयोग की अध्यक्ष ने प्रसव केंद्र, विभिन्न वार्डों और अस्पताल के अन्य विभागों का जायजा लिया। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक डॉ. दिग्विजय सिंह से अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, संसाधनों और मरीजों को मिलने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में संसाधनों और सुविधाओं की कमियों को सूचीबद्ध कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलिया को लिखित रूप से अवगत कराने तथा आवश्यक सुविधाओं के लिए प्रस्ताव भेजने को कहा। इस दौरान सीएचसी में डिजिटल एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराने की मांग भी उठी। महिला आयोग की अध्यक्ष ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और अस्पताल में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए।

दिव्यांग आदित्य ने उत्तीर्ण की नीट परीक्षा

खेजुरी (बलिया)। खेजुरी थाना क्षेत्र के खड़सरा (बलुआ) निवासी आदित्य पाठक ने दिव्यांगता और विपरीत पारिवारिक परिस्थितियों के बावजूद पहले ही प्रयास में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) उत्तीर्ण कर सफलता हासिल की है। आदित्य ने बताया कि उन्हें मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिल गया है। आदित्य के पिता एलआईसी अभिकर्ता थे। वर्ष 2016 में उनके निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके चाचा राजेश पाठक उर्फ पप्पू ने संभाली। चाचा के सहयोग और मार्गदर्शन में आदित्य ने अपनी पढ़ाई जारी रखी। आदित्य ने अपनी सफलता का श्रेय माता अनीता पाठक, चाचा राजेश पाठक, गुरुजनों, भाई अनूप पाठक और बहनों को दिया।



नीट पीजी में सफल हुई प्रज्ञा प्रबोधिनी

पूर (बलिया)। ग्राम पंचायत पूर निवासी कुमारी प्रज्ञा प्रबोधिनी ने नीट पीजी की परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। प्रज्ञा प्रबोधिनी शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उन्होंने संत अतुलानंद रेजिडेंशियल एकेडमी से हाईस्कूल तथा सेंट मैरी स्कूल, वाराणसी से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर उन्होंने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में यह उपलब्धि हासिल की। प्रज्ञा के पिता अशोक कुमार सिंह सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। प्रज्ञा ने अपनी सफलता का श्रेय पिता और अपने भाई आशुतोष सिंह को दिया है।



जयप्रभा सेतु से लापता भरत का नहीं चला पता

बैरिया (बलिया)। यूपी-बिहार को जोड़ने वाले जयप्रभा सेतु से सरयू नदी में छलांग लगाने की आशंका के बीच लापता भरत यादव (48) का आठवें दिन भी कोई पता नहीं चल सका। पुलिस और जल पुलिस की टीमें लगातार नदी में खोजबीन कर रही हैं, लेकिन अभी तक उनका शव बरामद नहीं हुआ है। दोकटी थाना क्षेत्र के दलन छपरा सेमरतर निवासी रामचंद्र यादव के पुत्र भरत यादव बीते 16 अक्टूबर की सुबह करीब नौ बजे बैरिया स्थित अपने घर से बाहर जाने की बात कहकर निकले थे। इसके बाद जयप्रभा सेतु के फुटपाथ पर उनका बैग, मोबाइल, आधार कार्ड और जूता मिला। सूचना मिलने पर पुलिस और पीएसी की जल पुलिस ने मोटरबोट के जरिए तलाश अभियान शुरू किया। मांझी से रिविलगंज और छपरा तक नदी में खोजबीन की गई, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर झूम उठे श्रद्धालु



नरहीं (बलिया)। जनपद के गंगा भवन-उजियार घाट में आयोजित श्रीमद्भागवत महायज्ञ में कथा के चौथे दिन कथावाचक श्रीश्री सरल जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की दिव्य कथा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। भगवान के जन्म का प्रसंग सुनते ही कथा पंडाल भक्ति और उल्लास से गूंज उठा। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की घोषणा हुई, श्रद्धालु जयकारे लगाने लगे। पूरा वातावरण 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के उद्घोष से भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान के जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं। कथावाचक श्री सरल जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण की कथा सुनाते हुए कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है और धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान भक्तों की रक्षा और दुष्टों के विनाश के लिए अवतार लेते हैं। मथुरा के राजा कंस के अत्याचारों से जब धरती त्राहि-त्राहि करने लगी, तब भगवान श्रीहरि ने देवकी के गर्भ से श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया। भगवान का जन्म केवल कंस के अत्याचारों के अंत का माध्यम नहीं, बल्कि धर्म की पुनर्स्थापना और मानवता को प्रेम, करुणा तथा सदाचार का संदेश देने वाला दिव्य प्रसंग है। कथावाचक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य, धर्म और कर्तव्य का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। उनके जीवन का प्रत्येक प्रसंग मानवता को प्रेम, समर्पण और लोककल्याण की प्रेरणा देता है।

एक नजर इधर भी

झंडा जलाने के मामले में दो हिरासत में

रतसर (बलिया)। गड़वार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनोतीधुरा में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान कथित तौर पर झंडा जलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, बीते बुधवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान मस्जिद के सामने स्थित विद्युत पोल पर लगे मुस्लिम समुदाय के झंडे को दुर्गा पूजा समिति के कुछ लोगों द्वारा जलाए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस-प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिए जाने की जानकारी सामने आई है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी नगर सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर प्राप्त कर थाना गड़वार पर दो अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। उक्त आरोपियों की पहचान कर पुलिस हिरासत में ले लिया गया है।

गेहूं के बीज के लिए गोदाम पर उमड़ी किसानों की भीड़

नगरा (बलिया)। गेहूं के बीज की पहली खेप नगरा स्थित राजकीय बीज गोदाम पर पहुंचते ही किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही सैकड़ों किसान लाइन में लग गए, जिससे गोदाम पर अफरा-तफरी और धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। बाद में गोदाम प्रभारी की सूझबूझ से मामला शांत हुआ और वितरण शुरू हो सका। बताया जा रहा है कि गुरुवार की रात गोदाम पर गेहूं की दो उन्नत प्रजातियों का कुल 250 क्विंटल बीज पहुंचा था। इसमें एचडी 3406 किस्म का 130 क्विंटल और एचडी 303 किस्म का 120 क्विंटल बीज शामिल था। बीज आने की खबर मिलते ही शुक्रवार सुबह से ही किसान गोदाम पर पहुंचने लगे। सुबह 9 बजते-बजते करीब 500 किसान गोदाम पर इकट्ठा हो गए। लंबी लाइन लग गई। गोदाम प्रभारी मंजीत पाठक ने बताया कि गेहूं के बीज का रेट 3738 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है, जिस पर किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान का लाभ मिल रहा है। अनुदान के बाद किसानों में बीज को लेकर खासा उत्साह है। उन्होंने बताया कि मात्र तीन घंटे में ही पूरा 250 क्विंटल बीज समाप्त हो गया। कई किसान खाली हाथ लौटने से निराश दिखे। हालांकि उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि जल्द ही बीज की दूसरी खेप नगरा गोदाम पर पहुंच जाएगी, जिससे सभी किसानों की जरूरत पूरी की जा सकेगी।

पांच माह से कमीशन न मिलने से कोटेदार परेशान

बैरिया (बलिया)। तहसील क्षेत्र कुल 300 से अधिक उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) को पिछले पांच माह से कमीशन नहीं मिलने के कारण आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से भुगतान लंबित रहने से कोटेदारों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। कोटेदारों का कहना है कि राशन वितरण की जिम्मेदारी निभाने के बावजूद समय से कमीशन नहीं मिलने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। दर्जनों कोटेदार ने बताया कि सरकारी राशन का वितरण नियमित रूप से कराना उनकी जिम्मेदारी है। इस कार्य में दुकान के संचालन सहित अन्य खर्च भी उठाने पड़ते हैं। ऐसे में लगातार पांच माह से कमीशन नहीं मिलने के कारण रोजमर्रा के खर्चों का प्रबंधन करना मुश्किल हो रहा है। कोटेदारों को उम्मीद थी कि लंबित कमीशन का भुगतान दशहरा के त्योहार में हो जाएगा, लेकिन भुगतान नहीं होने से उनकी परेशानी बढ़ती जा रही है। कोटेदारों में इस बात को लेकर भी आक्रोश है कि निर्धारित जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के बावजूद उन्हें मेहनत का पारिश्रमिक समय पर नहीं मिल रहा है। उन्होंने संबंधित विभाग से लंबित कमीशन का भुगतान जल्द कराने की मांग की है। इस संबंध में आपूर्ति निरीक्षक बैरिया इंद्रेश तिवारी ने बताया कि हमारे स्तर से कमिशन बनकर चला गया है। क्षेत्रीय खाद्य प्रबंधक के यहां कमिशन रूका हुआ है।जल्द ही कमिशन का भुगतान होने की उम्मीद है।

गोपालनगर टांड़ी में सरयू का कहर, तीन मकान नदी में समाये

मकानों का आधा हिस्सा कटान की भेंट चढ़ा, हनुमान मंदिर भी चपेट में



बैरिया (बलिया)। सुरेमनपुर दियरांचल में सरयू नदी का जलस्तर जैसे-जैसे नीचे गिर रहा है, वैसे-वैसे नदी का कटान और भी तेज होता जा रहा है। गोपालनगर टांड़ी में कटान ने भयावह रूप धारण कर लिया है। यहां नदी लगातार आबादी की ओर बढ़ रही है और लोगों के आशियाने एक-एक कर उसके आगोश में समाते जा रहे हैं। पिछले 24 घंटे के भीतर तीन लोगों के मकान पूरी तरह सरयू नदी में विलीन हो गए, जबकि दो अन्य मकानों का आधा हिस्सा कटकर नदी में समा चुका है। इन मकानों के शेष हिस्से किनारे पर खतरनाक स्थिति में लटके हुए हैं। कटान की चपेट में आने से गांव स्थित हनुमान मंदिर का भी आधा हिस्सा नदी में समा गया है। गोपालनगर टांड़ी में सरयू नदी के तेज कटान के चलते मुसाफिर यादव, विजय सिंह और हंसराज यादव के मकान पूरी तरह नदी में समा चुके हैं। वहीं, संतोष यादव और भुटेली यादव के मकानों का आधा हिस्सा कटान की भेंट चढ़ गया है। मकानों के बचे हुए हिस्से नदी के किनारे लटके हुए हैं, जिससे उनके कभी भी नदी में समा जाने की आशंका बनी हुई है। गांव के हनुमान मंदिर का आधा हिस्सा भी नदी में समा जाने से ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सरयू नदी का कटान लगातार जारी है। नदी की धारा उपजाऊ जमीन को निगलने के साथ ही अब रिहायशी इलाकों और धार्मिक स्थलों के अस्तित्व के लिए भी खतरा बन गई है। गोपालनगर टांड़ी के ग्रामीणों ने प्रशासन और बाढ़ विभाग से तत्काल मौके पर पहुंचकर कटान की स्थिति का जायजा लेने तथा बचाव कार्य शुरू कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कटानरोधी उपाय नहीं किए गए, तो आने वाले दिनों में कई अन्य मकान और आबादी भी नदी की चपेट में आ सकते हैं। लोगों ने मांग की है कि प्रभावित परिवारों के नुकसान का आकलन कर उन्हें उचित सहायता उपलब्ध कराई जाए और गांव को बचाने के लिए स्थायी कटानरोधी परियोजना पर गंभीरता से काम किया जाए।

वरिष्ठ कोषाधिकारी का पेंशनरों ने किया स्वागत

बलिया। उत्तर प्रदेश शासन की ओर से वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद दुबे की संबद्धता समाप्त किए जाने के बाद मूल तैनाती के पद पर योगदान देने पर जिले के पेंशनरों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन, शाखा बलिया की ओर से पेंशनर्स भवन में कार्यक्रम आयोजित कर आनंद दुबे का अंगवस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया गया।



संगठन के अनुसार, आनंद दुबे के समर्थन में पेंशनरों ने लगातार 20 दिनों तक धरना-प्रदर्शन किया था। इस दौरान जिलाधिकारी को पत्रक सौंपने के साथ ही परिवहन मंत्री एवं नगर विधायक दयाशंकर सिंह से मिलकर अपनी बात रखी गई थी। पेंशनरों ने आनंद दुबे को निर्दोष बताते हुए उन्हें मूल तैनाती पर बहाल करने का आग्रह किया था। कार्यक्रम के दूसरे चरण में संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं साहित्यकार डॉ. फतेहचंद बेचैन का सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रकवि की अवधारणा और भारत के राष्ट्रकवि विषय पर उनके शोध लेख के राष्ट्रीय स्तर की पुस्तक में प्रकाशित होने तथा साहित्य गौरव सम्मान मिलने पर उनका अभिनंदन किया गया। संगठन के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, कवि जितेंद्र त्यागी, सुरेंद्र दुबे, रामजी सिंह, मंत्री कृष्ण कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

गांजा के साथ एक गिरफ्तार

चितईपुर पुलिस ने नरिया सुंदरपुर मार्ग पर गश्त के दौरान एक युवक को पकड़कर झोले की तलाशी लेने पर २१ पुड़िया गांजा बरामद किया । गिरफ्तार अजीत प्रजापति सरायनंद खोजवा का रहने वाला है।

कोटवा बाजार में दिनदहाड़े दुकान से ओप्पो मोबाइल चोरी

लोहता थाना क्षेत्र के कोटवा बाजार में शुक्रवार को दिनदहाड़े चोरों ने दुकान से ओप्पो मोबाइल हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार, मुस्तफा पुत्र नूर मुहम्मद की दुकान से दो युवकों ने ओप्पो एफ३१ मॉडल का एंड्रॉयड मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गये। दोपहर में हुई इस घटना से बाजार में चर्चा का माहौल है। पीड़ित मुस्तफा की दुकान से मोबाइल चोरी होने के बाद चोरों की पहचान और मोबाइल की बरामदगी को लेकर कारवाई का इंतजार है।

उत्तर मध्य रेलवे

सं. 74-W/Tender/E/9120262027 दिनांक : 21.10.2026

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक / प्रयागराज निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

क्र.सं.1. **ई निविदा सूचना सं.:** 9120262027-190

कार्य का नाम : उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के अंतर्गत प्रयागराज डिपो में पुरानी CDO बिल्डिंग के पुनर्वास के माध्यम से एक एकीकृत प्रशासनिक सुविधा का निर्माण।

अनुमानित लागत (रू.में) : 7,19,56,208.38 | **अमानत राशि (रू.में) :** 14,39,100.00

क्र.सं.2. **ई निविदा सूचना सं.:** 9120262027-191

कार्य का नाम : उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के अंतर्गत **(ए)** सीएसपी सुबेदारगंज स्थित ट्रैकमेन प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण सुविधाओं का संवर्धन। **(बी)** डीएसए मैदान में अधिकारी क्लब का संवर्धन का निर्माण।

अनुमानित लागत (रू.में) : 2,67,57,011.02 | **अमानत राशि (रू.में) :** 5,35,200.00

क्र.सं.3. **ई निविदा सूचना सं.:** 9120262027-192

कार्य का नाम : उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के अंतर्गत **(ए)** लोको कॉलोनी, प्रयागराज में आपदा प्रबंधन भवन की दूसरी मंजिल का निर्माण। **(बी)** प्रयागराज में मशीनीकृत लॉन्ड्री को लिनन स्टोर में बदलना का निर्माण।

अनुमानित लागत (रू.में) : 1,32,54,953.44 | **अमानत राशि (रू.में) :** 2,65,100.00

निविदा बंद होने की तिथि : क्र.सं. 1 से 3 के लिए- 18.11.2026 को 15:00 बजे

कार्य समापन की अवधि : क्र.सं. 1 से 3 के लिए- 12 माह।

नोटः- (1) पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **2420/26 (PH)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

No. RS/Mech/MAGH MELA 27/PRYJ/26 **दिनांक : 23.10.2026**

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, कोचिंग, प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे, द्वारा निम्न लिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक GeM वेबसाइट पर आमंत्रित की जाती है-

GeM बिड संख्याः GEM/2026/B/8192694, दिनांकः- 23.10.2026, **कार्य का नामः** माघ मेला रेक के कोचों की वशिंग लाइन पर तथा PRYJ/SFG/PCOI/NYN/FTP/CNB/CPA/CAR/MKP अथवा प्रयागराज मंडल के किसी अन्य स्टेशन पर प्लेटफॉर्म रिटर्न अन्य छोर पर/अनुरक्षण के दौरान यंत्रीकृत सफाई, पानी भरने तथा दरवाजों की पैडलॉकिंग अनलॉकिंग संबंधी समस्त कार्य।

कार्य का अनुमानित लागत (₹ में): ₹ 75,17,379.6 | **EMD (₹ में):** ₹ 1,50,350/-

निविदा सिस्टमः दो पैकेट सिस्टम | **ई-निविदा प्रपत्र का मूल्यः** Nil

कार्य की अवधि : 51 दिन | **GeM वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि :** 23.10.2026

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 13.11.2026 at 16:00 Hrs.

नोटः (1) उपरोक्त ई-निविदाओं की निविदा पुस्तिका सहित पूरी जानकारी GeM वेबसाइट **www.GeM.gov.in** पर उपलब्ध है। (2) GeM पर निविदा करने में किसी भी कठिनाई के लिए GeM वेबसाइट पर उपलबध हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है। (3) ऑनलाइन ई-निविदा GeM वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक जमा की जा सकती है। (4) जेवी (JV) फर्मों को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति है। **2423/26 (MG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश- (IX), मोकाम-बक्सर
एल.ए. वाद सं.-103/2025

फुलेन्द्र कुमार-------(आवेदक)
बनाम
ललिता देवी---------(विपक्षी)

नोटिस बनामः-
ललिता देवी पिता स्व. हेमराज यादव, साकिन+पोस्ट-मठिला, थाना-कोरानसराय, जिला-बक्सर। हाल मोकाम-ललिता देवी पति शिवशंकर सिंह ग्राम-बजरंग नगर डाफी,पोस्ट-डाफी, थाना-डाफी, जिला-वाराणसी(उ.प्र.)

चूं बजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आपके खिलाफ प्रार्थी आवेदक द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश-IX के न्यायालय में एल. ए. वाद दाखिल किया गया है, जिसमें अभी तक आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित नहीं हैं, जिसमें न्यायालय द्वारा अगला तारीख 27-10-26 सुनिश्चित किया गया है।

अतः इस नोटिस के माध्यम से आपको अगाह किया जाता है कि आप सुनिश्चित तिथि पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके खिलाफ एकपक्षीय आदेश पारित किया जाएगा।

आदेश
जिला एवं सत्र न्यायाधीश-IX
बक्सर
01/10/2026

वर्गीकृत विज्ञापन

आज

सूचना

सूचना-मेरा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2017 अनुक्रमांक 2935773 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **सत्यजीत कुमार कश्यप** पुत्र विश्वनाथ कश्यप माता आशा देवी ग्राम और पोस्ट नोनहरा जिला गाजीपुर, उ.प्र.।

सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मैं अपने चैन डीड बैनामा दि० 09.04.1981, संख्या 1, जिल्द संख्या- 5460, पृष्ठ संख्या-127 से 134, दस्तवेज संख्या- 2742 के मूल कागजात को लेकर फोटो स्टेट कराने हेतु सिगरा गया था जिसकी मूल प्रति रास्ते में कही गिरकर वास्तव खो गई है। यदि कोई व्यक्ति इसका उपयोग करता है तो अवैध माना जाएगा। भारती जायसवाल पुत्र छवि नाथ प्रसाद निवासी बी 28/218 ए 1 तुलसीपुर छित्तूपुर, वाराणसी।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, ANOOP KUMAR SINGH पुत्र/पुत्री श्री SUNIL KUMAR SINGH निवासी [ग्राम लसड़ा कला, डाकखाना लसड़ा खुर्द तहसील मार्टिनगंज जिला आजमगढ़], ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) से कक्षा दसवीं/बारहवीं की परीक्षा वर्ष [2016/2018] में उत्तीर्ण की है। परीक्षा अनुक्रमांक क्रमशः ५०७०४१४/५६७२७९९ है। मेरी अंकतालिका एवं संबंधित शैक्षणिक अभिलेखों में मेरे पिता का नाम कक्षा दसवीं में [SUNIL SINGH] के स्थान पर [SUNIL KUMAR SINGH] तथा बारहवीं में मेरा नाम [ANOOP KR SINGH] के स्थान पर [**ANOOP KUMAR SINGH**] तथा पिता का नाम [SUNIL KR SINGH] के स्थान पर [**SUNIL KUMAR SINGH**] दर्ज किया जाना है। अतः भविष्य में मेरे सभी शैक्षणिक एवं अन्य अभिलेखों में उपर्युक्त सही नामों का ही उल्लेख किया जाए। इस संबंध में आवश्यक सुधार हेतु यह सार्वजनिक सूचना प्रकाशित कराई जा रही है। **ANOOP KUMAR SINGH** ग्राम- लसड़ा कला, पो.-लसड़ा खुर्द तह.-मार्टिनगंज जिला- आजमगढ़, उ.प्र.

सूचना

सूचना-हम शपथी के पांच पुत्र है, जिसमें से सबसे छोटे पुत्र **अर्जुन पासी** का चाल चलन व चरित्र अच्छा न होने के कारण मैंने उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से विगत 1 वर्ष से बेदखल कर दिया हूं। उसके खिलाफ किसी भी प्रकार का कोई लेन देन या अपराधिक कृत्य करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उसका मेरे तथा मेरे परिवार का कोई वास्ता सरो. कार नहीं होगा। **जयनाथ पासी** पुत्र स्व. विश्वनाथ पासी ग्राम रामगढ़ रानीपुर, थाना नोनहरा जिला गाजीपुर, उ.प्र.।

सूचना

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरे भा.जी.बी.नि. शाखा- रामबाग, मीरजापुर द्वारा जारी पालिसी सं. 287269018 में मेरा नाम तनिष्क मिश्रा अंकित हो गया है जो गलत है मेरा सही नाम अथर्व मिश्रा है जो कि मेरे सभी अभिलेखों में दर्ज है एवं अथर्व मिश्रा व तनिष्क मिश्रा एक ही व्यक्ति है जो सही है अतः उपरोक्त पालिसी में मेरा सही नाम अथर्व मिश्रा अंकित किया जाना आवश्यक व न्यायसंगत होगा। **अथर्व मिश्रा** पुत्र विवेक कुमार मिश्रा डी.-59/152ए-13, मूरत भवन शिवपुरवा, गोविन्दनगर छित्तुपुर, महमूरगंज, वाराणसी।

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

कार्यालय जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारी/ सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता,वाराणसी।

निर्वाचन क्षेत्रों का अन्तिम प्रकाशन

दैनिक समाचार पत्र "हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण एवं आज" के दिनांक 18.10.2026 के अंक में सहकारिता विभाग के प्रारम्भिक सहकारी समितियों की अनन्तिम क्षेत्र अवधारणा प्रकाशित की गई थी। अनन्तिम अवधारणा पर सुनवाई हेतु निर्धारित अवधि के अन्दर कोई भी आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। इस प्रकार उक्त तिथि को प्रकाशित अनन्तिम क्षेत्र अवधारण को ही अन्तिम माना जायेगा।

जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारी/
सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक,
सहकारिता वाराणसी।

पत्रांक 1003/6–सह./निर्वाचन/2026–27/दिनांक 23 अक्टूबर, 2026

श्री काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास परिषद वाराणसी
(श्री काशी विश्वनाथ मंदिर)

पत्रांक –1926/श्री का.वि.वि.क्षे.वि.प./डिप्टी कलेक्टर–2026 दिनांक 23 अक्टूबर, 2026

निविदा सूचना

; श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास वाराणसी में निम्न कार्य हेतु दिनांक–24.10.2026 से 31.10.2026 को अपरान्ह 5.00 बजे तक सील बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कार्यालय में स्थापित टेंडर बॉक्स में डाली जाएगी तथा निविदा दिनांक 02.11.2026 को अपरान्ह 4.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.10.2026 से 31.10.2026 अपरान्ह 5.00 बजे तक श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किए जा सकते है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (जी.एस.टी. सहित)	अग्रिम धरोहर धनराशि	टेण्डर मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि	निविदा प्रकाशन तिथि
1	श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास से संबद्ध श्री संकट हरण हनुमान मंदिर बेनीपुर में ग्राउन्ड फिलिंग व ट्रेंच का निर्माण कार्य।	13.60 लाख	1,36,000.00	225.00+18% GST+500.00	30 दिन	24.10.2026

1. अग्रिम धरोहर की धनराशि जो मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास वाराणसी के पक्ष में बंधक हो, एफ.डी.आर. डिमांड ड्राफ्ट, आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के रूप में प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग जमा करना होगा, अन्यथा निविदा अवैध मानी जायेगी।
   बैंक का विवरण–
   नाम– मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी
   खाता सं. 10389243027, IFSC-SBIN0009017 भारतीय स्टेट बैंक श्री का.वि.मं. वाराणसी
2. निविदा सूचना में कोई त्रुटि होने की दशा में निविदा समिति द्वारा लिया गया निर्णय मान्य होगा।

डिप्टी कलेक्टर
श्री का.वि.वि.क्षे.वि.प. वाराणसी

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक–4467(i)/निविदा (प्रा0ख0)–बलिया वृत्त/2026 दिनांक–17.10.2026

ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग के 'ए' मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही कॉलम 11 के अनुसार निविदा डालने हेतु पात्र होंगे। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0–4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली–भाँति अध्ययन कर लें।
2. कार्य का विवरण:–

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
		स्वीकृति की प्रत्याशा में (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)								
1	बलिया	नगरा बेलौझा मार्ग से महिपत का पुरा होते हुए पुरा पर ब्रम्ह स्थान एवं (बांध) तक मार्ग के नव निर्माण का कार्य। (लम्बाई–2.500 किमी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (135.16) + अनुरक्षण (10.14) कुल लागत 145.30	9.27	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रू0 2590.00	10 माह वर्षा ऋतु सहित	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0 वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0 वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0 वि0, आजमगढ़	ए.बी

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक–30.10.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक–07.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई–टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि– 07.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक–07.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्वरत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0–1/2018–3070/78–2–2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक–03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट – निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(कमला कान्त) **(राजेश चौधरी)**
अधिशासी अभियन्ता **अधीक्षण अभियन्ता**
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया **बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया**

उ.प्र.–258958, दिनांक–21.10.2026

वेबसाइटः- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक–4469(i)/निविदा (प्रा0ख0)–बलिया वृत्त/2026 दिनांक–17.10.2026

ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग के 'ए.बी' मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही कॉलम 11 के अनुसार निविदा डालने हेतु पात्र होंगे। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0–4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली–भाँति अध्ययन कर लें।
2. कार्य का विवरण:–

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
		स्वीकृति की प्रत्याशा में (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)								
1	बलिया	नगरा बेलौझा मार्ग से महिपत का पुरा होते हुए पुरा पर ब्रम्ह स्थान एवं (बांध) तक मार्ग के नव निर्माण का कार्य। (लम्बाई–2.500 किमी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (135.16) + अनुरक्षण (10.14) कुल लागत 145.30	9.27	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रू0 2590.00	10 माह वर्षा ऋतु सहित	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0 वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0 वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0 वि0, आजमगढ़	ए.बी

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक–07.11.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक–16.11. 2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई–टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि– 16.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक–16.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्वरत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0–1/2018–3070/78–2–2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक–03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट – निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(कमला कान्त) **(राजेश चौधरी)**
अधिशासी अभियन्ता **अधीक्षण अभियन्ता**
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया **बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया**

उ.प्र.–259161, दिनांक–22.10.2026

वेबसाइटः- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक–4478(i)/निविदा (नि0ख0)–बलिया वृत्त/2026 दिनांक–12.10.2026

ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग के 'ए.बी'मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही कॉलम 11 के अनुसार निविदा डालने हेतु पात्र होंगे। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0–4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली–भाँति अध्ययन कर लें।
2. कार्य का विवरण:–

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
		स्वीकृत के प्रत्याशा में। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)								
1	बलिया	चांदपुर भगवानपुर मार्ग से भोजापुर नई बस्ती सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (लम्बाई–1.100 किमी0) (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (80.38) + अनुरक्षण (2.05) कुल लागत 82.43	6.13	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी .एस.टी. रू0 2590.00	06 माह वर्षा ऋतु सहित	निर्माण खण्ड, लो0नि0 वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0 वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0 वि0, आजमगढ़	ए.बी
2	बलिया	प्रद्युम्न बाबा मंदिर सोनबरसा से सेवक टोला मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (लम्बाई–3.150 कि0मी0) (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (147.99) + अनुरक्षण (11.33) कुल लागत 159.32	9.97	तदैव	10 माह वर्षा ऋतु सहित	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक–05.11.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक–12.11.2026 के अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई–टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि–12.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक–12.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्वरत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0–1/2018–3070/78–2–2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक–03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट – निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश) **(राजेश चौधरी)**
अधिशासी अभियन्ता **अधीक्षण अभियन्ता**
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया **बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया**

उ.प्र.–258993 , दिनांक–22.10.2026

वेबसाइटः- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक–4545(i)/निविदा (नि0ख0)–बलिया वृत्त/2026 दिनांक–16.10.2026

ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग के 'ए.बी'मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही कॉलम 11 के अनुसार निविदा डालने हेतु पात्र होंगे। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0–4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली–भाँति अध्ययन कर लें।
2. कार्य का विवरण:–

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
		स्वीकृति के प्रत्याशा में। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)								
1	बलिया	ब्लाक मुरली छपरा के अन्तर्गत इब्राहिमाबाद उपरवार में महामहिम राज्यपाल महोदय, मा0 मुख्यमंत्री जी, के प्रदेश भ्रमण के दौरान राजकीय हेलीकाप्टर के सुरक्षित लैंडिंग एवं टेक आफ हेतु स्थायी हैलीपैड के निर्माण का कार्य।	164.54	10.23	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रू0 2590.00	06 माह वर्षा ऋतु सहित	निर्माण खण्ड, लो0नि0 वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0 वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0 वि0, आजमगढ़	ए.बी

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक–07.11.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक–16.11.2026 के अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई–टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि–16.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक–16.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्वरत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0–1/2018–3070/78–2–2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक–03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट – निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश) **(राजेश चौधरी)**
अधिशासी अभियन्ता **अधीक्षण अभियन्ता**
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया **बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया**

उ.प्र.–259148 , दिनांक–22.10.2026

वेबसाइटः- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक–4465(i)/निविदा (नि0ख0)–बलिया वृत्त/2026 दिनांक–10.10.2026

ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग के 'ए' रोड साइनेज श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही कॉलम 11 के अनुसार निविदा डालने हेतु पात्र होंगे। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0–4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली–भाँति अध्ययन कर लें।
2. कार्य का विवरण:–

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
		रोड सेफ्टी के स्वीकृत कार्य।(बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)								
1	बलिया	जनपद बलिया के निर्माण खण्ड के अन्तर्गत श्रीरामपुर घाट दीर्घ सेतु के पहुंच मार्ग पर क्रैश बैरियर एवं रोड सेफ्टी का कार्य।	225.00	13.25	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रू0 2590.00	05 माह वर्षा ऋतु सहित	निर्माण खण्ड, लो0नि0 वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0 वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0 वि0, आजमगढ़	ए

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक–30.10.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक–07.11.2026 को 3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक–05.11. 2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक–12.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई–टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि–12.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक–12.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्वरत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0–1/2018–3070/78–2–2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक–03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट – निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश) **(राजेश चौधरी)**
अधिशासी अभियन्ता **अधीक्षण अभियन्ता**
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया **बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया**

उ.प्र.–258992 , दिनांक–22.10.2026

वेबसाइटः- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक–4548(i)/निविदा (नि0ख0)–बलिया वृत्त/2026 दिनांक–16.10.2026

ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की आइटम दर आधारित (SBD Mode) पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0–4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली–भाँति अध्ययन कर लें।
2. कार्य का विवरण:–

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
		चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य स्वीकृति के प्रत्याशा में। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)							
1	बलिया	जनपद बलिया में पानी टंकी से महावीर मंदिर, बलिया रेलवे स्टेशन से महावीर घाट मार्ग, भृगु टी–स्टाल सीतापुर ऑख अस्पताल रेलवे स्टेशन मार्ग, महिला जिला अस्पताल मार्ग (अ0जि0मा0) का चैनेज 0.00 से चैनेज 5.680 तक (लम्बाई– 5.680 कि0मी0) 02 लेन विद् पेव्ड शोल्डर के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05 वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (1262.55) + अनुरक्षण (31.88) कुल लागत 1294.43	25.89	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रू0 5590.00	12 माह वर्षा ऋतु सहित	निर्माण खण्ड, लो0नि0 वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0 वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0 वि0, आजमगढ़

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक–07.11.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक–16.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई–टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि– 16.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक–16.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्वरत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0–1/2018–3070/78–2–2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक–03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट – निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश) **(राजेश चौधरी)**
अधिशासी अभियन्ता **अधीक्षण अभियन्ता**
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया **बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया**

उ.प्र.–259100, दिनांक–22.10.2026

वेबसाइटः- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

स्नातक-एमएलसी चुनाव में ५०.२१, शिक्षक के लिये ७५.४८ प्रतिशत हुआ मतदान

सोनभद्र। जनपद में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी 2026 का मतदान सम्पन्न हो गया। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिये जिले में कुल 34 पोलिंग बूथ बनाये गये थे जहाँ 18 हजार 540 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर कुल 34 प्रत्याशियों का भाग्य मत पेटीकाओं में बंद कर दिया। जिले में स्नातक प्रत्याशी के लिये 50.21 प्रतिशत तो शिक्षक प्रत्याशी के लिये 75.48 प्रतिशत मतदान हुआ। यह चुनाव पूर्व की भांति बैलट पेपर से कराया गया जिससे मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया, काफी संख्या में लोग यह कहते नजर आये कि आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनाव भी बैलट पेपर से ही होना चाहिये। उधर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिये जिले को 6 जोन तथा 16 सेक्टर में विभाजित कर उप जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी जैसे प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, सभी सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट अपने निर्धारित क्षेत्रों में लगातार चक्रमण कर मतदान की स्थिति का जायजा लेते रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़,पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने फोर्स के साथ कई पोलिंग बूथों का दौरा कर मतदान की स्थिति का जायजा लिया। सुबह 08 बजे से शुरू हुआ मतदान शाम 04 बजे सम्पन्न हुआ। मतदान संपन्न होने के बाद सभी मतपेटिकाओं को पोलिंग बूथों से वाराणसी स्थिति पहड़िया मंडी में बनाये गये स्ट्रांग रूम में देर रात तक जमा कराया गया। जहाँ 27 अक्टूबर को मत गणना का कार्य सम्पन्न होगा। जिले में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न होने पर प्रशासन ने राहत की सांस लिया है। जिले में वाराणसी खण्ड स्नातक व शिक्षक एमएलसी के चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला प्रशासन लगातार तैयारियों में जुटा हुआ था, गुरुवार को तैयारियों को अंतिम रूप देकर पोलिंग पार्टियों को सुबह से ही पोलिंग बूथों के लिये रवाना कर दिया गया. देर शाम तक पहुंची पोलिंग पार्टियों ने शुक्रवार को प्रात: आठ बजे से मतदान शुरू करा दिया। निष्पक्ष और शांति पूर्ण मतदान के लिये स्नातक मतदाताओं के लिये अलग तथा शिक्षक मतदाताओं के लिये अलग बूथ बनाये गये थे जहाँ मतदाताओं ने अपने-अपने बूथों पर जाकर मतदान किया। मतदाताओं की सुविधानुसार स्नातक निर्वाचन के लिये जिले में 21 बूथ तो शिक्षक एमएलसी के मतदान के लिये 13 बूथ बनाये गये थे ताकि किसी भी मतदाता को अपना मत देने में किसी प्रकार की दिक्कत न होने पाये। इस बार जिले में स्नातक एमएलसी के निर्वाचन के लिये 16 हजार 812 मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना था लेकिन 8 हजार 442 मतदाताओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया, इस प्रकार स्नातक एम एल सी के लिये 50.21 प्रतिशत मतदान हुआ। शिक्षक एमएलसी के लिये 1 हजार 738 मतदाताओं में से 1 हजार 312 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शिक्षक निर्वाचन का प्रतिशत 75.48 रहा। जनपद में कुल 34 बूथ बनाया गया था तो चुनाव मैदान में 34 प्रत्याशी भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। स्नातक के लिये 24 प्रत्याशी तो शिक्षक एमएलसी के लिये 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं। प्रबुद्ध मतदाताओं ने सभी प्रत्याशियों का भाग्य तो बैलट बॉक्स में बंद कर दिया, अब 27 अक्टूबर को वाराणसी स्थित पहाड़िया मंडी में उनके भाग्य का फैसला होगा। **करमा संवाददाता के अनुसार**-स्थानीय विकास खंड में सुबह दस बजे वोटिंग कार्य प्रारम्भ हुआ जो चार बजे तक मतदान की प्रक्रिया शुरू रही चार बजे बाहर से दरवाजा बंद कर दिया गया। लाईन लगे लोग अपनी वोटिंग कार्य किए। कुल मतदाता स्नातक में 1109 रहे जिसमें कुल 492 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया वहीं शिक्षक में 151मतदाता कुल रहे जिसमें 132 लोगों ने अपने मतो का प्रयोग किया गया। सेक्टर मजिस्ट्रेट करमा मनोज कुमार नायक ने बताया कि शान्तिपूर्ण रूप से वोटिंग कार्य सम्पन्न हो गया। डीएम चर्चित गौड़ और एसपी की टीमें सभी बूथों पर घूम रही हैं, 100 मीटर में प्रचार पर बैन है और मोबाइल ले जाना भी मना है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मी बूथों पर डटे रहे। **बीजपुर संवाददाता के अनुसार**-बीजपुर क्षेत्र के भाग संख्या 259 में एमएलसी चुनाव के दौरान मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला।यहां कुल 176 मतदाता पंजीकृत थे जिनमें से 125 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने वालों में 52 महिलाएं और 73 पुरुष शामिल रहे।इस प्रकार कुल मतदाताओं में लगभग 71 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। **दुद्धी संवाददाता के अनुसार**-ब्लॉक क्षेत्र में शुक्रवार को कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच मतदान हुआ। मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की चहल-पहल देखी गई। पुलिस और प्रशासन की कड़ी निगरानी के कारण सभी बूथों पर बिना किसी बाधा के मतदान पूरा हुआ। शिक्षक पद के लिए बने बूथ पर कुल 131 मतदाता पंजीकृत थे। जिनमें से 103 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यहाँ कुल 78.63प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो मतदाताओं के उच्च उत्साह को दर्शाता है। इस बूथ पर कुल 998 मत पंजीकृत थे, जिनमें से 523 मतदाताओं 125 महिला तथा 398 पुरुष ने वोट डाले। यहां मतदान का प्रतिशत 55.6प्रतिशत रहा। दूसरे स्नातक केंद्र पर कुल 957 मतदाता नामांकित थे। यहाँ कुल 582 मत 169 महिला तथा 413 पुरुष पड़े।दोनों स्नातक बूथों और शिक्षक बूथ को मिलाकर कुल 1,955 मतदाताओं में से 1,105 मतदाताओं ने अपने वोट का इस्तेमाल किया। इस प्रकार क्षेत्र में कुल 56.52प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। **रेणुकूट संवाददाता के अनुसार**-आदित्य बिरला इंटर कॉलेज और पिपरी के राजकीय इंटर कालेज में शुक्रवार को स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। दोनों मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्नातक, शिक्षक एमएलसी का मतदान सम्पन्न

सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

बभनी/मारकुण्डी(सोनभद्र)। बभनी एवं चोपन थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर 24 घंटे के भीतर हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बभनी संवाददता के अनुसार- नधिरा-बखरिहवां मार्ग पर गुरूवार की देर रात करीब एक बजे अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार मामा धानू 21 वर्ष की मौत हो गई जबकि भांजा राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल राहुल को प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। नधिरा के सवाकुंड निवासी धानू अपने भांजे राहुल पुत्र गोला, निवासी अंजानी को बाइक से छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान निमहवा पहरी के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस की पीआरवी मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने धानू को मृत घोषित कर दिया, जबकि राहुल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे वाराणसी ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक बभनी अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। हादसे को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन की अभी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस वाहन की तलाश में जुटी है। मारकुण्डी संवाददता के अनुसार-गुरमा पुलिस चौकी क्षेत्र के मारकुंडी मुख्य मार्ग पर डीएस पब्लिक स्कूल, अवई के समीप शुक्रवार की भोर में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से करीब 35 वर्षीय अर्धविक्षिप्त युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना डायल पुलिस को दिए जाने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उसकी शिनाख्त कराने में जुटी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक बहुत दिनों से यही आसपास के क्षेत्र में मांगकर अपना जीवन यापन पेट भरता था और लगभग तीन वर्षों से यही झोपड़ी में रहता था।

करेंट की चपेट में आने से महिला अचेत

दुद्धी(सोनभद्र)। कोतवाली क्षेत्र के टेढ़ा गांव में शुक्रवार की सुबह करेंट से एक दर्दनाक हादसा होते होते टल गया। घर के अंदर बक्सा खोल रही 23 वर्षीय एक महिला कटे हुए बिजली के तार की चपेट में आ गई, जिससे उसे जोरदार करंट लगा और वह अचेत होकर गिर पड़ी। समय पर अस्पताल पहुंचाए जाने के कारण महिला की जान बच गई। बताया जाता है कि टेढ़ा गांव निवासी रामनाथ की पत्नी रेशमा देवी शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे अपने घर के अंदर बक्से में सामान रखने के लिए उसे खोल रही थीं। इसी दौरान, बक्से के ऊपर से गुजर रहे एक कटे हुए बिजली के तार से बक्से का ढक्कन छू गया। ढक्कन में अचानक करंट उतर आने से रेशमा देवी को तेज झटका लगा, जिससे वह दूर जा गिरीं और मौके पर ही अचेत हो गईं। घटना के समय पास ही मौजूद परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना आपातकालीन सेवा को दी। पुलिस ने अचेताअवस्था में उसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

संवैधानिक मूल्यों के प्रति किया जागरूक

लिलासी(सोनभद्र)। म्योरपुर ब्लाक के गोविंदपुर स्थित बनवासी सेवा आश्रम में गुरुवार को तीन दिवसीय युवा नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित करके हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को संवैधानिक मूल्यों, मौलिक अधिकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति जागरूक करने के साथ संगठन निर्माण और ग्राम सभा को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करना है। पीपल अभियान से जुड़े मुख्य वक्ता अमीनुद्दीन और रसना विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण दिया।

मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड (सुरक्षित और असुरक्षित ऋण व्यवसाय प्रभाग)
muthoot FINCORP — Jab zindagi badalni ho
(मुथूट पप्पाचन समूह की कंपनी) CIN : U65929KL1997PLCO11518
प्रशासनिक कार्यालय : 710-ए एवं 711-ए, सातवीं मंजिल, फेस-2, स्पेंसर प्लाजा, माउंट रोड, अन्ना सलाई, चेन्नई-600 002
पंजीकृत कार्यालय : मुथूट सेन्टर, टीसी नं. 27/3022, पुन्नेन रोड, त्रिवेन्द्रम, केरला - 695 001

परिशिष्ट-IV [नियम 8(1)] आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **मुथुट फिनकार्प लिमिटेड (एमएफएल)** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 की अधिनियम संख्या 54) के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगान्तर्गत, निम्न वर्णित उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को एक मांग सूचना निर्गत की थी। उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों की समाप्ति के उपरांत, उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल हो चुके हैं, अतएव एतद्द्वारा उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यहां इसमें निम्न वर्णित सम्पत्ति का, उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त भाक्तियों के प्रयोगान्तर्गत, निम्नानुसार **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।

क्र. सं.	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम	मांग सूचना की दिनांक	कुल बकाया राशि (रु.) भावी ब्याज लागू	प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों)/अचल संपत्ति(यों) का विवरण	आधिपत्य की तिथि
1.	ऋण खाता सं. MFLUTTSECUL000005 027478 दिन बहादुर प्रजापति (ऋणी) राधा देवी (सह-ऋणी)	14-05-2025	रु. 25,16,263/- (रुपये पच्चीस लाख सोलह हज़ार दो सौ तिरेसठ मात्र)	समस्त भाग एवं अंश, अरजी नंबर 340, मौजा - गोडसर पांडे, टप्पा-96 परगना - कंतित, तहसील - सदर, मिर्ज़ापुर उत्तर प्रदेश - 231307 **संपत्ति चर्तुसीमाएं:** उत्तर: शिव नाथ का खेत/ श्रीमती ब्रज कुमारी देवी का मकान, दक्षिण : 12 फीट चौड़ि गेघुरा से रामपुर रोड/बृजकुमारी देवी का खेत, पूर्व : कमला शंकर का मकान/गुलाब चंद्र तिवारी का खेत, पश्चिम : 12 फीट चौडी सडक	23-10-2026

उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को विशेष रूप में तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सामान्य रूप में सावधान किया जाता है कि संपत्ति का लेन-देन न करें तथा संपत्ति का कोई व किसी भी प्रकार का लेन-देन, ऊपर अंकित मांगी गई एक राशि तथा इस राशि पर भावी ब्याज हेतु **मुथुट फिनकार्प लिमिटेड** के प्रभाराधीन होगा।

स्थान : उत्तर प्रदेश — **ह/- प्राधिकृत अधिकारी**
दिनांक : 24-10-2026 — **वास्ते मुथुट फिनकार्प लिमिटेड**

नदी में डूबने से युवक की मौत

बीजपुर(सोनभद्र)। स्थानीय थाना क्षेत्र के जरहा गांव के गजरीडांड टोले में गुरुवार की शाम अजिर नदी में डूबने से एक 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई।मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ का निवासी अजय केवट 26 पुत्र कृष्णा केवट जरहा गांव के गजरीडांड स्थित अपने ननिहाल में रहता था। गुरुवार की शाम ग्रामीणों ने अजिर नदी के पानी में उसका शव उतराया देखा जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई और लोगों ने शोर मचाना शुरू किया। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन हरकत में आया। प्रभारी निरीक्षक अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी भेज दिया गया है।

पलटी नगर पंचायत की एंबुलेंस, चालक घायल

रेणुकूट(सोनभद्र)। रेणुकूट नगर पंचायत की एंबुलेंस शुक्रवार की दोपहर खाड़पाथर के समीप वाराणसी-शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एंबुलेंस चालक शिव घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घायल चालक को उपचार के लिए हिंडालको अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, रेणुकूट नगर पंचायत की एंबुलेंस एक मरीज को छोड़ने के लिए वाराणसी गई थी। शुक्रवार दोपहर मरीज को छोड़कर एंबुलेंस वापस रेणुकूट लौट रही थी। इसी दौरान खाड़पाथर के समीप वाराणसी-शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर अचानक एंबुलेंस अनियंत्रित हो गई और सड़क पर पलट गई। हादसे में चालक शिव को चोटें आईं। दुर्घटना देखकर वहां से गुजर रहे राहगीर मौके पर रुक गए और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद घायल चालक को हिंडालको अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार किया गया।

अन्नपूर्णा केंद्र पानी के वगैर कई वर्षों से सुना

बीना(सोनभद्र)। म्योरपुर ब्लाक के चंदुआर ग्राम पंचायत स्थित में सरकारी राशन वितरण केंद्र(अन्नपूर्णा केंद्र)पर लगे हैंडपंप की मरम्मत को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सार्वजनिक उपयोग से जुड़े इस हैंडपंप की स्थिति को लेकर अब ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली और जिम्मेदार ग्राम प्रधान की सक्रियता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले को लेकर जब ग्राम पंचायत के सचिव यशवंत गौतम ने बताया कि हैंडपंप मौजूद है और उसकी मरम्मत के लिए फाइल तैयार कराई गई है।उन्होंने आश्वासन दिया कि इस पर कार्य कराया जाएगा। हालांकि,अब सवाल यह उठता है कि यदि हैंडपंप की मरम्मत को लेकर हैंडपंप का काम होता है तो इसका कब हुआ यह किसी को नहीं पता है हैंडपंप मरम्मत के नाम पर सरकारी पैसे का बंदर बाट किया जा रहा है। यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है ग्रामीणों का आरोप है इस हैंडपंप के बोर में समरसेबल पंप लगा हुआ था वह कहां गया किसी को नहीं पता है। आखिर अब तक इस दिशा में प्रभावी कदम क्यों नहीं उठाए गए।

खाद्यान्न लेने आने वाले लोगों को हो रही परेशानी

छंटनी होने से कर्मचारियों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या

अनपरा(सोनभद्र)। अनपरा परिक्षेत्र में स्थित बिजली परियोजना में कार्यरत प्राइवेट कम्पनियां क्यूं एसीए लिमिटेड तथा गुजरात एंड एसीए लिमिटेड तथा गुजरात एंड कंपनी द्वारा अपने कर्मचारियों की छटनी कर दिया है। जिससे काम कर रहे मजदूरों पर भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कर्मचारियों द्वारा 22 अक्टूबर को उपश्रमायुक्त मीरजापुर क्षेत्र पिपरी को जिला संविदा श्रमिक यूनियन सीटू ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि मेल पावर प्लांट प्राईवेट लिमिटेड अनपरा में काम करा रही क्यूं एसीए लिमिटेड तथा गुजरात एंड कंपनी में कार्यरत मजदूरों को बगैर सूचना के गैर कानूनी छंटनी कर दिया गया है।यूनियन अध्यक्ष सुरेंद्र पाल ने कहा कि एक तरफ महीला सशक्तिकरण चल रही गुजरात कम्पनी चार पांच महीलाओं को अचानक काम से बैठा दिया दिया गया है। मजदूरों को बगैर सूचना के त्यौहार के समय काम से हटाना गैर कानूनी है। हर हाल में गैर कानूनी छंटनी पर रोक लगाया जाय तथा नियमानुसार हर कर्मचारियों का फाइनल भुगतान परियोजना प्रबंधन तत्काल सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में मजदूर धरना प्रदर्शन के लिए विवश होंगे। इस मौके पर खेताराम, मानिस कुमार पाण्डेय, प्रदीप प्रजापति, राजेश कुमार, करमचंद, बिन्दु देवी, रात्रि देवी, मनोरमा शर्मा,गीता देवी,संजय बैस, विनोद पनिका, सिद्धांत मौर्य,रामरक्षा, राधेश्याम प्रजापति, राहुल गुप्ता, उदय राज, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

गैर कानूनी छंटनी पर रोक लगाने की मांग

डीएम, एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

ओबरा(सोनभद्र)। मतदान को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, निर्विघ्न एवं सकुशल संपन्न कराने तथा जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने जनपद के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने मतदान केंद्र संख्या-256 इंटर कॉलेज, ओबराय मतदान केंद्र संख्या-255 विकास खंड, चोपन तथा मतदान केंद्र संख्या-252 जय ज्योति उत्तर माध्यमिक विद्यालय, चुर्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों पर की गई सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती, मतदाताओं के सुगम आवागमन तथा प्रवेश एवं निकास मार्गों की स्थिति का जायजा लिया गया। साथ ही मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान ओबरा बूथ पर उप जिलाधिकारी ओबरा रवि पासवान, सीओ ओबरा प्रभात राय, तहसीलदार नरेंद्र राम, ईओ ओबरा अखिलेश त्रिपाठी, एसएचओ ओबरा प्रणय प्रसून श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

स्नातक में ३४८ में २१८ और शिक्षक निर्वाचन में ६५ में ५५ मतदाताओं ने डाले वोट

आसनडीह(सोनभद्र)। विकास खंड बभनी में वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद सदस्य एमएलसी के निर्वाचन के लिए दो बूथ बनाए गए थे। दोनों बूथों पर मतदान संपन्न हुआ। स्नातक एमएलसी के लिए बने बूथ पर कुल 348 मतदाताओं में से 218 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, शिक्षक एमएलसी के बूथ पर कुल 65 मतदाताओं में से 55 ने मतदान किया। स्नातक निर्वाचन में 130 मतदाता मतदान करने नहीं पहुंचे। इस बूथ पर 62.64 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, शिक्षक निर्वाचन में 10 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया। यहां 84.61 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। आंकड़ों के अनुसार, स्नातक की तुलना में शिक्षक एमएलसी के चुनाव में मतदान का प्रतिशत अधिक रहा।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank — पंजीकृत कार्यालय :- आईसीआईसीआई बैंक टॉवर, चकली सर्कल के पास, ओल्ड पादरा रोड, बड़ोदरा- 390 007
व्यावसायिक कार्यालय:-आईसीआईसीआई बैंक टॉवर्स, बान्द्रा-कुर्ला,काम्प्लैक्स मुम्बई-400 051

सोने की नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/उधारकर्ताओं को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से सोने के आभूषणों के बदले लिए गए ऋण की बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया था।
भुगतान में विफल रहने के कारण, गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी **23 नवम्बर, 2026** को की जाएगी। यदि उधारकर्ता की मृत्यु हो जाती है, तो सभी नियम और शर्तें उनके संबंधित कानूनी उत्तराधिकारी/उत्तराधिकारियों पर लागू होंगी।

ऋण खाता संख्या	कर्जदार का नाम	नीलामी शाखा का पता
शाखा का नाम : अमेठी		
0892620002525	सुनील कुमार	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, राजपूत कॉम्प्लैक्स, नंबर 106/2 सरवनपुर, वार्ड नंबर 10, अमेठी सुल्तानपुर जिला, उ०प्र० - 227405
शाखा का नाम : बागपत		
176757000179	कुमारी रेशु	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 257 दिल्ली रोड, बागपत 250609
176757000113	विशाखा विकल	
शाखा का नाम : बड़ौत		
080957000130	रोहित कुमार	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 256, रेलवे क्रॉसिंग के पास, गैरल रोड, बड़ौतबागपत जिला उ०प्र० 250611
शाखा का नाम : बेहट		
321257000533	सुशनूद रव्वानी	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बस स्टैंड के पास, मोहल्ला सड़क पार, बेहट, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश 247121
321257000403	गुरतकीरा गुरतकीरा	
शाखा का नाम : बीसलपुर-उत्तरप्रदेश		
321057000129	गुफरान बेग	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बारह पत्थर रोड 262201
321057000133	गुफरान बेग	
शाखा का नाम : बदायूं		
245857000052	उजमा परवीन	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 1324, रेलवे स्टेशन रोड इंदिरा चौक, सिविल लाइन्स, बदायूं, उत्तर प्रदेश 243601
शाखा का नाम : बुढ़ाना		
178357000430	आसिफ आसिफ	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 659/1, पश्चिम पठाला, कांधला रोड, तहसील बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश - 251309
178357000428	निखिल पवार	
178357000510	अन्जुम अन्जुम	
शाखा का नाम : फतेहपुर		
081457000084	रवी यादव	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बांम्बे लॉज, खेलदार मोहल्ला, जी.टी. रोड, फतेहपुर, उत्तर प्रदेश 212601
शाखा का नाम : गजरौला		
176557000376	मो०सफर खान	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, धनौरा रोड, लक्ष्मी नगर, गजरौला, अमरोहा, उत्तर प्रदेश - 244235
शाखा का नाम : गाजियाबाद-लोहियानगर		
695505601973	मो०आरिफ	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, C 6, लोहिया नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश - 201001
शाखा का नाम : गाजियाबाद शाहिबाबाद साईट 4		
590657000005	अमन सोनी	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, यूनिट नंबर ए 43 और ए 44, पैसिफिक बिजनेस पार्क, साइट 4, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश 201010
शाखा का नाम : ग्रेटर नोएडा-सेक्टर-01		
723857000189	विकास राय शर्मा	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शॉप नंबर 1, 2, 3, 4, 5, 6, गैरामाउंट इमोशंस, प्लॉट नंबर जीएच 05ए सेक्टर 01, ग्रेटर नोएडा 201306
शाखा का नाम : ग्रेटर नोएडा-ओमेगा-01		
218305004245	सय्यद आसिफ रजा	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ओमेगा 1, P 2, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सेक्टर बिल्डर्स एरिया, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर जिला, उत्तर प्रदेश - 201308
शाखा का नाम : हापुड़		
245857000184	शुभम सिंघल	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 1078, त्रिवेणी गंज, गढ़ दिल्ली रोड, हापुड़, उत्तर प्रदेश 245101
245857000226	प्रशान्त प्रशान्त	
245857000232	प्रशान्त प्रशान्त	
245857000195	संध्या चौहान	
शाखा का नाम : हाथरस		
088905001585	ओमवती देवी	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मोती राम की जीन, आगरा रोड, सादाबाद गेट, हाथरस, उत्तर प्रदेश -204101
शाखा का नाम : कैराना		
320957000303	रिजवान रिजवान	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 696, सत्यम कॉलोनी, कैराना, शामली, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश 247774
320957000315	नजमा खातून	
शाखा का नाम : कसिया		
320662004471	दुर्गेश दुर्गेश	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 909, इंद्रा नगर, वार्ड नंबर 12, सपहा रोड, पीओ कसिया, जिला कुशीनगर, उत्तर प्रदेश-274402
शाखा का नाम : मिर्जापुर		
081857085551	आसव अहमद	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 64, मिशन कंपाउंड, रमईपट्टी, मिर्जापुर - 231001
081857085563	आसिफ अहमद सिद्दकी	
081862006570	मो० रफीक	
081857089629	प्रशान्त कुमार पाण्डेय	
081857089770	प्रशान्त कुमार पाण्डेय	
081857085494	पूनम रानी श्रीवास्तव	
शाखा का नाम :नोएडा-सेक्टर 104		
788857000019	मयूर विनोद दवे	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर- एसएच 01, हाजीपुर, सेक्टर 104 नोएडा, जिला: गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश 201304
शाखा का नाम :नोएडा-सेक्टर 119		
250657000123	गनफूल सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, हॉल नंबर 3 और 6, जी ब्लॉक, गौर ग्रांड्योर, प्लॉट नंबर जीएच-04, सेक्टर-119, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर जिला, उत्तर प्रदेश 201305
शाखा का नाम : नोएडा-सहारा इण्डिया		
696757015019	प्रवीन आर्या	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, सहारा इंडिया मास कम्युनिकेशन सहारा इंडिया कॉलोनी सीजेड, सेक्टर 11 नोएडा - 201301
शाखा का नाम : नोएडा सेक्टर 61		
025357000161	कपिल भारद्वाज	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, सुपरटेक शॉपप्रिक्स, सी 134 बी, सेक्टर 61 नोएडा, यूपी - 201307
025357000163	कपिल भारद्वाज	
शाखा का नाम : पडरौना		
174257000336	अभिषेक तिवारी	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 898/899, धर्मशाला रोड, पडरौना, कुशीनगर जिला, उत्तर प्रदेश 274304
शाखा का नाम : पडरौना सुभाष चौक		
482457000128	गुड़िया मिश्रा	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 10, तिलक नगर, सुभाष चौक, पडरौना 274304, उत्तर प्रदेश
शाखा का नाम : पुवायां		
321362002721	रामवीर उर्फ गुड्डू	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खुटार रोड, पोवायां, जिला-शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश- 242401
शाखा का नाम : रूद्रपुर देवरिया		
319557000368	मनीषा निषाद	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, इमामबाड़ा चौक, रुद्रपुर, जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश 274204
319505003606	वंदना पाण्डेय	
शाखा का नाम : सहारनपुर-अम्बाला रोड		
192357000069	सुरेश सुरेश	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, दुकान नंबर 3, 4, 27, 28, 29 30, खजामी कॉम्प्लेक्स, अंबाला रोड, अमृत सिनेमा के पास, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश 247001
शाखा का नाम : सरधना		
408005002133	मो० सुफियान	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बैंक के पास, टाउन हॉल रोड, सरधना, गैरल सिंडिकेट, उत्तर प्रदेश 250342
408005002130	मो० उवैस कुरैशी	
शाखा का नाम : दिल्ली-विवेक विहार		
082905002560	विशेष माथी	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बी130, विवेक विहार, चरण 1, दिल्ली 110095
शाखा का नाम : फरीदाबाद-सेक्टर-31		
488905000168	चेतेन्द्र कुमार	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एससीओ नंबर 63, हुडा मार्केट, सेक्टर 31, फरीदाबाद, हरियाणा - 121003
शाखा का नाम : नई दिल्ली दिलशाद गार्डन		
113357000264	धीरज कुमार	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 5, ब्लॉक बी, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, दिलशाद गार्डन, नई दिल्ली - 110095
शाखा का नाम : पानीपत		
017457000297	रिजवान रिजवान	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, जी जी हैंडलूम, सामने। मिड टाउन होटल, जी.टी. रोड, पानीपत, हरियाणा 132103
शाखा का नाम :रूद्रपुर-यू.एस.नगर		
160057000101	गुरुप्रीत सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खसरा नंबर 43/2/1 मिन, गाबा राइस मिल कंपाउंड, काशीपुर बाईपास रोड, रुद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड 263153

नीलामी उपरोक्त तालिका में उल्लिखित पते और तिथि पर आयोजित की जाएगी। समय: दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/तरीके में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इच्छुक पक्ष नीलामी के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए उपर्युक्त शाखाओं में जा सकते हैं।
दिनांक: 24-10-2026
स्थान: गौतमबुद्धनगर, अमरोहा, देवरिया, गाजियाबाद, गोरखपुर, हापुड़, कुशीनगर, मेरठ, बदायूं, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, सहारनपुर, मिर्जापुर, अमेठी, फतेहपुर, पीलीभीत, रामपुर, शाहजहांपुर, हाथरस
भवदीय, हस्ताक्षरकर्ता/- आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

अपर पुलिस अधीक्षक ने किया ओबरा थाने का निरीक्षण

ओबरा(सोनभद्र)। सोनभद्र में शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) मेविस टॉक ने ओबरा और चोपन थाने का अचानक निरीक्षण किया यह निरीक्षण पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर हुआ उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, रिकॉर्ड के रखरखाव और मिशन शक्ति केंद्र की व्यवस्थाओं को देखा। एएसपी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को महिला संबंधी शिकायतें गंभीरता से सुनने और पीड़ितों को तुरंत मदद देने को कहा। उन्होंने शिकायतों का समय पर और अच्छी तरह से निपटारा सुनिश्चित करने को कहा। मेविस टॉक ने फरियादियों से संवेदनशीलता से पेश आने, पुलिस काम में पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों से जनशिकायतों के निपटारे में जिम्मेदारी और तत्पर रहने को कहा।



हिंडाल्को मनोरंजनालय में १५८ खिलाड़ियों में खेल किट वितरित

रेणुकूट(सोनभद्र)। हिण्डाल्को मनोरंजनालय में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने तथा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 158 खिलाड़ियों को खेल किट प्रदान की गई, जिसमें टी-शर्ट, लोअर, मोजे एवं जूते शामिल थे। इस पहल की विशेषता यह रही कि खेल किट प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में जहां हिंडाल्को के स्थायी कर्मचारियों के बच्चे शामिल थे, वहीं बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारियों के बच्चों को भी इसका लाभ मिला। लाभार्थियों में लगभग 80 प्रतिशत खिलाड़ी संविदा कर्मचारियों के परिवारों से थे। यह पहल सभी बच्चों को खेल के क्षेत्र में समान अवसर उपलब्ध कराने और उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में क्लस्टर एचआर हेड जसबीर सिंह, एचआर हेड अजय कुमार सिन्हा समेत एचआरबीपी टीम के सदस्य एवं मनोरंजनालय की टीम, यूनियन पदाधिकारी एवं खेल प्रशिक्षक मौजूद रहे। इस मौके पर 182 खिलाड़ी भी मौजूद रहे। अजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सभी खिलाड़ी पूरी लगन, मेहनत और समर्पण के साथ अभ्यास करें तथा खेल के माध्यम से हिंडाल्को का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करें। उन्होंने कहा कि आज के दौर में केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भी सफलता और सम्मान प्राप्त किया जा सकता है।

जिले में ७४.३४ प्रतिशत शिक्षकों ने एमएलसी चुनाव के लिए किया मतदान

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक शुरू से अंत तक कंट्रोल रूम, बूथों का लेते रहे जायजा

आजमगढ़। जिले के 22 में 20 ब्लाक मुख्यालयों के अलावा नगर के शिब्ली नेशनल पीजी कालेज, तहसील

उत्साह

गोरखपुर-फैजाबाद खंड निर्वाचन-२०२६ के लिए २३ बूथों पर सुबह से ही लगी थी कतार

सदर व सगड़ी सहित कुल 23 बूथों पर गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 के लिए सुबह आठ से चार बजे तक मतदान हुआ। चुनाव में कुल 8,592 शिक्षक मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अधिकार प्राप्त था, जिसमें 2,548 महिला मतदाता शामिल रहीं। इसमें से निर्धारित शाम चार बजे तक 6387 मत यानी 74.34प्रतिशत मतदाताओं ने सहभागिता दर्ज की। इसमें 4682 पुरुष



एवं 1705 महिला हैं। मतदान अवधि के दौरान जिलाधिकारी/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर रविन्द्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कंट्रोल रूम की व्यवस्था भी देखी। मतदान प्रक्रिया के दौरान सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। अधिकारियों ने तहसील सदर, क्षेत्र पंचायत सठियांव, जहानागंज, तहबरपुर सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों के बूथों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुबह 8 बजे से अपराह्न 4 बजे

कुल ८,५९२ शिक्षक मतदाताओं को करना था मताधिकार का प्रयोग, ६३५६ ने की वोटिंग

तक निर्धारित मतदान अवधि के दौरान अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था तथा निर्वाचन संबंधी अन्य प्रबंधों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मतदान केन्द्रों पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। वहीं, सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क एवं चौकन्ना रहते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। निर्वाचन कंट्रोल रूम से सभी 23 मतदान केन्द्रों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की गई। निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रभावी निगरानी बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनपद के सभी 23 मतदान केन्द्रों पर संचालित मतदान व्यवस्था की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की तथा संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। ऑनलाइन निगरानी के दौरान मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संचालित होती पाई गई। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन से संबंधित सूचनाओं पर निरंतर निगरानी बनाए रखें।

गोरखपुर विश्वविद्यालय में जमा करायी जायेगी सील्ड मतपेटिकाएं

आजमगढ़। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक चुनाव के लिए जनपद में नियत 23 मतदेय स्थलों पर मतदान सकुशल सम्पन्न हुआ। मतदान समाप्ति के पश्चात पीठासीन अधिकारियों द्वारा लायी जाने वाली सील्ड मतपेटिकाओं, सविंद/असंविद प्रपत्रों आदि के लिफाफों को तहसील सदर के 12बी2 मीटिंग हॉल में रखा गया। तत्पश्चात सभी पोलिंग पार्टियों की वापसी के पश्चात सील्ड मतपेटिकाओं एवं गोपनीय अभिलेखों, संविद/असंविद प्रपत्रों के लिफाफों को पीठासीन अधिकारी तथा नियुक्त मजिस्ट्रेट के साथ सशस्त्र पुलिस बल की अभिरक्षा में आयुक्त गोरखपुर/रिटर्निंग आफिसर गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र द्वारा निर्धारित स्थल पं. दीनदयाल उपाध्याय, गोरखपुर विश्वविद्यालय में जमा कराया जा रहा है।

लूट, फायरिंग की गलत सूचना देने वाला पुलिस गिरफ्त में

आजमगढ़। रौनापार थाने की पुलिस ने फायरिंग कर 4 लाख नकद व 2 सोने की चेन लूटने की झूठी सूचना देने वाले मिथिलेश गौतम के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर हिरासत में ले लिया है। रौनापार क्षेत्रान्तर्गत देवरिया रोड पर मिथिलेश गौतम पुत्र शेषनाथ गौतम निवासी ग्राम खेतापुर द्वारा 21 अक्टूबर को सूचना दी गई कि मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग कर उसका हैंडबैग छीन लिया, जिसमें 4 लाख नकद एवं 2 सोने की चेन रखी हुई थी। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच की गई तथा उच्चाधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान फायरिंग कर लूट किए जाने की सूचना असत्य पाई गई। झूठी सूचना दिए जाने पर शुक्रवार को मिथिलेश गौतम के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर पुलिस हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

राशन मांगने के विवाद में युवक पर हमले का आरोप

पवई, आजमगढ़। पवई थाना क्षेत्र के सादुल्लापुर गांव में राशन मांगने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर चाकू और लाठी-डंडे से हमला करने का आरोप लगा है। हमले में युवक घायल हो गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गांव निवासी गीता के अनुसार उनका बेटा 32 वर्षीय अभिलाष गुरुवार रात करीब आठ बजे कोटेदार की दुकान पर राशन लेने गया था। राशन को लेकर बातचीत के दौरान विवाद हो गया। आरोप है कि इसके बाद कोटेदार पक्ष के लोगों ने अभिलाष के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान चाकू से भी कई वार किए गए, जिससे वह घायल हो गया। गीता का आरोप है कि शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुटने लगे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

मेला देखकर लौट रहे युवक की ट्रेन से कटकर मौत

बलरामपुर/रानी की सराय, आजमगढ़। रानी की सराय थाना क्षेत्र के सेठवल गांव के पास गुरुवार की रात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। वह रानी की सराय का मेला देखने के लिए अपने साढ़ू के घर आया था। मेला देखकर लौट रहे लोगों ने रेलवे ट्रैक के पास शव देखा तो घटना की जानकारी हुई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। निजामाबाद थाना क्षेत्र के कयामुद्दीन पट्टी (परसहा) गांव निवासी 37 वर्षीय रविंद्र राम पुत्र गुरुवार को रानी की सराय थाना क्षेत्र के सेठवल गांव निवासी अपने साढ़ू शिवबचन उर्फ राजू राम के घर आया था। वह अपनी बाइक साढ़ू के घर खड़ी कर मेला देखने चला गया। रात करीब 11 बजे मेला देखकर लौटते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल से उसके साढ़ू का घर करीब 300 मीटर दूर था। मेला देखकर लौट रहे लोगों ने शव देखा तो इसकी जानकारी हुई।

पिस्तौल, कारतूस के साथ पुलिस ने एक को पकड़ा

आजमगढ़। देवगांव कोतवाली के लालगंज पुलिस चौकी प्रभारी रविन्द्रनाथ पाण्डेय की टीम शुक्रवार को क्षेत्र में देखभाल एवं चेकिंग के दौरान टीकरगाढ़ में मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कबाड़ का कार्य करने वाला एक व्यक्ति पिकअप वाहन से गंभीरपुर की तरफ से अवैध असलहा लेकर मेंहनगर की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने बेसो नदी पुलिया पर वाहन चेकिंग की। इस दौरान पुलिस को देखकर पिकअप सवार व्यक्ति वाहन रोककर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस टीम द्वारा मौके पर पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम अकरम पुत्र मो. निसार निवासी रजवाड़े रामपुर, थाना चांदा, जनपद सुल्तानपुर बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ।

जीयनपुर में मां की आरती उतार नम आंखों से दी गयी विदाई

सगड़ी, आजमगढ़। जीयनपुर बाजार की दो दर्जन से अधिक देवी प्रतिमाओं का शुक्रवार को विधि

शोभायात्रा में जमकर हुआ डीजे का प्रदर्शन, दोहरीघाट के सरयू तट पर विसर्जन

विधान पूर्वक पूजन-अर्चन करके दोहरीघाट स्थित सरयू नदी के तट पर विसर्जन किया गया। इससे पहले महिलाओं समेत सभी ने प्रतिमा की आरती उतारी और नम आंखों से मां को विदाई दी। ट्रैक्टर ट्राली पर रखकर कलश शोभायात्रा निकाली गई जो पूरे नगर का भ्रमण करते हुए मुबारकपुर तिराहे के पास पहुंची, जहां लोगों ने पूजन-अर्चन किया और उसके बाद जीयनपुर चौक पर डीजे का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान चौक जाम रहा, जिससे आने-जाने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुलिस पूरी तरह से बेबस बनी रही। हालांकि यह परंपरा डीजे कंपटीशन चौक पर जाम करके काफी दिनों से किया जाता रहा है। सड़क जाम कर जिस तरह से डीजे का कंपटीशन तेज आवाज में किया गया उससे डीजे का वाइब्रेशन इतनी ज्यादा था कि दुकानों से गर्दा उड़ने लगे। सुरक्षा के लिए पुलिस लगी रही। इसके पूर्व शोभायात्रा के दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए फूल मालाओं की वर्षा करते हुए सुख-समृद्धि की कामना करते हुए जमकर जयकारे लगाए। इसी के साथ लोगों ने माता को अगले वर्ष आने और परिवार की सुरक्षा आदि करने की कामना की। देवी प्रतिमाओं को कतार बद्ध तरीके से दोहरीघाट के लिए रवाना किया गया। विभिन्न बाजारों में रुकते और डीजे की धुन पर अबीर-गुलाल उड़ाते हुए दोहरीघाट के सरयू तट पर पूर्व से किनारे खोदे गए गड्ढे में मूर्तियों को विसर्जित किया गया। मूर्तियों के देवी प्रतिमाओं के सब कुशल बाजार से निकल जाने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस दौरान जीयनपुर कोतवाल संजय कुमार सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक परमात्मा मिश्रा, एसआई सन्तोष सिंह, एसआई मुन्ना लाल यादव, अमित कुमार वर्मा आदि सुरक्षा के लिए लगे रहे। वहीं हिंमाशु जायसवाल, मुकेश जायसवाल, राजेश जायसवाल, डब्लू गुप्ता, आलोक चौरसिया, सोनू चौरसिया, राकेश जायसवाल, जयहिंद मद्धेशिया, आकाश गुप्ता, विजय मद्धेशिया, संजय गुप्ता, अमरनाथ गुप्ता आदि मौजूद रहे।

मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड (सुरक्षित और असुरक्षित ऋण व्यवसाय प्रभाग)

muthoot FINCORP — Jab zindagi badalni ho

(मुथूट पप्पाचन समूह की कंपनी) CIN : U65929KL1997PLCO11518

प्रशासनिक कार्यालय : 710-ए एवं 711-ए, सातवीं मंजिल, फेस-2, स्पेंसर प्लाजा, माउंट रोड, अन्ना सलाई, चेन्नई-600 002

पंजीकृत कार्यालय : मुथूट सेन्टर, टीसी नं. 27/3022, पुन्नेन रोड, त्रिवेन्द्रम, केरला - 695 001

परिशिष्ट-IV [नियम 8(1)] आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **मुथुट फिनकार्प लिमिटेड (एमएफएल)** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 की अधिनियम संख्या 54) के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगान्तर्गत, निम्न वर्णित उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को एक मांग सूचना निर्गत की थी। उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों की समाप्ति के उपरांत, उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल हो चुके हैं, अतएव एतद्द्वारा उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यहां इसमें निम्न वर्णित सम्पत्ति का, उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त भाक्तियों के प्रयोगान्तर्गत, निम्नानुसार **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।

क्र. सं.	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ गारंटर का नाम	मांग सूचना की दिनांक	कुल बकाया राशि (रु.) भावी ब्याज लागू	प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों)/ अचल संपत्ति(यों) का विवरण	आधिपत्य की तिथि
1.	ऋण खाता सं. MFLUTTSECUL000005027478 दिन बहादुर प्रजापति (ऋणी) राधा देवी (सह-ऋणी)	14-05-2025	रु. 25,16,263/- (रुपये पच्चीस लाख सोलह हज़ार दो सौ तिरेसठ मात्र)	समस्त भाग एवं अंश, अरजी नंबर 340, मौजा - गोडसर पांडे, टप्पा-96 परगना - कंतित, तहसील - सदर, मिर्जापुर उत्तर प्रदेश - 231307 **संपत्ति चर्तुसीमाएं:** उत्तर: शिव नाथ का खेत/ श्रीमती ब्रज कुमारी देवी का मकान, दक्षिण : 12 फीट चौड़ी गेघुरा से रामपुर रोड/बृजकुमारी देवी का खेत, पूर्व : कमला शंकर का मकान/गुलाब चंद्र तिवारी का खेत, पश्चिम : 12 फीट चौडी सडक	23-10-2026

उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को विशेष रूप में तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सामान्य रूप में सावधान किया जाता है कि संपत्ति का लेन-देन न करें तथा संपत्ति का कोई व किसी भी प्रकार का लेन-देन, ऊपर अंकित मांगी गई एक राशि तथा इस राशि पर भावी ब्याज हेतु **मुथुट फिनकार्प लिमिटेड** के प्रभाराधीन होगा।

स्थान : उत्तर प्रदेश — **ह/- प्राधिकृत अधिकारी**

दिनांक : 24-10-2026 — **वास्ते मुथुट फिनकार्प लिमिटेड**

दो चिकित्सालय सील, तीन अन्य प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी

आजमगढ़। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनआर वर्मा के निर्देशानुसार उप मुख्य चिकित्साधिकारी

बिलरियागंज और बिंद्राबाजार में स्वास्थ्य विभाग की सख्त कारवाई

एवं नोडल अधिकारी, निजी चिकित्सा प्रतिष्ठान डा. मोहनलाल तथा पटल सहायक धीरेन्द्र शुक्ल द्वारा निरीक्षण में अनियमितताएं पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए दो अपंजीकृत चिकित्सालयों को सील कर दिया गया तथा तीन अन्य प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए गए। निरीक्षण के दौरान श्री साईंनाथ चाइल्ड केयर बिलरियागंज अपंजीकृत पाया गया। अनधिकृत रूप से चिकित्सा प्रतिष्ठान संचालित किए जाने के दृष्टिगत उक्त चिकित्सालय को सील कर दिया गया। इसी क्रम में जनसेवा नर्सिंग होम बिलरियागंज का निरीक्षण किया गया, जहां प्रतिष्ठान अपंजीकृत पाया गया। पंजीकरण संबंधी अनियमितताओं के दृष्टिगत उक्त नर्सिंग होम को भी सील कर दिया गया। इसके अतिरिक्त मां मुखराजी चिकित्सालय एवं रमा हड्डी अस्पताल बिंद्रा बाजार के निरीक्षण में दोनों प्रतिष्ठान अपंजीकृत पाए गए। संबंधित प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया। वहीं, सृष्टि चिकित्सालय बिलरियागंज के निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान का संचालक उपलब्ध था। संबंधित प्रतिष्ठान को नोटिस जारी किया गया है।



सम्मेलन में सम्मान संग प्रशिक्षित भी किये जायेंगे ग्रापए सदस्य

आजमगढ़। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जिला इकाई द्वारा आगामी 25 अक्टूबर दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से जिला मुख्यालय पर स्थित एचएमपीएस स्कूल करतालपुर बाई पास रोड पर एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित करने के साथ ग्रापए सदस्यों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कार्यक्रम में एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह मुख्य अतिथि होंगे। इनके आलावा समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय उपाध्यक्ष राम नरेश सिंह चौहान व कैप्टन वीरेंद्र सिंह, प्रांतीय महामंत्री संजय द्विवेदी, प्रांतीय मंत्री जय प्रकाश गोविंद राव, प्रांतीय कोषाध्यक्ष छोटेलाल के साथ प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य पौहारी शरण राय, अमरजीत सिंह, राम सुन्दर यादव, डा. नीरज सोनी, प्रदीप राय और मण्डल अध्यक्ष वीर भद्र प्रताप सिंह रहेंगे। कार्यक्रम में प्रशिक्षक असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विजय प्रकाश उपाध्याय द्वारा पत्रकारों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोजक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बृजभूषण उपाध्याय ने बताया कि प्रशिक्षण के अंत में अतिथियों एवं अन्य जनपदों के जिलाध्यक्षों और एसोसिएशन के प्रति समर्पित एवं अन्य वरिष्ठजनों को सम्मानित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने एसोसिएशन के सभी सदस्यों से कार्यक्रम में समय से भाग लेने की अपील किया की है।

बेजुबानों के लिए रैनबसेरा बनाना ही सच्चा परहित- राजन जी महाराज

अतरौलिया, आजमगढ़। क्षेत्र के ऐतिहासिक धाम बाबा प्रथम देव (बहिरा देव) स्थान पर समाजसेवी अखिलेश सिंह द्वारा बनवाए गए आधुनिक 'पंछी रैन बसेरा' का लोकार्पण मुख्य अतिथि के रूप में श्रीराम कथा वाचक राजन जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। इसके साथ ही पौहारी बाबा स्थान समेत क्षेत्र के चार प्रमुख स्थानों पर पक्षियों के संरक्षण के लिए ऐसे रैन बसेरे स्थापित किए जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने पांच कबूतरों को आजाद किया। समारोह को संबोधित करते हुए राजन जी महाराज ने कहा कि आज के दौर में जहां लोग अपनों और अपने परिवार के लिए बड़े-बड़े महल और मकान बनाते हैं, वहीं बेजुबान पक्षियों के लिए ऐसा सुरक्षित आशियाना तैयार करना परमार्थ का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने रामचरितमानस की चौपाई 'परहित सरिस धरम नहिं भाई, परपीड़ा सम नहिं अधमाई' का उल्लेख करते हुए कहा कि धर्म केवल तिलक लगाने या पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि धर्म को आचरण में उतारना ही सच्चा धर्माचरण है। मंच पर महामंडलेश्वर संत श्री शुभम दास जी महाराज, प्रेमदास जी महाराज, चंद्रेश जी महाराज आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर अखंड प्रताप सिंह, राजेंद्र सिंह, जय नाथ सिंह, गुडलक सिंह, बालमुकुंद सिंह,जयप्रकाश सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, वीरेंद्र पांडे, चंद्रशेखर सिंह, विक्रम बहादुर सिंह, अरविंद तिवारी, दुर्ग विजय सिंह, विवेक सिंह, उपेंद्र दुबे आदि मौजूद रहे।

गलत तरीके से हासिल तीन शस्त्र लाइसेंस निलंबित

आजमगढ़। निजामाबाद क्षेत्र में फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर शस्त्र लाइसेंस प्राप्त करने के प्रकरण में प्रभावी कार्रवाई की गई है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार संबंधित व्यक्तियों पर आपस में षड्यंत्र कर कूटरचित दस्तावेज तैयार करने तथा उनका इस्तेमाल कर शस्त्र लाइसेंस प्राप्त करने का आरोप है। प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक की रिपोर्ट पर एसपी की संस्तुति के क्रम में डीएम द्वारा 16 अक्टूबर को पारित आदेशों के तहत 3 शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर संबंधित शस्त्रों को पुलिस अभिरक्षा में रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं। मिर्जा अयाज बेग पुत्र स्व. मिनहाज निवासी मिर्जापुर के पिस्टल व रिवाल्वर, इसी गांव के मो. इबराक खान पुत्र इमदाद खान वर्तमान पता पाटलिपुत्र, थाना ओशिवारा, मुंबई के रिवाल्वर के लाइसेंस निलंबित कर अभिरक्षा में रखे जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया।

साइबर ठगी के शिकार के खाते में ६० हजार कराये वापस

आजमगढ़। फूलपुर कोतवाली पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार के खाते में 60 हजार रुपये वापस कराकर बड़ी राहत दी है। प्रमोद यादव पुत्र गजराज यादव निवासी कौड़िया के पास 10 जून को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर स्वयं को बैंक का कस्टमर केयर बताकर क्रेडिट कार्ड चालू करने के नाम पर उनके बैंक खाते से 60 हजार की ठगी की गई। प्रमोद ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। साइबर हेल्पडेस्क द्वारा शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पूरी धनराशि संबंधित खाते में होल्ड कराया गया। तत्पश्चात न्यायालय से आदेश प्राप्त कर संबंधित बैंक के नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए होल्ड धनराशि प्रमोद के बैंक खाते में नियमानुसार वापस करा दी गई।

शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोपी धराया

आजमगढ़। नगर कोतवाली के रोडवेज पुलिस चौकी प्रभारी सौरभ त्रिपाठी की टीम ने गुरुवार को दोपहर बाद लगभग तीन बजे मुखबिर की सूचना पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने व ब्लैकमेल करने के आरोपी विशाल विक्रम सिंह पुत्र बद्रीनाथ सिंह निवासी ग्राम लौदह इमादपुर, थाना मेंहनगर को रोडवेज से गिरफ्तार किया। इस मामले में गुरुवार को ही प्रार्थना पत्र में विशाल द्वारा शादी का झांसा देकर लगभग दो वर्षों तक शारीरिक संबंध बनाने तथा अपनी शादी की बात छिपाने का आरोप लगाया गया। शादी की जानकारी होने पर दूरी बनाने की कोशिश करने पर ब्लैकमेल कर धमकी देने का भी आरोप है।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank — **पंजीकृत कार्यालय :-** आईसीआईसीआई बैंक टॉवर, चकली सर्कल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007 **व्यवसायिक कार्यालय:-** आईसीआईसीआई बैंक टॉवर्स, बान्द्रा-कुर्ला,काम्प्लैक्स मुम्बई-400 051

सोने की नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/उधारकर्ताओं को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से सोने के आभूषणों के बदले लिए गए ऋण की बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया था।

भुगतान में विफल रहने के कारण, गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी **23 नवम्बर, 2026** को की जाएगी। यदि उधारकर्ता की मृत्यु हो जाती है, तो सभी नियम और शर्तें उनके संबंधित कानूनी उत्तराधिकारी/उत्तराधिकारियों पर लागू होंगी।

ऋण खाता संख्या	कर्जदार का नाम	नीलामी शाखा का पता
शाखा का नाम : अमेठी		
089262002525	सुनील कुमार	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, राजपूत कॉम्प्लेक्स, नंबर 106/2 सरवनपुर, वार्ड नंबर 10, अमेठी सुल्तानपुर जिला, उ०प्र० - 227405
शाखा का नाम : बागपत		
176757000179	कुमारी रेशु	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 257 दिल्ली रोड, बागपत - 250609
176757000113	विशाखा विकल	
शाखा का नाम : बरौत		
080957000130	रोहित कुमार	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 256, रेलवे क्रॉसिंग के पास, मेरठ रोड, बड़ौतबागपत जिला उ०प्र० - 250611
शाखा का नाम : बेहट		
321257000533	खुशनूद रब्बानी	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बस स्टैंड के पास, मोहल्ल सड़क पार, बेहट, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश - 247121
321257000403	मुस्तकीम मुस्तकीम	
शाखा का नाम : बीसलपुर-उत्तरप्रदेश		
321057000129	गुफरान बेग	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बारह पत्थर रोड - 262201
321057000133	गुफरान बेग	
शाखा का नाम : बदायूं		
245857000052	उजमा परवीन	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 1324, रेलवे स्टेशन रोड इंदिरा चौक, सिविल लाइन्स, बदायूं, उत्तर प्रदेश - 243601
शाखा का नाम : बुधाना		
178357000430	आसिफ आसिफ	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 659/1, पश्चिम पछाला, कांधला रोड, तहसील बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश - 251309
178357000428	निखिल पवार	
178357000510	अन्जुम अन्जुम	
शाखा का नाम : फतेहपुर		
081457000084	सनी यादव	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बॉम्बे लॉज, खेलदार मोहल्ला, जी.टी. रोड, फतेहपुर, उत्तर प्रदेश - 212601
शाखा का नाम : गजरौला		
176557000376	मो०सफर खान	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, धनौरा रोड, लक्ष्मी नगर, गजरौला, अमरोहा, उत्तर प्रदेश - 244235
शाखा का नाम : गाजियाबाद-लोहियानगर		
695505601973	मो०आरिफ	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, C 6, लोहिया नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश - 201001
शाखा का नाम : गाजियाबाद-शाहिबाबादवाद साईट-4		
590657000005	अमन सोनी	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, यूनिट नंबर ए 43 और ए 44, पैसिफिक बिजनेस पार्क, साइट-4, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश - 201010
शाखा का नाम : ग्रेटर नोएडा-सेक्टर-01		
723857000189	विकास राय शर्मा	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शॉप नंबर 1, 2, 3, 4, 5, 6, पैरामाउंट इमोशंस, प्लॉट नंबर जीएच-05ए सेक्टर-01, ग्रेटर नोएडा - 201306
शाखा का नाम : ग्रेटर नोएडा-ओमेगा-01		
218305004245	सय्यद आसिफ रजा	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ओमेगा 1, P 2, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सेक्टर बिल्डर्स एरिया, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर जिला, उत्तर प्रदेश - 201308
शाखा का नाम : हापुड़		
245857000184	शुभम सिंघल	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 1078, त्रिवेणी गंज, गढ़-दिल्ली रोड, हापुड, उत्तर प्रदेश - 245101
245857000226	प्रशान्त प्रशान्त	
245857000232	प्रशान्त प्रशान्त	
245857000195	संध्या चौहान	
शाखा का नाम : हाथरस		
088905001585	ओमवती देवी	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मोती राम की जीन, आगरा रोड, सादाबाद गेट, हाथरस, उत्तर प्रदेश -204101
शाखा का नाम : कैराना		
320957000303	रिजवान रिजवान	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 696, सत्यम कॉलोनी, कैराना, शामली, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश - 247774
320957000315	नजमा खातून	
शाखा का नाम : कसिया		
320662004471	दुर्गेश दुर्गेश	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 909, इंद्रा नगर, वार्ड नंबर 12, सपहा रोड, पीओ कसिया, जिला कुशीनगर, उत्तर प्रदेश-274402
शाखा का नाम : मिर्जापुर		
081857085551	आसब अहमद	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 64, मिशोन कंपाउंड, रमईपट्टी, मिर्जापुर - 231001
081857085563	आसिफ अहमद सिद्दकी	
081862006570	मो० रफीक	
081857089629	प्रशानत कुमार पाण्डेय	
081857089770	प्रशान्त कुमार पाण्डेय	
081857085494	पूनम रानी श्रीवास्तव	
शाखा का नाम :नोएडा-सेक्टर 104		
788857000019	मयूर विनोद दवे	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर- एसएच 01, हाजीपुर, सेक्टर 104 नोएडा, जिला: गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश - 201304
शाखा का नाम :नोएडा-सेक्टर 119		
250657000123	मनफूल सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, हॉल नंबर 3 और 6, जी ब्लॉक, गौर ग्रांडेयोर, प्लॉट नंबर जीएच-04, सेक्टर-119, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर जिला, उत्तर प्रदेश - 201305
शाखा का नाम : नोएडा-सहारा इण्डिया		
696757015049	प्रवीन आर्या	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, सहारा इंडिया मास कम्युनिकेशन सहारा इंडिया कॉलोनी सीजेड, सेक्टर 11 नोएडा - 201301
शाखा का नाम : नोएडा-सेक्टर-61		
025357000161	कपिल भारद्वाज	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, सुपरटेक शॉपप्रिक्स, सी 134 बी, सेक्टर 61 नोएडा, यूपी - 201307
025357000163	कपिल भारद्वाज	
शाखा का नाम : पडरौना		
174257000336	अभिषेक तिवारी	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 898/899, धर्मशाला रोड, पडरौना, कुशीनगर जिला, उत्तर प्रदेश - 274304
शाखा का नाम : पडरौना-सुभाष चौक		
482457000128	गुड़िया मिश्रा	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 10, तिलक नगर, सुभाष चौक, पडरौना -274304, उत्तर प्रदेश
शाखा का नाम : पुवायां		
321362002721	रामवीर उर्फ गुड्डू	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खुट्टार रोड, पोवायां, जिला-सहजहांपुर, उत्तर प्रदेश- 242401
शाखा का नाम : रूद्रपुर-देवरिया		
319557000368	मनीषा निषाद	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, इमामबाड़ा चौक, रुद्रपुर, जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश - 274204
319505003606	बंदना पाण्डेय	
शाखा का नाम : सहारनपुर-अम्बाला रोड		
192357000069	सुदेश सुदेश	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, दुकान नंबर 3, 4, 27, 28, 29 30, खजामी कॉम्प्लेक्स, अंबाला रोड, अमृत सिनेमा के पास, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश -247001
शाखा का नाम : सरधाना		
408005002133	मो० सुफियान	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बैंक के पास, टाउन हॉल रोड, सरधना, मेरठ सिंडिकेट, उत्तर प्रदेश - 250342
408005002130	मो० उवैस कुरैशी	
शाखा का नाम : दिल्ली-विवेक बिहार		
082905002560	विशेष मावी	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बी130, विवेक विहार, चरण I, दिल्ली - 110095
शाखा का नाम : फरीदाबाद-सेक्टर-31		
488905000168	चेतेन्द्र कुमार	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एससीओ नंबर 63, हुडा मार्केट, सेक्टर-31, फरीदाबाद, हरियाणा - 121003
शाखा का नाम : नई दिल्ली-दिलशाद गार्डन		
113357000264	धीरज कुमार	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 5, ब्लॉक बी, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, दिलशाद गार्डन, नई दिल्ली - 110095
शाखा का नाम : पानीपत		
017457000297	रिजवान रिजवान	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, जी जी हैंडलूम, सामने। मिड टाउन होटल, जी.टी. रोड, पानीपत, हरियाणा - 132103
शाखा का नाम :रूद्रपुर-यू.एस.नगर		
160057000101	गुरुप्रीत सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खसरा नंबर 43/2/1 मिन, गावा राइस मिल कंपाउंड, काशीपुर बाईपास रोड, रुद्रपुर, जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखंड-263153

नीलामी उपरोक्त तालिका में उल्लिखित पते और तिथि पर आयोजित की जाएगी। समय: दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/तरीके में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इच्छुक पक्ष नीलामी के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए उपर्युक्त शाखाओं में जा सकते हैं।

दिनांक: 24-10-2026

स्थान: गौतमबुद्धनगर, अमरोहा, देवरिया, गाजियाबाद, गोरखपुर, हापुड़, कुशीनगर, मेरठ, बदायूं, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, सहारनपुर, मिर्जापुर, अमेठी, फतेहपुर, पीलीभीत, रामपुर, शाहजहांपुर, हाथरस

भवदीय, हस्ताक्षरकर्ता/- आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

सड़क दुर्घटनाओं में शिक्षक समेत तीन लोगों की मौत

जीयनपुर, गंभीरपुर और मेंहनगर क्षेत्रों में हुए सड़क हादसे, परिवार में कोहराम

बलरामपुर/मेंहनगर/सगड़ी, आजमगढ़। जिले के अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में उच्चतर

दुःखद

गोरखपुर से आ रहे थे अध्यापक, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन से लौट रहा था युवक

माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के लाटघाट बाजार के पास गुरुवार की रात ट्रक की टक्कर की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर जुटे लोगों ने बचा लेने की उम्मीद में उन्हें एंबुलेंस से लाटघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।


फाइल फोटो-देवेश नारायण राय


फाइल फोटो-कुनाल

शहर कोतवाली क्षेत्र के कोल बाज बहादुर गांव निवासी 42 वर्षीय देवेश नारायण राय पुत्र स्व. हरीश नारायण राय गोरखपुर जिले के चौरीचौरा स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। परिजनों के अनुसार वह गुरुवार की रात करीब 8.30 बजे विद्यालय से बाइक से घर लौट रहे थे। लाटघाट बाजार के पास पहुंचते ही उनकी बाइक की ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। देवेश नारायण राय पिछले 12 वर्षों से विद्यालय में अध्यापन कर रहे थे। **मेंहनगर थाना क्षेत्र** के गंजोर गांव के पश्चिमी सिवान स्थित सरबाईन पोखरी के पास गुरुवार की रात दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कर लौट रहे युवक की ट्रैक्टर-ट्राली से गिरकर मौत हो गई। गंजोर गांव के 48 वर्षीय सत्येंद्र सिंह पुत्र राम अवतार सिंह ने अन्य लोगों के साथ पश्चिमी सिवान स्थित सरबाईन पोखरी में प्रतिमा का विसर्जन किया। विसर्जन के बाद रात करीब 9.30 बजे वापस लौट रहे थे। इसी दौरान सत्येंद्र सिंह अचानक ट्रैक्टर-ट्राली से नीचे गिर पड़े और ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गए। सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष अभिराज सरोज ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। **गंभीरपुर थाना क्षेत्र** के मई खरगपुर गांव निवासी 18 वर्षीय कुनाल की गुरुवार को दोपहर बनारस के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों के अनुसार बुधवार रात करीब 8.30 बजे कुनाल गांव के प्रज्वल राय के साथ गोसाईं की बाजार से पैदल घर लौट रहा था। रास्ते में कुछ दूर पहुंचते ही एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में कुनाल गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लालगंज स्थित 100 शैया अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे बनारस के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां उपचार के दौरान गुरुवार की दोपहर करीब 1.30 बजे उसकी मौत हो गई। कुनाल तीन भाइयों और चार बहनों में छठे नंबर पर था।

निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से हुआ एमएलसी का चुनाव

डीएम-एसपी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



भदोही। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 के तहत शुक्रवार को जिले में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान जारी रहा। मतदान सुबह आठ बजे से शुरू हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क रहे। जिलाधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर शैलेष कुमार तथा पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और मतदान संबंधी तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने विकासखंड भदोही, सुरियावां, अभोली, डीघ और औराई के साथ नगर पालिका परिषद गोपीगंज तथा तहसील ज्ञानपुर क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा प्रबंधों और अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं मतदान कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो और निर्वाचन प्रक्रिया सुचारु रूप से चलती रहे। जिले में कुल सात मतदान केंद्रों पर स्नातक निर्वाचन के लिए 15 और शिक्षक निर्वाचन के लिए पांच मतदेय स्थलों पर मतदान कराया जा रहा है। प्रशासन की ओर से मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और निर्वाचन प्रक्रिया पर लगातार निगरानी रखने की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्कता के साथ जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए हैं।

कुंवर प्रमोद चंद मौर्य ने गोपीगंज में किया स्नातक एमएलसी चुनाव में मतदान

गोपीगंज। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वाराणसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में शुक्रवार को नगर पालिका परिषद गोपीगंज स्थित बूथ संख्या 82 के भाग संख्या दो में कुंवर प्रमोद चंद मौर्य ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुंवर प्रमोद चंद मौर्य भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हैं और पूर्व में पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रह चुके हैं। मतदान के दौरान उन्होंने स्नातक एमएलसी निर्वाचन के लिए वोट डाला। विधान परिषद चुनाव को लेकर जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रशासन की ओर से मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यवस्थाएं की गई थीं।



शिक्षक एमएलसी चुनाव में ७७.४० प्रतिशत, स्नातक में ४०.७५ प्रतिशत हुआ मतदान

ज्ञानपुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 में शुक्रवार को जनपद संत रविदासनगर भदोही में शिक्षक वर्ग के मतदाताओं ने स्नातक की तुलना में अधिक उत्साह दिखाया। जिले के 20 मतदेय स्थलों पर मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद जारी अंतिम आंकड़ों के अनुसार शिक्षक निर्वाचन में 77.40 प्रतिशत, जबकि स्नातक निर्वाचन में 40.75 प्रतिशत मतदान हुआ। अंतिम आंकड़ों के मुताबिक, शिक्षक निर्वाचन में कुल 1130 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, स्नातक निर्वाचन में 5062 मतदाताओं ने वोट डाले। मतदान प्रतिशत के लिहाज से शिक्षक वर्ग में स्नातक की अपेक्षा काफी अधिक मतदान दर्ज किया गया। मतदान के दौरान प्रशासन और पुलिस की ओर से सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं पर नजर रखी गई। अधिकारियों ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। मतदान प्रक्रिया निर्धारित समय पर पूरी हुई। अंतिम आंकड़ों में शिक्षक निर्वाचन का मतदान प्रतिशत स्नातक निर्वाचन से 36.65 प्रतिशत अधिक रहा।

आज सभी बूथों पर लगेगा विशेष मतदाता पंजीकरण कैम्प

ज्ञानपुर। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिकों और 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को पंजीकरण का अवसर देने के लिए शनिवार, 24 अक्टूबर को जिले के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक लगने वाले इन कैंपों में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) फार्म-6 के साथ मौजूद रहेंगे। मतदाताओं की सहायता के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क भी बनाई जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर आयोजित इस अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र 392-भदोही, 393-ज्ञानपुर और 394-औराई (अजा) के मतदेय स्थलों पर पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकेंगे। कैंप में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत 10 अप्रैल को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची और उसके बाद की पूरक सूचियां भी उपलब्ध रहेंगी।

एडीएम और एएसपी ने मतदान केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

ज्ञानपुर। स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) चुनाव को निष्पक्ष, सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने विभिन्न मतदान केंद्रों का संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था और मतदाताओं के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों और चुनाव कर्मचारियों को पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने पर जोर दिया। वहीं, अपर पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने और मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न होने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। प्रशासन की ओर से मतदान प्रक्रिया पर निगरानी रखी जा रही है, ताकि निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए और मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और सतर्कता के साथ ड्यूटी करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

छात्रवृत्ति के लंबित आवेदन २६ तक करें अग्रसारित

ज्ञानपुर। राज्य सरकार की छात्रवृत्ति योजना के तहत कक्षा नौ से 12 तक के छात्र-छात्राओं के नवीन आवेदन पत्रों को विद्यालय स्तर से अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 26 अक्टूबर निर्धारित की गई है। निर्धारित समय सीमा में आवेदन पत्रों का निस्तारण नहीं होने से पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिलने में परेशानी हो सकती है। इसे देखते हुए सभी शिक्षण संस्थानों को लंबित आवेदन पत्रों का निस्तारण कर अग्रसारित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रमेश चंद्र ने बताया कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के जनपदीय लॉगिन पर संस्था स्तर से आवेदन पत्रों को अग्रसारित करने की प्रक्रिया निर्धारित समय सीमा में पूरी करनी है। इसके लिए विद्यालयों को निर्देशित किया जा चुका है कि वे लंबित आवेदनों का निस्तारण कर रिपोर्ट समय से अग्रसारित कराएं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, कक्षा नौ और दस के लिए अब तक कुल 1,715 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 1,451 आवेदनों का संस्था स्तर से निस्तारण किया जा चुका है, जबकि 264 आवेदन अभी लंबित हैं। इसी तरह कक्षा 11 और 12 के लिए कुल 1,288 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 1,015 आवेदन निस्तारित हो चुके हैं, जबकि 273 आवेदन विद्यालय स्तर पर लंबित हैं। इस तरह दोनों वर्गों को मिलाकर कुल 537 आवेदन पत्रों का निस्तारण अभी बाकी है। विभाग ने संबंधित शिक्षण संस्थानों से निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी लंबित आवेदनों की जांच कर उन्हें अग्रसारित करने को कहा है, ताकि पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिलाने की प्रक्रिया समय से पूरी की जा सके।

रेलवे ट्रैक से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

गोपीगंज। पूर्वोत्तर रेलवे के ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन के समीप डाउन लाइन पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से हड़कंप मच गया। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है और उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार की रात करीब 11:15 बजे स्टेशन मास्टर ज्ञानपुर रोड द्वारा जीआरपी को मेमो दिया गया कि गोपीगंज कोतवाली के माधोरामपुर के पास किलोमीटर संख्या 264/28-26 के मध्य बनारस की तरफ डाउन लाइन पर एक व्यक्ति ट्रेन से कट गया है। सूचना पर जीआरपी चौकी प्रभारी ज्ञानपुर रोड आनंद कुमार यादव मय हमराह कांस्टेबल सचिन कुमार और कांस्टेबल जिगर यादव के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर लगभग 40 वर्षीय एक अज्ञात पुरुष का शव पड़ा मिला। मृतक के पूरे शरीर पर चोट और खरोंच के निशान थे तथा सिर के दाहिने हिस्से में गंभीर चोट लगी हुई थी। पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक के बारे में जानकारी करने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। जीआरपी ने पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को मोर्चरी हाउस भेज दिया। जीआरपी चौकी प्रभारी ज्ञानपुर रोड ने बताया कि शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

करेण्ट की चपेट में आने से युवक की मौत

ज्ञानपुर। मोढ़ कोतवाली क्षेत्र के लालीपुर भात गांव निवासी 30 वर्षीय बिजली का कार्य करने वाले सूरज दुबे की शुक्रवार को करंट लगने से मौत हो गई। धानापुर में ट्रांसफार्मर पर तार जोड़ते समय हादसा हुआ। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक, सूरज सुबह करीब आठ बजे यादव नामक व्यक्ति के साथ बाइक से बिजली संबंधी काम के लिए निकले थे। उनकी मां संगीता देवी ने बताया कि यादव उन्हें अपने साथ लेकर गए थे। धानापुर में ट्रांसफार्मर पर तार जोड़ते समय सूरज करंट की चपेट में आ गए। उनके पेट और हाथ झुलस गए और वह जमीन पर गिर पड़े। परिजन उन्हें एंबुलेंस से सुरियावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां से भदोही रेफर किया गया। बाद में औराई ट्रामा सेंटर पहुंचने पर चिकित्सक ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मां संगीता देवी ने बताया कि करीब 20 वर्ष पहले उनके पति की भी करंट लगने से मौत हो गई थी। सूरज उनके इकलौते बेटे थे।

आरती कर मांगा लोगों के सुख-समृद्धि का वरदान

ज्ञानपुर। विकासखंड के कांवल गांव में हो रहे दस दिवसीय रामलीला के अंतर्गत सार्वजनिक रामलीला कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार को सुतीक्ष्ण मिलन , नककटैया सहित अनेक दृश्यों का भावपूर्ण मंचन किया गया। रामलीला प्रारंभ होने के पूर्व पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष डॉ राकेश दूबे ने प्रभु श्रीराम चंद्र की आरती किया व रामलीला के डायरेक्टर पं.देवमणि मिश्र ने राकेश दूबे का अभिवादन किया। डॉ दूबे ने लोगो से भगवान श्रीराम द्वारा बताए गए आदर्शों पर चलने की अपील की व जनपदवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। उसके बाद रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पं.देवमणि मिश्र ने कहा कि ऐसे लोकोपकारी के इस रंगमंच पर आने से हम सभी गदगद हो उठे हैं। इस अवसर पर दिनेश मिश्र, विकास मिश्र, सुरेन्द्र मिश्र, मनोज मिश्र सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारी व दर्शकागण उपस्थित रहे।



एसपी ने परेड की ली सलामी

ज्ञानपुर, भदोही। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने शुक्रवार को पुलिस लाइन ज्ञानपुर के परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई गई। वहीं, पुलिस बल में अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। परेड के निरीक्षण के दौरान एसपी ने ड्रिल को और बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया और उनमें उपलब्ध आपातकालीन उपकरणों की कार्यक्षमता की जांच कराई। यूपी-112 के प्रभारी को निर्देश दिया कि पीआरवी वाहनों और उपकरणों की नियमित जांच सुनिश्चित करें। साथ ही, पीआरवी कर्मियों को अपने निर्धारित स्थानों पर सतर्क रहकर आमजन की सुरक्षा और सेवा के प्रति तत्पर रहने को कहा। पुलिस लाइन के निरीक्षण के दौरान एसपी ने क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, बैरक, भोजनालय और परिवहन शाखा का जायजा लिया। उन्होंने शस्त्रागार प्रभारी को शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई और रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा गार्द कमांडरों के रजिस्टरों की जांच कर आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए। साप्ताहिक अर्दली रूम के दौरान विभिन्न रजिस्टरों की जांच की गई और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को अभिलेखों के रखरखाव सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण का उद्देश्य पुलिस व्यवस्था में अनुशासन, सतर्कता और कार्यप्रणाली को बेहतर बनाए रखना रहा।



स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण का सीएमओ ने लिया जायजा

ज्ञानपुर। शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जंगीगंज और मदनपुर में आयोजित वीएचएनडी (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) सत्र का सीएमओ ने निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं और टीकाकरण की स्थिति का जायजा लिया गया। जानकारी के अनुसार, 23 अक्टूबर 2026 को अपराह्न 3:10 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जंगीगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर सभी स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित पाए गए। इसके बाद अपराह्न 3:35 बजे मदनपुर में आयोजित वीएचएनडी सत्र का निरीक्षण किया गया। यहां एएनएम श्रीमती माया पांडेय मौजूद मिलीं और उनके द्वारा सत्र का आयोजन किया जा रहा था। सत्र के दौरान 27 बच्चों तथा दो गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया था। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में कार्मिकों की उपस्थिति और वीएचएनडी सत्र के तहत टीकाकरण की गतिविधियों का जायजा लिया गया।



शांति भंग में पांच गिरफ्तार, २० दोपहिया वाहनों का चालान

ज्ञानपुर। जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया। वहीं, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 20 दोपहिया वाहन चालकों का चालान कर 20 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, ऊंज थाना क्षेत्र में उपनिरीक्षक उदय प्रताप ने थाने के गेट से दो लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं, दुर्गागंज थाना क्षेत्र के मिश्राइनपुर गांव से उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। सभी पांचों आरोपियों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170, 126 और 135 के तहत कार्रवाई करते हुए चालान संबंधित न्यायालय भेज दिया गया।

महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

ज्ञानपुर। मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 के तहत शुक्रवार को जनपद के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों और महिला बीट अधिकारियों ने स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं को छेड़छाड़, उत्पीड़न, साइबर अपराध, महिला अधिकारों, पॉक्सो एक्ट और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181, 1076 और 1098 के उपयोग के बारे में बताया तथा जागरूकता पंपलेट वितरित किए। यह अभियान पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में संचालित किया जा रहा है।

अखिल भारतीय प्रतियोगिता के लिए दुर्गा, आशुतोष का चयन

ज्ञानपुर। प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय, प्रयागराज में आयोजित चयन ट्रायल में भदोही के दो खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया है। दुर्गा प्रसाद पटवा ने रिकर्व राउंड में कांस्य पदक, जबकि आशुतोष पटवा ने कंपाउंड राउंड में स्वर्ण पदक हासिल कर अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए चयनित होने का गौरव प्राप्त किया। अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 22 दिसंबर 2026 तक तेजपुर विश्वविद्यालय, असम में किया जाएगा। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष विशंभर दयाल, संरक्षक प्रदीप बरनवाल, महासचिव अशोक कुमार गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उर्मिला देवी, टेक्निकल एडवाइजर विवेक कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सुमन गुप्ता, आलोक कुमार गुप्ता और विनोद कुमार सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

मनापुर में टूटी सड़क से हादसे की आशंका

सुरियावां। विकासखंड सुरियावां की ग्रामसभा मनापुर में ट्यूबवेल के सामने स्थित सड़क कई महीनों से जर्जर हालत में है। श्री शेर बहादुर पाल के घर के पीछे से गुजरने वाली राजस्व विभाग की नाली का पानी का बहाव बाधित होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क टूटने और पानी जमा होने से ग्रामीणों में हादसे की आशंका के साथ संक्रमण फैलने का भी डर बना हुआ है। ग्रामसभा निवासी धर्मेंद्र लालबहादुर सरोज ने जिला पंचायत सदस्य आशीष सिंह को प्रार्थना पत्र देकर समस्या से अवगत कराया है। उन्होंने बताया कि सड़क बुरी



तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है और नाली का पानी नहीं निकल पा रहा है। इससे रास्ते पर आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं, जमा पानी के कारण मच्छरों के पनपने और संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका भी बनी हुई है। धर्मेंद्र सरोज ने कहा कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं कराया गया तो किसी दिन राहगीर हादसे का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि किसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचता है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। उन्होंने जिला पंचायत सदस्य से जनहित में मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कराने और नाली के पानी की निकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

दरवाजे के सामने कार खड़ी करने के विवाद में महिला समेत दो की पिटाई

चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के बैदा तिवारीपुर गांव में घर के दरवाजे के सामने कार खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में एक महिला समेत दो लोगों की पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता सितारा ने गांव के ही चार लोगों पर गाली-गलौज करने, लाठी-डंडे से मारने-पीटने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए गोपीगंज पुलिस से शिकायत की है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही कर रही है। पीड़िता के अनुसार, 22 अक्टूबर की सुबह करीब 9:30 बजे लुद्दुर सरोज अपने घर के दरवाजे के सामने अर्टिगा कार खड़ी कर गाली-गलौज करने लगे। इस पर सितारा ने कार को दरवाजे के सामने से हटाकर किनारे खड़ी करने के लिए कहा। आरोप है कि इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और लुद्दुर सरोज के पुत्र संतोष, करन और विष्णु ने लाठी-डंडे से उनकी पिटाई कर दी। इस दौरान उनके चेहरे पर नाखून से भी चोट पहुंचाई गई। महिला को बचाने पहुंचे रामबाबू के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है। पीड़िता का कहना है कि आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। इसके बाद उन्होंने कोतवाली गोपीगंज पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मामले में उचित कार्यवाही की मांग की।

आचार्य मारुति नन्दन जी महाराज ने सुनाया सृष्टि रचना और ध्रुव चरित्र

कटरा। कोनिया क्षेत्र में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के द्वितीय दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। विन्ध्य क्षेत्र के सुप्रसिद्ध कथाव्यास पूज्य आचार्य मारुति नन्दन जी महाराज एवं शुभम जी महाराज के मुखारविंद से प्रवाहित हो रही अमृतमयी ज्ञान गंगा में गोता लगाने के लिए दूर-दराज से सनातनी भक्त कलातुलसी पहुंचे। कथा के दूसरे दिन व्यासपीठ से आचार्य श्री ने सृष्टि की रचना, कपिल अवतार, सती चरित्र एवं भक्त ध्रुव की अनन्य भक्ति की पावन कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल श्रवण मात्र का साधन नहीं, बल्कि जीवन को धर्म और सत्य के मार्ग पर ले जाने वाली मार्गदर्शिका है। जब मनुष्य सच्चे मन से ईश्वर का ध्यान करता है, तो बालक ध्रुव की तरह भगवान उसे दर्शन देने अवश्य आते हैं। शुभम जी महाराज द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों पर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और पूरा पंडाल राधे-राधे और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। मुख्य यजमान डॉ. उदय नारायण पाण्डेय (मक्खन पण्डित) ने व्यासपीठ एवं श्रीमद्भागवत ग्रंथ की आरती उतारी और आशीर्वाद प्राप्त किया।इस पावन अवसर पर मुख्य रूप से कुल पुरोहित पंडित गोविंद शुक्ला ननकू, नेब्बूलाल पाण्डेय, अजब नारायण, हुब नारायण, रविन्द्र पाण्डेय, विकास, अतुल सहित बड़ी संख्या में सनातनी भक्त व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



आज से सजेगा कबड्डी का महाकुंभ, चार दर्जन टीमें दिखायेंगी दमखम

सुरियावां स्थित सेवाश्रम इंटर कॉलेज परिसर में 24 और 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाले महर्षि आजाद राज्यस्तरीय कबड्डी महाकुंभ की तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। दो दिवसीय डे-नाइट प्रतियोगिता में करीब चार दर्जन टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ श्री घनश्याम दुबे महाविद्यालय के प्रबंधक प्रतीक दुबे करेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष दिनेश यादव दादा और निर्णायक शशि यादव ने तैयारियों का जायजा लिया। अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करने के साथ क्षेत्र में खेल भावना को बढ़ावा देना है। वहीं, उपाध्यक्ष दिनेश यादव दादा ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

रामलीला और भरत मिलाप मेले की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने किया पैदल भ्रमण

गोपीगंज। जनपद में आयोजित रामलीला और भरत मिलाप मेले को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने पुलिस अधिकारियों और पर्याप्त पुलिस बल के साथ गोपीगंज कस्बे के मेला क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण किया और व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए। अपर पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए मुस्तैद रहने पर जोर दिया। पैदल भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना और श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। इस मौके पर सीओ कार्यालय के अधिकारी धीरेन्द्र सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

चारों भाइयों का मिलन देख आंखें हुईं नम, भाव विह्वल हुए लोग

गोपीगंज। का ऐतिहासिक और प्राचीन भरत मिलाप गुरुवार देखने उमड़ी लाखों की भीड़, हर कोई भगवान श्री राम, लक्ष्मण,भरत,शत्रुघ्न चारों भाइयों के मिलन को देखने के लिए उतावला,राम, लक्ष्मण,भरत ,शत्रुघ्न को निहारते लाखों नयन,रात जिस समय चारों भाइयों का मिलन हुआ उस समय मौजूद हर लोगों की आखे सजल हो गई,पूरा इलाका भगवान श्री राम की जय घोष से गूज उठा,सभी के लिए यह बहुत ही अद्भुत व अलौकिक दृश्य था,लीला स्थल पर परे भूमि नही उठत उठाए बर करी कृपा सिंधु उर लाए सहित कई अन्य चौपाइयों भी गूजती रही मिलन स्थल पर कहीं भी तिल भर की जगह नहीं बची थी, इस बार तो हर साल से अपेक्षा लोगों की भीड़ कुछ ज्यादा ही उमड़ी थीद्यचारों भाइयों का मिलन हुआ तो लाखों की संख्या में उमड़ा आस्था का सैलाब भावुक हो उठा आखे गिली हो गयी। छतो दुकानों सड़को पर घंटो से भाइयों के मिलने की प्रतीक्षा मे खड़े भक्त जब मिलन के साक्षी बने तो वह खुशी के आंसू रोक नही पाये। गोपीगंज नगर का प्राचीन और एतिहासिक भरत मिलाप पूरे सजधज के साथ गुरुवार की रात सकुशल संपन्न हो गया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष कालीन निर्यातक बृजेश गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, विजय जायसवाल, श्री निवास चतुर्वेदी, राजेन्द्र पुष्पकार, श्रीकांत जायसवाल, संजय प्रताप सिंह बऊ, अश्वनी अग्रवाल, बिंदेश गुप्ता समेत अन्य लोग रहे। रामलीला व भरत मिलाप को सम्पन्न कराने में बघेल रामलीला समिति के अजीत सिंह बघेल,उमेश सिंह बघेल, कौशलेंद्र सिंह, अखिलेन्द्र सिंह बघेल सहित बघेल परिवार की अहम भूमिका रही। नव युवक दल की तरफ से लाग, विमान, डीजे, ढोल ताशा, मां काली,की झांकी निकाली गई जो आकर्षण का केंद्र रहा। नव युवक दल की तरफ से रामलाल अग्रवाल, टुनटुन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, दामोदर अग्रहरी, संजय प्रताप सिंह,



शिवशंकर गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल, सत्य प्रकाश अग्रवाल, उमाशंकर कसेरा समेत नव युवक दल के सदस्यों की अहम भूमिका रही। भरत मिलाप सकुशल सम्पन्न होने पर नव युवक दल के संरक्षक रामलाल अग्रवाल, और बघेल रामलीला समिति के संरक्षक अजीत सिंह बघेल तथा पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने जिला व पुलिस प्रशासन और क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया।

मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड (सुरक्षित और असुरक्षित ऋण व्यवसाय प्रभाग)

muthoot FINCORP Jab zindagi badalni ho

(मुथूट पप्पाचन समूह की कंपनी) CIN : U65929KL1997PLC011518

प्रशासनिक कार्यालय : 710-ए एवं 711-ए, सातवीं मंजिल, फेस-2, स्पेंसर प्लाजा, माउंट रोड, अन्ना सलाई, चेन्नई-600 002

पंजीकृत कार्यालय : मुथूट सेन्टर, टीसी नं. 27/3022, पुन्नेन रोड, त्रिवेन्द्रम, केरला - 695 001

परिशिष्ट-IV [नियम 8(1)] आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **मुथूट फिनकार्प लिमिटेड (एमएफएल)** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 की अधिनियम संख्या 54) के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगान्तर्गत, निम्न वर्णित उधारकर्ता(ओं) / गारंटर(ओं) को एक मांग सूचना निर्गत की थी। उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों की समाप्ति के उपरांत, उधारकर्ता(ओं) / गारंटर(ओं) राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल हो चुके हैं, अतएव एतद्द्वारा उधारकर्ता(ओं) / गारंटर(ओं) को तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यहां इसमें निम्न वर्णित सम्पत्ति का, उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त भाक्तियों के प्रयोगान्तर्गत, निम्नानुसार **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।

क्र. सं.	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ गारंटर का नाम	मांग सूचना की दिनांक	कुल बकाया राशि (रु.) भावी ब्याज लागू	प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों)/ अचल संपत्ति(यों) का विवरण	आधिपत्य की तिथि
1.	**ऋण खाता सं. MFLUTTSECUL000005 027478 दिन बहादुर प्रजापति (ऋणी) राधा देवी (सह-ऋणी)**	14-05-2025	**रु. 25,16,263/-** (रुपये पच्चीस लाख सोलह हज़ार दो सौ तिरेसठ मात्र)	समस्त भाग एवं अंश, अरजी नंबर 340, मौजा - गोडसर पांडे, टप्पा-96 परगना - कंतित, तहसील - सदर, मिर्ज़ापुर उत्तर प्रदेश - 231307 **संपत्ति चर्तुसीमाएं:** उत्तरः शिव नाथ का खेत/ श्रीमती ब्रज कुमारी देवी का मकान, दक्षिण : 12 फीट चौड़ी गेघुरा से रामपुर रोड/बृजकुमारी देवी का खेत, पूर्व : कमला शंकर का मकान/गुलाब चंद्र तिवारी का खेत, पश्चिम : 12 फीट चौडी सडक	23-10-2026

उधारकर्ता(ओं) / गारंटर(ओं) को विशेष रूप में तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सामान्य रूप में सावधान किया जाता है कि संपत्ति का लेन-देन न करें तथा संपत्ति का कोई व किसी भी प्रकार का लेन-देन, ऊपर अंकित मांगी गई एक राशि तथा इस राशि पर भावी ब्याज हेतु **मुथूट फिनकार्प लिमिटेड** के प्रभाराधीन होगा।

स्थान : उत्तर प्रदेश
दिनांक : 24-10-2026

ह/- प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते मुथूट फिनकार्प लिमिटेड

सुभाषित

निराकार, सर्वव्यापक परमेश्वर सब जगतको बसाये हुए है। वेद मंत्रोंसे यज्ञ आदिमें जब इनकी पूजा करते हैं तो यह इस चराचर जगतको ही मिलता है। ❐ **महाभारत**

नागरिकोंकी निजता कैसे रहे सुरक्षित

डिजिटल क्रांतिने अनेक चुनौतियां खड़ी की हैं। आज बैंकमें खाता खुलवानेसे लेकर बिलोंका भुगतान जैसे अनेक कार्य घर बैठे किये जा सकते हैं। लेकिन भारतीय स्टेट बैंकके ग्राहकोंसे संबंधित जानकारीके डार्क वेबपर उजागर होनेकी हालिया घटनाने सवाल खड़ा कर दिया है कि वित्तीय व्यवस्थामें सुरक्षा कैसे देगी सरकार।

❐ **महेन्द्र तिवारी**

इक्कीस अक्तूबर २०२६ को प्रकाशित समाचारोंके अनुसार भारतीय स्टेट बैंकने ग्राहकोंसे संबंधित जानकारीके संभावित खुलासेकी पुष्टि करते हुए जांच शुरू करनेकी जानकारी दी। बैंकको १६ अक्तूबरको अपने खतरा निगरानी सेवा प्रदाता, रक्षा साइबर एजेंसी और भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दलसे इस संबंधमें सूचनाएं मिली थीं। प्रारंभिक जांचमें डार्क वेबपर उपलब्ध लगभग ३,७५,००० अभिलेखोंकी समीक्षा की गयी, जिनमें ३८९७ ग्राहक अभिलेखोंमें व्यक्तिगत पहचानसे संबंधित जानकारी पायी गयी। बैंकने इस मामलेकी व्यापक जांचके लिए एक स्वतंत्र साइबर सुरक्षा संस्थाको नियुक्त किया है। हालांकि जानकारी किस माध्यमसे बाहर पहुंची और घटनाका वास्तविक दायरा कितना है, यह जांच पूरी होनेके बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। प्रारंभिक रिपोर्टोंके अनुसार उजागर हुई जानकारीमें ग्राहकोंके नाम, पंजीकृत मोबाइल नंबर, जन्मतिथि, ईमेल पते, आवासीय पते, शाखा संबंधी विवरण, ग्राहक पहचान संख्या तथा ऋण आवेदनोंसे जुड़ी कुछ जानकारियां शामिल हैं। इन विवरणोंका महत्व इसलिए बढ़ जाता है, क्योंकि आज व्यक्तिगत पहचान और वित्तीय गतिविधियोंके बीच गहरा संबंध बन चुका है। किसी व्यक्तिका नाम, मोबाइल नंबर, जन्मतिथि और ऋण संबंधी जानकारी एक साथ उपलब्ध होनेपर अपराधियोंके लिए उसके विश्वासका दुरुपयोग करना आसान हो सकता है। वे बैंक अधिकारी बनकर फोन कर सकते हैं, ऋण या खातेसे संबंधित वास्तविक विवरणोंका उल्लेख कर सकते हैं और फिर गोपनीय जानकारी हासिल करनेका प्रयास कर सकते हैं।



भारतीय स्टेट बैंकसे संबंधित यह घटना डिजिटल अर्थव्यवस्थाके सामने उपस्थित एक बुनियादी प्रश्नको रेखांकित करती है। व्यक्तिगत जानकारीकी सुरक्षा सुनिश्चित करनेकी प्राथमिक जिम्मेदारी उन संस्थानोंकी है, जिन्हें नागरिक अपना विश्वास सौंपते हैं। डिजिटल बैंकिंगका भविष्य तभी सुरक्षित और विश्वसनीय हो सकता है, जब सुविधाके साथ गोपनीयता, जवाबदेही और तकनीकी प्रगतिके साथ मानवीय सुरक्षाको भी समान महत्व दिया जाय। ग्राहकोंका विश्वास किसी बैंककी सबसे बड़ी पूंजी है। उसकी रक्षा करना केवल तकनीकी आवश्यकता नहीं, बल्कि सार्वजनिक उत्तरदायित्व भी है।

इस घटनाके संबंधमें तथ्यों और आशंकाओंके बीच अंतर समझना भी आवश्यक है। लगभग ३,७५,००० अभिलेखोंकी उपलब्धताका अर्थ यह नहीं है कि उन सभीमें ग्राहकोंकी संवेदनशील जानकारी थी। प्रारंभिक जांचमें ३८९७ ग्राहक अभिलेखोंमें व्यक्तिगत पहचान संबंधी विवरण मिलनेकी बात कही गयी है। इसी प्रकार, व्यक्तिगत जानकारीका उजागर होना अपने आपमें यह प्रमाण नहीं है कि ग्राहकोंके बैंक खातोंसे धन चोरी हुआ है। बैंकने कहा है कि उसकी मुख्य बैंकिंग सेवाओं, वित्तीय प्रदर्शन और कामकाज की निरंतरता पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ा है। फिर भी, वित्तीय नुकसानकी तत्काल पुष्टि न होना व्यक्तिगत गोपनीयतासे जुड़े खतरेको कम नहीं करता। भारतमें डिजिटल बैंकिंगका विस्तार तेजीसे हुआ है। गांवोंसे लेकर महानगरोंतक लोग मोबाइलके माध्यमसे धनका लेन-देन कर रहे हैं। सरकारी योजनाओंकी सहायता राशि, पेंशन, वेतन और अन्य भुगतान भी बैंक खातोंमें पहुंचते हैं। ऐसेमें बैंक केवल धन जमा करने और निकालने वाली संस्था नहीं रह गये हैं, बल्कि नागरिकोंकी आर्थिक पहचानके संरक्षक भी बन गये हैं। उनकी जिम्मेदारी केवल लेन-देनको सुरक्षित रखनेतक सीमित नहीं है। ग्राहकोंके व्यक्तिगत विवरणोंको अनधिकृत पहुंच, चोरी और दुरुपयोगसे बचाना भी उतना ही आवश्यक है। भारतीय स्टेट बैंक जैसे बड़े सार्वजनिक बैंकसे जुड़ी घटनाका व्यापक प्रभाव इसलिए भी है कि बैंकिंग व्यवस्थामें जनताका विश्वास अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। करोड़ों लोग अपनी जीवनभरकी बचत, पेंशन और भविष्यकी आर्थिक सुरक्षाके लिए बैंकोंपर निर्भर रहते हैं। यदि ग्राहकोंको यह आशंका होने लगे कि उनकी निजी जानकारी सुरक्षित नहीं है तो डिजिटल सेवाओंके प्रति उनका विश्वास कमजोर पड़ सकता है। विशेष रूपसे बुजुर्गों, ग्रामीण नागरिकों और तकनीकी जानकारीसे सीमित परिचित लोगोंके लिए ऐसी घटनाएं अधिक परेशानी पैदा कर सकती हैं।

इस चुनौतीका सामना करनेके लिए बैंकोंको अपनी सुरक्षा व्यवस्थाकी नियमित समीक्षा करनी चाहिए। ग्राहकोंकी जानकारीतक पहुंच केवल उन्हीं कर्मचारियों और सेवाओंको मिलनी चाहिए, जिन्हें वास्तवमें इसकी आवश्यकता है। सुरक्षा संबंधी कमजोरियोंकी पहचानके लिए समय-समयपर स्वतंत्र परीक्षण, संदिग्ध गतिविधियोंकी निगरानी और आंकड़ोंके सुरक्षित भंडारणकी व्यवस्था आवश्यक है। बाहरी सेवा प्रदाताओं, ऋण एजेंटों और तकनीकी सहयोगियोंके माध्यमसे जानकारीके आदान-प्रदानपर भी समान रूपसे कड़ी निगरानी होनी चाहिए। कई बार सुरक्षामें चूक किसी बड़ी तकनीकी खामीके बजाय कमजोर पासवर्ड, अनधिकृत पहुंच या अनुचित अधिकार प्रदान किये जाने जैसी सामान्य गलतियोंसे भी हो सकती है।

बदलते तकनीकी परिवेशमें कृत्रिम बुद्धिमत्ताके दुरुपयोगसे जुड़े खतरे भी बढ़ रहे हैं। अपराधी स्वचालित साधनोंकी सहायतासे बड़ी मात्रामें जानकारीका विश्लेषण कर सकते हैं और अलग-अलग व्यक्तियोंको निशाना बनानेके लिए अधिक विश्वसनीय संदेश तैयार कर सकते हैं। वे किसी ग्राहककी वास्तविक बैंकिंग जानकारीका उल्लेख करके उसे भ्रमित कर सकते हैं। इसलिए सुरक्षा व्यवस्थाको केवल पुराने प्रकारके हमलोंसे बचावतक सीमित रखना पर्याप्त नहीं होगा। नयी तकनीकोंसे उत्पन्न जोखिमोंकी पहचान और उनके अनुरूप सुरक्षा उपायोंका विकास भी आवश्यक है। बैंककी जिम्मेदारीके साथ ग्राहकोंकी सतर्कता भी महत्वपूर्ण है। लोगोंको यह समझना चाहिए कि बैंक कभी भी फोनपर उनसे गोपनीय पहचान संख्या, एक बार उपयोग होने वाला संकेतांक या बैंकिंग पासवर्ड साझा करनेके लिए नहीं कहता। किसी अनजान व्यक्ति द्वारा खातेको बंद करने, ऋण रोकने या धन जब्त करनेकी धमकी देकर जानकारी मांगी जाय तो उसपर तुरन्त विश्वास नहीं करना चाहिए। संदिग्ध संदेशोंमें दिये गये संपर्क माध्यमोंका उपयोग करनेके बजाय बैंककी आधिकारिक शाखा या प्रमाणित ग्राहक सेवासे संपर्क करना अधिक सुरक्षित है। यदि किसी व्यक्तिके साथ वित्तीय धोखाधड़ी होती है तो उसे तत्काल बैंकको सूचना देकर आवश्यक सुरक्षा कदम उठाने चाहिए और राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन १९३० पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

इसके साथ ही प्रभावित ग्राहकोंको समयपर सूचना देनेकी व्यवस्था भी आवश्यक है। केवल यह कहना पर्याप्त नहीं कि बैंकका सामान्य कामकाज प्रभावित नहीं हुआ। ग्राहकोंको यह जाननेका अधिकार है कि उनकी कौन-सी जानकारी जोखिममें पड़ सकती है, उन्हें किन सावधानियोंकी आवश्यकता है और सहायता प्राप्त करनेके लिए किससे संपर्क करना चाहिए। जांच पूरी होनेके बाद घटनाके संभावित कारणों और सुधारात्मक कदमोंके बारेमें उचित जानकारी सार्वजनिक करना भी जवाबदेहीका हिस्सा होना चाहिए। गोपनीयताकी रक्षाके नामपर ऐसी सूचनाएं नहीं छिपायी जानी चाहिए, जिनसे ग्राहकोंको अपने हितोंकी रक्षा करनेमें सहायता मिल सकती है। डिजिटल व्यक्तिगत आंकड़ा संरक्षण अधिनियम, २०२३ इस दिशामें एक महत्वपूर्ण कानूनी ढांचा प्रदान करता है। हालांकि इस कानूनके सभी प्रावधान एक साथ लागू नहीं हुए हैं। इसलिए किसी विशेष घटनामें कौनसे दायित्व लागू होते हैं, इसका निर्धारण संबंधित प्रावधानोंकी प्रभावी तिथियों और लागू नियमोंके आधारपर किया जाना चाहिए। भविष्यमें प्रभावी व्यवस्थाके लिए यह जरूरी है कि सूचनाके दुरुपयोगसे प्रभावित व्यक्तियोंको शिकायत, सहायता और उचित समाधान प्राप्त करनेके स्पष्ट अवसर मिलें। अंततः भारतीय स्टेट बैंकसे संबंधित यह घटना डिजिटल अर्थव्यवस्थाके सामने उपस्थित एक बुनियादी प्रश्नको रेखांकित करती है। क्या तकनीकी सुविधाके साथ नागरिकोंकी निजता और आर्थिक सुरक्षा भी उसी गतिसे मजबूत हो रही है। इसका उत्तर केवल नये सुरक्षा उपकरणोंमें नहीं, बल्कि पारदर्शिता, नियमित निगरानी, जिम्मेदार प्रशासन और समयपर काररवाईमें छिपा है। बैंक, नियामक संस्थाएं और ग्राहक, तीनोंकी भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन व्यक्तिगत जानकारीकी सुरक्षा सुनिश्चित करनेकी प्राथमिक जिम्मेदारी उन संस्थानोंकी है, जिन्हें नागरिक अपना विश्वास सौंपते हैं। डिजिटल बैंकिंगका भविष्य तभी सुरक्षित और विश्वसनीय हो सकता है, जब सुविधाके साथ गोपनीयता, विकासके साथ जवाबदेही और तकनीकी प्रगतिके साथ मानवीय सुरक्षाको भी समान महत्व दिया जाय। ग्राहकोंका विश्वास किसी बैंककी सबसे बड़ी पूंजी है। उसकी रक्षा करना केवल तकनीकी आवश्यकता नहीं, बल्कि सार्वजनिक उत्तरदायित्व भी है।

हूतियोंके हमले

सऊदी अरबमें बढ़ते हूती हमले न केवल गम्भीर चिन्ताका विषय हैं, अपितु यह यमन-सऊदी संघर्षसे कहीं बड़ी अन्तरराष्ट्रीय सुरक्षा समस्याका संकेत है। जब मिसाइल और ड्रोन हमले हवाई अड्डों, तेल प्रतिष्ठानों और वाणिज्यिक जहाजोंतक पहुंच जाय और उनमें भारतीय नागरिकोंकी मौतें होने लगे तो भारतके लिए यह केवल पश्चिम एशियाकी दूरकी समस्या नहीं रह जाती है। सऊदी अरबके दम्माम हवाई अड्डेपर बुधवारको देर रात हुए हूतियोंके हमलेमें भारतीय नागरिक सहित दो लोगोंकी मृत्यु हो गयी और आठ अन्य घायल हो गये। घायलोंमें दो भारतीय भी शामिल हैं। यमनमें हूती विद्रोही सऊदीके बुनियादी ढांचोंपर लगातार हमले कर रहे हैं। सबसे बड़ा खतरा यह है कि लाल सागर और बाब-अल-मंदेबका संकट ऊर्जा सुरक्षा, वैश्विक व्यापार और भारतीय नाविकोंकी सुरक्षाको एक साथ प्रभावित कर सकता है। सऊदी अरब और यमनके बीच बढ़ता हूती संघर्ष अब केवल क्षेत्रीय सैन्य टकराव नहीं रह गया है। इसके प्रभाव लाल सागर, बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य, खाली क्षेत्र और अन्तरराष्ट्रीय वाणिज्यिक जहाजरानीतक पहुंच चुके हैं। हूती विद्रोही लम्बे समयसे सऊदी अरबके साथ संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन २०२६ में स्थितिने खतरनाक रूप ले लिया है। हूतियोंने जुलाईमें सऊदी-सम्बद्ध जहाजरानीके विरुद्ध लाल सागरमें नाकेबाजीकी घोषणा की थी। इसके बाद यमनके पश्चिमी तट और बाब-अल-मंदेबपर उनकी गतिविधियां बढ़ीं। भारतीयोंके लिए यह विशेष रूपसे गम्भीर संकट है, क्योंकि भारतीय समुद्री कर्मियोंकी संख्या बहुत अधिक है। अगस्तमें भारतीय ध्वज वाले जहाजोंपर हमला हुआ और जहाज लाल सागरमें डूब गया। जहाजपर १३ भारतीय सहित १४ नाविक सवार थे और सभीको बचा लिया गया। सितम्बर-अक्तूबरकी घटनाओंने खतरेको और व्यापक कर दिया। भारतीयोंके लिए खतरा अब समुद्रतक सीमित नहीं है, बल्कि खाड़ी देशोंमें रहने और काम करने वाले लाखों भारतीयोंकी सुरक्षासे भी यह जुड़ गया है। इस संकटका भारतपर आर्थिक प्रभाव पड़ा है। तेलकी कीमतें बढ़ी हैं। आयात लागतमें वृद्धि हुई है। आयात-निर्यात व्यापारपर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। भारतीय नाविकोंकी सुरक्षा खतरेमें पड़ गयी है। अब सवाल यह भी उठने लगा है कि क्या समुद्री क्षेत्र वास्तवमें असुरक्षित हो गया है? इन स्थितियोंको देखते हुए भारतीय नाविकोंकी सुरक्षा बढ़ानी होगी। भारतको किसी सैन्य गुटमें शामिल हुए बिना सक्रिय कूटनीति, समुद्री निगरानी और क्षेत्रीय संवादको प्राथमिकता देनी होगी।

क्रूरतापर सहानुभूति नहीं

इलाहाबाद उच्च न्यायालयका चाकू और बन्दूकसे किये गये हमलेमें दोषी ठहराये गये दो आरोपियोंको 'अच्छे आचरण' के आधारपर रिहा करनेका फैसला हैरान करने वाला है। सर्वोच्च न्यायालयने इस फैसलेपर नाराजगी व्यक्त करते हुए उच्च न्यायालयको कड़ी फटकार लगायी है और फैसलेको खारिज करते हुए दोनों दोषियोंका दो सप्ताहके भीतर आत्मसमर्पण करनेका निर्देश दिया। साथ ही चेतवानी भी दी कि ऐसा न करनेपर बहराइचका अतिरिक्त सत्र न्यायालय तत्काल उन्हें गिरफ्तार करनेकी कारवाई शुरू करेगा। यह मामला उत्तर प्रदेशके बहराइचमें २००३ के एक व्यापारिक रंजिशसे जुड़ा है, जहां पीड़ितने इन दोनों अभियुक्तोंकी दुकानके पास अपनी दुकान खोली थी। घटनाके दिन एक आरोपीने धारदार हथियार और दूसरेने बन्दूकसे पीड़ितपर बेरहमीसे हमला कर दिया था जिससे वह बुरी तरह घायल हुआ और बेहोश हो गया। लेकिन ट्रायल कोर्ट और उच्च न्यायालयने इस मामलेको बहुत हल्केमें लिया, जबकि प्रथम दृष्ट्या यह हत्याका प्रयास लगता है, क्योंकि हमला घातक हथियारोंसे किया गया था। इस मामलेमें न्यायमूर्ति जे.बी. पार्डीवाला और न्यायमूर्ति विनोद चन्द्रनकी पीठका यह कहना अत्यन्त महत्वपूर्ण है कि 'क्रूरतापर गलत सहानुभूति' बर्दाश्त नहीं की जा सकती है। यह अजीब विडम्बना है कि उच्च न्यायालयने अपराधकी क्रूरताकी अनदेखी कर दी और गलत सहानुभूतिके चलते दोनोंको रिहा करनेका फैसला सुनाया। हैरानी इस बातपर है कि हाईकोर्टने माना कि दोनों आरोपी २२ सालसे भुगत रहे हैं जबकि हकीकत यह है ये दोनों एक दिन भी जेलकी सजा नहीं काटे और जमानतपर बाहर रहकर लगातार अपराधमें सक्रिय रहे, जो न्याय-व्यवस्थापर गम्भीर सवाल खड़ा करता है। अपराधीको रिहा किया जाय या नहीं, इसके लिए अपराधकी प्रकृति और अपराधीका चरित्र मुख्य पैमाना होना चाहिए। शीर्ष कोर्टका फैसला अधीनस्थ न्यायालयोंके लिए नसीहत है, जिसपर गम्भीरतासे विचार किया जाना चाहिए।

लोक संवाद

ट्रम्पका दोहरा मापदंड

महोदय,-अमेरिकाके राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प द्वारा कांग्रेसके एक कानूनके तहत रूसी आयातपर लगाया गया प्रतिबंध हटानेका निर्णय भारतके लिए राहतकी बात है। यह तेल आयात नीति और उस बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौतेको अंतिम रूप देनेके लिहाजसे महत्वपूर्ण है जो मुख्य रूपसे इसी मुद्दे और सेक्शन ३०१ के तहत जांचके कारण रुका हुआ है। लेकिन व्यापक परिप्रेक्ष्यमें ६० दिनोंकी यह छूट ट्रम्प सरकारके दोहरे मापदंडको दर्शाती है, रूसके खिलाफ युद्धमें सहयोगी यूक्रेनको अमेरिकी समर्थनको लेकर रणनीतिक अनिश्चितताको बढ़ाती है और आम तौरपर एक सहयोगीके रूपमें अमेरिकाकी विश्वसनीयतापर वैश्विक संदेह पैदा करती है। लिंडसे ओ ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया ऐंड ईरान ऐक्ट, २०२६ में राष्ट्रपतिको भारत और चीन जैसे प्रमुख रूसी तेल खरीदारोंपर सौ फीसदी शुल्क लगानेका अधिकार दिया गया, ताकि रूस इन देशोंसे मिलने वाले धनका इस्तेमाल यक्रेनके खिलाफ युद्धमें नहीं कर सके। जब फरवरी २०२२ में युद्ध छिड़ा और पश्चिमी देशोंने यूक्रेनके साथ एकजुटता दिखाते हुए रूसी तेल और गैसकी खरीद कम कर दी तो भारतने अपने पारम्परिक सहयोगी रूस द्वारा दी जा रही भारी छूटका लाभ उठाने का विकल्प चुना। इस कदमकी ट्रम्पने कड़ी आलोचना की और अगस्त २०२५ में भारतीय आयातपर २५ फीसदीका अतिरिक्त दंडात्मक शुल्क लगाया, जिसे इस वर्ष फरवरीमें एक अंतरिम व्यापार ढांचेके बाद हटा लिया गया। पश्चिमी देशोंके प्रतिबंधोंके परिणामस्वरूप तेजीसे बढ़ती वैश्विक तेल कीमतोंका मुकाबला करनेके प्रयासमें, भारतका रूसी तेल आयात कच्चे तेल आयातके लगभग दो फीसदीसे बढ़कर लगभग आधा हिस्सातक हो गया। अमेरिकाकी कड़ी आलोचनाओंके बावजूद, राष्ट्रीय हितसे प्रेरित इस दृष्टिकोणकी वैधता इस तथ्यसे रेखांकित होती है कि युद्धके बावजूद अमेरिकाने रूससे यूरेनियमका आयात जारी रखा। नवंबरमें होने वाले मध्यावधि चुनावोंसे पहले चुनावी माहौलको ध्यानमें रखते हुए और ३० दिनकी समय-सीमा समाप्त होनेसे ठीक एक दिन पहले अमेरिकाने नयी छूटपर हस्ताक्षर किये। इस घटनाक्रमने भारतके रूसी तेल आयातपर अमेरिकी आपत्तियोंकी तार्किक वैधताको और भी कमजोर कर दिया है। ईरानपर अमेरिका-इसरायलके हमलोंके बाद होर्मुज स्ट्रेटकी नाकाबंदीने तेल उत्पादोंकी कीमतोंपर दबाव डाला है और अन्य लोगोंकी तरह अमेरिकी जनता भी इसकी मार झेल रही है। डीजलकी कीमतोंमें एक सालमें ६६ से ६८ फीसदीकी वृद्धि हुई है, जिससे सभी बाजारोंमें कीमतें बढ़ गयी हैं। लिंडसे ग्राहम अधिनियमकी धारा ११५ के तहत दी गयी इस छूटका आधार ९ अक्तूबरको तैयार हुआ, जब अमेरिकी वित्त मंत्रालयने ७ अप्रैल, २०२७ तक वैश्विक बाजारमें रूसी डीजलकी बिक्री और आयातकी अनुमति देने वाला एक अस्थायी लाइसेंस जारी किया। रूसके साथ हुए समझौतेके तहत अमेरिकाको तुरन्त ३,००,००० टन डीजल मिलेगा, इसके बाद नवंबरमें ५,००,००० टन और उसके बाद दस लाख टन मिलेगा। रूस भी अपनी रिफाइनरियोंकी स्थितिके आधारपर ३० लाख टन डीजल जारी करेगा (जिनमेंसे कुछपर हालमें यूक्रेनने हमला किया था)। उल्लेखनीय भू-रणनीतिक बदलाव यूक्रेनके राष्ट्रपति वोलोदीमिर जेलेंस्कीके साथ ट्रम्पके तनावसे भी प्रेरित है, जिन्होंने अमेरिकी प्रशासनपर सैन्य समर्थन और खुफिया जानकारी साझा करनेमें कटौती करनेका आरोप लगाया है। पैट्रियट मिसाइलोंकी आपूर्तिमें देरी और स्टारलिंक उपग्रह सेवाओंकी बिगड़ती स्थिति, जिसने ड्रोनके प्रदर्शन और युद्धक्षेत्र संचारको प्रभावित किया है। विडंबना है कि ट्रम्प राष्ट्रीय हितका तर्क दे रहे हैं, जिसे उन्होंने एक साल पहले भारतके मामलेमें पूरी तरहसे खारिज कर दिया था। **-आर.के. सिंह, वाया ईमेल।**

संयुक्त राष्ट्रकी अधूरी शांति प्रतिज्ञा


विश्वके ५० देशोंने वर्ष १९४५ में मिलकर संयुक्त राष्ट्र अधिकार-पत्रपर हस्ताक्षर कर संयुक्त राष्ट्रसंघका गठन किया था, जिसके बादसे प्रतिवर्ष २४ अक्तूबरको संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया जाता है।

❐ **योगेश गोयल**

द्वितीय विश्वयुद्धके दौरान अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्थाको अधिक समतापूर्ण और न्यायोचित बनानेके लिए एक नये संघटनकी स्थापनाका विचार उभरा था, जो पांच राष्ट्रमंडल सदस्यों तथा आठ यूरोपीय निर्वासित सरकारों द्वारा १२ जून १९४१ को लंदनमें हस्ताक्षरित अंतर-मैत्री उद्घोषणामें पहली बार सार्वजनिक रूपसे अभिव्यक्त हुआ था। उस उद्घोषणाके अंतर्गत एक स्वतंत्र विश्वके निर्माण हेतु कार्य करनेका आह्वान किया गया था, जिसमें लोग शांति और सुरक्षाके साथ भयमुक्त वातावरणमें रह सकें तथा निजीकरण एवं आर्थिक सहयोगके मार्गकी खोज कर सकें। उसके बाद १९४४ में सोवियत संघ, अमेरिका, चीन तथा ब्रिटेनके प्रतिनिधियों द्वारा वाशिंगटनके डम्बर्टन ओक्स एस्टेटमें कई बैठकोंके आयोजनके बाद एक शांतिरक्षक वैश्विक संस्था बनानेकी रूपरेखा तैयार की गयी, जिसके आधारपर ५० देशोंके प्रतिनिधियोंके बीच १९४५ में बातचीत हुई और २६ जून १९४५ को सभी ५० देशों द्वारा चार्टरपर हस्ताक्षर किये जानेके बाद यह चार्टर २४ अक्तूबर १९४५ से प्रभावी हो गया। तभीसे प्रतिवर्ष २४ अक्तूबरको संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया जाने लगा।

अंतरराष्ट्रीय संघर्षोंमें हस्तक्षेप करनेके उद्देश्यसे स्थापित करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघको इतनी शक्तियां प्रदान की गयी कि वह अपने सदस्य देशोंकी सेनाओंको विश्व शांतिके लिए कहीं भी तैनात कर सकता है। संयुक्त राष्ट्रकी स्थापनाके बादसे ही दुनियाके अनेक देश इसके साथ जुड़ते गये और ५० सदस्योंके साथ शुरू हुए इस वैश्विक संघके सदस्य देशोंकी संख्या अब १९३ हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्रकी संरचनामें सुरक्षा परिषद वाले सबसे शक्तिशाली देश थे अमेरिका, फ्रांस, रूस तथा यूनाइटेड किंगडम, जिनकी द्वितीय विश्वयुद्धमें अहम भूमिका थी। संयुक्त राष्ट्रसंघके मुख्य उद्देश्योंमें युद्ध रोकना, मानवाधिकारोंकी रक्षा करना, सभी देशोंके बीच मित्रवत संबंध कायम करना, अंतरराष्ट्रीय कानूनोंको निभानेकी प्रक्रिया जुटाना, सामाजिक एवं आर्थिक विकास, निर्धन तथा भूखे लोगोंकी सहायता करना, उनका जीवन स्तर सुधारना, बीमारियोंसे लड़ना इत्यादि शामिल हैं और इन उद्देश्योंको निभानेके लिए १९४८ में मानवाधिकारोंकी सार्वभौम घोषणा प्रमाणित की गयी। हालांकि विडम्बना है कि संयुक्त राष्ट्रकी स्थापनाके इन ८१ वर्षोंमें यह वैश्विक संस्था अब धीरे-धीरे अपनी प्रासंगिकता खोने लगी है। दरअसल बीते ८१ वर्षोंसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार, अर्थव्यवस्था, हथियार, मीडिया, समाज, मुद्रा तथा समाजसे संबंधित तमाम नीतियां इसके पांच स्थायी सदस्य देशों ब्रिटेन, अमेरिका, चीन, रूस तथा फ्रांसके राष्ट्रीय हितोंके अनुरूप ही निर्धारित की जाती रही हैं, जिस कारण ऐसी नीतियोंका खामियाजा भारतके अलावा जापान, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, इसरायल, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात जैसे कई अन्य देशोंको भुगतना पड़ा है, जो संयुक्त राष्ट्र महासभाकी स्थायी सदस्यताके लिए तमाम मानदंडोंको पूरा करनेके बाद भी दशकोंसे सुरक्षा परिषदके स्थायी सदस्य बननेके लिए प्रयासरत हैं। संयुक्त राष्ट्रकी स्थापनाके आठ दशकोंमें विश्वके सामरिक और आर्थिक समीकरण पूरी तरह बदल चुके हैं लेकिन इतना लम्बा समय बीत जाने और तमाम वैश्विक समीकरण पूर्ण रूपसे बदल जानेके बावजूद वीटो अधिकार वाले पांचों स्थायी सदस्योंमेंसे कोई भी अपने वीटो अधिकार और स्थायी सीटको छोड़नेको तैयार नहीं है। हालांकि स्थायी सदस्योंकी संख्या बढ़ानेपर संयुक्त राष्ट्रमें आम सहमति है लेकिन चीनको खासकर एशियासे वीटो अधिकार वाले सदस्योंकी संख्या बढ़ाना किसी भी कीमतपर स्वीकार नहीं है, जहां स्थायी सदस्यताके दोनों दावेदारों (भारत और जापान) पर वह विभिन्न कारणोंसे संदेह करता है। भारतने जिस चीनको मान्यता देनेमें पहल की थी और सुरक्षा परिषदमें उसकी स्थायी सीटको सिद्धांतके तौरपर लेनेसे मना कर दिया था, आज वही चीन भारतकी स्थायी सदस्यताके मार्गमें रोड़े अटका रहा है। भारत चीनके वीटो पावरके कारण ही सुरक्षा परिषदका स्थायी सदस्य नहीं बन पा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र संघकी सबसे बड़ी कमजोरी यही है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित किये जाने वाले प्रस्ताव बाध्यकारी प्रकृतिके नहीं होते। आश्चर्यकी बात है कि महासभामें १९३ सदस्य देशों द्वारा पारित किये जाने वाले प्रस्ताव भी सुरक्षा परिषदके पांच स्थायी सदस्योंकी सहमतिपर ही निर्भर करते हैं। इसीलिए अनेक देशों द्वारा इसमें सुधार किये जानेकी मांग बीते कई वर्षोंसे निरन्तर की जा रही है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषदकी स्थायी सदस्यताके लिए भारतकी दावेदारीकी वकालत करते हुए कह चुके हैं कि नयी ताकतोंको केन्द्रीय भूमिकामें लाये बिना दुनियाकी यह सबसे बड़ी पंचायत स्वयंसे की जाने वाली अपेक्षाओंपर खरी नहीं उतर पायगी। दुनियाके कई देश बार-बार कहते रहे हैं कि संयुक्त राष्ट्रका ढांचा अब पुराना पड़ चुका है और इसकी स्थापनाके समय जो परिस्थितियां थी, वे अब बहुत पुरानी हो चुकी हैं। इसलिए यदि यह वैश्विक संस्था अपने भीतर समयानुकूल सुधार नहीं लाती है तो कालान्तरमें यह महत्वहीन होती चली जायगी। रूस-यूक्रेन युद्ध हो या इसरायल-फिलस्तीन अथवा अमेरिका-ईरान युद्ध, इन संघर्षोंमें दोनों ही पक्षोंके हजारों बेगुनाह लोग मारे जा रहे हैं, हजारों परिवार उजड़ चुके हैं, लाखोंकी आबादी पलायनकी त्रासदीसे जूझ रही है, शहरके शहर मलबेमें तब्दील हो रहे हैं लेकिन संयुक्त राष्ट्र संघ इन संघर्षोंको रोकनेके लिए कुछ नहीं कर सका है। इसीलिए दुनियामें जगह-जगह युद्ध टालनेके लिए संयुक्त राष्ट्रकी ओरसे ठोस योजनाओंपर अमल किये जानेकी जरूरत महसूस होती रही है, क्योंकि इस वैश्विक संस्थाका गठन ही दुनियामें अमन-चैन कायम रखनेके उद्देश्यके साथ किया गया था लेकिन चिन्ताकी बात है कि इन युद्धोंमें उसकी निष्क्रियता समूची मानव सभ्यतापर भारी पड़ रही है। भीषण होते इन युद्धोंके कारण दुनिया अब दो धड़ोंमें बंटती जा रही है और संयुक्त राष्ट्रके अधिकांश सदस्य देश भी अब केवल बयान जारी करनेसे आगे नहीं बढ़ रहे। फिलहाल यदि अब भी संयुक्त राष्ट्रके पुनर्गठनकी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ती है तो यह संस्था आने वाले समयमें अपना महत्व खो देगी। सही मायनोंमें दुनियाकी इस सबसे बड़ी पंचायतको अब गम्भीर आत्ममंथनकी जरूरतके साथ पर्याप्त सुधारोंकी सख्त दरकार है।



जीवनके पहलू

❐ **जग्गी वासुदेव**

जीवनके बहुतसे पहलू हैं। उसमें जन्म है, बचपन है, जवानी है और बुढ़ापा भी। उसमें प्रेम, कोमलता, मिठास और कड़वाहट भी है। सफलताकी खुशी है, कुछ पानेका संतोष है, दर्द भी है और आनन्द भी। यदि आपने अपने मनको बोधके एक ठीक स्तरपर रखा है तो ये सब बातें आपकी समझमें आ सकती हैं। परन्तु जीवनको समझाने वाला जो सबसे महत्वपूर्ण पहलू है मृत्यु, वह किसी भी मनकी पकड़के बाहर है चाहे आप अपने आपको कितना ही बुद्धिमान, होशियार या बड़ा बुद्धिजीवी मानते हों। क्योंकि हम मरणशील हैं, मरने वाले हैं, इसीलिए जीवन उस तरहसे चल रहा है जैसे वह चल रहा है। यदि हम मरने वाले नहीं होते तो न कोई बचपन होता, न जवानी और न बुढ़ापा। तब हम ये सवाल भी न उठा पाते कि जन्म क्या होता है। मृत्यु जीवनका आधार है। यदि आप मृत्युको नहीं समझते तो अभी जीवनको नहीं जान सकेंगे, न ही उसे संभाल पायंगे, क्योंकि जीवन और मृत्यु सांस लेने और छोड़नेकी तरह हैं। वे बिना अलग हुए साथ-साथ रहते हैं। आध्यात्मिक प्रक्रिया तभी शुरू होती है जब आप मृत्युका सामना करते हैं या तो खुदकी या फिर किसी ऐसे व्यक्तिकी जो आपको प्रिय है और जिसके बिना जीनेकी बात आप नहीं सोच सकते। जब मृत्यु आ रही हो या हो गयी हो, तब ही अधिकतर लोगोंके मनमें ये सवाल आता है, ये सब क्या है और इसके बाद क्या होगा। जबतक केवल जीवन ही सत्य लगता है तबतक आपको यह विश्वास नहीं होता कि ये बस ऐसे ही खत्म होने वाला है। जब मृत्यु पास आ जाती है, तभी मन ये सोचना शुरू करता है कि कुछ और भी है, जो इससे ज्यादा है। परन्तु मन चाहे कितना भी सोच ले, ये वास्तवमें जानता कुछ नहीं है क्योंकि मन सिर्फ उसी डेटाके आधारपर काम करता है जो वह पहलेसे इकट्ठा कर चुका है। मनका मृत्युके साथ कोई वास्ता नहीं पड़ा है तो वह मृत्युके बारेमें नहीं जानता, क्योंकि इसके पास उसके बारेमें कोई आधारभूत जानकारी नहीं है, सिर्फ कुछ गप्पबाजी है। आपने ऐसी गप्पें सुनी होंगी कि कैसे जब आप मर जायंगे तो आप जाकर भगवानकी गोदमें बैठेंगे। यदि ऐसा है तो आपको आज ही मर जाना चाहिए। यदि आपको ऐसा विशेष अधिकार मिलने वाला हो तो पता नहीं आप इसे टाल क्यों रहे हैं। आपने स्वर्ग और नरकके बारेमें भी गप्पें सुनी होंगी। देवदूतों और बाकी चीजोंके बारेमें भी गपशप सुनी हैं, परन्तु कोई पक्की जानकारी नहीं है। ये सोचनेमें समय बर्बाद मत कीजिए कि मृत्युके बाद क्या होता है, क्योंकि वह आपके मनकी सीमाके बाहरकी बात है। जाननेका एक ही तरीका है और वह प्रज्ञाकी मददसे है, जैसा हम इसे भारतीय भाषाओंमें कहते हैं यानी कि जागरूकता।

आर्थिक मोर्चेपर विकासके सकारात्मक संकेत

❐ **डा. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

विपरीत वैश्विक परिस्थितियोंके बावजूद दुनियाभरकी रेटिंग संस्थाओंने भारतीय अर्थव्यवस्थाको गतिमान स्वीकार करते हुए वैश्विक औसतसे लगभग दो गुणी विकास दर रहनेकी संभावना जतायी है। यह इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि वैश्विक परिस्थितियोंमें कहीं और किसी तरहका सुधार नहीं दिखाई दे रहा है। ईरान-अमेरिका युद्ध हो या रशिया-यूक्रेन युद्ध हो या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पके तानाशाही पूर्ण तुगलकी निर्णय हो या कच्चे तेलके भावोंमें बेतहासा वृद्धि और हार्मुजका संकट हालात समूचे विश्वमें विकटसे विकटतर बने हुए हैं। अब तो फ्रांसके हालात भी बिगड़ते जा रहे हैं तो उसका असर जहां योरोपमें दिखाई देगा वहीं भारतमें भी हालातको प्रभावित करनेके कतिपय प्रयास जारी है। अच्छी बात यह है कि देश-दुनियाके गम्भीर हालातोंके बावजूद आर्थिक क्षेत्रकी दुनियाकी लगभग सभी रेटिंग संस्थाओंने इंडियन इकोनोमीकी ग्रोथ रेटको लेकर आशासे भी अधिक विश्वास जताया है। रेटिंग संस्थाओंकी ही माने तो २०२६ की वैश्विक औसत आर्थिक विकास दर तीन दशमलव एक फीसदी रहनेकी संभावना व्यक्त की जा रही है वहीं दुनियाकी रेटिंग संस्थाओंने भारतके आर्थिक परिणामोंको देखते हुए जुलाईकी तुलनामें अक्तूबर आते आते ग्रोथको छह दशमलव नौसे लेकर सात दशमलव एक रहनेकी उम्मीद जतायी है। खास बात यह है कि विश्व रेटिंग संस्थाओंमेंसे किसी भी संस्थाने जुलाईकी रेटिंगकी तुलनामें नकारात्मक ग्रोथ नहीं दिखाकर ग्रोथ रेटमें इजाफा ही जाहिर किया है।

दरअसल देशमें मांग और आपूर्तिसे लेकर निर्याततकमें लगातार विकास देखा जा रहा है। देशमें मांग और आपूर्तिकी बेहतर हालात है तो निर्यातमें उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है। यह भी तब जब वैश्विक मांग कमजोर देखी जा रही है। भारतीय अर्थव्यवस्थाके लिए सबसे सकारात्मक बात यह है कि एमएसएमई सेक्टरमें लगातार अच्छा काम हो रहा है तो दूसरी और सर्विस सेक्टरमें तो एक तरहसे लगातार उछाल ही आ रहा है। कच्चे तेलके भावोंमें तो जैसे आग ही लग रही है और उपलब्धताको लेकर भी लाख झंझटके बावजूद हकोनोमीको बूस्टअप रखनेमें खास बाधा नहीं आ रही है। देशमें देशी-विदेशी निवेशमें लगातार वृद्धि हो रही है। महंगीके बावजूद बाजारमें मांग बरकरार है। बाजारमें मांगसे यह साफ है कि लोगोंकी क्रय शक्ति बनी हुई है। सर्विस सेक्टरमें टूरिज्म, बैंकिंग, आईटीए और इसी तरहके अन्य क्षेत्र उल्लेखनीय परिणाम दे रहे हैं। नवंबरमें दीपावलीके त्यौहारके चलते बाजार और अधिक गतिशील हो जायगा, क्योंकि दीपावलीपर बाजारमें तेजी आती ही आती है। जानकारोंकी माने तो नवंबर माहमें दीपावलीपर सात लाख करोड़का कारोबार अनुमानित किया जा रहा है। यह पिछली दीपावलीकी तुलनामें १५ प्रतिशतसे १८ प्रतिशततक अधिक रहनेकी संभावना है। इसी तरहसे सेवा क्षेत्रमें भी अच्छी ग्रोथ जारी रहनेका अनुमान है। इसके अलावा विपरीत हालातोंके बावजूद निर्यातमें लगातार वृद्धि जारी है। देशकी इकोनोमिक ग्रोथके कारण देशी-विदेशी निवेशके बेहतर हालात दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि चाहे आईएमएफ हो या मूडीज, ओईसीडी हो या वर्ल्ड बैंक, एशियन डब्लपमेंट बैंक हो या एसएण्डपी या फिच सभीने भारतकी इकोनोमीकी ग्रोथको लेकर सकारात्मक संकेत दिये हैं। भारतका आरबीआईका आंकलन तो पहलेसे ही सबके सामने हैं। एकमात्र फिच रेटिंग संस्था ऐसी है जिसने इंडियन इकोनोमीकी ग्रोथ रेट ६.९ प्रतिशत आंकी है जो कि हालांकि पूर्वकी फिचकी ही पूर्वकी रेटिंग ६.५ प्रतिशतसे ही अधिक है। मूडीज सहित कुछ रेटिंग संस्थाओंने जहां अब सात प्रतिशत विकास दर आंक रहे हैं तो वर्ल्ड बैंक, ओईसीडी आदि संस्थाओंको भरोसा है कि भारतकी आर्थिक विकास दर सात प्रतिशतसे अधिक यानी कि ७.१ प्रतिशत रहनेकी सम्भावना है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पके नित नये निर्णयोंसे दुनियाकी अर्थव्यवस्थापर पड़ रहे असर, युद्ध और तनावके हालातोंमें सुधार नहीं होने, हार्मुज जैसी समस्याका समाधान नहीं होने, वैश्विक राजनीतिक अस्थिरताके दौरके बावजूद एक ही सधी हुई नीतिका ही परिणाम है कि देशकी अर्थव्यवस्था विकासकी गतिको न केवल बनाये हुए हैं अपितु उसकी विकासका ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। इसके लिए समग्र और समन्वित प्रयासोंको श्रेय जाता है। जहां घरेलू मांगमें कमी नहीं आयी है वहीं निवेशका बेहतर माहौल बना हुआ है। एमएसएमईको उत्पादन लिंक प्रोत्साहन योजनाका लाभ सीधे इकोनोमीका मिल रहा है वहीं रणनीतिक क्षेत्रों सेमी कण्डक्टर, डिफेंस, इलेक्ट्रोनिक्स, आईटी आदि क्षेत्रोंमें योजनाबद्ध तरीकेसे आगे बढ़ा जा रहा है। यही कारण है कि आज इंडियन इकोनोमी और उसकी ग्रोथपर वैश्विक रेटिंग संस्थाएं अपना विश्वास व्यक्त कर रही है।

न्युवोको विस्टास ने वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही के वित्तीय नतीजे घोषित किये

मुंबई- न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की प्रमुख निर्माण सामग्री कंपनियों में से एक ने 30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही के वित्तीय नतीजे घोषित किए। न्युवोको ने इस साल सीमेंट कारोबार में दस साल पूरे कर लिए हैं। वर्ष 2014 में निम्बोल में 2.3 एमएमटीपीए सीमेंट उत्पादन क्षमता वाली सिंगल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट से शुरू हुआ सफर आज एक विविधीकृत निर्माण सामग्री कंपनी के रूप में विकसित हो चुका है। कंपनी अब सीमेंट, रेडी-मिक्स कंक्रीट और आधुनिक निर्माण सामग्री के क्षेत्रों में कारोबार कर रही है। कंपनी ने बाजार के विभिन्न उतार-चढ़ाव के बीच अपनी विकास यात्रा को बनाए रखा है। अब वह वित्त वर्ष 2028 तक सीमेंट उत्पादन क्षमता 35 एमएमटीपीए तक पहुंचाने की मजबूत स्थिति में है। यह पिछले एक दशक में लगभग 15 गुना वृद्धि होगी। कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए जयकुमार कृष्णास्वामी, प्रबंध निदेशक, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही चुनौतीपूर्ण परिचालन परिस्थितियों के बावजूद हमारी मजबूत कार्यान्वयन क्षमता का प्रमाण रही। हमारे प्रमुख बाजारों में तेज और अनियमित बारिश, वैश्विक एवं क्षेत्रीय लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन में व्यवधान तथा जारी भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण बढ़ी हुई इनपुट लागत के बावजूद कंपनी ने राजस्व, एबिटिडा और कर के बाद मुनाफे (पीएटी) में सालाना आधार पर मजबूत वृद्धि दर्ज की।

परंपरा और नए दौर के आभूषणों का संगम

मिर्जापुर, आभूषणों की विरासत को नए शहरों और ग्राहकों तक पहुंचाने की दिशा में ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने मिर्जापुर में अपने नए शोरूम की शुरुआत की है। अभिनेत्री आयशा खान ने शोरूम का उद्घाटन किया। गोरखपुर में वर्ष 1940 में स्थापित इस ज्वेलरी ब्रांड ने मिर्जापुर में अपनी उपस्थिति के साथ स्थानीय ग्राहकों के लिए पारंपरिक आभूषणों से लेकर आधुनिक डिजाइन तक की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इस अवसर पर ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के डायरेक्टर श्री सौमित्र सराफ और फ्रैंचाइज़ ओनर्स श्रीमती रेनू मिश्रा तथा श्री सदानन्द त्रिपाठी मौजूद रहे।

फॉर्च्यूनबेसन का नया टीवी विज्ञापन जारी

एडब्ल्यूएल एग्रीबिजनेस लिमिटेड के प्रमुख खाद्य ब्रांडों में शामिल फॉर्च्यून ने अपने फॉर्च्यूनबेसन का नया टीवी विज्ञापन जारी किया है। इस कैंपेन के जरिये रोजमर्रा के खानपान में देसी चने से बने बेसन को चुनने के महत्व पर जोर दिया गया है। मशहूर अभिनेत्री नीना गुप्ता इस कैंपेन का चेहरा हैं। 'देसी चना से बना' संदेश के साथ यह कैंपेनबेसन की शुद्धता और असलियत को सामने लाता है।विज्ञापन में एक दादी और उनकी जेन-जी पोती की दिल छू लेने वाली कहानी दिखाई गई है। इसमें परिवार के लिए सही सामग्री चुनने में दादी के अनुभव और उनकी पारंपरिक समझ को दर्शाया गया है। साथ ही, फॉर्च्यून ब्रांड पर उपभोक्ताओं के भरोसे को भी रेखांकित किया गया है। कैंपेन पर टिप्पणी करते हुए एडब्ल्यूएल एग्रीबिजनेस लिमिटेड में मीडिया एवं डिजिटल प्रमुख जिग्नेश शाह ने कहा, खाने-पीने से जुड़े हमारे फैसले अक्सर पीढ़ियों से चली आ रही आदतों और अनुभवों से प्रभावित होते हैं।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच अरब डालर घटकर 721 अरब डालर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 16 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 5.01 अरब डॉलर घटकर 721.02 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 8.58 अरब डॉलर घटकर 726.03 अरब डॉलर रहा था। प्रवासी भारतीयों की जमा पर विशेष रियायती अदला-बदली योजना के तहत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा आने से चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इस योजना के जरिए बैंकों ने करीब 133 अरब डॉलर की रिकॉर्ड राशि जुटाई थी। हालांकि, इसके बाद से विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट आ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार में तेज गिरावट की वजह विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) यानी एफसीएनआर (बी) संसाधनों का उपयोग और आर.बी.आई. द्वारा डॉलर की बिक्री के जरिए रुपए का संभालना है। आर.बी.आई. के आंकड़ों के अनुसार, 16 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.76 अरब डॉलर घटकर 591.85 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

कार्यालय सहायक अभियन्ता-द्वितीय
सिरसी बाँध प्रखण्ड, मीरजापुर

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या- 09/स0अ0-द्वितीय/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा मीरजापुर जनपद के निम्नलिखित कार्यो हेतु सिंचाई विभाग उ0प्र0 में निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत सिविल ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें दिनांक 06.11.2026 को 2.00 बजे तक कार्यालय सहायक अभियन्ता-द्वितीय सिरसी बाँध प्रखण्ड, मीरजापुर में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन दिनांक 06.11.2026 अपरान्ह 2:30 बजे इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी एवं निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित ठेकेदारों/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र एवं अन्य शर्तें/विवरण किसी भी कार्य दिवस में दिनांक- 31.10.2026 से दिनांक- 05.11.2026 तक निर्धारित मूल्य देकर जो किसी भी दशा में वापस नहीं होगा, पूर्वान्ह में 11:00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे के मध्य अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से पंजीकरण की प्रति ठेकेदारों द्वारा जमा करने के पश्चात् प्राप्त किये जा सकते है।

लाट सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रु0 में)	धरोहर धनराशि (रु0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 में कर अतिरिक्त	बंधक राशि हेतु खण्ड का नाम	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	समसदिया माइनर के किमी0 0.000 से 2.200 के मध्य जंगल सफाई एवं आन्तरिक सेक्शन में बेड स्क्रेपिंग का कार्य।	0.65	6500.00	15 दिवस	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 50+18% जी0एस0टी0	अधिशासी अभियन्ता, सिरसी बाँध प्रखण्ड, मीरजापुर	सिविल श्रेणी 'डी' अथवा उच्च
2.	खरिहट माइनर के किमी0 0.000 से 4.000 के मध्य जंगल सफाई एवं आन्तरिक सेक्शन में बेड स्क्रेपिंग का कार्य।	0.80	8000.00	15 दिवस	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 50+18% जी0एस0टी0		सिविल श्रेणी 'डी' अथवा उच्च
3.	महुलार माइनर के किमी0 0.000 से 2.100 के मध्य जंगल सफाई एवं आन्तरिक सेक्शन में बेड स्क्रेपिंग का कार्य।	0.45	4500.00	15 दिवस	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 50+18% जी0एस0टी0		सिविल श्रेणी 'डी' अथवा उच्च
4.	खम्हरिया माइनर के किमी0 0.000 से 1.800 के मध्य जंगल सफाई एवं आन्तरिक सेक्शन में बेड स्क्रेपिंग का कार्य।	0.38	3800.00	15 दिवस	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 50+18% जी0एस0टी0		सिविल श्रेणी 'डी' अथवा उच्च
5.	कोटा पम्प कैनाल के चैनेज किमी0 0.000 से किमी0 1.300 के मध्य जंगल सफाई एवं आन्तरिक सेक्शन में बेड स्क्रेपिंग का कार्य।	0.39	3900.00	15 दिवस	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 50+18% जी0एस0टी0		सिविल श्रेणी 'डी' अथवा उच्च
6.	उसरी माइनर के किमी0 0.000 से 2.800 के मध्य जंगल सफाई एवं आन्तरिक सेक्शन में बेड स्क्रेपिंग का कार्य एवं नन्दगहना माइनर के किमी0 0.000 से 1.810 के मध्य जंगल सफाई एवं आन्तरिक सेक्शन में बेड स्क्रेपिंग का कार्य।	0.75	7500.00	15 दिवस	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 50+18% जी0एस0टी0		सिविल श्रेणी 'डी' अथवा उच्च
7.	विजुरी माइनर के किमी0 0.000 से 2.800 के मध्य जंगल सफाई एवं आन्तरिक सेक्शन में बेड स्क्रेपिंग का कार्य।	0.59	5900.00	15 दिवस	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 50+18% जी0एस0टी0		सिविल श्रेणी 'डी' अथवा उच्च
8.	नरैना माइनर के किमी0 0.000 से 1.600 के मध्य जंगल सफाई एवं आन्तरिक सेक्शन में बेड स्क्रेपिंग का कार्य।	0.26	2600.00	15 दिवस	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 50+18% जी0एस0टी0		सिविल श्रेणी 'डी' अथवा उच्च

नोटः- यह निविदा सूचना उ0प्र0 सरकार सिंचाई विभाग के वेबसाइट http//irrigation.up.nic.in पर उपलब्ध है। नियम व शर्ते सिंचाई विभाग के वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

(अंशिका कुमारी)
सहायक अभियन्ता-द्वितीय
सिरसी बाँध प्रखण्ड, मीरजापुर

उ.प्र.-259176
दिनांक-22.10.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो०नि०वि०, जौनपुर
(Email ID-sepwdjnp.gzp@gmail.com)

पत्रांक- 5205/एस0ई0टेण्डर-जौ0गा0वृत्त/2026 दिनांकः-13/10/2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0 जौनपुर द्वारा प्रतिशत दर में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्टर्ड श्रेणी ए0, बी0 एवं सी0 श्रेणी में रोड साईनेज कार्य हेतु अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

क0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रू0 लाख में	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	अधिशासी अभियन्ता	कार्य पूर्ण करने की अवधि	पंजीकरण श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	गाजीपुर	सैदपुर चिरैयाकोट मार्ग (प्यारेपुर चौराहा) अ0जि0मार्ग पर सड़क सुरक्षा का कार्य।	43.00	4.15	2714	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,गाजीपुर	3 माह	A, B,C

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- शासनादेश संख्या 879(1)/23-7-2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
- निविदा ऑनलाईन दिनांक 26.10.2026 अपरान्ह 12:00 से दिनांक 02.11.2026 अपरान्ह 12:00 तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 02.11.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडें कार्यालय अदेशानुसार निर्धारित समय दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।
- यदि कोई शुद्धिपत्र होगा तो उसे http://e-tender.up.nic.in पर दिनांक 02.11.2026 को 12.00 बजे के पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा।
- शासनादेश सं0-1/2018-3070/78/2-2018/42 आई0टी0/2017(22)दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
- निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(बी0एल0गौतम)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
गाजीपुर।

(एस0के0सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0,
जौनपुर

उ.प्र.-259214, दिनांक-23.10.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
कनहर निर्माण मण्डल, पिपरी, सोनभद्र

निविदा सूचना

ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यों की निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना संख्या-06/एस.ई.2026-27

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य की ऑन लाइन प्री-क्वालीफिकेशन/ टेक्नीकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड http://etender.up.nic.in के माध्यम से किसी राज्य सरकार या केन्द्र सरकार के किसी विभाग/निगम/बोर्ड में निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत दक्ष ठेकेदारों से निम्न तालिकाओं के अनुसार आमंत्रित की जाती है। प्री-क्वालीफिकेशन/ टेक्नीकल बिड दिनांक 17.11.2026 को 15:30 बजे अधीक्षण अभियन्ता, कनहर निर्माण मण्डल, पिपरी-सोनभद्र के कार्यालय में निर्धारित समिति द्वारा ऑनलाईन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की स्थिति में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

प्री-क्वालीफिकेशन बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के फाइनेन्शियल बिड खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदाओं के आधार पर नोटिस बोर्ड ई-पोर्टल पर सूचित की जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधीक्षण अभियन्ता, कनहर निर्माण मण्डल, पिपरी-सोनभद्र/टेण्डर समिति का होगा।

तालिका सं0-01

लाट सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (जी०एस०टी० को छोड़ते हुए) (रू० लाख में)	धरोहर राशि (लाख रू० में) I.N.R	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित)	निविदा प्रपत्र का मूल्य रू० में (अतिरिक्त कर सहित) I.N.R	न्यूनतम पंजीकृत श्रेणी	सम्बन्धितखण्ड
1	2	3	4	5	6	7	
1	Construction of 900 mm Dia. DI (K-7) Pipe Canal, Including Earth work, Concrete Works, Pipe Supply, Laying, Jointing, Fixing and Hydraulic Testing in Gajarawa Khadi Dy. from Km 0.000 to Km 1.850.	₹ 387.29	₹ 7.75	06 माह	₹ 2,000/- + प्रचलित GST	AA श्रेणी	कनहर निर्माण खण्ड-1, पिपरी-सोनभद्र

तालिका सं0-02 महत्वपूर्ण तिथियाँ

S.No.	Particulars	Date	Time
1.	Uploading of Tender on Website	26.10.2026	12:00 hr.
2.	Bid clarification Start	26.10.2026	15:00hr.
3.	Bid clarification End	17.11.2026	12:00 hr.
4.	Bid Submission Start	26.10.2026	15:00 hr.
5.	Bid Submission End	17.11.2026	15:00 hr.
6.	Technical Bid Opening	17.11.2026	15:30 hr.
7.	Financial Bid Opening	Date and place to be decided after technical bid evaluation and will be communicated on-line to successful bidders in technical bid.	-

इस निविदा/बिड की सूचना/विवरण/शर्तें उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.up.nic.in पर भी उपलब्ध है।

उ.प्र.-259215
दिनांक-23.10.2026

(सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय)
अधीक्षण अभियन्ता

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, मऊ

पत्रांक : 2164/12ए दिनांक : 14.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के 'ए','बी','सी','डी' मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, मऊ के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-
2. कार्यों का विवरण :-

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	आंकलित धनराशि (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य + स्टेशनरी	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)
1	2	3	4	5	6	7
		वित्तीय वर्ष 2026-27 में विशेष मरम्मत का कार्य (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार) स्वीकृति के प्रत्याशा में				
1	मऊ	कसारा सम्पर्क मार्ग।	25.00	2.5	944.00	02 माह
2	मऊ	सेनुराईच ग्राम से भेलाबांध सम्पर्क मार्ग।	5.90	0.59	856.00	02 माह
3	मऊ	फतेहपुर तालनरजा से कोपागंज बैलेन्स पार्ट सम्पर्क मार्ग।	21.00	2.10	944.00	02 माह
4	मऊ	कोईरियापार नदवासराय मार्ग।	10.00	1.00	856.00	02 माह
5	मऊ	ग्राम सभा नौसेमर चकरा में छोटी सरयू नदी पर पुल के पहुँच मार्ग व अतिरिक्त पहुँच मार्ग का निर्माण।	33.60	3.36	944.00	02 माह
6	मऊ	घोसी मझवारा मार्ग पर बरूहा चट्टी से रसड़ी होते हुए केरमा महरूपुर सम्पर्क मार्ग।	16.20	1.62	944.00	02 माह
7	मऊ	भेलौर (बवरिहा) से चन्द्रापार मुबारकपुर मार्ग।	13.70	1.37	856.00	02 माह
8	मऊ	इटौरा डोरीपुर महेश का पुरा सम्पर्क मार्ग।	14.00	1.40	856.00	02 माह
9	मऊ	रसूलपुर राजभर बस्ती सम्पर्क मार्ग।	17.00	1.70	944.00	02 माह
10	मऊ	हिलसा सम्पर्क मार्ग।	20.40	2.04	944.00	02 माह
11	मऊ	दूरदर्शन मार्ग कि0मी0 4 से रकौली	11.30	1.13	856.00	02 माह
12	मऊ	इन्दारा महुवार मार्ग के कि0मी0 1 से दूधनाथ इण्टर कालेज इन्दारा तक सम्पर्क मार्ग।	20.20	2.02	944.00	02 माह
13	मऊ	शहीद मार्ग से डा0 भीमराव अम्बेडकर डिग्री कालेज इन्दारा तक सम्पर्क मार्ग।	12.70	1.27	856.00	02 माह
14	मऊ	400 के0वी0 यादव बस्ती से सोनहरिया प्रा0 पाठशाला तक सम्पर्क मार्ग।	12.60	1.26	856.00	02 माह
15	मऊ	इन्दारा मझवारा से 400 के0वी0 सब स्टेशन कसारा मार्ग।	8.60	0.86	856.00	02 माह
16	मऊ	औलियापुर सम्पर्क मार्ग।	5.60	0.56	856.00	02 माह
17	मऊ	दोहरीघाट मधुबन मार्ग से बेलौली सोनवर्षा मल्लाह बस्ती सम्पर्क मार्ग।	12.60	1.26	944.00	02 माह
18	मऊ	हरधौली प0 का पुरा चौहान बस्ती सं0 मार्ग।	8.60	0.86	856.00	02 माह
19	मऊ	अहिरौली पिच रोड से लालनपुर तक मार्ग का निर्माण।	6.00	0.6	856.00	02 माह
20	मऊ	दोहरीघाट मधुबन मार्ग से पाउस सम्पर्क मार्ग।	16.40	1.64	944.00	02 माह
21	मऊ	मधुबन बेल्थरा मार्ग से ढिलई फिरोजपुर होते हुए उतराई सम्पर्क मार्ग।	12.10	1.21	856.00	02 माह
22	मऊ	दोहरीघाट मुख्य नहर की पटरी से मुरादपुर सम्पर्क मार्ग।	9.70	0.97	856.00	02 माह
23	मऊ	हकारीपुर हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग।	6.90	0.69	856.00	02 माह
24	मऊ	शहीद मार्ग के कि0मी0 19 से कवलापट्टी सम्पर्क मार्ग।	25.60	2.56	944.00	02 माह

प्रत्येक निविदा का शुल्क UP e-tender online Account Internet Banking के माध्यम से जमा कराना अनिवार्य होगा, प्रत्येक निविदा सिक्योरिटी धनराशि UP e-tender online Account Internet Banking के माध्यम से जमा कराना अनिवार्य होगा।

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाईट http//etender.up.nic.in पर दिनांक 27.10.2026 से 02.11.2026 तक उपलब्ध है,ढजो कि दिनांक 02.11.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 02.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 02.11.2026 को 12.00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(राकेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
मऊ

उ.प्र.-259038
दिनांक-22.10.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, बलिया

पत्रांकः- 3849/4ए दिनांक- 13.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना (अल्पकालीन निविदा)

निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा निम्नलिखित कार्यों की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 04.11.2026 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 16.11.2026 सांय 12.00 बजे तक ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है एवं दिनांक 16.11.2026 को अपरान्हन 12.30 बजे तकनीकी बिड ऑनलाईन खोली जायेगी। उक्त कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए, बी, सी एवं डी" मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी हेतु निविदा की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।
2. कार्यों का विवरण

क्र.स.	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1		3	4	5	6	7	8	9	10	11
		विशेष मरम्मत के अन्तर्गत स्वीकृति के प्रत्याशा के कार्य (बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार)								
1	बलिया	सहतवार दतौली पिच मार्ग से जगदीशपुर गांव तक मार्ग	27.00	2.70	945.00	2 माह	अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया	अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0, आजमगढ़	ए.बी. सी डी
2	बलिया	सहतवार रेवती मार्ग से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहतवार होते हुए हल्दी मार्ग तक मार्ग	26.50	2.65	945.00	2 माह	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
3	बलिया	शिवपुर सम्पर्क मार्ग	5.00	0.50	945.00	2 माह	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
4	बलिया	सेरिया से अमदौर मार्ग	12.00	1.50	945.00	2 माह	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
5	बलिया	पर्वतपुर सम्पर्क मार्ग	12.25	1.22	945.00	2 माह	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
6	बलिया	राजपुर टण्डवा से पिठाईच मार्ग	9.50	0.95	945.00	2 माह	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
7	बलिया	राजकीय आई0टी0आई0 से हुसेनाबाद ग्राम सम्पर्क मार्ग	25.00	2.50	945.00	2 माह	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
8	बलिया	चितबिसांव कलां सम्पर्क मार्ग	25.00	2.50	945.00	2 माह	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
9	बलिया	हरशरण बाबा के मठिया सम्पर्क मार्ग	6.50	0.65	945.00	2 माह	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
10	बलिया	ग्राम सभा पचरूखा में यादव बस्ती से टेंगरिया बाबा के फुलवारी होते हुए अधैला तक मार्ग	19.00	1.90	945.00	2 माह	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
11	बलिया	बेरूआरबारी सम्पर्क मार्ग	17.50	1.75	945.00	2 माह	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
12	बलिया	रामपुर नम्बरी टी0एस0 बंधा से रेंगहा जूनियर हाईस्कूल होते हुए केदारपुर तक मार्ग	15.00	1.50	945.00	2 माह	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव

3. प्रत्येक निविदा का शुल्क ई-टेण्डर पोर्टल पर UP e-tender online Account Intenet Banking के माध्यम से जमा कराना अनिवार्य होगा।
4. प्रत्येक निविदा का सिक्योरिटी धनराशि ई-टेण्डर पोर्टल पर UP e-tender online Account Intenet Banking के माध्यम से जमा कराना अनिवार्य होगा।
5. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड़ डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है। शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है।

निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया।

उ.प्र.-259026
दिनांक-22.10.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय सहायक अभियन्ता पंचम
उपखण्ड चकियो
चन्द्रप्रभा प्रखंड प. दीनदयाल उपाध्याय नगर चंदौली

ई-निविदा सूचना संख्या- 06/AE-Vth/2026-27

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो (तालिका संख्या- 1) हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से तालिका संख्या-2 मे निहित कार्यक्रम के अनुसार आमंत्रित की जाती है, जो अधिशासी अभियन्ता चन्द्रप्रभा प्रखण्ड पं0दी0द0उ0नगर, चन्दौली के कार्यालय में निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी।

तालिका संख्या-1

लाट सं0	कार्य का विवरण	कुल अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	निविदा के साथ जमा की जाने वाली धनराशि	अनुबन्ध गठन के पूर्व जमा की जानी वाली धनराशि (% में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि Days	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	पंजीकृत श्रेणी
1	2	4	5	6	7	8	9
1	उतरौत माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 7.600 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	2.04	2%	10%	21	150.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	C& Above
2	धनावल राजवाहा के किमी0 0.000 से किमी0 7.400 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	3.38	2%	10%	21	150.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	C& Above
3	तियरा राजवाहा के किमी0 0.000 से किमी0 6.500 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	3.09	2%	10%	21	150.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	C& Above
4	सोता माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 6.100 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	2.99	2%	10%	21	150.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	C& Above
5	न्यू सोता माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 5.000 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	1.34	2%	10%	21	75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D& Above
6	मवैया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.600 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.67	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D& Above
7	केराडीह माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.900 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	1.27	2%	10%	21	75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D& Above
8	उदयपुरा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.000 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	1.11	2%	10%	21	75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D& Above
9	जमोखर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.200 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	1.14	2%	10%	21	75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D& Above
10	विशुनपुरा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 5.000 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	1.31	2%	10%	21	75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D& Above
11	तेन्दुई माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.600 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.99	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D& Above
12	गोपई माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 5.300 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	1.43	2%	10%	21	75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D& Above
13	मेढ़ी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.800 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	1.27	2%	10%	21	75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D& Above
14	वीरपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800 अतायसगंज माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.600 एवं मुरवकल माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.500 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	1.19	2%	10%	21	75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D& Above
15	कटरिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.800 तक के आन्तरिक भाग में सिल्ट सफाई का कार्य।	0.51	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D& Above
16	लठौरा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.925 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.36	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D& Above
17	सिकठियाँ माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.800 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.54	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D& Above
18	अमौली माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.300 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.25	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D& Above
19	करेमुआ माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.300 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.25	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D& Above
20	इसहुल माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.39	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D& Above
21	मचवल माइनर के किमी0 0.400 से किमी0 1.800, गोरारी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.150, तेतरिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 0.800 एवं लटॉव माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	1.44	2%	10%	21	75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D& Above
22	बहदुरा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.200, परासी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.400 एवं कोल्हई माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800 तक के आन्तरिक भाग मे स्कैपिंग का कार्य।	1.05	2%	10%	21	75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D& Above
23	कोंटा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800, चक माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.600 एवं मुस्तफापुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	1.26	2%	10%	21	75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D& Above

तालिका संख्या 2 महत्वपूर्ण तिथियाँ

S.No.	Particulars	Date	Time
1	Tender Download From Website(https://etender.up.nic.in)	26.10.2026	10:00 AM
2	Bid Submission Start	26.10.2026	10:00 AM
3	Bid Submission End	02.11.2026	11:00 AM
4	Technical Bid opening	05.11.2026	01:00 PM
5	Bid opening place	Office of Executive Engineer Chandrprabha Division PDDU Nagar Chandauli	

1. यह निविदा/बिड सूचना एवं विस्तृत शर्तें उ०प्र०सरकार की https://etender.up.nic.in पर तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ०प्र० की वेबसाईट http://idup.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगी
2. निविदा प्रक्रिया ऑन-लाइन प्रारम्भ होने के पश्चात् किसी भी लॉट के सम्बंध में समस्त अग्रिम कार्यवाही केवल ऑन-लाइन ही होगी।
   प्रत्येक निविदादाता की यह जिम्मेदारी होगी कि वह निविदा प्रक्रिया शुरू होने के पश्चात् ऑन-लाइन निविदा के सम्बंध में होने वाले
   किसी भी संशोधन/शुद्धि-पत्र की जानकारी वेबसाइट https://etender.up.nic.in से प्राप्त करता रहे, अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी।

उ.प्र.-259092
दिनांक-22.10.2026

(जय प्रकाश सिंह)
सहायक अभियन्ता

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

स्नातक में ४२ और शिक्षक निर्वाचन में ७१ प्रतिशत मतदान

जिलाधिकारी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था रही चुस्त-दुरुस्त

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन शुक्रवार को मीरजापुर जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सकुशल संपन्न हो गया। जिले में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 42.93 प्रतिशत, जबकि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 71.704 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सुबह आठ बजे शुरू हुई मतदान प्रक्रिया शाम चार बजे तक चली।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी। छाया:आज

मतदान के दौरान विभिन्न केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें देखने को मिलीं। बुजुर्गों से लेकर युवा मतदाताओं तक में मतदान को लेकर उत्साह रहा। चुनाव को निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, वेबकास्टिंग और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने सुबह से ही विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र के घंटाघर स्थित बूथ संख्या 99, 224 और 225 के साथ क्षेत्र पंचायत कोन के बूथ संख्या 97 व 221, सिटी के बूथ संख्या 226 व 226 'अ', लालगंज के बूथ संख्या 102 व 230 तथा पटेहरा के बूथ संख्या 104 व 232 का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मतदाताओं से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने मतदान कार्मिकों को निर्देश दिया कि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। विकास खंड कोन में मतदाताओं की लंबी कतार देखकर उन्होंने मतदान प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी विनोद कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी विजेता, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह सहित सभी उप जिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहे। सभी मतदान केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट और पर्यास पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशासन के अनुसार, जिले में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। मतदान समाप्त होने के बाद सभी मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में जमा करा दिया गया। स्ट्रांग रूम की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है। जिलाधिकारी ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदान कार्मिकों, पुलिसकर्मियों और मतदाताओं के प्रति आभार जताया। मतगणना निर्धारित तिथि पर वाराणसी में होगी।

एसडीएम चुनार ने लिया मतदान केन्द्रों का जायजा

जमालपुर। एमएलसी स्नातक एवं शिक्षक के लिए ब्लाक मुख्यालय पर बनाए गए बूथों का निरीक्षण शुक्रवार दोपहर एसडीएम चुनार अनेग सिंह एवं क्षेत्राधिकारी चुनार गायत्री यादव ने किया। स्नातक एमएलसी में कुल 2009 मतदाताओं में से 841 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। बूथ 236 में कुल 1227 मतदाताओं में से 499 ने मत दिया, जिसमें 381 पुरुष एवं 118 महिला मतदाता शामिल रहे। बूथ 237 पर 782 मतदाताओं में से 342 ने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें 258 पुरुष एवं 84 महिला मतदाता ने अपने मत का प्रयोग किया। शिक्षक एमएलसी चुनाव के बूथ 106 पर नामांकित 139 मतदाताओं में से 102 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सेक्टर मजिस्ट्रेट जेपी पाठक एवं पुलिस की निगरानी में चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

हलिया, पटेहरा क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से हुआ मतदान

हलिया। स्नातक चुनाव में सुबह मतदाताओं की कम रुचि देखी गई दोपहर बाद लंबी कतार लग गई। एसडीएम लालगंज अजीत कुमार सीओ अमर बहादुर तथा एडीएम विजेता ने बूथ स्थलों का जायजा लिया शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। ब्लॉक परिसर में बूथ संख्या 238 पर कुल मतदाता 1232 में 549 स्नातक मतदाताओं ने मतदान किया, जिसमें 315 महिलाओं में 115 महिलाओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, 917 पुरुषों में 434 पुरुषों ने भाग लिया। कुल 44न मतदान हुआ। प्राथमिक विद्यालय बैधा बूथ संख्या 240 में स्नातक चुनाव में कुल 100 मतदाता रहे, जिसमें 63 मतदाताओं ने भाग लिया 63 प्रतिशत मतदान हुआ। बूथ संख्या 239 नदना प्राथमिक विद्यालय में 76 मतदाता में 37 मतदाताओं ने भाग लिया कुल 49 प्रतिशत मतदान हुआ। पीठासीन पीठासीन अधिकारी शिक्षक बूथ पर बृजेन्द्र सिंह, स्नातक में रवि प्रताप सिंह ने इस बात की जानकारी दी। विकास खंड के लालापुर निवासी रामराज पटेल चार बजे के बाद ब्लाक पर पहुंचे, जिससे मतदान नहीं कर सके। इसीक्रम में पटेहरा विकास खंड के सभागार में शुक्रवार को द्वय एमएलसी चुनाव हेतु मतदान शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। स्नातक के लिए 776 मतदाता थे। शाम चार बजे तक कुल 316 लोग मतदान किए, जिसमें पुरुष 240, महिला 76 तथा शिक्षक के लिए कुल 175 मतदाता रहे। उसमें शाम चार बजे तक 134 मत पड़े। जिसमें पुरुष मत 99 महिला मत 35 पड़े। सुरक्षा में थानाध्यक्ष संतनगर रमेश प्रसाद मय पुलिस बल के साथ मड़िहान थाना की पुलिस डटी रही। विकास खंड के सभागार में शुक्रवार को एमएलसी मतदेय स्थल की निगरानी में सीडीओ वीके सिंह के चक्रमण के कुछ देर बाद ही जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार भी पहुंचे थे, जो कम मतदान पर चिंता व्यक्त किए थे।

जातिसूचक गाली और मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

छानबे। जिगना थाना क्षेत्र के नरोइया गांव में जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरोइया निवासी बृजलाल सरोज की तहरीर के अनुसार, उनका बेटा 21 नवंबर की रात करीब साढ़े नौ बजे मुंबई जाने के लिए घर से निकला था। आरोप है कि नरोइया बाजार में होली के पास तसलीम निवासी नरोइया ने उसे जातिसूचक शब्दों से गाली देते हुए मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज वाराणसी स्थित बीएचयू में चल रहा है। पीड़ित के पिता की शिकायत पर जिगना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

कछवां में नम आंखों से विदा की गयी मां दुर्गा

कछवां। आदर्श नगर पंचायत के विभिन्न मां दुर्गा पंडालों पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाएं शुक्रवार को लगभग चार बजे शांतिपूर्ण माहौल में गाजे बाजे के साथ डीजे की धुन पर विसर्जित की गई। बाजार में स्थापित दुर्गा पंडाल जय मां दुर्गा क्लब, रॉयल क्लब, संकल्प कल्याण समिति, नेविगेट कल्याण समिति, मां दुर्गा श्रृंगार उत्सव समिति, श्री राम कल्याण समिति,जय मां दुर्गा जन कल्याण समिति, शंकरलाल बृजेश गुप्ता समिति स्थित विराजमान प्रतिमाएं डीजे और बाजे गाजे तथा डीजे के बीच भक्ति गीतों पर थिरकते हुए भक्तों ने मातारानी का जयकारा लगा प्रतिमाओं को कछवा क्रिश्चियन तिराहा से होते हुए पूरे नगर का भ्रमण करते हुए गंगा के पास चिन्हित दह में प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन कछवा में शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शांति व्यवस्था के मद्देनजर थाना प्रभारी अमरजीत चौहान चौकी प्रभारी धनंजय सिंह मय फोर्स मौजूद रहे। इस अवसर पर जय मां दुर्गा क्लब अध्यक्ष अध्यक्ष अजय सेठ, नव युवक कल्याण समिति अमित रस्तोगी, शंकर कल्याण समिति प्रवीण कुमार विश्वकर्मा, शंकर लाल बृजेश गुप्ता समिति अध्यक्ष शंकर लाल बृजेश गुप्ता रॉयल क्लब अध्यक्ष संतोष रस्तोगी, के साथ क्षेत्र के सम्मानित भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन उपाध्याय,पूर्व अध्यक्ष अजय उपाध्याय, संतोष उमर, नंदलाल गुप्ता, देवी प्रसाद चौरसिया, के साथ क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

मताधिकार का किया प्रयोग

छानबे। ब्लॉक मुख्यालय पर स्नातक के दो बूथ तथा शिक्षक एमएलसी के लिए एक बूथ बनाया गया था। स्नातक क्षेत्र में कुल 2328 तथा शिक्षक क्षेत्र में 279 मतदाता थे, जिसमें स्नातक में 1081 तथा शिक्षक में 198 ने मतदान किया। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, जिला महामंत्री स्वामी नाथ सिंह, प्रेम बहादुर सिंह, गोपाल जी पाण्डेय, वरुण शुक्ला, दिलीप पाण्डेय, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा सुरेंद्र सिंह, राजाराम सरोज, मंडल अध्यक्ष गैपुरा संतोष कुमार पाठक, प्रीतेश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मतदाताओं को बूथ तक पहुँचाने आदि लगे रहे। वहीं, सपा के आदर्श यादव, सूर्यमणि यादव, संग्राम बिंद, सतीश मिश्र, आशीष यादव, शिवनारायण जैनेंद्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी के समर्थन में मतदान के लिए प्रेरित करते दिखे।

बाइकों की भिड़ंत के बाद हाइवा ने कुचला, दो की मौत

नरायनपुर। वाराणसी-मीरजापुर हाइवे मार्ग पर शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे नई बस्ती शेरपुर के सामने रांग साइड से आ रहे बाइक सवार के टक्कर के बाद गिरे बाइक सवारों को तेज रफ्तार हाईवा ट्रक ने कुचलने के बाद चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटना में दोनों भाईयों की मौत हो गई। वहीं, पिता गम्भीर रुप से घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस से वाराणसी रेफर किया गया। चौकी इंचार्ज नरायनपुर आशीष सिंह ने बताया जोगेन्दर 51 वर्ष पुत्र हृदया सिंह, प्रेमचंद 52 वर्ष पुत्र हृदया सिंह, अंकित 14 वर्ष पुत्र जोगेन्दर रोहतास बिहार प्रदेश निवासी मिर्जापुर से बाइक द्वारा घर जा रहे थे। नई बस्ती शेरपुर के सामने रांग साइड से आ रहे दुसरे बाइक सवार ने सामने से टक्कर मार दिया, जिससे एकही बाइक पर सवार तीनो गिर पड़े। इस बीच पीछे से आ रही तेज रफ्तार हाईवा ने कुचल दिया, जिसमें प्रेमचंद पुत्र हृदया सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। कुछ दूर हाईवा को खड़ा कर चालक फरार हो गया। मौके पर पहुंची नरायनपुर पुलिस घायल पिता-पुत्र को एम्बुलेंस से वाराणसी उपचार के लिए भेज दिया। अस्पताल में जोगेंद्र का भी मौत हो गया। हाईवा व मृतक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल और मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी देकर वाराणसी ट्रामा सेंटर में बुला लिया गया है।



९० किलोमीटर दूर जाकर किया मतदान

मीरजापुर। लोकतंत्र के प्रति निष्ठा और मतदान के जुनून की मिसाल पेश करते हुए पटेहरा ब्लॉक के गढ़वा गांव निवासी शिवपूजन पाल (धनगर) ने करीब 90 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। स्नातक एमएलसी निर्वाचन की मतदाता सूची में उनका नाम पटेहरा के बजाय जमालपुर ब्लॉक में दर्ज था। इसकी जानकारी होने पर वह जमालपुर पहुंचे और मतदान किया। राष्ट्रीय समाज पक्ष के सक्रिय कार्यकर्ता शिवपूजन पाल मिर्जापुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं। इसके अलावा मझवां उपचुनाव और रॉबर्ट्सगंज से भी चुनाव लड़ चुके हैं। उन्हें अब तक करीब आठ चुनाव लड़ने का अनुभव है। उनके इस कदम को मतदान के प्रति जागरूकता और लोकतांत्रिक जिम्मेदारी के उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है। उनका संदेश है कि दूरी चाहे जितनी हो, मताधिकार का प्रयोग लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



वोट देने वाले शिवपूजन। छाया:आज

वर्षा जल संरक्षण से बढ़ेगी खेती, २३ गांवों में चल रही परियोजना

मीरजापुर। जिले के पटेहरा विकासखंड स्थित परमापुर जलागम क्षेत्र में वर्षा जल संरक्षण के प्रयासों से कृषि को बढ़ावा मिल रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य कृषि विकास योजना के तहत द्वारा संचालित जल संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन परियोजना का मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जल संरक्षण कार्यों की सराहना की। टीम के आरके उत्तम और डॉ. अशोक शुक्ला ने परियोजना की प्रगति की जानकारी दी। वर्ष 2025-26 से 2028-29 तक संचालित इस परियोजना का क्षेत्रफल 7,996 हेक्टेयर है। इसके तहत 23 गांवों में कार्य कराए जा रहे हैं। परियोजना की कुल लागत 1,692 लाख रुपये है। परियोजना के अंतर्गत दो जल संचयन बांधों का निर्माण एवं पुनर्जीवन, करीब 10 किलोमीटर नाले का गहरीकरण और चौड़ीकरण, पांच नाला प्लग, 13 तालाबों की खुदाई तथा लगभग 1,000 एकड़ खेतों में मेड़बंदी की गई है। इन कार्यों से करीब 2.5 लाख घन मीटर वर्षा जल संचयन की क्षमता विकसित हुई है। कृषि को बढ़ावा देने के लिए 161 एकड़ में मूंगफली, मूंग, तिल और अरहर की प्रदर्शन फसलें लगाई गई हैं। वहीं, सात हेक्टेयर क्षेत्र में फलदार पौधों पर आधारित कृषिवानिकी विकसित की गई है, जिसमें आम, अमरूद, नींबू, आंवला, बेल और एप्पल बेर के करीब 12,100 पौधे लगाए गए हैं। सीडीओ ने ग्राम बेलहरा में जल संचयन बांध, पक्के नाला प्लग और स्वचालित मौसम प्रणाली का निरीक्षण किया। इस प्रणाली से मौसम संबंधी आंकड़े जुटाकर किसानों को मोबाइल पर पूर्वानुमान और कृषि परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है।

वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

पटेहरा। संतनगर थाना क्षेत्र के राहकला गांव से पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। गांव निवासी राजेश पुत्र ललई का मुकदमा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय में चल रहे मुकदमे की कई तारीखों पर राजेश द्वारा पेशी पर हाजिर न होने के कारण न्यायालय ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद संतनगर पुलिस हरकत में आई। गुरुवार रात को पुलिस ने आरोपी को उसके घर के सामने से गिरफ्तार कर लिया और थाने ले आई व शुक्रवार को आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए जेल भेज दिया गया। इस संबंध में संतनगर थाने के इंस्पेक्टर रमेश प्रसाद ने जानकारी दी कि कई तारीखों पर न्यायालय में हाजिर न होने के चलते अदालत द्वारा वारंट जारी किया गया था। इसी आदेश का पालन करते हुए आरोपी को घर के सामने से गिरफ्तार कर न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया गया।

भ्रष्टाचार के आरोपी किसी भी कर्मचारी को बख्शा नहीं जायेगा-प्रमोद कुमार

मीरजापुर। सिंचाई विभाग में कर्मचारियों के हक पर डाका डालकर विभिन्न मदो में हेराफेरी कर किए भ्रष्टाचार को लेकर सिंचाई विभाग नहर प्रखण्ड के अधिशाषी अभियंता प्रमोद कुमार ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। नहर प्रखण्ड के अधिशासी अभियंता प्रमोद कुमार खुद मामले में भुगतान से संबंधित एक एक रजिस्टर, पत्रावलियों की गहनता से जांच पड़ताल करने में लगे हैं। अधिशासी अभियंता प्रमोद कुमार देर रात तक कार्यालय में रहकर आरोपी कर्मचारी वरिष्ठ सहायक जितेन्द्र कुमार द्वारा किए हेराफेरी की गहनता से जांच करने में लगे है। अधिशासी अभियंता प्रमोद कुमार ने कहा कि विभाग में तैनात कर्मचारी द्वारा डिजिटल सिग्नेचर का दुरूपयोग कर किए भ्रष्टाचार से विभाग की छवि निश्चित रूप से धूमिल हुई है, जिसके लिए मामले में प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए कर्मचारी जितेन्द्र कुमार वरिष्ठ सहायक, डीडीओ पटल को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है, भ्रष्टाचार के आरोपी वरिष्ठ सहायक सहित अज्ञात लोगों के विरुद्ध शहर कोतवाली में एफआईआर भी दर्ज करा दी गई है। उन्होंने कहा कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। प्रमोद कुमार ने बताया कि मामले विभागीय उच्चाधिकारियों द्वारा जांच कमेटी का गठन किया गया। जांच टीम प्रत्येक बिंदुओं की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है, कमेटी की रिपोर्ट आने पर भ्रष्टाचार में जिन लोगों का भी नाम आएगा उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

संक्षेप

ब्रेकर पर उछली बाइक, महिला गंभीर रूप से घायल

मड़िहान। मीरजापुर-सोनभद्र मार्ग पर भदौहा गांव के पास शुक्रवार शाम करीब साढ़े चार बजे सड़क पर बने ब्रेकर पर बाइक उछलने से 22 वर्षीय महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में एक बच्चा आदित्य भी घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मड़िहान पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, जिगना निवासी वकील अपनी पत्नी मनीषा (22) और दो बच्चों के साथ बाइक से राजगढ़ स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। भदौहा गांव के पास सड़क पर बने ब्रेकर से गुजरते समय बाइक उछल गई, जिससे मनीषा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे में उनके साथ मौजूद एक बच्चा आदित्य भी चोटिल हो गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को सीएचसी मड़िहान लाया गया, जहां उनका उपचार कराया गया। सड़क पर बने ब्रेकर के पास पर्याप्त संकेतक और सुरक्षा व्यवस्था की जरूरत को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

बाइकों की टक्कर में युवक घायल

छानबे। मीरजापुर-प्रयागराज मार्ग पर शुक्रवार की शाम करीब तीन बजे दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए प्रयागराज ले गए। जानकारी के अनुसार, जिगना थाना क्षेत्र के मनिकठी गांव निवासी आशुतोष केशरवानी शुक्रवार की शाम मांडा रोड की ओर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में आशुतोष गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर सरोंई पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सक डॉ. रत्नाकर मिश्रा ने बताया कि युवक की गंभीर हालत को देखते हुए रेफर किया गया था। हालांकि, मौके पर पहुंचे परिजन उसे इलाज के लिए प्रयागराज लेकर चले गए।

मंडल स्तरीय एक दिवसीय पोल्ट्री कान्क्लेव का आयोजन

मीरजापुर। पशुपालन विभाग, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर के तत्वावधान में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में मण्डल स्तरीय एक दिवसीय पोल्ट्री कॉन्क्लेव का भव्य आयोजन किया गया। कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि संयुक्त आयुक्त रमेश चंद्र रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर निदेशक, पशुपालन-द्वितीय डॉ. हेमलता शर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डलीय अधिकारियों द्वारा की गई तथा कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अजय कुमार दुबे ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और किसानों की आय को दोगुना करने में कुक्कुट पालन की अहम भूमिका है। यदि पोल्ट्री फार्मिंग को वैज्ञानिक तरीके से अपनाया जाए तो कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। यह स्वरोजगार का एक सशक्त माध्यम है, जिससे युवा और किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से अपर निदेशक ग्रेड-फर्स्ट, मुख्यालय लखनऊ डॉ. अनिल कुमार, उप निदेशक (पोल्ट्री) लखनऊ डॉ. बृजेश त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भूपेंद्र कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुभाष सिंह सहित पशुपालन विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, इसके अलावा बड़ी संख्या में प्रगतिशील पोल्ट्री फार्मर गगन सिंह, विकास सेठ, सुनील पटेल सहित दर्जनों पोल्ट्री फार्मर मौजूद रहे।

आज से होगा दो दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन

मीरजापुर। संविधानिक एवं संसदीय अध्ययन संस्थान, उत्तर प्रदेश की शाखा की ओर से 24 और 25 अक्टूबर को चुनार में दो दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। प्रमुख सचिव विधान परिषद उत्तर प्रदेश डॉ. राजेश सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। गोष्ठी का आयोजन नैनागढ़ पैलेस, मुईनुद्दीनपुर, चुनार स्थित सभागार में 'समान नागरिक संहिता का महत्व एवं उसका सामाजिक प्रभाव' विषय पर किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन 24 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे होगा, जबकि समापन 25 अक्टूबर को अपराह्न एक बजे निर्धारित है, इसमें विधान परिषद के सभापति, विधानसभा अध्यक्ष, मंत्रीगण, स्थानीय विधान परिषद सदस्य समेत अन्य विशिष्ट एवं गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

कृषक जागरुकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन

सीखड़। भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी द्वारा ग्राम गौरैया विकास खंड सीखड़ में शुक्रवार को संस्थान के निदेशक डॉ राजेश कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान की सब्जी उत्पादन की उन्नत तकनीकियों को प्रदर्शित किया गया, किसानों को परवल की खेती में आ रही रोग एवं कीट के प्रबंधन हेतु विस्तार से समाधान पर चर्चा की गई। इन रोगों के प्रबंधन हेतु जैविक रसायनों के प्रयोग का प्रदर्शन किया गया। रबी मौसम की सब्जियों जैसे फूल गोभी, पत्ता गोभी के बीज उपचार कर पोर्ट्रे में पौध तैयार करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में जैव नियंत्रक ट्राइकोडर्मा एवं एक्टीनो गार्ड से सब्जी मटर का बीज उपचार, एवं नर्सरी उत्पादन, सब्जियों की खेती में सिल्वर मल्च के प्रयोग की विधियों का प्रदर्शन भी किया गया। सब्जियों की पौध का विभिन्न जैविक फफूँदनाशी द्वारा जड़ उपचार का प्रदर्शन कर किसानों को पौध वितरित किया गया। इसी के साथ मिर्च की फसल में रोग एवं कीट प्रबंधन व पोषण प्रबंधन के लिए पोषक तत्वों के सुरक्षित छिड़काव का भी प्रदर्शन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ राजेश कुमार ने कहा कि नीम एवं जैविक जीवामृत एवं बीजामृत के प्रयोग द्वारा जैविक खेती कर मृदा का स्वास्थ्य प्रबंधन कर सकते हैं। सब्जी उत्पादन से कम लागत में खेती कर वर्ष भर आय एवं रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

चोरी की दो बाइक और पिस्तौल के साथ युवक धराया

मीरजापुर। जिगना पुलिस ने शुक्रवार को बिहसड़ा नहर पुल के पास वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की दो मोटरसाइकिल और अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान चड़ैचा गांव निवासी सौरभ मिश्रा (22), पुत्र हृदय शंकर मिश्रा के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर अपराधियों और वाहन चोरी की घटनाओं में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उपनिरीक्षक गोविंद राम और अभिषेक सिंह की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। मामले में बीएनएस की धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ मीरजापुर, प्रयागराज और भदोही में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं।



बरामद बाइक और गिरफ्तार चोर के साथ पुलिस। छाया:आज

२० लाख की हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार

मीरजापुर। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में पुलिस ने 100 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ सोनभद्र निवासी दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, बरामद हेरोइन की अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये है। आरोपियों के कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक, 23 अक्टूबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कोतवाली देहात पुलिस ने बीरपुर गांव स्थित शिवालय मंदिर के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनीष कुमार (22) पुत्र लालजी और नीरज कुमार (21) पुत्र रामचंद्र के रूप में हुई है। दोनों सोनभद्र जिले के कर्मा थाना क्षेत्र के करकी गांव के निवासी हैं। पुलिस ने इस मामले में कोतवाली देहात थाने में एनडीपीएस एक्ट में प्राथमिकी दर्ज की है। बरामद मोटरसाइकिल को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज करने की कार्रवाई भी की गई। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी और बरामदगी करने वाली टीम में करनपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक ऋषिदेव शुक्ला और पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की है।



गिरफ्तार आरोपियों के साथ पुलिस। छाया:आज

प्रभु श्रीराम का हुआ राज्याभिषेक, भजनों से भक्तिमय हुई रात

चुनार। श्रीराघवेंद्र रामलीला नाट्य समिति के तत्वावधान में चल रही 21 दिवसीय रामलीला के 20वें दिन बृहस्पतिवार की रात प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक की लीला का मंचन किया गया। गुरु वशिष्ठ ने प्रभु श्रीराम को तिलक लगाकर उनका राज्याभिषेक किया। इसके बाद समिति के सदस्यों एवं नगरवासियों ने तिलक लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंचन में समर्थ वैद्य ने राम, अश्विनी दूबे ने लक्ष्मण, वाचस्पति त्रिपाठी ने भरत, लक्ष्य पुजारी ने शत्रुघ्न, आदर्श मिश्रा ने सीता, रमाशंकर पांडेय ने हनुमान तथा समिति अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय ने गुरु वशिष्ठ की भूमिका निभाई। राज्याभिषेक के उपलक्ष्य में भजन संध्या आयोजित हुई।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मासिक समीक्षा बैठक

हलिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में शुक्रवार को मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डॉ. विमल कुमार और बीओसी गुमान सिंह ने 33 एएनएम से विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव, नियमित टीकाकरण, परिवार नियोजन, एनीमिया की रोकथाम तथा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं उनकी निगरानी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके साथ ही बच्चों और गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने, स्वास्थ्य संबंधी अभिलेखों को अद्यतन रखने तथा पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य कर्मियों को ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करने और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के महत्व से अवगत कराया गया।

ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन

छानबे। ब्लॉक में नोडल अधिकारी के गैर मौजूदगी में ग्राम सचिव ने चौपाल का आयोजन किया। ग्राम पंचायत बिहसडा खुर्द में ग्राम पंचायत अधिकारी दिलीप कुमार यादव ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। विटोला देवी व दुर्गावती ने आवास की मांग की तो बताया कि विटोला देवी का नाम आवास की सूची में है। कुछ लोगों ने हर घर नल योजना से पानी न मिलने की शिकायत किया। इस दौरान प्रशासक शारदा देवी बबलू तथा रोज़गार सेवक पंचायत सहायक मौजूद रहे।

विधान परिषद चुनाव : डीएम-एसएसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

स्नातक निर्वाचन में ४२.०१ प्रतिशत, शिक्षक निर्वाचन में ७२.०७ प्रतिशत मतदान

जौनपुर। वाराणसी खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का मतदान शुक्रवार को जनपद के सभी मतदान केंद्रों पर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. के निर्देशन में सुबह 8 बजे से मतदान शुरू हुआ, जो निर्धारित समय शाम 4 बजे तक चला। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 60,396 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 25,377 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें 17,975 पुरुष और 7,402 महिला मतदाता शामिल रहे। इस प्रकार स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 42.01 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 6,776 मतदाताओं में से 4,884 मतदाताओं ने मतदान किया। इनमें 4,034 पुरुष और 850 महिला मतदाता शामिल रहे। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 72.07 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह पूरे दिन मतदान केंद्रों का भ्रमण करते रहे। इस दौरान मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था तथा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन का जायजा लिया गया। अधिकारी जनपद मुख्यालय पर स्थापित नियंत्रण कक्ष के भी निरंतर संपर्क में रहे। **धर्मापुर संवाददाता के अनुसार :** ब्लॉक कार्यालय पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्नातक के कुल



2381 मतदाताओं में से 1111 स्नातक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं शिक्षक निर्वाचन में 394 मतदाताओं में से 272 शिक्षकों ने मतदान किया। मतदान के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट रामविलास बूथ पर तैनात रहे और पूरी प्रक्रिया पर नजर बनाए रखी। वहीं थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन की सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। **सुजानगंज संवाददाता के अनुसार :** ब्लॉक क्षेत्र के चार बूथों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार स्नातक के लगभग 2405 मतदाताओं में से लगभग 1029 मतदाताओं ने मतदान किया तथा शिक्षक के लगभग 216 मतदाताओं में से लगभग 177 मतदाताओं ने मतदान किया मतदान के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट सूर्य कांत पाण्डेय बूथ पर तैनात रहे। और पूरी प्रक्रिया पर निगरानी करते रहे। वहीं मौके पर शुभांशु कटियार उप जिला अधिकारी मछली शहर ने मतदान स्थल पर पहुंच कर जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश अपने कर्मचारियों को दिए। मतदान केन्द्र पर थानाध्यक्ष सुजानगंज अमित कुमार पांडेय अपने पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन की सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। **बक्शा संवाददाता के अनुसार :** ब्लॉक परिसर में शुक्रवार को एमएलसी स्नातक चुनाव में बूथ संख्या 208 पर कुल 1366 मतदाताओं में 556 जबकि बूथ संख्या बूथ संख्या 209 में कुल 1240 मतदाताओं में 536 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शिक्षक संघ चुनाव में कुल 186 मतदाताओं में 136 लोगों ने मतदान में भाग लिया। सुबह 11 बजे मतदान केंद्र का निरीक्षण करने जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ब्लॉक पहुँच शांतिपूर्ण मतदान कराने हेतु मातहतों को निर्देश दिया। थोड़ी ही देर बाद पहुँची एसडीएम सदर योगिता सिंह ने केंद्र पहुँच निरीक्षण की। शाम चार बजे के बाद भी मतदान केंद्र पर भीड़ रही। **मुंगराबादशाहपुर संवाददाता के अनुसार :** क्षेत्र में स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। विकास खण्ड कार्यालय परिसर में बनाए गए तीन मतदान बूथों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कुल 2709 के सापेक्ष 1090 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रत्याशियों के भाग्य को मतपेटिकाओ में बन्द कर दिया। सुबह 8 बजे से ही बूथों पर मतदाताओं की आवाजाही शुरू हो गई जो शाम 4 बजे तक लगी रही। प्रशासन द्वारा सभी बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की तैनाती के बीच किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराया गया। **सिकरारा संवाददाता के अनुसार :** ब्लाक मुख्यालय पर शिक्षक व स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए शांतिपूर्ण मतदान हुआ। शिक्षक विधायक हेतु ब्लाक मुख्यालय पर बने बूथ संख्या 84 पर कुल 316 मतदाताओं में से 214 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें 177 पुरुष व 37 महिला मतदाता शामिल रहीं। वहीं स्नातक विधायक हेतु ब्लाक पर बने तीन बूथों पर कुल 2263 मतदाताओं में से 809 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 590 पुरुष व 219 महिलाएं थीं। बूथ संख्या 205 पर कुल 752 मतों में से 265 मत पड़े, जिसमें 189 पुरुष व 76 महिलाएं, बूथ संख्या 206 में कुल 834 मतों में से 312 मत पड़े, जिसमें 237 पुरुष व 75 महिलाएं तथा बूथ संख्या 207 में कुल 676 मतों में से 232 मत पड़े, जिसमें 164 पुरुष व 68 महिलाएं शामिल रहीं। मतदान के दौरान जिलाधिकारी सैमुएल पाल एन, सेक्टर मजिस्ट्रेट व थाना प्रभारी सिकरारा तेज बहादुर सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

राष्ट्रीय एकता गोष्ठी में भाईचारा बढ़ाने पर जोर

उद्योग व्यापार मंडल ने किया आयोजन

धर्मापुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की नगर इकाई गौराबादशाहपुर के द्वारा ऐतिहासिक भरत मिलाप मेला के पावन अवसर पर बुधवार की रात राष्ट्रीय एकता गोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस दौरान नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मदरसा रफीकुल इस्लाम के प्रिंसिपल मौलाना दाऊद आलम ने कहा कि भरत मिलाप भाई चारे का पैगाम देता है। आपसी भाईचारे से ही राष्ट्र मजबूत होता है। आइए हम सब मिलजुल कर मुल्क को खुशहाल बनाएं। गोष्ठी को चेयरमैन प्रतिनिधि दिनेश सोनकर, पूर्व प्रधान सुजीत जायसवाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान पहुंचे सीओ केराकत गिरेंद्र कुमार सिंह, एसओ श्रीप्रकाश शुक्ल का व्यापार मंडल अध्यक्ष लल्लन प्रताप सिंह और महामंत्री मोहम्मद इकराम अंसारी ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इसके साथ ही



रामलीला और भरत मिलाप समिति के पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया। संचालन अबू तालिब ने किया। कार्यक्रम संयोजक सभासद अमीक अंसारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा नेता मो. शाहिद अंसारी, सपा नेत्री रेनू सोनकर, डा. विकास सोनकर, डा. शाहिना, डा. शफीक, कलीमुल्लाह अंसारी, राशिद कमाल आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

४१वां पुरस्कार वितरण समारोह एक नवम्बर को

जौनपुर। श्री लक्ष्मी पूजा महासमिति (ट्रस्ट) का 41वां पुरस्कार वितरण समारोह आगामी 1 नवम्बर दिन रविवार को सुनिश्चित हुआ है। यह आयोजन नगर के उर्दू बाजार में स्थित घनश्याम दास बगीचा के सभागार में होगा। इस आशय की जानकारी महासचिव संतोष यादव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। साथ ही श्री यादव ने समस्त मां लक्ष्मी पूजन समितियों के पदाधिकारियों सहित जिले के स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों से उक्त अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील किया है। इसी क्रम में अध्यक्ष कृष्ण कुमार जायसवाल ने बताया कि उक्त समारोह के मुख्य अतिथि हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. आलोक यादव और अति विशिष्ट अतिथि इं. कृष्ण कुमार जायसवाल मुन्नू नि. महामंत्री काशी क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी हैं। साथ ही विशिष्ट अतिथियों में सर्जन डा. विकास यादव एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रीति गुप्ता हैं।

गोमती पुल के पास दो युवकों पर हमला, राड से वार कर किया लहूलुहान

तीन युवकों पर मारपीट, बाइक क्षतिग्रस्त करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

डोभी। चंदवक थाना क्षेत्र के वाराणसी आजमगढ़ राजमार्ग गोमती नदी पुल के समीप शुक्रवार दोपहर बाइक सवार जीजा-साले को रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीन युवकों ने लाठी-डंडे और रॉड से हमला कर दोनों को घायल कर दिया। हमले में साले अमित निषाद के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद पीड़ित ने चंदवक थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। केराकत थाना क्षेत्र के बम्बावन गांव निवासी चंद्रशेखर नाविक के मुताबिक, शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे वह अपने साले अमित निषाद को बाइक से बलूई गांव स्थित ससुराल छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान गोमती नदी पुल के पास तीन युवकों ने उनकी बाइक रोक ली। आरोप है कि इसके बाद तीनों ने लाठी-डंडों और रॉड से हमला कर दिया। मारपीट में चंद्रशेखर और अमित घायल हो गए। अमित के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने उनकी बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया और मौके से जाते समय जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रवीण यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एक नज़र इधर भी

महिला के बैग से चार लाख के जेवरात चोरी

चालक पर मिलीभगत की जतायी आशंका

मुंगराबादशाहपुर। क्षेत्र में आटो में सफर कर रही एक महिला के बैग से शातिर चोरों ने करीब 4 लाख रुपये के सोने के जेवरात पार कर दिए। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने ऑटो चालक की मिलीभगत की आशंका जताते हुए मुंगराबादशाहपुर थाना प्रभारी को लिखित तहरीर दे दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दिया है। इस सम्बन्ध में साहबगंज निवासी शिवशंकर जायसवाल पुत्र स्व. गोपीनाथ जायसवाल ने थाना प्रभारी को दी गई तहरीर में बताया है कि उनकी पत्नी शीला देवी शुक्रवार को अपने मायके सुजानगंज से आटो में बैठकर मुंगराबादशाहपुर आ रही थीं। रास्ते में रायपुर तिराहे के पास एक अज्ञात महिला भी उसी आटो में सवार हुई थी। आरोप है कि यात्रा के दौरान इसी अज्ञात महिला ने चालाकी से शीला देवी के बैग की चैन खोलकर उसमें रखे सोने के झुमके, सिकड़ी, मंगलसूत्र व अन्य कीमती आभूषण चोरी कर लिए। कुछ देर बाद शीला ने बैग की चैन खुली देखा तो उसे आशंका हो गई। उसने बैग में देखा तो आभूषण नहीं थे। पीड़िता ने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन संदिग्ध महिला का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित शिवशंकर जायसवाल ने अपनी तहरीर में कहा है कि बिना चालक की जानकारी के इस तरह की वारदात को अंजाम देना मुश्किल है। उन्होंने आशंका जताई कि आटो चालक उस अज्ञात महिला के साथ मिला हुआ था। उन्होंने पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और जेवरात की बरामदगी की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक गजानंद चौबे ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। रायपुर तिराहे के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, और ऑटो चालक से भी पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने किया मतदान

दोनों प्रत्याशियों की जीत का किया दावा

सरायख्वाजा। वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद चुनाव के तहत विकास खंड करंजाकला स्थित मतदान केंद्र पर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बुथ संख्या 212 पर मतदान करने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए स्नातक और शिक्षक दोनों वर्गों के प्रत्याशियों की भारी मतों से जीत का दावा किया। राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि स्नातक एवं शिक्षक दोनों वर्गों के हमारे प्रत्याशी भारी मतों से विजय हासिल कर रहे हैं। उन्होंने अपनी जीत के प्रति विश्वास जताते हुए चुनाव में सकारात्मक परिणाम आने की उम्मीद व्यक्त की। वही करंजाकला ब्लॉक प्रमुख पूनम यादव ने भी बूथ संख्या 212 पर मतदान किया। मतदान केंद्र पर विधान परिषद चुनाव को लेकर मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। स्नातक और शिक्षक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। चुनाव के परिणाम को लेकर राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की नजरें मतदाताओं के रुझान पर टिकी हैं। करंजाकला बूथ पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात थी। वोटरों को लुभाने के लिए एजेंट एजेंट सभी दाव पेच अपना रहे थे।



दुर्गेश कुमार पाण्डेय को मिला उत्कृष्ट सेवा पदक

जफराबाद। स्थानीय कस्बे के पुलिस चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल दुर्गेश कुमार पांडेय को स्वतंत्रता दिवस 2026 को भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा उत्कर्ष सेवा पदक से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो 20 वर्षों में विभाग में रहते हुए दुर्गेश कुमार पांडेय ने उत्कृष्ट कार्य किया। इसी आधार पर प्रदेश सरकार द्वारा इनका नाम उत्कृष्ट पदक के लिए संस्तुति कर केंद्र के गृह मंत्रालय को भेजा गया था। 15 अगस्त को केंद्र के गृह मंत्रालय ने पदक के लिए दुर्गेश कुमार पांडेय के नाम की घोषणा कर दिया। देश के विभिन्न राज्यों से अनेक अन्य पुलिस के अधिकारियों व जवानों को उत्कृष्ट पदक दिया गया था। उस पदक को बुधवार को जौनपुर पुलिस कार्यालय भेजा गया। उत्कृष्ट सेवा पदक को दुर्गेश कुमार पांडेय को थानाध्यक्ष कमलनयन दूबे, चौकी प्रभारी राधेश्याम सिंह ने पहना कर उनके कार्यों की सराहना किया।

परमात्मा को रिझाने के लिए दिखावा नहीं, सच्ची भक्ति जरूरी-शांतनु महाराज

जौनपुर। नगर के बीआरपी इंटर कॉलेज मैदान में भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञान प्रकाश सिंह की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्रीरामकथा के तीसरे दिन कथाव्यास आचार्य शांतनु महाराज ने भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं, भोला केवट प्रसंग और अहिल्या उद्धार की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। महाराज ने कहा कि परमात्मा को प्रसन्न करने के लिए दिखावे और बाहरी आडंबर की आवश्यकता नहीं है। सच्चे मन, प्रेम और समर्पण से की गई भक्ति ही प्रभु तक पहुंचने का मार्ग है। उन्होंने कहा कि भक्ति की दौड़ शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक होती है। भक्त का मन भगवान के चरणों में समर्पित होना चाहिए। कथाव्यास ने भोला केवट की मार्मिक कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए किसी भी रूप में सहायता कर सकते हैं। प्रभु पर अटूट विश्वास रखने वाले भक्त को कठिन परिस्थितियों में भी निराश नहीं होना चाहिए। इस प्रसंग को सुनकर पंडाल में उपस्थित अनेक श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। महाराज ने भगवान शिव और बालक राम के दर्शन से जुड़े प्रसंग के माध्यम से दोनों के बीच प्रेम और भक्ति का वर्णन किया। वहीं, अहिल्या उद्धार की कथा सुनाते हुए उन्होंने भगवान श्रीराम की करुणा, कृपा और उद्धार करने वाली शक्ति का संदेश दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं से सुख-दुख में समान भाव रखते हुए सद्कर्म करने और प्रभु का स्मरण करते रहने का आह्वान किया। आचार्य शांतनु महाराज ने मुख्य आयोजक ज्ञान प्रकाश सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि श्रीरामकथा और भव्य कलश यात्रा का यूट्यूब एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है। उन्होंने आयोजन की



व्यवस्थाओं में जुटे सेवाभारती के कार्यकर्ताओं के सेवा भाव की भी प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि ज्ञान प्रकाश सिंह की ओर से जौनपुर में तीसरी बार नौ दिवसीय श्रीरामकथा का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों, प्रेम, त्याग और समर्पण से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। इस अवसर पर मिलथलेश नारायण (क्षेत्र बौद्धिक शिक्षण प्रमुख), विपिन सिंह (क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, भाजपा), मुरलीपाल (प्रांत कार्यवाह, आरएसएस), डॉ. अजय सिंह (जिलाध्यक्ष, भाजपा मछलीशहर), बी.पी. सरोज (पूर्व सांसद), कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह (पूर्व राज्यमंत्री), पप्पू रघुवंशी, नीरज मौर्य, नागेश्वर, संदीप सिंह, दिनेश टंडन, राय अभय सिंह, मनोज मिश्र (डीन पत्रकारिता, पू.वि.वि.), मनोज सिंह एवं विजय सिंह (प्रोफेसर, टी.डी. कॉलेज), आर्यन बाबू, राजेश यादव, वशिष्ठ सिंह, राजेश सिंह, जे.पी. सिंह, मुरारी पांडेय, विनय सिंह, वीरेंद्र सिंह, विनोद सिंह, पम्मू सिंह, संतोष मिश्र सुग्गू, सतीश श्रीवास्तव, अरुण सिंह, माला सिंह, शिवपूजन पांडेय एवं प्रमोद पांडेय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

महिला मतदाताओं में दिखा उत्साह, जमकर किया मतदान

खेतासराय। क्षेत्र पंचायत शाहगंज सोंधी कार्यालय स्थित मतदेय स्थल पर वाराणसी स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। मतदान को लेकर सुबह से ही केंद्र पर मतदाताओं की आवाजाही बनी रही।



अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पहुंचे मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। मतदान के लिए मतदेय स्थल पर कुल छह बूथ बनाए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी सतर्क रहा। सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार शैलेश सिंह के अनुसार, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 388 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 272 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 70.10 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के कुल 3564 मतदाताओं में से 1583 मतदाताओं ने मतदान किया। यहां मतदान का प्रतिशत 44.41 रहा। मतदान के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों और जनप्रतिनिधियों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शाहगंज के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई, ब्लाक प्रमुख मंजू सिंह, शाहगंज के पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा नेता प्रदीप जायसवाल तथा खेतासराय की नामित सभासद सुभम जयसवाल, डाक्टर मोहसिन जफर ने अपने-अपने बूथ पर पहुंचकर मतदान किया। मतदान केंद्र पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूरे मतदान के दौरान किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी प्रदीप सिंह मय फोर्स मौजूद रहे।

बेटों की पहल पर लगायें गये आम के पांच पेड़

तेजीबाजार। क्षेत्र के दिलशादपुर (रामचंद्रपुरा) गांव निवासिनी समाजसेवी महिला सुदामा देवी पत्नी प्रभाकर मिश्र (उम्र 80वर्ष) का बीते 11 अक्टूबर को निधन हो गया था शुक्रवार को उनकी तेरहवीं कार्यक्रम के दिन आवास पर वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के सम्बन्ध में महिला के पुत्रगण राजेश और पंडित मुकेश मिश्र ने बताया कि आज मेरी मां का तेरहवीं कार्यक्रम का आयोजन है हम लोगों ने मां की याद में वृक्षारोपण कर श्रद्धांजलि दी हैं। आम का पांच पौधा लगाकर जहां वातावरण को शुद्ध बनाने का संदेश दिया है वहीं इन्होंने अपनी मां के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की हैं। परिवार के रत्नाकर मिश्र, सुधाकर मिश्र, कृष्णाकर, शशिकर, सहित सभी सदस्यों ने वृक्षारोपण करके सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर आशीर्वाद लिया।

सड़क हादसे में युवक की मौत, दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

बक्शा। स्थानीय थाना क्षेत्र के विशेषरपुर शम्भूगंज के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए सड़क हादसे में लखौवा गांव निवासी 32 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में अवधेश मौर्या पुत्र स्वर्गीय लालजी मौर्या की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बक्शा थाना क्षेत्र के लखौवा गांव निवासी अवधेश मौर्या मकान निर्माण का ठेका लेकर भवन बनवाने का कार्य करते थे। सड़क हादसे में उनकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा एक 17 वर्षीय बेटा और एक 15 वर्षीय बेटी हैं। परिवार के कमाऊ सदस्य की मौत से बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, घटना की सूचना मिलते ही बक्शा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी



कार्रवाई की। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल स्थित शवगृह भेज दिया। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई। मौके पर शांति व्यवस्था कायम रही। इस संबंध में बक्शा थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंच गई थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तथा परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिया मदद का भरोसा, हादसे की जानकारी मिलते ही जन अधिकार पार्टी के जिला प्रभारी भूपेंद्र कुमार मौर्या और मल्हनी विधानसभा अध्यक्ष रवि मौर्या प्रधान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता घटनास्थल से लेकर पोस्टमार्टम हाउस तक मौजूद रहे। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। वहीं, परिवार के मुखिया की असमय मौत से पत्नी और दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस हृदयविदारक घटना ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है।

अनियंत्रित पिकअप गड्ढे में गिरी, चालक घायल

मछलीशहर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सराय यूसुफ गाँव के निकट अनियंत्रित पीकअप सड़क से उतर गड्ढे में जा गिरी। चालक घायल जिला अस्पताल में चल रहा है इलाज। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बरहता गाँव निवासी चंदन 24 वर्ष पुत्र राम प्रसाद नगर में हुए भरत मिलाप के संपन्न होने के बाद अपनी पीकअप पर टेंट का सामान लादकर उक्त गाँव में पहुंचाने जा रहा था। मछलीशहर बरईपार मार्ग निर्माण कार्य के कारण उसकी पीकअप अनियंत्रित होकर सड़क के बगल स्थित गड्ढे में पलट गई। पीकअप पलटने से चंदन गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे अगल बगल के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर भिजवाया। जहाँ से चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहाँ उसका ईलाज चल रहा है।

पीएचडी व्यवस्था दुरुस्त करने को नयी टीम, प्रो. राजकुमार निदेशक बने

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शोध प्रशासन को चुस्त-दुरुस्त और पीएचडी प्रक्रिया को पारदर्शी व गतिमान बनाने के लिए कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर अनुसंधान एवं विकास सेल की नई टीम का गठन कर विस्तृत कार्यक्षेत्र निर्धारित किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं यूजीसी के तय मानकों के अनुपालन के साथ गठित इस व्यवस्था में प्रो. राजकुमार को अनुसंधान एवं विकास का निदेशक नामित किया गया है। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार निदेशक को शोध प्रवेश से लेकर उपाधि प्रदान करने, शोधप्रबंध के अभिलेखीकरण, निगरानी, नीति निर्धारण और लंबित प्रकरणों के निस्तारण का समग्र नेतृत्व सौंपा गया है। कार्यकारी टीम में संकाय सदस्यों को अलग-अलग दायित्व सौंपते हुए डॉ. मनीष कुमार गुप्ता को पीएचडी प्रवेश, अभिलेख, शोध निर्देशक/सीट पंजिका, आरडीसी कैलेंडर व डिजिटल कार्यप्रणाली; प्रो. संतोष कुमार को कोर्स वर्क, शोधार्थी प्रगति, सेमेस्टर समीक्षा, प्रशिक्षण एवं जेआरएफ से एसआरएफ मूल्यांकन; प्रो. नरेन्द्र कुमार सिंह को शोध पद्धति, नैतिकता, गुणवत्ता, प्रकाशन मार्गदर्शन व प्रयोगशाला पद्धतियां तथा प्रो. विनोद कुमार गुप्ता को प्री-सबमिशन, शोधप्रबंध कार्यवाही, परीक्षक, मूल्यांकन, मौखिक परीक्षा, उपाधि अभिलेख व शोध डैशबोर्ड का जिम्मा दिया गया है। यह समिति पीएचडी प्रक्रिया पुस्तिका और अध्यादेश का नया प्रारूप तैयार कर सक्षम निकायों से अनुमोदित कराएगी। वहीं सेल के सहयोग हेतु प्रशासनिक अधिकारी रघुनन्दन यादव, प्रधान सहायक गुलाब चन्द व राजेन्द्र प्रताप सिंह, कनिष्ठ सहायक नीलम सिंह, कम्प्यूटर आपरेटर सुशील प्रजापति व प्रदीप कुमार सिंह और परिचर अंजनी तिवारी व जैनेन्द्र कुमार विश्वकर्मा को तैनात किया गया है। यह कार्यालय आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

पीएचसी का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण, डाक्टर का वेतन रोकने के निर्देश

जौनपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गंगाराम गौतम ने शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिकरारा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशांक शांडिल कई दिनों से अनुपस्थित पाए गए। इस पर सीएमओ ने उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई संतोषजनक मिली। सीएमओ ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि मरीजों का उपचार और आवश्यक जांच आभा आईडी के माध्यम से सुनिश्चित की जाए। साथ ही संबंधित विवरण एबीडीएम एवं यूडीएसपी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। गर्भवती महिलाओं की नियमित एएनसी जांच कराने पर भी जोर दिया गया। औषधि भंडार की जांच में कुल 165 प्रकार की दवाएं उपलब्ध मिलीं। फार्मासिस्ट को दवाओं की मांग एवं आपूर्ति का विवरण डीवीडीएमएस पोर्टल पर दर्ज करने तथा अनुपलब्ध दवाओं को तत्काल ड्रग वेयरहाउस से प्राप्त कर मरीजों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एआरवी एवं एएसवी भी उपलब्ध पाई गईं। क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा में स्वास्थ्य केंद्र पर टीबी के 20 तथा एमडीआर-टीबी के 13 मरीज पाए गए। अधिकारियों के अनुसार, इन सभी मरीजों को नियमित रूप से दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सीएमओ ने संबंधित कर्मचारियों को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार उपचार जारी रखने और



मरीजों की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले सभी मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

पड़ोसियों ने घर में घुसकर दो को मारपीटकर किया घायल

सात के विरुद्ध बलवा, मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

पवांरा। जमीन-बंटवारे को लेकर पड़ोसियो ने घर में घुसकर दो लोगों को गाली-गलौज करते हुए मारेपीटे तथा जान से मारने की धमकी दिये व घर के सामान को तोड़-फोड़ डाले । पुलिस सात लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने , तोड़फोड़ करने संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के मड़वा दोदक गांव निवासी जनार्दन प्रसाद दूबे पुत्र ओंकारनाथ दूबे ने थाने पर लिखित तहरीर दिया कि बीस अक्टूबर की सुबह करीब नौ बजकर पैंतालिस मिनट पर जमीन बंटवारे को लेकर उसके पड़ोसी राकेश दूबे, सुरेश दूबे, संदीप दूबे, संतोष दूबे सहित सात लोग एकराय होकर उसके घर में घुसकर गाली देते उसके भाई अखिलेश दूबे को मारने-पीटने लगे जिससे उसके सिर में काफी चोटे आयी हैं तथा उसे भी मारेपीटे जिससे काफी चोटे आयी हैं। घर का सामान तोड़-फोड़ डाले तथा जान से मारने की धमकी दे रहे थे। इस प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि दोनों चोटिल लोगों का मेडिकल कराकर एवं तहरीर के आधार पर सात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर लिया गया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

शवों की शिनाख्त के बाद दोहरे हत्याकांड के खुलासे में जुटी पुलिस

चंदौली। धीना थाना क्षेत्र के डेढ़गांवा गांव में गुरुवार को मिले दो युवकों के शवों की शिनाख्त शुक्रवार को हो गई। मृतकों की पहचान सिद्धार्थ सिंह 34 और सागर त्रिपाठी 36 के रूप में हुई है। सिद्धार्थ सिंह का मूल संबंध बरहपुर, नंदगंज गाजीपुर से बताया गया है, जबकि उनका जन्म कानपुर में हुआ था। वहीं, सागर त्रिपाठी कानपुर के नौबस्ता थाना क्षेत्र के यशोदा नगर के निवासी थे। जानकारी के अनुसार, सिद्धार्थ सिंह और सागर त्रिपाठी 21 अक्टूबर को कानपुर से वाराणसी के लिए निकले थे। दोनों 22 अक्टूबर को वाराणसी पहुंचे थे। इसके बाद उनकी लोकेशन चंदौली जिले के धानापुर थाना क्षेत्र के नगवा-मेदवा इलाके में मिली। बताया जा रहा है कि सागर त्रिपाठी ने अपनी पत्नी को संदेश भेजकर स्थिति खराब होने की जानकारी दी थी। हालांकि, इसके बाद दोनों के साथ क्या हुआ, इसकी पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। बाद में दोनों के शव डेढ़गांवा गांव में मिले। सागर त्रिपाठी के पिता वीरेंद्र त्रिपाठी बेटे की मौत से गहरे सदमे में हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना से उनका पूरा परिवार उजड़ गया है। सागर परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी दो बेटियां हैं, जिनमें पांच वर्षीय ओजस्वी और एक वर्षीय धनश्री शामिल हैं। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और अब उन्हें बच्चों के भविष्य तथा परिवार के भरण-पोषण की चिंता सता रही है।

शिक्षक, स्नातक खंड के लिए मतदान सम्पन्न

चंदौली। एमएलसी शिक्षक एवं स्नातक खण्ड के मद्देनजर मतदान की प्रक्रिया शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच सकुशल सम्पन्न हुई। इस दौरान जनपद के 10 मतदान केन्द्रों पर पंजीकृत मतदाताओं ने अपने मत का इस्तेमाल किया। चार बजे मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इसके बाद पोलिंग बूथ पर तैनात मतदान कर्मियों ने मतपेटियों को सील कर उन्हें पुलिस सुरक्षा पहड़िया में बने स्ट्रांग रूम ले गए। आंकड़ों पर गौर करें तो जिले में एमएलसी शिक्षक के लिए 71.70 प्रतिशत तथा एमएलसी स्नातक खण्ड के लिए मात्र 43.38 मतदाताओं ने मतदान किया। एमएलसी चुनाव को लेकर एक तरफ जहां जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा, वहीं दूसरी ओर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के समर्थक व पार्टी के लोग भी सुबह ही मतदान

स्नातक खण्ड के लिए पड़े ४३.३८ प्रतिशत मत

केन्द्रों के बाद अपने-अपने टेंट लगाकर मतदाता सूची व अन्य सुविधाओं के साथ मुस्तैद हो गया। इस दौरान पूरे दिन मतदाता सूची से लोगों के नाम को ढूंढकर पर्ची तैयार करने के साथ ही मतदाताओं को बूथों तक ले जाकर मतदान कराने तक के कार्य में पार्टी कार्यकर्ता व निर्दल उम्मीदवारों के समर्थक जुटे रहे। एमएलसी स्नातक की बात करें तो पंजीकृत मतदाताओं ने मतदान करने में कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखाई, पंजींकृत 27196 मतदाताओं के सापेक्ष 43.38 प्रतिशत ने बूथ पर जाकर वोट दिया, वहीं बहुत से मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं होने के कारण मतदान करने से वंचित रह गए। शिक्षक एमएलसी की बात करें तो पंजीकृत मतदाताओं के 3015 मतदाताओं के सापेक्ष 71.70 मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस दौरान बूथों पर पुलिस व पीएसी बल तैनात रहा। वहीं प्रत्याशियों के बूथ एजेंट पर वोट डालने वाले मतदाताओं की पहचान के काम में जुटे रहे, ताकि फर्जी वोटिंग के प्रयासों को नाकाम किया जा सके। इसके अलावा डीएम-एसपी के साथ ही मजिस्ट्रेटों ने पूरे दिन बूथों का चक्रमण कर शांति व्यवस्था व मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। सुबह आठ बजे शुरू हुआ मतदान शाम चार बजे तक चला। इस दौरान बूथों पर एक-एक कर मतदाता आते गए और अपने मतदान इस्तेमाल किया। मतदान के प्रति उत्साह में कमी के कारण बूथों पर मतदाताओं की भीड़ देखने को नहीं मिली।



एमएलसी चुनाव को लेकर बूथों का निरीक्षण करते डीएम, एसपी। छाया: आज

सड़क, पुल निर्माण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार- मनोज

चंदौली। पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू शुक्रवार को बरठी क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने रेलवे ओवरब्रिज की सड़क धंसने की सूचना पर मौका मुआयना किया। गड्ढे में उतरकर निर्माण सामग्री को चेक किया। इसके बाद सत्ता-शासन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। कहा कि ऐसी ही लापरवाही के कारण चंदौली के कटसिला में पुल गिरा था और अब ऐसी लापरवाही बरठी में देखने को मिल रही है। उन्होंने सीधे डीएम चंदौली चंद्रमोहन गर्ग को इसे संज्ञान में लेने और इनती बड़ी लापरवाही को दुरूस्त करने के साथ ही दोषियों को दंडित करने की आवश्यकता जताई। दरअसल बरठी में बने रेलवे ओवरब्रिज को जोड़ने वाली सड़क शुक्रवार को धंस गयी। जानकारी होते ही मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए और उन्होंने निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मौके पर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। जानकारी होते ही पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू भी बरठी पहुंच गए। इस दौरान ग्रामीणों ने पूर्व विधायक को सड़क निर्माण में बरती गयी लापरवाही व भ्रष्टाचार की जानकारी दी। मनोज सिंह डब्लू ने आरोप लगाया कि पुल और अप्रोच रोड के निर्माण में सीमेंट-गिट्टी के मानक को ताक पर रखकर पीली मिट्टी मिलाई गई है। कहा कि सड़क निर्माण के दौरान मिट्टी पर रोलर तक नहीं चलाया गया, जिससे पूरी संरचना अंदर से धंस रही है और हाथ लगाते ही भरभराकर गिर रही है। घटिया पुल बनाकर लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने चंदौली के डीएम व संबंधित पीडब्ल्यूडी व रेलवे अधिकारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि यदि इस धांधली की उच्चस्तरीय जांच नहीं हुई, तो सपा कार्यकर्ता और स्थानीय जनता के साथ अनिश्चितकालीन धरना और आंदोलन करेंगे। कहा कि भाजपा सरकार में अधिकारियों व नेताओं की मिलीभगत करके बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जिससे निर्माण परियोजनाएं कुछ ही समय में ध्वस्त हो जा रही है।



बाइक से गिरकर किशोरी गंभीर रूप से घायल

चंदौली। अनियंत्रित हुई बाइक से गिरकर शुक्रवार को अमदहां चरनपुर गांव निवासी सीताराम की पुत्री गुड़िया 18 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गयी, जिसे एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ पहुंचाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नौगढ़ थाना क्षेत्र के अमदहां चरनपुर गांव निवासी गुड़िया शुक्रवार को अपने रिश्तेदार के साथ बाइक से घर लौट रही थी। इस दौरान रास्ते में मलेवर गांव के समीप अनियंत्रित हुई बाईक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से मौके पर एंबुलेंस बुलाकर के उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देख कर बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मजदूर की मौत पर परिजन धरने पर

सकलडीहा । पुलिस लाइन में निर्माण कार्य के दौरान सातवीं मंजिल से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान भोजपुर गांव निवासी 34 वर्षीय अशोक राजभर के रूप में हुई है। घटना के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीण पुलिस लाइन के गेट पर धरने पर बैठ गए। वे निर्माण संस्था के खिलाफ कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। इसी लापरवाही के कारण अशोक सातवीं मंजिल से नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उसे ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों का दावा है कि पुलिस लाइन में सुरक्षा व्यवस्था की कमी के कारण यह नौवीं मौत है। मृतक अशोक परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसके परिवार में पत्नी गुड़िया देवी और चार बच्चे हैं। उसकी मौत से परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। घटना के बाद पहले परिजन स्टेट हाईवे पर बैठे और फिर पुलिस लाइन के गेट पर धरने पर बैठ गए। परिजनों ने प्रशासन से न्याय दिलाने, जिम्मेदार निर्माण संस्था के खिलाफ कार्रवाई करने और परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। वहीं, सीओ कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि मजदूर की गिरने से मौत हुई है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने नौ मजदूरों की मौत के आरोप को गलत बताया। घटना को लेकर परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

संक्षिप्त

सप्लाई का पानी सड़क पर बहने से राहगीरों को परेशानी

मुगलसराय। पीडीडीयू नगर से चकिया जाने वाले मुख्य मार्ग पर नाबदान और सप्लाई का पानी सड़क पर बह रहा है। इससे राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। कई दिनों से सड़क पर पानी जमा होने के कारण जगह-जगह गड्ढे और फिसलन है। इस स्थिति से दोपहिया वाहन चालकों के साथ पैदल चलने वालों के लिए भी दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। पानी जमा होने से सड़क के गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे वाहन चालक अनियंत्रित होकर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय राहगीरों रवि, मनोज, गोपाल, काशी, मनीष, सुभाष और पवन ने बताया कि कई दिनों से सड़क पर लगातार पानी बह रहा है। पैदल राहगीरों को भी गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। राहगीरों का कहना है कि यह मुख्य मार्ग है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते-जाते हैं। ऐसे में सड़क पर बह रहे पानी और गड्ढों की वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से इस समस्या का स्थायी समाधान, जल निकासी की व्यवस्था ठीक करने और गड्ढों की मरम्मत की मांग की है।

उर्वरक, कीटनाशी, बीज उत्पादों का मानक के अनुसार हो भंडारण

चंदौली। जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार यादव ने बताया कि जनपद के समस्त उर्वरक, कीटनाशी एवं बीज उत्पादों के विनिर्माताओं/सी० एण्ड एफ०/थोक विकेताओं /फुटकर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि आप द्वारा अपने प्रतिष्ठानों पर उत्पादों के भण्डारण हेतु निम्न बिन्दुओं का अनुपालन किया जाना अनिवार्य है : उर्वरक, कीटनाशी एवं बीज उत्पादों के भण्डारण में उत्पाद को सुरक्षित रखे जाने हेतु आवश्यक है कि उत्पादों को जमीन पर न रखकर पैलेट्स (लकडी / लोहा / प्लास्टिक) पर रखा जाये तथा दीवारों से सटाकर न रखा जाये, जिससे जमीन एवं दीवारों से नमी पाकर उत्पाद की गुणवत्ता पर कुप्रभाव न पड़े। उर्वरक, कीटनाशी एवं बीज के उत्पादों को एक ही गोदाम में न रखा जाये। एक ही गोदाम में रखे जाने से कीटनाशकों का प्रभाव उर्वरक एवं बीज पर पड़ सकता है, जो कि फसल उत्पादन एवं कृषकों के स्वास्थ्य हेतु हानिकारक हो सकता है।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने बतायी प्राथमिकता

मुगलसराय। भाजपा जिला महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रियंका तिवारी ने अपनी प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने कहा कि जिले में महिला शक्ति को एकजुट और संगठित करने के लिए गांव-गांव अभियान चलाया जाएगा। पुराने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर नए लोगों को भी संगठन से जोड़ा जाएगा और वर्ष 2027 के लिए महिलाओं को तैयार किया जाएगा। प्रियंका तिवारी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और जिला नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता पर भरोसा कर उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह इस विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी। जिले के प्रत्येक गांव, मंडल और विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं से संपर्क कर उन्हें संगठन से जोड़ना उनकी प्राथमिकता होगी।

धानापुर में शांतिपूर्वक मतदान

धानापुर। स्थानीय ब्लॉक परिसर में स्नातक और शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए वोटिंग सुबह 8 बजे शुरू हो गई । जो सायं 4 बजे तक मतदान जारी रहा । मतदान हेतु कुल पांच बूथ बनाए गए थे जिनमें चार स्नातक एमएलसी के लिए और एक शिक्षक एमएलसी के लिए रहा । मतदान केंद्र पर पुलिस प्रशासन की सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे एस जिसमें महिला और पुरुष पुलिसकर्मी बड़ी संख्या में तैनात हैं। बताया जाता है कि ब्लॉक धानापुर में शिक्षक एमएलसी के 386 वोट जबकि स्नातक एमएलसी के वोटरों की संख्या 4068 रही ।

दुर्गा पूजा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने सौंपा पत्रक

सकलडीहा। बीते दिनों कोतवाली गली के राजशाही मार्केट से मूर्ति विसर्जन के दौरान पुलिस की ओर से बच्चे सहित समिति के कार्यकर्ताओं पर बल प्रयोग करने का आरोप है। शुक्रवार को पूजा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर से मिलकर पुलिस की ओर से बर्बरता पूर्वक बल प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग किया। मंत्री ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। कोतवाली गली के राजशाही मार्केट में पूजा सेवा समिति की ओर से बीते कई सालों से भव्य मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया जाता है। मूर्ति विसर्जन के दौरान भव्य झांकी निकाली जाती है। बीते दिनों मूर्ति विसर्जन के दौरान टिमिलपुर दुर्गा मंदिर के समीप पुलिस की ओर से बर्बरता पूर्वक लाठी चलाये जाने का आरोप है। समिति के पदाधिकारियों ने पुलिस की ओर से पीटे गये बच्चों और समिति के सदस्यों को लेकर मंत्री अनिल राजभर से मुलाकात किया।

मिशन शक्ति के तहत किया गया कार्यक्रमों का आयोजन

चन्दौली। उ०प्र० शासन की मंशा के अनुरुप मिशन शक्ति फेज 6.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों द्वारा बाजारों, ग्रामीण क्षेत्रों व अन्य स्थानों पर महिलाओ/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के संबंध में संचालित योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेन्टर, 181 महिला हेल्पलाइन, पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला योजना,योजनाओं के बारे में बताया गया।

वार्षिक श्रृंगार महोत्सव में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

इलिया। क्षेत्र के गांधीनगर गांव में 25 अक्टूबर को मां शक्ति गौरी (मां दुर्गा) के वार्षिक श्रृंगार महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। मां के दिव्य श्रृंगार और पूजन-अर्चन के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय होने की उम्मीद है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोंड उपस्थित रहेंगे। महोत्सव के अवसर पर उसी रात आठ बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्ति और संस्कृति की छटा बिखरेगी। मां शक्ति गौरी के प्रति श्रद्धा और विश्वास से जुड़े इस वार्षिक आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। धार्मिक अनुष्ठान के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम महोत्सव को विशेष आकर्षण प्रदान करेंगे। उक्त जानकारी पिंटू बाबा ने दी।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आज श्री राम कथा में होंगे शामिल

धानापुर। स्थित दशमी तालाब परिसर में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक राजन जी महाराज की संगीतमय रामकथा चल रही हैं। इस पावन कथा के अंतिम दिन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शामिल होने आ रहे हैं। उपमुख्यमंत्री के आगमन का प्रोटोकॉल जारी होते ही जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है और तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। वीआईपी दौरे को देखते हुए सकलडीहा के एसडीएम आकांक्षा सिंह ने धानापुर पहुंचकर बनाए जा रहे हेलीपैड की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, अधिकारियों की आवाजाही और भीड़ नियंत्रण को लेकर मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कथा स्थल के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि कार्यक्रम में किसी तरह की बाधा न आए। सैयदराजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक के विशेष निमंत्रण पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक धानापुर के दशमी तालाब स्थित कथा स्थल पहुंच रहे हैं। यहां वे पूज्य राजन जी महाराज के श्रीमुख से बह रही रामकथा का श्रवण करेंगे और भगवान श्रीराम के चरणों में अपनी हाजिरी लगाएंगे। उपमुख्यमंत्री के आने की खबर से स्थानीय लोगों और आयोजकों में भारी उत्साह है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह के एक साथ धानापुर पहुंचने की खबर से क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। कथा के अंतिम दिन होने वाले इस भव्य आयोजन को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

सांड़ के हमले से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल

बबुरी । कस्बे के उत्तर महाल मोहल्ले में शुक्रवार की देर शाम सांड के हमले में 60 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। सांड ने उन्हें कई बार पटक दिया, जिससे उनकी आंख में सींग लग गई और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। आसपास के लोगों ने किसी तरह सांड को भगाया। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से घायल को जिला चिकित्सालय चंदौली भेजा गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, बबुरी कस्बा निवासी काशी केशरी 60 शुक्रवार की देर शाम अपने घर के बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान एक सांड वहां पहुंच गया। काशी केशरी उसे डंडे से भगाने लगे, तभी सांड ने अचानक उन पर हमला कर दिया। सांड ने उन्हें कई बार उठाकर पटका। इस दौरान उसकी सींग बुजुर्ग की आंख में लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सांड के हमले में लहूलुहान होकर काशी केशरी जमीन पर गिर पड़े और दर्द से तड़पने लगे। इसके बावजूद सांड उन पर हमला करता रहा। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और किसी तरह सांड को वहां से भगाया। इसके बाद घायल बुजुर्ग को एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय चंदौली पहुंचाया गया। चिकित्सालय में उनका उपचार चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद मोहल्ले में दहशत का माहौल बना हुआ है।

भाकियू टिकैत ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

चन्दौली। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर पुरे देश में स्पेशल इंटेनसिव रिविजन प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त कर उनके ऊपर मुकदमा चलाने बिना पार्दर्शिता के 13 करोड़ से ज्यादा नागरिकों के काटे गए मतों को तत्काल जोड़ने और 2023 में संसोधन किये चयन पैनल से कैबिनेट को हटाकर पैनल में पुन: सीजेआई को जोड़ने को लेकर जिले के तमाम तहसीलों में क्रमश: सकलडीहा में तहसील अध्यक्ष श्रवण मौर्या चंदौली में कन्हैया मौर्या चकिया में जिलाध्यक्ष सतीश सिंह चौहान नियामताबाद में अलाउदीन नौगढ़ में सुरेश मौर्या के नेतृत्व में सक्षम अधिकारियों को ज्ञापन सौपा गया। मंडल प्रवक्ता मणि देव चतुर्वेदी ने कहा कि जिस तरह बीते दिनों में चुनाव आयोग एक्सपोज हुवा है। उसको लेकर देश में आक्रोश है लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई में अब किसान पूरी तरह से शामिल हो चुके है।

आटा चक्की में करेण्ट उतरने से युवक की मौत

कमालपुर। विकास खण्ड बरहनी के खुरहट ग्राम सभा के परशुरामपुर गांव में शुक्रवार की भोर आटा चक्की की मशीन में 11 हजार वोल्ट का विद्युत करंट उतरने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद स्वजन में अफरा-तफरी मच गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। पत्नी और मासूम बेटी का रो-रोकर बुरा हाल रहा। परशुरामपुर निवासी बुचई बिंद का पुत्र वकील 27 वर्ष ने शुक्रवार की भोर आटा चक्की चला रहा था। इसी दौरान मशीन में 11 हजार वोल्ट का विद्युत करंट प्रवाहित हो गया, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में स्वजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर रामपुर चौकी प्रभारी विजय राय पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जांच-पड़ताल की। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर एंबुलेंस से जिला अस्पताल स्थित मर्चरी हाउस भेज दिया, जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके परिवार में पत्नी खुशबू और बेटी अंशिका हैं। घर के कमाऊ सदस्य की अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी खुशबू और बेटी अंशिका के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थी। गांव के प्रधान सहित ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उचित सहायता राशि उपलब्ध कराने की मांग की है,ताकि परिवार को इस मुश्किल घड़ी में कुछ राहत मिल सके।

शिक्षक,एमएलसी चुनाव में मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

चकिया। विकासखंड परिसर में शुक्रवार को खंड स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए बनाए गए तीन मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ। सुबह आठ बजे से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया शाम चार बजे तक चली। खंड स्नातक चुनाव में जहां 49.39 प्रतिशत मतदान हुआ, वहीं शिक्षक एमएलसी चुनाव में 77.66 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। खंड स्नातक चुनाव के लिए विकासखंड परिसर में दो बूथ बनाए गए थे। इन दोनों बूथों पर कुल 2,132 मतदाता पंजीकृत थेए जिनमें से 1,053 मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं, शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए बनाए गए एक बूथ पर कुल 273 मतदाताओं में से 212 मतदाताओं ने वोट डाले। मतदान के दौरान शिक्षक एमएलसी चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी खंड स्नातक की तुलना में अधिक रही। मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी मुस्तैद रहे। जोनल मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी विकास मित्तल, पुलिस क्षेत्राधिकारी अजीत कुमार चौहान तथा कोतवाल संजय सिंह ने मतदान केंद्र पर व्यवस्थाओं की निगरानी की। अधिकारियों की सक्रियता के बीच मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया।



प्री-मेगा कैम्प का आयोजन

चंदौली। माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार 01नवम्बर को जनपद चन्दौली में मेगा/वृहद विधिक सहयता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसके संबंध में 23 अक्टूबर को विकास खण्ड शहाबगंज चन्दौली में प्री-मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें समाज कल्याण अधिकारी पंकजए बी०डी०ओ० शहाबगंज दिनेश कुमार सिंह, स०वि०अ० अरविन्द कुमार सिंह, डी०पी०ओ० प्रभात कुमार, ए०डी०ओ० अजय प्रताप सिंह, सी०एच०एल० सुपरवाईजर रेखा मौर्या, होशिला देवी व मीना सिंह आ,बा, कार्यकत्री, मुख्य सेविका लीलावती देवी, लघु सिंचाई विभाग अभिषेक कुमार पाण्डेय, एन०सी०डी० दिनेश काउंसलर, शिक्षा विभाग विजयी प्रसाद, श्रम विभाग धिरेन्द्र कुमार तथा अन्य विभाग सम्मिलित रहे।

प्लेटफार्मों पर सफाई व्यवस्था को लेकर लग रहे सवालिया निशान

मुगलसराय। स्थानीय रेलवे स्टेशन व प्लेटफार्मों पर सफाई व्यवस्था को लेकर लोगों द्वारा सवालिया निशान उठाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि जब से रेलवे द्वारा सफाई व्यवस्था ठेकेदारी पर दिया गया है तक से दिनोंदिन सफाई व्यवस्था बद बदतर स्थिति में पहुंच रही है। बताया जाता है कि रेलवे स्टेशन से यात्री ट्रेनों में लगातार यात्रियों का अपने गंतव्य स्टेशन को रवानगी का सिलसिला जारी है, वहीं जनरल कोचों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूर अपने गृह जनपद जाने को यात्री कोच में खचाखच भरे हुए रहते है। ऐसे में स्थानीय रेलवे पर सफाई व्यवस्था सूचारू रखना व यात्रियों को स्टेशन पर स्वच्छ वातावरण बनाए रखना चुनौती बना हुआ है। ज्ञातब्य हो कि स्थानीय रेलवे स्टेशन पर एक दशक के अधिक समय से सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था ठेका पर दे दिया गया है। लोगों का कहना है कि इससे बेहतर सफाई जब रेल कर्मचारी सफाई का कार्य करते थे तो था। उनके समय में प्लेटफॉर्म या रेलवे ट्रेक दोनों स्वच्छता का प्रतीक थे, लेकिन रेलवे ने सफाई कर्मीयों के भर्ती न होने पर सफाईकर्मीयों की संख्या लगातार घटते गई वहीं कैरेज एण्ड वैगन विभाग में भी चर्तुथ श्रेणी कर्मचारी की भर्ती न होने से यात्री ट्रेनों में पानी भरने के लिए भी कर्मचारी न होने के कारण स्टेशन पर सफाई व यात्री ट्रेनों में पानी भरने का कार्य भी ठेकेदारी प्रथा में चला गया है। लेकिन रेल प्रसाशन को वह लाभ नही मिल रहा है।



घुरहूपुर में २५ अक्तूबर को सजेगा बौद्ध महोत्सव का मंच

इलिया। क्षेत्र के घुरहूपुर स्थित बौद्ध धर्म संस्थान परिसर में रविवार, 25 अक्टूबर को बौद्ध महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले इस महोत्सव में बौद्ध धर्म की शिक्षाओं, सामाजिक एकता और समरसता का संदेश गूंजेगा। आयोजन को लेकर ग्रामीणों और आयोजकों में उत्साह है। कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने के लिए तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। महोत्सव में राबर्ट्सगंज के सांसद छोटेलाल खरवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं, चकिया की पूर्व विधायक पूनम सोनकर, पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार और सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के चकिया विधानसभा क्षेत्र से जुड़े टोनी खरवार सहित कई जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम में चकिया के पूर्व प्रमुख सुधाकर कुशवाहा, शहाबगंज के जिला पंचायत सदस्य दशरथ सोनकर और खरौझा सहकारी समिति के अध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा भी शामिल होंगे। सामाजिक कार्यकर्ता शनि मौर्य, भंते धम्म ज्योति,भंते धम्म रक्षक, भंते धम्म बुद्धप्रकाश, भंते धम्म प्रकाश, रजनीश मौर्य, नरेंद्र मौर्य, महेंद्र मौर्य (मास्टर) और गिरधारी मौर्य समेत अन्य लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। घुरहूपुर में आयोजित होने वाला यह महोत्सव बौद्ध धर्म के अनुयायियों और क्षेत्रीय लोगों के लिए एकजुटता का अवसर बनेगा। आयोजन के माध्यम से लोगों को भगवान बुद्ध के शांति, करुणा, मैत्री और मानवता के संदेशों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

सागर स्पोर्टिंग क्लब की ओर से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन

पड़ाव। सागर स्पोर्टिंग क्लब की ओर से शुक्रवार को पूजा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। विसर्जन से पूर्व कमेटी के सदस्यों ने चारपहिया वाहनों पर प्रतिमाओं को विराजमान कर फूल-मालाओं से आकर्षक ढंग से सजाया। इसके बाद श्रद्धालु पड़ाव चौराहे से चौरहट, भोजपुर, सेमरा और कटेसर होते हुए ढोल-नगाड़ों एवं गाजे-बाजे के साथ रामनगर पोखरा पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालु अबीर-गुलाल उड़ाते हुए भक्ति गीतों पर झूमते और नाचते नजर आए। पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा। रामनगर पोखरा पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद नम आंखों से मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का पोखरे में विसर्जन किया। श्रद्धालुओं ने मां से अगले वर्ष पुन:आगमन की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर सागर स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष सागर साहनी ने दुर्गा पूजा को सफल बनाने में सहयोग देने वाली सभी माताओं-बहनों और पूजा कमेटी के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी के सहयोग और समर्पण की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह सहयोग बनाए रखने की अपील की।



चीन से लद्दाख पर फिर टकराव, राज्य का दर्जा अब भी अधर में

28 स्थानों के नामों पर बीजिंग की आपत्ति; केंद्र के प्रस्ताव पर स्थानीय नेतृत्व असंतुष्ट

जम्मू (आससे)। लद्दाख की क्षेत्रीय संप्रभुता को लेकर भारत और चीन एक बार फिर आमने-सामने हैं। भारत ने लद्दाख को देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा बताते हुए चीन की आपत्तियों को खारिज कर दिया है। लेकिन विडंबना यह है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षेत्रीय स्थिति स्पष्ट करने वाला केंद्र लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और स्थानीय लोगों की प्रमुख संवैधानिक मांगों पर अब तक सहमति नहीं बना पाया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 2 अक्टूबर को लद्दाख के 28 भौगोलिक स्थलों और विशेषताओं के नाम भारतीय सर्वेक्षण विभाग के आधिकारिक मानचित्र पर मानकीकृत किए थे। इनमें 10 चोटियां, दो दर्रे, सात भूभाग, तीन पर्वत, दो जलाशय, दो हिमनद, एक घाटी और एक नदी शामिल हैं। इनमें गोगरा और हाट स्प्रिंग जैसे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के संवेदनशील क्षेत्र भी हैं। चीन ने इस कदम का विरोध करते हुए लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश के रूप में मान्यता देने से इनकार कर दिया। याद रहे 13 अक्टूबर को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दोहराया था कि चीन के इनकार से भारत की स्थापित क्षेत्रीय स्थिति नहीं बदल सकती। वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख में सैन्य टकराव के दौरान गलवान घाटी में भारत के 20 सैनिकों की मौत हुई थी। फिर अक्टूबर 2024 में दोनों देशों के बीच सैन्य गतिरोध कम करने के लिए समझौता हुआ था, लेकिन सीमा विवाद का स्थायी समाधान अभी बाकी है। दूसरी ओर, लद्दाख में राजनीतिक असंतोष बना हुआ है। लेह एपेक्स बाडी और करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस राज्य का दर्जा, छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा और स्थानीय भूमि, रोजगार तथा संस्कृति की रक्षा की मांग कर रहे हैं। यह सच है कि इस मामले पर 15 अक्टूबर को केंद्र और लद्दाख के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता बेनतीजा रही। केंद्र के 32 पृष्ठों के मसौदे को स्थानीय नेताओं ने अपर्याप्त बताया। और 22 अक्टूबर को प्रस्तावित अगली बैठक भी निमंत्रण नहीं मिलने के कारण नहीं हो सकी। यही कारण है कि सीमा पर संप्रभुता के सवाल पर भारत का रुख स्पष्ट है, लेकिन लद्दाख के राजनीतिक भविष्य पर केंद्र और स्थानीय नेतृत्व के बीच सहमति अब भी दूर है।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुरः** बैंक रोड, **प्रयागराजः 3,**लीडर रोड, **कानपुरः** बांसमण्डी, **झांसीः** झोंकन बाग, **लखनऊः 1,**जापलिंग रोड, **आगराः** महात्मा गांधी रोड, **बरेलीः** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटनाः** फ्रेजर रोड, **रांचीः** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुरः** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022459

आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57

फोन:- 2393981 से 2393987 तक

E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com

Website : www.ajhindidaily.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-प्रापण निविदा सं.:
उप मु.इं.-निर्माण-एलजेएन-09-2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदायें आमन्त्रित करते हैं:-

क्रम सं.-1, खुली निविदा संख्याः उप मु.इं.-नि.-एलजेएन-09-2026, दिनांक 22-10-2026, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में बुढ़वल-सीतापुर सिटी तीसरी और चौथी लाईन (103 कि०मी०) परियोजना के अन्तर्गत चौकाघाट यार्ड में फॉर्मेशन का कार्य, प्लेटफार्म का कार्य, पैदल उपरिगामी सेतु का विस्तार, रेलपथ के कार्य, दीर्घ पुलों का कार्य एवं अन्य विविध कार्य तथा तहसील फतेहपुर, परसेंडी और सरैया यार्ड में भवन निर्माण, अप्रोच रोड, पैदल उपरिगामी सेतु का विस्तार और अन्य विविध कार्य। अनुमानित निविदा मूल्यः ₹ 86,91,00,536.03, बयाना राशिः ₹ 1,73,82,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः -निल-, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 18 (अठारह) माह।

● क्रम सं.-1, ई-टेण्डर डालने की अन्तिम तिथि 30-11-2026 समय 15:00 बजे तक है तथा उसी दिन 15:30 बजे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर के कार्यालय में खोली जायेगी। ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* अथवा वेबसाइट *www.ner.indianrailways.gov.in* पर भी देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण-II,
मुजाधि/डब्लू-388 लखनऊ जं०

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे.
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	**PARKING-LKO-MBDP-MX-193-26-1 (Parking - Mixed)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	19.10.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	03.11.2026 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	03.11.2026 समय 10:30 बजे
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	**PARKING-LKO-BSB-MX-187-26-1 (Parking - Mixed)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	19.10.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	03.11.2026 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	03.11.2026 समय 10:40 बजे
नीलामी का प्रकार	Close Ended
वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

3700/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पूर्वोत्तर रेलवे

नीलामी/शुद्धिपत्र सूचना सं.-18/2026-27

माह अक्टूबर -2026 के प्रकाशित ई-नीलामी तिथियों के साथ निम्नलिखित अतिरिक्त तिथि शामिल किया जाता है।

अतिरिक्त ई-नीलामी तिथियां: 31 अक्टूबर- 2026, **अधीनस्थ लॉट** : उपमुसाप्र/डिपो/इज्जतनगर

माह अक्टूबर- 2026 के प्रकाशित ई-नीलामी तिथि का संशोधन शामिल किया जाता है।

पूर्व में प्रकाशित ई-नीलामी तिथि : 28 अक्टूबर - 2026, संशोधित ई-नीलामी तिथि : 30 अक्टूबर- 2026, अधीनस्थ लॉट : वमंसाप्र/लखनऊ, पूर्व में प्रकाशित ई-नीलामी तिथि : 23 अक्टूबर - 2026, संशोधित ई-नीलामी तिथि : 31 अक्टूबर- 2026, अधीनस्थ लॉट : वमंसाप्र/वाराणसी, नीलामी सूचना सं-14/2026-27 के तहत प्रकाशित अन्य **ई-नीलामी तिथियाँ एवं शर्तें यथावत रहेंगी।** यह सूचना पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाईट **www.ner.indianrailways.gov.in** पर भी देखा जा सकता है।

मुजाधि/एस- 75 **प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं. 1. निविदा सं० वमंविइं-टीआरडी-लजं-ओटी-234, कार्य का विवरण - पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में MND - CRV UP लाइन के बीच नए पुल नंबर 238 के निर्माण (पुराने पुल को बदलने) के कारण ओएचई संशोधन कार्य। ई-निविदा बन्द होने की तिथि व समय - 16.11.2026 व 15.00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि व समय- 16.11.2026 व 15.30 बजे, अनुमानित लागत - 1,08,68,092.99 रू०, बयाना राशि - 2,17,400.00 रू०, निविदा मूल्य - 0.00 रू०, कार्य सम्पादन की अवधि - 09 माह।

क्र.सं. 2. निविदा सं० वमंविइं-टीआरडी-लजं-ओटी-235, कार्य का विवरण - पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में 08 नंबर स्टेशनों (KPE-PF-1, PPW-PF-1, GIR-PF-1&2, SNC-PF-2, BUW-PF-2, CLJ-PF-2, LC-PF-4 और ASH-PF-2&3) पर 09 नंबर पैसेंजर प्लेटफॉर्म के विस्तार के कारण ओएचई संशोधन कार्य। ई-निविदा बन्द होने की तिथि व समय - 16.11.2026 व 15.00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि व समय- 16.11.2026 व 15.30 बजे, अनुमानित लागत - 1,43,73,042.75 रू०, बयाना राशि - 2,87,500.00 रू०, निविदा मूल्य - 0.00 रू०, कार्य सम्पादन की अवधि - 09 माह।

क्र.सं. 3. निविदा सं० वमंविइं-टीआरडी-लजं-ओटी-236, कार्य का विवरण - पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में 07 नंबर स्टेशनों (LKNR-PF-1, BUW-PF-3, ORW-PF-1, TH-PF-1, GOVR-PF-1, CRV-PF-1 & JLD-PF-1) पर 07 नंबर पैसेंजर प्लेटफॉर्म के विस्तार के कारण ओएचई संशोधन कार्य। ई-निविदा बन्द होने की तिथि व समय - 16.11.2026 व 15.00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि व समय- 16.11.2026 व 15.30 बजे, अनुमानित लागत - 1,43,30,593.68 रू०, बयाना राशि - 2,86,600.00 रू०, निविदा मूल्य - 0.00 रू०, कार्य सम्पादन की अवधि - 09 माह।

नोट-1. इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। 2. विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की बेवसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।

वरि० मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/लखनऊ
मुजाधि/विद्युत - 238

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे **ई-नीलामी सूचना**

भारत के महामहिम राष्ट्रपति महोदय जी की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मण्डल द्वारा भारतीय रेलवे में पंजीकृत वेंडरों से ई-नीलामी के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। यह ई-नीलामी पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मण्डल की सामान्य एवं एलएचवी कोचों के रूप में संचालित विभिन्न मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में 3.9/4 टन क्षमता वाले एसएलआर तथा 24 टन क्षमता वाले वीपीयू के पट्टे पर आवंटन हेतु की जा रही है।

उक्त कार्यों/पट्टों का आवंटन 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र पंजीकृत वेंडर निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

पार्सल लीजिंग हेतु ई-नीलामी किये जाने का विवरण निम्नवत है:-

ई-नीलामी कैटलाग सं.: BSB-PARCELLEASI

क्रम सं.	कार्य का विवरण	ई-नीलामी का समय
1	गाड़ी संख्या 14853 का FSLR कम्पार्टमेंट का लीजिंग	11:00-11:30
2	गाड़ी संख्या 19046 का FSLR कम्पार्टमेंट का लीजिंग	11:00-11:40
3	गाड़ी संख्या 12559 का RSLR कम्पार्टमेंट का लीजिंग	11:00-11:50
4	गाड़ी संख्या 22585 का FSLR कम्पार्टमेंट का लीजिंग	11:00-12:00
5	गाड़ी संख्या 22132 का FSLR कम्पार्टमेंट का लीजिंग	11:00-12:10
6	गाड़ी संख्या 13138 का FSLR कम्पार्टमेंट का लीजिंग	11:00-12:20
7	गाड़ी संख्या 11072 का FSLR कम्पार्टमेंट का लीजिंग	11:00-12:30
8	गाड़ी संख्या 22589 का FSLR कम्पार्टमेंट का लीजिंग	11:00-12:40
9	गाड़ी संख्या 15138 का RSLR कम्पार्टमेंट का लीजिंग	11:00-12:50
10	गाड़ी संख्या 14865 का FSLR कम्पार्टमेंट का लीजिंग	11:00-13:00
11	गाड़ी संख्या 20942 का RSLR कम्पार्टमेंट का लीजिंग	11:00-13:10
12	गाड़ी संख्या 14863 का FSLR कम्पार्टमेंट का लीजिंग	11:00-13:20
13	गाड़ी संख्या 22536 का FSLR कम्पार्टमेंट का लीजिंग	11:00-13:30
14	गाड़ी संख्या 20962 का FSLR कम्पार्टमेंट का लीजिंग	11:00-13:40
15	गाड़ी संख्या 12225-26 का VPU का लीजिंग	11:00-13:50
16	गाड़ी संख्या 22583-84 का VPU का लीजिंग	11:00-14:00
17	गाड़ी संख्या 12581-82 का VPU का लीजिंग	11:00-14:10
18	गाड़ी संख्या 22536-35 का VPU का लीजिंग	11:00-14:20

क्रम सं.-1 से क्रम सं.-18 तक ई-नीलामी की तिथिः 02-11-2026

जमानत राशि (रू०में) (For SLR Short Term Contract) :
कॉन्ट्रेक्ट की वार्षिक कीमत का 10% (For SLR, Short Term Contract)

जमानत राशि (रू०में) (For SLR)	EMD amount will be equivalent to 10 trips lump-sum leased freight subject to minimum of Rs. 5 lakh.
जमानत राशि (रू०में) (For VPU)	EMD amount will be equivalent to 5 round trips lump-sum leased freight subject to minimum of Rs. 10 lakh.
वेबसाइट पताः	www.ireps.gov.in

नोटः (1) ई-नीलामी IREPS (E-Auction leasing Portal) पर निर्धारित तिथि एवं समय पर ऑनलाईन होगी। **(2)** ई-नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर रू. 10,000/- + GST (Non Refundabel) ऑनलाईन जमा कर एक बार पंजीकरण कराना आवश्यक है एवं साथ ही उसके पास भारतीय स्टेट बैंक (SBI) में चालू खाता हो जो IREPS से लिंक हो, अमानत राशि (EMD) का भुगतान/कटौती ऑनलाईन उसी खाते से होगी। **(3)** ई-नीलामी (E-Auction)से संबंधित नियम एवं शर्तों की पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in)के E-Auction leasing Section में उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य-**177** **मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), वाराणसी**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो०नि०वि०,सोनभद्र

पत्रांक:-1967/3ए दिनांक:-15.10.2026

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

1. महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 सरकार की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0 सोनभद्र द्वारा उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के मार्ग कार्य हेतु पात्र एवं पंजीकृत श्रेणी A ,B,C व D यथा अनुमन्य ठेकेदारों से अधोलिखित कार्यों हेतु प्रतिशत दर के आधार पर ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि I.T.B. के क्लाज '3' के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है।

क्र0सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र की लागत	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
शक्तिनगर विशेष क्षेत्र, विकास प्राधिकरण (साडा) योजनान्तर्गत स्वीकृत										
1	सोनभद्र	बिल्ली मारकुण्डी टोला खैरटिया में राजेश चौहान के मकान से होते हुए सुब्बालाल के मकान तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	26.60	2.66	2 माह	Rs.860.00 (Including GST)	CD-2, PWD,SONEBHADRA	MIRZAPUR CIRCLE, MIRZAPUR	CHIEF ENGINEER, MIRZAPUR ZONE, MIRZAPUR	A,B,C,D
2	सोनभद्र	बिल्ली मारकुण्डी टोला खैरटिया में दीह बाबा से होते हुए अरूण प्रजापति के मकान तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	21.50	2.15	2 माह					A,B,C,D
3	सोनभद्र	ग्राम पंचायत सुपाचुआ में पक्की रोड रामनेवाज के घर से स्वर्गीय रामप्यारे के घर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	22.90	2.29	2 माह					A,B,C,D
4	सोनभद्र	ग्राम पंचायत धनखोर में मनरूप लोहार के घर से मेन रोड अशोक गुप्ता के घर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	26.90	2.69	2 माह					A,B,C,D
5	सोनभद्र	ग्राम चक चपकी मेन रोड से लाल बहादुर के घर से सतनहर विश्वकर्मा के घर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	17.50	1.75	2 माह					A,B,C,D

बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://tender.up.nic.in व Prahari Software पर दिनांक 27.10.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 04.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 04.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है, इसकी तकनीकी बिड दिनांक 04.11.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, सोनभद्र में खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी साफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2,लो0नि0वि0,
सोनभद्र।

उ.प्र.-259085
दिनांक-22.10.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
लघु डाल नहर खण्ड, मीरजापुर

ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यो की
अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या : 12/अधि0अभि0/ई-निविदा/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से तालिका सं0-01 में निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** के माध्यम से **सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से** तालिका सं0-02 में निहित कार्यक्रम के अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती हैं एवं विभाग द्वारा गठित समिति के सदस्यों द्वारा निहित कार्यक्रम के अनुसार खोली जायेंगी।

तालिका सं0-01

लॉट सं0	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित मात्रा	धरोहर धनराशि (रूपया में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 में	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1.	Erection/Laying of M.S. Pipe size 450 mm dia with Construction of Pedestal at Bagharu Feeder Pump Canal District-Sonbhadra.	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	42500.00	45 दिवस	300 + 18% + 500 स्टेशनरी चार्ज	यॉत्रिक 'ए' श्रेणी तथा सिविल 'सी' श्रेणी एवं उच्च

तालिका सं0- 02

Sl No.	Particulars	Date	Time
1	Upload on website	27-10-2026	02.00 PM
2	Bid Submission Start	27-10-2026	03.00 PM
3	Bid Submission End	12-11-2026	01.00 PM
4	Technical Bid Opening	12-11-2026	02.00 PM
5	Financial Bid Opening	Date & Place to be decided after technical bid evaluation and it will be communicated online to successful bidders in technical bid.	

नोट :-

1. इस ई-निविदा की सूचना, विवरण व शर्तें उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in, सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.nic.up पर उपलब्ध है।
2. इस ई-निविदा की सूचना से सम्बन्धित शर्तें एवं शुद्धिकरण सम्बन्धी सूचनायें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध करायी जायेगी। निविदादाता कृपया उक्त वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करनें का कष्ट करें।
3. कार्यालय बन्द होने या छुट्टी/अवकाश होने की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

(राजाराम चौधरी)
अधिशासी अभियन्ता
लघु डाल नहर खण्ड, मीरजापुर

उ.प्र.-259120
दिनांक-22.10.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

त्योहारी मांग को देखते हुए कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की समयसीमा बढ़ी

नयी दिल्ली (आससे)। केंद्र सरकार ने घरेलू बाजार में चीनी की उपलब्धता बढ़ाने और त्योहारी मांग को पूरा करने के लिए 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की समयसीमा 31 दिसंबर तक बढ़ा दी है। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, टैरिफ रेट कोटा (टीआरक्यू) के तहत आयात की अनुमति अब इस साल 31 दिसंबर तक रहेगी। इससे पहले यह समयसीमा 31 अक्टूबर निर्धारित की गई थी। सरकार के इस फैसले का उद्देश्य घरेलू बाजार में चीनी की आपूर्ति बढ़ाना है।

दरोगा पुत्र हत्याकांड में दो आरोपी मुठभेड़ में घायल

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार के गया जी की सिद्धार्थपुरी में दरोगा के दो बेटे को गोली मारने की घटना में पुलिस ने बड़ी कारवाई की है देर रात छापामारी के दौरान पुलिस टीम पर आरोपियों ने फायरिंग कर दी। मुफस्सिल थाना के भिक्षा गांव में पुलिस और आरोपियों के बीच हुई मुठभेड़ में हत्याकांड के आरोपी श्याम बिहारी और गौरव उर्फ काला के पैर में गोली लगी है। दोनों घायलों को इलाज के लिए पुलिस कस्टडी में अस्पताल भेजा गया ।गया के एसएसपी सुशील कुमार ने बताया कि 19 अक्टूबर 2026 की रात मानपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नौरंगा आहार के पास दरोगा सुधांशु शेखर उर्फ पिंटू सिंह के दोनों बेटे रानू सिंह और मोनू सिंह को अपराधियों ने गोली मार दी थी।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय :- आईसीआईसीआई बैंक टॉवर, चकली सर्कल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007 व्यावसायिक कार्यालय:-आईसीआईसीआई बैंक टॉवर्स, बान्द्रा-कुर्ला,काम्प्लैक्स मुम्बई-400 051

सोने की नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/उधारकर्ताओं को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से सोने के आभूषणों के बदले लिए गए ऋण की बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया था। भुगतान में विफल रहने के कारण, गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी **23 नवम्बर, 2026** को की जाएगी। यदि उधारकर्ता की मृत्यु हो जाती है, तो सभी नियम और शर्तें उनके संबंधित कानूनी उत्तराधिकारी/उत्तराधिकारियों पर लागू होंगी।

ऋण खाता संख्या	कर्जदार का नाम	नीलामी शाखा का पता
शाखा का नाम : आगरा-मथुरा रोड		
191457000080	सोनी जादोन	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मयूर कॉम्प्लेक्स, नगला पदी, आगरा मथुरा रोड, आगरा, उत्तर प्रदेश-282005
शाखा का नाम : आगरा-सिकन्द्रा		
156805002154	मंजू सिंघल	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 6/9, आशीर्वाद वाटिका, सिकंदरा बोडला रोड, आगरा, आगरा जिला, उत्तर प्रदेश - 282007
शाखा का नाम : अलीगढ़		
032757000163	मो०जुनैद अरफीन	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, नंबर 2, कोर्ट ऑफ वार्ड्स कंपाउंड, आगरा रोड, सामने गांधी पार्क, अलीगढ - 202001
शाखा का नाम : इलाहाबाद-चौक		
030905006166	ऋषभ कुमार चौरसिया	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 56/87 के.पी. कक्कड़ रोड, चौक, इलाहाबाद -211003
शाखा का नाम : बांदा		
241362001126	शिव प्रताप सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, नगर पालिका संख्या 348/25, प्लॉट संख्या 9216, गलबल बाजार, गूलर नाका, रामगंज, बांदा, उत्तर प्रदेश - 210001
शाखा का नाम : बिश्वान-ब्रहम्मानी टोला		
490657000125	आशीष कुमार मौर्या	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मकान नंबर 21/292, मोहल्ला ब्राह्मणी टोला, वार्ड पठानी टोला, टाउन बिसवां, तहसील बिसवां, जिला: सीतापुर, उत्तर प्रदेश-261201
शाखा का नाम : फैजाबाद		
029057000100	किसमतुल किसमतुल	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 19, 22, नाहर बाग, नियावाह, फैजाबाद, उत्तर प्रदेश - 224001
शाखा का नाम : फैजाबाद-सिविल लाइंस		
157257000155	मो०तबिस खान	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बी स्क्वायर, 4101 सिविल लाइन्स, फैजाबाद, फैजाबाद जिला, उत्तर प्रदेश। - 224001
शाखा का नाम : हैदरगढ़		
097257000201	मोहित सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, भूमि खसरा नंबर 602, पुराना 503/3, मोहल्ला मटखेला, लिलोहारा, लखनऊ सुल्तानपुर रोड, हैदरगढ -227301
शाखा का नाम : जसवन्तनगर		
319662002362	बेबी राठौर	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 34/3, कैस्ट, कैस्ट बस स्टैंड रोड, जीजीआईसी रोड, कटरा पुख्ता, जसवन्तनगर, जिला-इटावा, उत्तर प्रदेश। -206245
शाखा का नाम : जौनपुर		
089057070629	आयुष गुप्ता	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 329, वाजिदपुर, शहर परगना हवेली, जौनपुर, उत्तर प्रदेश। - 222002
शाखा का नाम : झांसी-बी.के.डी चौराहा		
532162000038	राजेन्द्र जाटव	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, नगर निगम नंबर 407, राज स्टेट सी.पी. मिशन कंपाउंड, वार्ड नंबर 54, ग्वालियर रोड, झांसी, उत्तर प्रदेश -284003
शाखा का नाम : कानपुर-श्यामनगर		
417857000095	किरन यादव	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 62, रामपुरम III, दहेली सुजानपुर, मेन पीएसी रोड, श्याम नगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश - 208013
417857000097	किरन यादव	
शाखा का नाम : कानपुर-नौबस्ता		
060057000127	निसार अहमद	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 277बी, प्लॉट नंबर 1046, उपकार गेस्ट हाउस, हमीरपुर रोड, नौबस्ता, कानपुर - 208021
शाखा का नाम : कानपुर-स्वरूपनगर		
099857000095	कुसुम वर्मा	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग 113/171 स्वरूप नगर कानपुर -208002
शाखा का नाम : कौशाम्बी-सिराथू		
100162001478	रघुराज प्रताप सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वार्ड नंबर 11, सैनी रोड, संस्कार गेस्ट हाउस, सिराथू, जिला कौशांबी - 212217, उत्तर प्रदेश
शाखा का नाम : लखीमपुर-खीरी		
105457000526	अजीत सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मोहल्ला थरबरनगंज, थरबरनगंज रोड, लखीमपुर खीरी - 262701
105457000537	कीर्ति कीर्ति	
शाखा का नाम : लखनऊ-रिंग रोड		
470457000101	अजय भान सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 7, बसंत विहार कॉलोनी, शंकरपुरवा, वार्ड-11, मेन रिंग रोड, लखनऊ - 226022, उत्तर प्रदेश
शाखा का नाम : लखनऊ-गोमतीनगर एक्सटेंशन		
387705001337	श्रृष्टि सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 1/755, वरदान खंड, सेक्टर 1, गोमती नगर एक्सटेंशन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226010
शाखा का नाम : लखनऊ-विभूतिखण्ड		
167105002643	प्रशान्त तिवारी	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, टीसी 56 वी ए, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, लखनऊ जिला, उत्तर प्रदेश- 226010
शाखा का नाम : महोबा		
745105001532	मोहम्मद शमीम	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 14, गांधी नगर, महोबा - 210427, उत्तर प्रदेश
शाखा का नाम : मथुरा		
027457000368	आशा शर्मा	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 217/360, केसोपुर, भूतेश्वर रोड, मथुरा उत्तर प्रदेश - 281004
शाखा का नाम : मथुरा-कोशीकलान		
158257000266	शिव कान्त	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 1112/1ए, प्लॉट नंबर 44, गली नंबर 3, आर्य नगर, कोशी कलां मथुरा जिला, ऊपर - 281403
शाखा का नाम : मऊ		
066657000094	सतीश गुप्ता	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 218, असीम गृहस्थ पेट्रोलियम, मिर्जाहदीपुरा बाईपास रोड, मऊ उ०प्र० - 275101
शाखा का नाम : रायबरेली-सिविल लाइंस		
491757000058	सिराज बेग	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, रामाम कॉम्प्लेक्स, 1045/ए, सामने। फिरोज गांधी कॉलोनी, रायबरेली, उत्तर प्रदेश - 229001
491757000071	सिराज बेग	
491757000073	मुख्तार बेग	
शाखा का नाम : राजातालाब		
809257000063	प्रीती हलवाई	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एनएच 19, वाराणसी प्रयागराज रोड, मौजा बीरभानपुर परगनन, कसवरराजा तहसील, राजातालाब (वाराणसी), उत्तर प्रदेश - 221311
शाखा का नाम : रॉबर्ट्सगंज		
089157000434	मनिन्द्र कुमार राय	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वीर बजाज शो रूम, प्लॉट नंबर 389,390,392, बाई पास रोड, कोतवाली के पास, रॉबर्टगंज, सोनभद्र जिला, ऊपर -232216
089157000433	आशीष वर्मा	
089157000216	सिद्धार्थ कन्नौजिया	
शाखा का नाम : उन्नाव		
082205003185	चांदनी मिश्रा	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 1107, गांधी नगर, उन्नाव - 209801
शाखा का नाम : वाराणसी-एच. विश्वेश्वरगंज		
485857000063	नंदिता मुल्लिक	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, के 46/121 हरतीरथ, विशेश्वरगंज, वाराणसी - 221001, उत्तर प्रदेश
शाखा का नाम : वाराणसी-लहुराबीर		
475957000165	राजन सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, सी 26/35-38-आर, रामकटोरा, लहुराबीर, वाराणसी -221001, उत्तर प्रदेश
शाखा का नाम : वाराणसी-सुन्दरपुर		
494557000242	बिपिन कुमार	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बी-236-के-ए, नेवादा, सुंदरपुर, वाराणसी - 221005, उत्तर प्रदेश
शाखा का नाम : वाराणसी-सिकरौल		
386957000057	रुपम सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एस-2/326 ई, मोहल्ला/वार्ड सिकरौल, वाराणसी, जिला-वाराणसी, उत्तर प्रदेश - 221002
शाखा का नाम : भरतपुर नईमण्डी		
685757015547	राहुल सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, सिम्पसन एजेंसियां, रणजीत नगर मोड़, स्टेशन रोड, भरतपुर, राजस्थान - 321001

नीलामी उपरोक्त तालिका में उल्लिखित पते और तिथि पर आयोजित की जाएगी। समयः दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/तरीके में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इच्छुक पक्ष नीलामी के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए उपर्युक्त शाखाओं में जा सकते हैं।

दिनांकः 24-10-2026

स्थानः आगरा,अलीगढ़,अयोध्या,झांसी,कानपुर नगर, लखनऊ, मथुरा,प्रयागराज,उन्नाव,रायबरेली, सीतापुर,सोनभद्र,वाराणसी,कौशाम्बी,बांदा,बाराबंकी,इटावा,जौनपुर,खीरी,महोबा,मऊ,प्रतापगढ़

भवदीय, हस्ताक्षरकर्ता/-
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

शेष

नयी विश्व व्यवस्था...

बढ़कर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्लाउड कंप्यूटिंग, इंजीनियरिंग, डेटा विश्लेषण और उत्पाद विकास जैसे उन्नत क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। मोदी ने आगाह किया कि जब दुनिया नई व्यवस्था की तलाश कर रही है, तब कुछ लोग भारत में अव्यवस्था का सपना देख रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग विदेश जाकर भारत की छवि खराब करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के दौर में दुनिया के सामने मजबूत भारत की छवि होनी चाहिए। इस अवसर पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में अशांति के पीछे बाहरी प्रोत्साहन और समर्थन भी रहा है। कुछ लोग अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए ऐसी परिस्थितियों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक बदलाव, सीमाओं से परे बढ़ती राजनीति, प्रौद्योगिकी के प्रसार और अर्थव्यवस्थाओं के वैश्वीकरण के साथ दुनिया में अस्थिरता और अनिश्चितता भी बढ़ी है।

युवाओंको...

कर रहे थे। मोदी ने कहा कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से देश की शिक्षा व्यवस्था को नए भारत की जरूरतों के अनुरूप बनाया जा रहा है। इसमें भारतीय परंपराओं और ज्ञान के साथ मातृभाषा में शिक्षा, आधुनिक विज्ञान और उभरती प्रौद्योगिकियों पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी संस्थानों को राष्ट्रीय विकास और देश का गौरव बढ़ाने के साझा लक्ष्य के लिए काम करना चाहिए। समाज को विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ एकजुट करने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में विदेशों से चोरी की गई 650 से अधिक प्राचीन मूर्तियों और पुरावशेषों को भारत वापस लाया गया है। इससे देश की सांस्कृतिक विरासत को पुनर्स्थापित करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि भारत के सांस्कृतिक स्थलों को वैश्विक पहचान मिल रही है और वे यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में भी जगह बना रहे हैं। तीन दिवसीय सम्मेलन में भारत और विदेशों से नौ हजार से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। यह सम्मेलन स्वामी चिन्मयानंद द्वारा 1951 में स्थापित चिन्मय मिशन के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सालभर के समारोहों का समापन है। मिशन ने आध्यात्मिक शिक्षा, सांस्कृतिक संरक्षण, युवा सशक्तीकरण और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में व्यापक कार्य किया है।

यूपी एमएलसी चुनाव...

शिक्षक निर्वाचन सीट पर रायबरेली 63.14 प्रतिशत मतदान के साथ पहले स्थान पर रहा। खीरी में 62.89, सीतापुर में 57.87, बाराबंकी में 56.37 और हरदोई में 52.21 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रतापगढ़ में 49.12 प्रतिशत और लखनऊ में सबसे कम 43.72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

राहुलको हल्के...

रॉकेट लॉन्च नहीं होते, जितनी बार कांग्रेस अपने नेता को लॉन्च करने की असफल कोशिश करती है। राहुल गांधी मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है। उनका दावा है कि यह सब भाजपा के इशारे पर हो रहा है। थरूर ने प्रधानमंत्री के उस आरोप का भी जवाब दिया, जिसमें कहा गया था कि गांधी परिवार और उसका उपनाम अब खुद कांग्रेस के लिए बोझ बन गया है।

कोलकाता : मोस्ट...

अनुसार, मंगल पश्चिम मेदिनीपुर जिले के सालबोनी का रहने वाला है, जबकि मालती झारग्राम जिले के गोपीबल्लभपुर की निवासी है। हालांकि, दोनों की माओवादी गतिविधियां मुख्य रूप से झारखंड में केंद्रित रही थीं। वे कभी-कभार ही पश्चिम बंगाल आते थे। दोनों पर घोषित इनाम में मंगल के सिर पर पांच लाख रुपये और मालती पर दो लाख रुपये का इनाम शामिल था। कोलकाता पुलिस आयुक्त अजय के. नंद ने बताया कि मंगल करीब 2010 में माओवादी आंदोलन से जुड़ा था। इसके बाद 2011-12 के आसपास वह झारखंड चला गया। शुरुआत में उसने झारखंड के दलमा इलाके में माओवादी गतिविधियों में हिस्सा लिया और बाद में सारंडा क्षेत्र में सक्रिय रहा। मंगल को दिवंगत माओवादी नेता कोटेश्वर राव उर्फ किशनजी का करीबी माना जाता था। किशनजी नवंबर 2011 में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। मालती भी मंगल के बाद वामपंथी उग्रवाद से जुड़ी। पुलिस के मुताबिक, उसकी गतिविधियां भी शुरुआत से मुख्य रूप से झारखंड तक सीमित रहीं। दोनों लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों की नजर में थे। पुलिस के मुताबिक, सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई के कारण माओवादियों के लिए झारखंड के सारंडा वन क्षेत्र में सक्रिय रहना मुश्किल हो गया था। इसी वजह से इस साल की शुरुआत में माओवादियों ने उस इलाके को छोड़ना शुरू कर दिया। पश्चिम बंगाल के करीब 13 माओवादी सुरक्षा बलों की सूची में थे, जिन्हें समय-समय पर गिरफ्तार किया गया। हाल के दिनों में झारखंड में तीन माओवादियों की गिरफ्तारी हुई। इससे पहले वांछित माओवादी नेता पुष्पा ने भी कुछ महीने पहले कोलकाता में आत्मसमर्पण किया था।

ड्राइविंग लाइसेंस...

मसौदे के अनुसार, देश में जारी होने वाले या नवीनीकृत किए जाने वाले सभी ड्राइविंग लाइसेंस फॉर्म 7 में लैमिनेटेड या पॉलीविनाइल क्लोराइड (पीवीसी) कार्ड के रूप में होंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का यह मसौदा प्रस्ताव आम जनता के लिए प्रक्रिया को सुगम बनाने और फर्जीवाड़े पर लगाम लगाने की दिशा में एक दोहरी रणनीति है। आधार आधारित ऑनलाइन सुविधाओं पर शुल्क छूट और 15 दिनों का निश्चित सर्विस लेवल एग्रीमेंट (एसएलए) नागरिकों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर काटने और अनावश्यक खर्चों से मुक्ति दिलाएगा। वहीं, 75 प्रतिशत का कड़ा क्वालीफाइंग स्कोर और इमरजेंसी कॉन्टैक्ट डिटेल्स की अनिवार्यता सड़क हादसों के वक्त तुरंत मदद पहुंचाने और सुरक्षित ड्राइविंग संस्कृति को बढ़ावा देने में अहम साबित होगी।

सड़क हादसे...

से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला। सूचना मिलने पर भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों की पहचान होने के बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। क्षेत्राधिकारी अतुल सिंह ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से वाहन और उसके चालक का पता लगाया जा रहा है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

अमिताभके बंगले...

ई-मेल में यह भी दावा किया गया है कि 27 नवंबर को महालक्ष्मी रेसकोर्स इलाके में होने वाले गायक दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट के दौरान हमला किया जाएगा। अधिकारी ने आगे बताया कि एहतियात के तौर पर मेयर के दफ्तर, महालक्ष्मी रेसकोर्स, शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों और ई-मेल में बताए गए सभी स्थानों पर सुरक्षा और निगरानी काफी बढ़ा दी गई है।

सऊदीके चार...

उड़ान की स्थिति वेबसाइट पर जांचने की सलाह दी है। सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने भी इंडिगो के बयान को साझा करते हुए उड़ानें रद्द रहने की जानकारी दी है।

अरुणाचलमें चीनी...

जून 2020 की गलवान घाटी जैसी लड़ाई की स्थितियों के लिए तैयार किया जा सके। कपूर ने बताया कि 2027 के अंत तक पूरी फोर्स को यह ट्रेनिंग दे दी जाएगी। पूर्वी लद्दाख में गलवान झड़प के दौरान चीनी सैनिकों के साथ हुई हिंसक मुठभेड़ में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। बाद में चीन ने भी अपने चार सैनिकों के मारे जाने की बात स्वीकार की थी। युद्ध प्रशिक्षण और तकनीक के अलावा यह बल अग्रिम इलाकों में बुनियादी ढांचे को भी मजबूत कर रहा है। कपूर ने बताया कि आईटीबीपी सीमावर्ती इलाकों में जमीन के नीचे आश्रय स्थल बना रही है, ताकि संघर्ष की स्थिति में जोखिम को कम किया जा सके क्योंकि जमीन के ऊपर बनी संरचनाएं युद्ध के दौरान आसानी से निशाना बन सकती हैं। यह बल अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में सैनिकों के लिए सुविधाओं को भी बेहतर बना रहा है। इसमें बैरकों को इंसुलेट करना, सोलर वॉटर हीटर लगाना और दूर-दराज की चौकियों पर बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जनरेटर सेट मुहैया कराना शामिल है। इसमें कोल्ड-स्टार्ट किट शामिल किए गए हैं, ताकि अत्यधिक ठंड में भी वाहनों को स्टार्ट करने में मदद मिल सके। कपूर ने बताया कि ये कदम आईटीबीपी को एक ऐसी विशेष हाई-एल्टीट्यूड माउंटेन-फाइटिंग फोर्स के रूप में विकसित करने की एक बड़ी योजना का हिस्सा हैं, जो चीन सीमा पर उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने केंद्र पर चीन के सामने झुकने और अरुणाचल प्रदेश में सीमा तनाव को लेकर जताई गई चिंताओं को दूर करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस इलाके में भारत की पहुंच कुछ पेट्रोलिंग पॉइंट्स तक खत्म हो गई है। एक्स पर एक पोस्ट में रमेश ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक का हवाला देते हुए अरुणाचल प्रदेश में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के साथ हालिया झड़पों के दौरान बल के प्रदर्शन की तारीफ की।



भारतीय गेंदबाजोंको करना होगा अच्छा प्रदर्शन

किशन दूसरे टी-२० मैच से बाहर, वैभवको मिल सकता है मौका, न्यूजीलैण्ड करना चाहेगा वापसी

क्राइस्टचर्च (एजेन्सियां)। भारत को दूसरे टी-२० मैच से पहले करारा झटका लग गया क्योंकि विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन चोट लगने के कारण मैच से बाहर हो गये हैं। भारत पहले मैच में बल्लेबाजों के दम पर बड़ा लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा लेकिन अगर उसे अपना विजय अभियान जारी रखना है तो न्यूजीलैण्ड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे टी-२० अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उसके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पिछले कुछ समय की तरह इस मैच में भी भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन साधारण रहा। अगर बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया होता तो परिणाम उल्टा हो सकता था। भारत ने २२६ रन का रेकार्ड लक्ष्य हासिल करके पांच मैच की शृंखला में १-० की बढ़त हासिल कर ली लेकिन बल्लेबाजों पर अत्यधिक निर्भरता बाकी मैचों में भारी पड़ सकती है। भारत के लिए पांचवें और छठे गेंदबाज का विकल्प चिंता का विषय बना हुआ है क्योंकि चोटिल हार्दिक पंड्याकी अनुपस्थिति में अन्य आलराउंडर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। पहले मैच में नीतीश रेड्डी ने चार ओवर में ४० रन दिये और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला जबकि नमन धीर को गेंदबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन उन्होंने बल्लेबाजी में मैच विजेता पारी खेली। भारत की गेंदबाजी की मुश्किलों को और बढ़ाने वाली बात यह है कि शृंखला के पहले मैच में उसके प्रमुख गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई। लगभग चार साल बाद भारत के लिए अपना पहला मैच खेल रहे भुवनेश्वर कुमार अपनी सर्वश्रेष्ठ फार्म में नहीं थे और उन्होंने चार ओवरों में ४९ रन लुटा दिये। उनकी दो नो-बाल और उतनी ही वाइड गेंदों से पता चलता है कि उन्हें लय में आने के लिए और समय चाहिए। फिन एलन और उनके साथी सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट ने पावरप्ले में भुवनेश्वर और अर्शदीप पर मनचाहे चौके लगाकर इन दोनों तेज गेंदबाजों पर दबाव बना दिया था। दूसरे मैच में भी बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां अनुकूल रहने की उम्मीद है और ऐसे में गेंदबाजों को किसी भी तरह की गलती करने से बचना होगा। पहले टी-२० में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले अक्षर पटेल पर भी दबाव होगा। भारत के कप्तान श्रेयस अय्यर ने चार विकेट से जीत के बाद कहा कि हमें हार्ड लेंथ पर गेंदबाजी करनी चाहिए थी लेकिन इसके बजाय हमने ओवर पिच गेंदबाजी अधिक की। बल्लेबाजी की बात करें तो ईशान किशन के चोटिल होने के कारण १५ वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को इस मैच में मौका मिल सकता है। उनका अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने की उम्मीद है जबकि संजू सैमसन तीसरे नम्बर पर आ सकते हैं। किशन के चोटिल होने के कारण तिलक वर्मा को पहले मैच में तीसरे नम्बर पर भेजा गया था लेकिन अब उनके पांचवें या छठे नम्बर पर ही आने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी और एडम मिल्ने ने अपने पहले स्पेल में काफी स्विंग हासिल की लेकिन उनकी लेंथ सैमसन और अभिषेक के लिए पर्याप्त कारगर साबित नहीं हुई। कप्तान मिचेल सैंटनर ने भी स्वीकार किया कि उनके गेंदबाजों के लिए भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना सबसे बड़ी चुनौती होगी। सैमसन और अभिषेक ने पावरप्ले में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर कहर बरपाते हुए ९४ रन बनाये थे। इसके बाद सैंटनर और उनके साथी स्पिनर माइकल ब्रैसवेल ने बीच के ओवरों में भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया। वह फिर से इसी तरह का प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाजों को ऑफ-स्पिन के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा है। ब्रैसवेल के खिलाफ उनके रवैये में इसकी स्पष्ट झलक देखने को मिली थी। भारतीय बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

भारत-श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, वैभव सूर्यवंशी, तिलक वर्मा, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, नमन धीर, प्रिंस यादव, मयंक यादव, अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव।

न्यूजीलैंड-मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, माइकल ब्रैसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कान्वे, जैकब डफी, लाकी फर्ग्यूसन, जैक फाउल्क्स, मैट हेनरी, बेवन जैकब्स, काइल जैमीसन, एडम मिल्ने, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम सीफर्ट, नाथन स्मिथ।

प्रसारण : १२.३० बजेसे।

मेघना ने क्रिकेट को कहा अलविदा

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारत की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज एस मेघना ने शुक्रवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। आंध्र प्रदेश की ३० साल की इस खिलाड़ी नवम्बर २०२२ में आखिरी बार भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वह महिला प्रीमियर लीग में आरसीबी और गुजरात जायंट्स के लिए खेल चुकी है। मेघना ने पोस्ट में लिखा, खिलाड़ी के तौर पर क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा करते हुए मेरा दिल कृतज्ञता की भावना से भरा हुआ है। भारत के लिए तीन एकदिनी और १७ टी-२० अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली इस खिलाड़ी ने कहा कि मैदान मेरे लिए दूसरे घर की तरह रहा है। इसने मुझे विपरीत परिस्थितियों में डटे रहना और विनम्र बने रहना सिखाया। इसने मुझे ऐसी यादें और दोस्त दिये हैं जिन्हें मैं जीवनभर संजोकर रखूंगी। उन्होंने लिखा, भले ही क्रिकेट खेलने के मेरे दिन अब समाप्त हो गये हैं लेकिन इस खेल से मेरा रिश्ता कभी नहीं टूटेगा। मैं हमेशा क्रिकेट से जुड़ी रहूंगी।

परविन्दर अवाना जूनियर चयन समितिके अध्यक्ष बने

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज परविंदर अवाना को शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की नवगठित जूनियर चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अवाना ने भारत के लिए दो टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने ६२ प्रथम श्रेणी मैच में १९१ विकेट लिए हैं। उन्होंने दिल्ली, भारत 'ए' और शेष भारत का भी प्रतिनिधित्व किया।



इसके अलावा वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) की ओर से खेले थे। संन्यास के बाद अवाना ने कोचिंग की राह अपनायी। उन्होंने दिल्ली की अंडर-१६, अंडर-१९ और अंडर-२३ टीम के साथ काम किया। इसके अलावा वह भारत की अंडर-19 टीम के साथ बीसीसीआई और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) के विभिन्न कार्यक्रमों से भी जुड़े रहे। समिति के अन्य सदस्यों में कृष्णा दास, राकेश पटेल और एन अर्जुन यादव शामिल हैं। बीसीसीआई ने बयान में कहा कि क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने जूनियर क्रिकेट समिति के सदस्यों की नियुक्ति के लिए चयन प्रक्रिया पूरी की। बयान के अनुसार, सीएसी ने आवेदकों की छंटनी की और उनके साक्षात्कार लिए। इस प्रक्रिया के बाद समिति ने परविंदर अवाना को अध्यक्ष तथा कृष्णा दास, राकेश पटेल और एन अर्जुन यादव को सदस्य नियुक्त करने की सिफारिश की।



शतकीय पारीके दौरान शाट खेलती प्रतिका रावल।

प्रतिका के शतकसे भारतकी बड़ी जीत

श्री चरणी और क्रांति गौड़, गेंदबाजीमें चमकीं, पहले महिला एकदिनी में जिम्बाब्वेको नौ विकेट से हराया

वडोदरा (आससे)। श्री चरणी (१० ओवर, तीन मेडन, २३ रन, चार विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तथा क्रांति गौड़ (३-४२) की बेहतरी गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल (अजेय १००) तथा उनकी शेफाली वर्मा (अजेय ६४) के साथ दूसरे विकेटके लिए ७० गेंद में की गयी १०६ रनकी अटूट साझेदारी के सहारे भारत ने शुक्रवार को यहां पहले महिला एकदिनी अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिम्बाब्वे को नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की शृंखला में १-० से बढ़त बना ली। जिम्बाब्वे को ४९.५ ओवर में १९७ रन पर समेटनेके बाद भारत ने कप्तान स्मृति मंधाना का विकेट गंवाकर २७.१ ओवर में २०० रन बना लिए। मंधाना ने ३४ गेंद में चार चौके के सहारे ३२ रन बनाये और प्रतिका रावल के साथ पहले विकेटके लिए ९३ गेंद में ९४ रन जोड़े। प्लेयर आफ द मैच प्रतिका ने अपनी पारी के दौरान ९६ गेंद में १५ चौके लगाये। उन्होंने चौके के साथ एकदिनी में अपना तीसरा शतक पूरा किया जबकि शेफाली ने ३३ गेंद में पांच चौके और चार गगनचुंबी छक्के जड़ी। इससे पहले टास जीतकर खेलने वाली जिम्बाब्वे के लिए बिलव्ड बीजा ने ९२ गेंद में पांच चौके के सहारे ६२ रन की पारी खेली वरना टीम १५० के अंदर ही सिमट जाती। श्री चरणी ने अहम मौकों पर विकेट चटकाकर जिम्बाब्वे की पारी को झकझोर दिया। वहीं क्रांति गौड़ ने भी उनका अच्छा साथ निभाया। दोनों ने यहां कोटांबी के बल्लेबाजी के मुफीद विकेट पर जिम्बाब्वे को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने सलामी बल्लेबाज मोडेस्टर मुपाचिकवा (२५) और चिपो मुगेरी टिरिपानो (२१) को आउट करके जिम्बाब्वे को शुरुआती झटके दिये। इसके बाद उन्होंने न्याशा ग्वांजुरा (१३) और खतरनाक दिख रही मिशेल मावुंगा



को पवेलियन भेजकर भारत का दबदबा बनाये रखा। वहीं क्रांति ने शुरुआती ओवरों में दो कैच छूटने के बावजूद अपना ध्यान नहीं भटकने दिया और तीन विकेट हासिल किये। इनमें बीजा का अहम विकेट भी शामिल था। जिम्बाब्वे की चौथे नम्बर की बल्लेबाज बीजा ने सतर्कता और आक्रामकता का अच्छा मिश्रण दिखाया। उन्होंने एक छोर संभालते हुए अर्द्धशतकीय पारी खेली लेकिन दूसरे छोर पर उन्हें साथ नहीं मिला। भारत ने भले ही मैदान पर दबदबा बनाया हो लेकिन एक बार फिर खराब क्षेत्ररक्षण देखने को मिला और टीम ने कुछ आसान कैच टपका दिये। जिम्बाब्वे की सलामी बल्लेबाज मुपाचिकवा और तीसरे नम्बर की बल्लेबाज मुगेरी टिरिपानो को जीवनदान मिले। तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर गौड़ की ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर बाएं हाथ की बल्लेबाज मुगेरी टिरिपानो ने ड्राइव खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर पीछे गई। विकेटकीपर ऋचा घोष आसान कैच पकड़ने में नाकाम रहीं। आठवें ओवर में मुपाचिकवा ने गौड़ की वाइड गेंद पर जोरदार शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर दूसरी स्लिप में खड़ी दीप्ति शर्मा (४४ रन देकर दो विकेट) के पास चली गयी। हालांकि दीप्ति ने कैच लेने की कोशिश की लेकिन गेंद उनके हाथों से छिटक गयी। बाद में जब मावुंगा तेजी से रन बना रही थीं तब ४०वें ओवर में दीप्ति की गेंद पर उन्हें जीवनदान मिला। क्रांति गौड़ के पास डीप मिडविकेट पर उनका जोरदार शाट लपकने का मौका था लेकिन वह यह मुश्किल कैच नहीं पकड़ सकीं।

भारतने एक ही दिनमें जीते नौ स्वर्ण, पिछला रेकार्ड तोड़ा

एशियाई पैरा खेल ३० स्वर्ण समेत कुल ११४ पदक जीते

नागोया (एजेन्सियां)। भारत ने पैरा एशियन गेम्स में अबतक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारत ने आइची-नागोया में ३० स्वर्ण सहित कुल ११४ पदक जीते और हांग्झू खेलों का अपना रेकार्ड तोड़ दिया। भारत ने पिछले संस्करण में २७ स्वर्ण सहित कुल १०८ पदक जीते थे जो उसका इन खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था लेकिन इस बार पैरा अथलीटों ने अपना पिछला रेकार्ड तोड़ दिया। भारत ने इस तरह अपने अभियान का अंक रेकार्ड प्रदर्शन के साथ किया। भारत ने इस बार इन खेलों में १६८ खिलाड़ियों का दल भेजा था जो २०२३ में हांग्झू में हुए पिछले चरण में हिस्सा लेने वाले दल की संख्या से लगभग आधा था। शुक्रवार को पहली बार स्वर्ण पदक जीतने में पैरा अथलेटिक्स का दबदबा नहीं रहा बल्कि बैडमिंटन खिलाड़ियों, तीरंदाजों और निशानेबाज मोना अग्रवाल ने भी भारत के पदकों की संख्या बढ़ाने में अहम योगदान दिया। इस तरह भारत ने ३० स्वर्ण, ३५ रजत और ४९ कांस्य पदकों के साथ अपना अभियान पूरा किया। इससे पहले भारत के संदीप और हानी ने शुक्रवार को क्रमशः पुरुषों की ४०० मीटर टी६४ फाइनल और पुरुषों की भालाफेंक एफ३७/३८ स्पर्धा में विश्व रेकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते। संदीप ने ५२.२८ सेकंड के विश्व रेकार्ड के साथ सुनहरी कामयाबी हासिल की जबकि अजय कुमार को कांस्य पदक मिला। सउदी अरब के नूर अलसाना को ५३.१३



सेकंड के साथ रजत पदक मिला जबकि अजय ने खेलों का रेकार्ड बनाकर ५३.६१ सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। संदीप और अलसाना टी४४ श्रेणी में खेलते हैं जबकि कुमार टी६४ श्रेणी के खिलाड़ी हैं। दोनों श्रेणियों की स्पर्धा अक्सर संयुक्त होती है। भालाफेंक एफ३७ /३८ स्पर्धा में हानी ने ६०.४९ मीटर (रजा अंक १११६) का विश्व रेकार्ड बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ईरान के होरमोज एस को ५०.६८ मीटर (रजा अंक १००९) के साथ रजत और चीन के यू चेंगजी को ५३.६६ मीटर (रजा अंक ९४३) के साथ कांस्य पदक मिला। इससे पहले प्रमोद बिजारनिया और निमिषा चाक्कुंगालपाराम्बिल ने क्रमशः पुरुषों की १५०० मीटर टी४६ और महिलाओं की ऊंची कूद टी४७ स्पर्धा में रजत पदक जीता। निमिषा ने ५.३७ मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक हासिल किया जबकि श्रीलंका की धनंजना विक्रमसिंघे ने खेलों के रेकार्ड ५.५२ मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन की चेन जिन ने ५.१७ मीटर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरुषों के १५०० मीटर टी४६ फाइनल में प्रमोद ने चार मिनट ०९.६५ सेकंड का समय निकालकर रजत पदक जीता। श्रीलंका के पुवाकपितिकांदे पी वाहुमपुरागे रेकार्ड चार मिनट ०३.२५ सेकंड का समय निकालकर शीर्ष पर रहे। फिलीपींस के किंग जेम्स रेयेस को कांस्य पदक मिला जिन्होंने चार मिनट १३.१८ सेकंड का समय निकाला। भारत के प्रवीण शर्मा पुरुषों के चक्काफेंक एफ११ फाइनल में ३०.६४ मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे। ईरान ने तीनों पदक जीते। अमीषा रावत महिलाओं की शाटपुट एफ४६ स्पर्धा में ११.१६ मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रही।

अनाहत सिंह पहली बार सेमीफाइनल में

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिका के रेडवुड सिटी में चल रहे सिलिकान वैली ओपन टूर्नामेंट में मिस्र की छठी वरीयता प्राप्त सलमा हानी पर पांच गेम की रोमांचक जीत के साथ पहली बार किसी पीएसए गोल्ड प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व में १५वें नम्बर पर काबिज १८ वर्षीय खिलाड़ी अनाहत ने मिस्र की विश्व में तीसरे नम्बर की खिलाड़ी और आठ बार की विश्व चैम्पियन नूर एलशेरबिनी को सीधे गेम में हराने के एक दिन बाद क्वार्टरफाइनल में विश्व में १४वें नम्बर के खिलाड़ी हानी को ४२ मिनट में ४-११, ११-८, ४-११, ११-२, ११-५ से हराया। विश्व जूनियर चैम्पियन अनाहत ने २-१ से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके जीत हासिल की। अनाहतने कहा कि मैंने इससे पहले कभी उसका सामना नहीं किया था।

एशियाई पैरा खेलकी खबरें

प्रणव सूरमा की क्लब थ्रो में सुनहरी सफलता

नागोया (एजेन्सियां)। भारत के प्रणव सूरमा ने शुक्रवार को यहां एशियाई पैरा खेलों की पुरुषों की क्लब थ्रो एफ५१ स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि धरमवीर ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। सूरमा ने ३२.८७ मीटर की दूरी के साथ खेलों का रेकार्ड बनाते हुए पिछले चरण में जीते अपने स्वर्ण पदक का सफलतापूर्वक बचाव किया। उन्होंने २०२४ पेरिस पैरालम्पिक में रजत पदक जीता था। कोरिया के जिवोन जंग ने २८.४० मीटर की दूरी के साथ रजत पदक जीता जबकि धरमवीर ने २७.७१ मीटर के प्रदर्शन से कांस्य पदक हासिल किया।

हरविंदर और विजय को रिकर्व में सोना

नागोया (एजेन्सियां)। भारत के हरविंदर सिंह और विजय सुंडी ने एशियाई पैरा खेलों में शुक्रवार को पैरा रिकर्व पुरुष युगल फाइनल में चीन को ५-१ से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दोनों टीमों के बीच पहला सेट ३५-३५ से बराबरी पर था। भारत ने दूसरा सेट ३७-३६ से और तीसरा ३८-३६ से जीता। चीन के युन डुओ और झाओ लिक्सू की जोड़ी प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख सकी। इससे पहले भारत की भावना चौधरी और पूजा जटिया की जोड़ी महिला पैरा रिकर्व युगल फाइनल में चीन की गाओ जिहान और वांग शूकियान से ०-६ से हार गयी और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने ३१, ३०, २९ स्कोर किया जबकि चीन ने ३८, ३५ और ३९ स्कोर किया।

तैराक नंदल ने तीसरा कांस्य पदक जीता

नागोया (एजेन्सियां)। हिमांशु नंदल ने एशियाई पैरा खेलों में शुक्रवार को यहां अपना तीसरा कांस्य पदक जीता जिससे भारतीय पैरा तैराकों ने आइची-नागोया खेलों में अपना अभियान कुल ११ पदकों के साथ समाप्त किया। पिछले चरण में मिले एकमात्र कांस्य पदक की तुलना में यह बड़ा सुधार है। भारतीय तैराकों ने इस बार तीन रजत और आठ कांस्य पदक जीते। हिमांशु नंदल और रवि बुडिगिना तीन-तीन पदक जीतकर भारतीय तैराकी दल के अभियान को सफल बना दिया। 'ऑप्टिक नर्व' (दृष्टि तंत्रिका) में खराबी के कारण जन्म से दृष्टिहीन २२ वर्षीय हिमांशु ने पुरुषों की १०० मीटर फ्रीस्टाइल एस११ स्पर्धा को एक मिनट ५.९० सेकंड में पूरी कर कांस्य पदक की हैटट्रिक भी पूरी की। जापान के उचु तोमिता ने ५८.२२ सेकंड के समय के साथ खेलों का नया रेकार्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता जबकि चीन के चुआनझेन सुन ने ५८.७० सेकंड में रजत पदक हासिल किया।

मोना ने विश्व रेकार्ड के साथ दूसरा स्वर्ण जीता

नागोया (एजेन्सियां)। भारतीय पैरा निशानेबाज मोना अग्रवाल ने एशियाई पैरा खेलों में शुक्रवार को महिलाओं की ५० मीटर राइफल थ्री पोजिशंस एसएच१ स्पर्धा में विश्व रेकार्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीता। मोना ने ३५७.५ स्कोर करके इन खेलों में दूसरा स्वर्ण अपने नाम किया। इससे पहले विश्व रेकार्ड ३५६ का था जो स्वीडन की अन्ना बेंसन के नाम था। उन्होंने इस साल जुलाई में यह रेकार्ड बनाया था। चीन की झांग कुइपिंग ने ३५३.७ अंक लेकर रजत और दक्षिण कोरिया की किम मियुंग ने ३४४.४ अंक के साथ कांस्य पदक जीता।

टेबल टेनिस में जेहान-शुभम ले आये कांसा

नागोया (एजेन्सियां)। भारत के जेहान दोराब मदान और शुभम वाधवा ने एशियाई पैरा खेलों में शुक्रवार को पुरुष युगल एमडी४ टेबल टेनिस स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी को ग्रुप ए के आखिरी मैच में दक्षिण कोरिया के पार्क जिंचोएल और किम कियुंग हयून ने १४-१२, ११-७, ११-५ से हराया। शीर्ष चार में रहने के कारण भारतीय जोड़ी को कांस्य पदक मिला। पूर्व रेसिंग ड्राइवर ५० वर्ष के जेहान भारतीय दल में पदक जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं।

सुमितने किया स्वर्णका बचाव

नागोया (एजेन्सियां)। भारत के स्टार पैरा भाला फेंक अथलीट सुमित अंतिल ने शुक्रवार को यहां एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की एफ ४२-४४/६१-६४ संयुक्त स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपने खिताब का बचाव किया तो वहीं इस स्पर्धा में भारत ने तीनों पदक अपने नाम किये। दो बार के पैरालम्पिक स्वर्ण पदक विजेता और विश्व रेकार्ड धारक २८ वर्षीय सुमित ने अपने दूसरे प्रयास में ७२.४६ मीटर दूर भाला फेंककर स्वर्ण पदक हासिल किया। सुमित ने २०२३ के एशियाई पैरा खेलों में ७३.२९ मीटर के तत्कालीन विश्व रेकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद उन्होंने इस साल मई में ७४.८२ मीटर का नया विश्व रेकार्ड बनाया। शुक्रवार को वह अपना रेकार्ड नहीं तोड़ सके लेकिन एफ६४ वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए अन्य खिलाड़ियों से आगे रहे। एफ४२ वर्ग में हिस्सा लेने वाले महेंद्र गुर्जर ने ५९.०३ मीटर के



प्रदर्शन के साथ रजत पदक जीता जबकि एफ४४ वर्ग के संदीप संजय सरगर ने ६४.४८ मीटर भाला फेंककर कांस्य पदक हासिल किया। महेंद्र को कम दूरी के बावजूद रजत पदक मिला।

श्रेया-दीपा की जोड़ीने दिलायी यूपी को जीत

वाराणसी। श्रेया और दीपा यादवके दमदार खेलसे उत्तर प्रदेश ने शुक्रवार को ७०वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय रग्बी प्रतियोगिताके सब जूनियर बालिका वर्गमें तेलंगाना को १०-० से शिकस्त दी। नयी दिल्लीमें खेली जा रही इस प्रतियोगितामें यूपी की खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल, तेज रफ्तार और आक्रामक खेल के दम पर मुकाबले में अपना दबदबा बनाये रखा। श्रेया और दीपा यादव ने यूपी के आक्रमण को धार दी, जबकि रोशनी, खुशी और पायल ने भी खेल के अहम मौकों पर टैकल और कन्वर्जन से जुड़े प्रयासों में योगदान दिया। यूपी की खिलाड़ियों ने मजबूत डिफेंस के जरिए तेलंगाना के हमलों को नाकाम किया और विपक्षी टीम को खाता खोलने का मौका नहीं दिया।उत्तर प्रदेश की टीम में शामिल सभी खिलाड़ी विकास इंटर कालेज की छात्राएं हैं।यह जानकारी जिला रग्बी संघ के अध्यक्ष डा एके सिंह ने दी है।

बैडमिण्टनमें तीन स्वर्ण समेत १६ पदक

अंतिम दिन नितेश-नवीन, तुलसीमति और मानसीने जीते सोना, तीन रजत भी भारत की झोलीमें आये

नागोया (एजेन्सियां)। भारत के लिए एशियाई पैरा खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में शुक्रवार का दिन बेहतरीन रहा जब पेरिस पैरालम्पिक चैम्पियन नितेश कुमार, नवीन शिवकुमार ने पुरुष एकल एसएल३ और एसएल४ में स्वर्ण पदक जीता जबकि तुलसीमति मुरूगेसन और मानसी जोशी ने महिला युगल एसएल३, एसयू५ में भारत की झोली में पीला तमगा डाला। इस तरह से भारत ने बैडमिंटन में तीन स्वर्ण, पांच रजत और आठ कांस्य सहित कुल १६ पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया। मुरूगेसन और मानसी ने चीन की यांग कियूशिया और शियाओ जूशियान को ३० मिनट तक चले मुकाबले में २१-१६, २१-१३ से हराया। वहीं पैरालम्पिक स्वर्ण पदक विजेताओं के बीच हुए मुकाबले में ३१ वर्ष के नितेश ने ३८ वर्ष के प्रमोद भगत को २१-१८, २१-१६ से हराया। वहीं २०१८ और २०२२ में स्वर्ण जीतने वाले प्रमोद को रजत पदक मिला। नितेश और पेरिस पैरालम्पिक रजत पदक विजेता तुलसीमति को मिश्रित युगल एसएल३, एसयू५ में रजत पदक भी मिला। उन्हें फाइनल में इंडोनेशिया के लीनी रात्रि ओकतिला और हिकमत रामदानी ने ११-२१, २१-१९, २१-१४ से हराया। मुरूगेसन को महिला एसयू५ वर्ग में रजत से संतोष करना पड़ा जो फाइनल में चीन की यांग कियूशिया से १८-२१, ११-२१ से हार गयी। नित्या श्री सुमति सिवन ने महिला एकल एसएच६ फाइनल में चीन की लि फेंगमेइ से १२-२१, १३-२१ से हारने के बाद रजत पदक जीता। स्वर्ण जीतने के बाद नितेश ने कहा कि एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है। पिछली बार मैं काफी करीब पहुंचकर हार गया था। इस बार प्रमोद को दो गेम में हराना काफी खास है और ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है। पहली बार इन खेलों में भाग ले रहे नवीन ने इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान को ३६ मिनट तक चले मुकाबले में २१-९, २१-१७ से हराया। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत खुशी और गर्व महसूस हो रहा है। मैं पिछले तीन चार महीने से इस पल का इंतजार कर रहा था। नवीन ने युगांडा पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल २०२२ में स्वर्ण और बहरीन में बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप २०२६ में रजत पदक जीता था।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल शनिवार, 24 अक्टूबर 2026

मेष-	प्रगति में बाधा, नवयोजना अधूरी, वाद-विवाद, अर्थ-पक्ष में निराशा, दुर्घटना संभव।
वृषभ-	शारीरिक सुख, सलाह से कामयाबी, नौकरी में पदोन्नति, उलझनों से मुक्ति, खुशी।
मिथुन-	पारिवारिक खुशी, विरोधी पराभूत, शिक्षा-प्रतियोगिता में सफलता, मनोबल में वृद्धि।
कर्क-	जनसम्पर्क का सुयोग, योजना का श्रीगणेश, धनागम का मार्ग प्रशस्त, शांति भी।
सिंह-	व्यापार में निराशा, प्रयास असफल, लापरवाही से हानि, प्रगति में बाधा, हानि भी।
कन्या-	मनोरंजन में रुचि, राजनैतिक लाभ, प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छा की पूर्ति, विरोधी परास्त।
तुला-	कार्यों में प्रगति, परोपकार की भावना, मनोविनोद के अवसर, यात्रा संतोषजनक।
वृश्चिक-	सुसंदेश की प्राप्ति, हर्षोल्लास का माहौल, साहसिक प्रयास, पारिवारिक खुशी, हर्ष भी।
धनु-	प्रियजनों से मतभेद, स्वास्थ्य प्रभावी, मानसिक तनाव, बात-बात पर क्रोध, हानि संभव।
मकर-	सफलता का सुयोग, धन प्राप्ति, संबंधों में प्रगाढ़ता, धार्मिक रुचि, दूर-समीप की यात्रा।
कुम्भ-	स्वास्थ्य में सुधार, योजना फलिभूत, संकल्प सिद्धि, मानसिक राहत, यात्रा सार्थक।
मीन-	नवीन योजना साकार, समस्या का निवारण, शिक्षा में सफलता, नवीन उपलब्धि।

आज है जिनका जन्मदिन 24 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 24 का मूलांक 6 का स्वामी ग्रह शुक्र एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। व्यक्तित्व शान्ति और धैर्य का सूचक होगा। निर्देशन के क्षेत्र में सर्वोपरि होंगे। किसी भी कार्य को बहुत ही शीघ्रता से करने की क्षमता रखेंगे। दूसरों की सेवा व सहायता करें के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। किसी एक जगह पर ज्यादा देर तक नहीं टिक पायेंगे। भावुकता से ओत-प्रोत होंगे। व्यवस्थित जीवन व्यतीत करना चाहेंगे। किसी भी बात को लेकर तुरन्त निराश हो जायेंगे। में ईर्ष्या की भावना भी पाई जायेगी। फैशन सम्बन्धित वस्तुओं पर अधिक व्यय करेंगे। गृहस्थ जीवन सामान्य-सा रहेगा। बन संवर कर रहना ज्यादा पसन्द करेंगे। आधुनिकता प्रेमी होंगे। भोग विलासिता की ओर रुझान अधिक रहेगा। इष्ट देवी-देवता की पूजा एवं अर्चना करें। दैनिक जीवन में सफेद रंगों की वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। कनिष्ठिका अंगुली में चांदी का छल्ला सविधि धारण करें। शुक्र यंत्र धारण करें। तन-मन-कर्म-वचन से शुचिता का धर्म अपनाएँ। सुख-समृद्धि व सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र : ॐ शुं शुक्राय नमः
व्रत : शुक्रवार
दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
दिनांक : 6, 15, 24
अंक : 4, 5, 8
मास : फरवरी, अक्टूबर एवं नवम्बर
वर्ष : 6, 15, 24, 33, 42, 51, 60, 69
रंग : हल्का नीला एवं सफेद
जन्मरत्न : हीरा उपरत्न : सफेद पुखराज
जड़ी : अरण्ड की जड़ दिशा : आग्नेय

यन्त्र

11	6	13
12	10	8
7	14	9

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—20 अक्टूबर से 21 अक्टूबर, 23 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

	6							
	5	2			7			
							8	4
			3				9	
	7				5			
1								
						5		7
8								
3			4			2		

सुडोकू ४०९.३

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नम्बरों की पहेली है। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। ...

7	3	6	8	2	9	5	1	4
8	2	4	1	5	7	9	6	3
9	5	1	6	4	3	2	8	7
2	4	8	5	7	1	6	3	9
1	6	3	9	8	4	7	5	2
5	9	7	3	6	2	1	4	8
6	7	5	2	3	8	4	9	1
3	1	2	4	9	5	8	7	6
4	8	9	7	1	6	3	2	5

हल ४०९२ सुडोकू







खंड शिक्षक निर्वाचन के दौरान बूथों का जायजा लेते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक तथा मतदान केन्द्रों पर तैनात सुरक्षा बल के जवान:छाया/आज

खण्ड शिक्षक निर्वाचन के लिए ७४ प्रतिशत मतदान

बड़रांव में सर्वाधिक,परदहां में सबसे कम मतदान डीएम-एसपी ने लिया बूथों की सुरक्षा का जायजा

मऊ। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य के निर्वाचन हेतु जनपद मऊ में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल ढंग से संपन्न हुई। मतदान के दौरान जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन एवं पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा ने लगातार विभिन्न मतदेय स्थलों का भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला. धिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शुचितापूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराने के निर्देश दिए।जनपद में इस निर्वाचन के लिए कुल 10 मतदेय स्थल बनाए गए थे, जो विभिन्न विकास खंडों के क्षेत्र पंचायत कार्यालयों तथा नगर पालि. का परिषद कार्यालय में स्थित थे। निर्वाचन में जनपद के कुल 5,131 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पंजीकृत थे। इनमें सर्वाधिक 899 मतदाता नगर पालि. का परिषद मऊ स्थित बूथ पर तथा सबसे कम 271 मतदाता क्षेत्र पंचायत कार्यालय दोहरीघाट स्थित बूथ पर थे।जनपद में मतदान का कुल प्रतिशत 74.06 प्रतिशत रहा। मतदेय स्थलों पर हुए मतदान में सर्वाधिक 85.14 प्रतिशत मतदान बूथ संख्या-111, कार्यालय क्षेत्र पंचायत बड़रांव पर दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम 64.46 प्रतिशत मतदान बूथ संख्या-118, कार्यालय क्षेत्र पंचायत परदहां पर हुआ।निर्वाचन को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पूर्व से ही सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई थी। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन के नेतृत्व एवं निर्देशन में निर्वाचन कार्य में लगाए गए अधिक. ारियों, मतदान कार्मिकों तथा पुलिस बल को आवश्यक ब्रीफिंग देकर उनके दायित्वों एवं निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया था।मतदान दिवस पर मतदान प्रारंभ होने के साथ ही जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक लगातार जनपद के विभिन्न मतदेय स्थलों का भ्रमण करते रहे। अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित करने तथा निर्वाचन की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शुचिता बनाए रखने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन की सतर्कता, प्रभावी निगरानी एवं निर्वाचन कार्य में तैनात अधिकारियों तथा कार्मिकों के समन्वित प्रयासों के फलस्वरूप जनपद में विधान परिषद सदस्य खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 की मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सकुशल ढंग से संपन्न हुई।

मुहम्मदाबाद गोहना विकासखंड में चल रहे शिक्षक स्नातक मतदान को लेकर मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मतों का प्रयोग कर रहे थे । बताया जाता है कि स्थानीय तहसील अंतर्गत मुहम्मदाबाद गोहना विकासखंड एवं रानीपुर स्थित विकासखंड में सुबह 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक मतदाता अपने मतों का प्रयोगि किये। मतदान को कुशल पूर्वक संपन्न कराने हेतु शुक्रवार को हो रहे मतदान की निगरानी हेतु जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन एवं पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जबकि सुबह 10. 00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक 57प्रतिशत मतदान हो चुका था । वहीं मतदान को लेकर मुहम्मदाबाद गोहना विकासखंड तथा रानीपुर स्थित विकासखंड पर एसडीएम अर्चना अग्निहोत्री, पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र सिंह समेत भारी मात्रा में पुलिसकर्मी मतदान को कुशलपूर्वक संपन्न कराने में अपने ड्यूटी पर मुस्तैदी से ड्यूटी करते नजर आए। सायं चार बजे तक 76 प्रतिशत मतदान हुआ।रानीपुर ब्लाक में शुक्रवार को विधान परिषद निर्वाचन 2026 गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन का मतदान सकुशल संपन्न हुआ। निर्वाचन के दौरान कुल 768 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 552 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। मौके पर मऊ के जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन व पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्र,अपर जिलाधिकारी प्रवेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी अर्चना अग्निहोत्री, क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद गोहना जितेन्द्र सिंह तथा रानीपुर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। प्रशास. निक एवं पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। मतदान का विवरण-कुल मतदाता-768,कुल पड़े मत- 552,मतदान प्रतिशत-लगभग 71.87 प्रतिशत रहा।













वाहन चेकिंग में २८ का चालान

मऊ। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के आदेश के क्रम में चलाए जा रहे वाहन चेकिंग को लेकर अलग-अलग स्थान से पुलिस ने वाहनों की जांच की । जांच के दौरान ज्यादातर वाहन चालकों द्वारा तीन सवारी एवं यातायात के नियमों का उल्लंघन करने के मामले में 28 बाइ. कों का ई चालान किया गया। पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में कैलेंडर तिराहा बार्डर जीयनपुर मार्ग आजमगढ़ मार्ग एवं चिरैयाकोट मार्ग पर पुलिस ने वाहनों की जांच की । जांच के दौरान वाहन चलकों द्वारा तीन सवारी एवं हेलमेट का उल्लंघन करने के मामले में पुलिस ने वाहनों का ई-चालान किया है । इस मौके पर उप निरीक्षक मिथिलेश कुमार ,आदर्श दुबे ,अरविंद कुमार यादव ,रामदुलारे ,नूर आलम ,राजेश कुमार गौतम ,लक्ष्मी प्रसाद उपाध्याय ,महिला उप निरीक्षक प्रतिभा गुप्ता ,कांस्टेबल सतीश कुमार सोनी ,सोनू सिंह ,सुनील कुमार गुप्ता आदि पुलिसकर्मी विभिन्न चेकिंग स्थल पर तैनात रहे।

शांतिभंग की आशंका में दो गिरफ्तार

मऊ।मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुरहुरपुर निवासी प्रमोद पुत्र वीरेंद्र एवं संजीत यादव पुत्र हरिनाथ यादव निवासी रौनापार को शांतिभंग में न्यायालय चालान किया।

...जब दारोगा को बधाई देने पहुंचे मुख्तार



मऊ। सिविल कोर्ट सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं जनपद मऊ के जाने-माने अधिवक्ता दारोगा सिंह के घर वंश परम्परा का आगाज होने से बधाइयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। जैसे ही तमाम वकील-मुख्तार उनके न्यायालय परिसर में स्थित चेम्बर में जमा हुए तो कचहरी परिसर में कौतूहल मच गया। बाद में पता चला कि उनके ज्येष्ट पुत्र शितांशु शेखर को पांच साल बाद पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है। हालांकि पांच साल पहले उनकी पत्नी सृष्टि ने धन लक्ष्मी को जन्म दिया था। पति और पत्नी दोनों प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक हैं और अपने-अपने विद्यालयों पर भारत का भविष्य गढ़ने का काम करते हैं। पुत्र रत्न की प्राप्ति की खुशी में ससुराल सियाबस्ती में भी सोहर गूंज उठी। जबकि एसपी आफिस के सामने स्थित आवास पर उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

एसपी आफिस के सामने जश्न का माहौल,सियाबस्ती में गूंजी सोहर

दोहरीघाट का भरत मिलाप देख दर्शक भाव-विभोर

दोहरीघाट (मऊ)। नगर में श्रीरामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित भरत मिलाप का कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। भगवान श्रीराम और उनके अनुज भरत के मिलन का भावपूर्ण मंचन देखकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। भरत मिलाप की लीला ने उपस्थित लोगों को भाईचारे, त्याग, प्रेम, समर्पण और पारिवारिक मर्यादा का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर अध्यक्ष विनय कुमार जायसवाल एवं श्रीरामलीला समिति के अध्यक्ष विनोद वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।भरत मिलाप की लीला रामायण के सबसे भावुक प्रसंगों में से एक है। भगवान श्रीराम के वनवास जाने के बाद उनके अनुज भरत ने राजसुख का त्याग कर दिया था। उन्होंने अयोध्या के सिंहासन पर स्वयं बैठने के बजाय भगवान श्रीराम की चरण पादुकाओं को सिंहासन पर स्थापित कर उनके प्रतिनिधि के रूप में राज्य का संचालन किया। भरत ने चौदह वर्षों तक भगवान श्रीराम की वापसी की प्रतीक्षा की और उनके प्रति अपनी अटूट श्रद्धा एवं निष्ठा बनाए रखी। जब भगवान श्रीराम माता सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ वनवास की अवधि पूरी कर अयोध्या लौटे, तब भरत अपने आराध्य बड़े भाई के स्वागत के लिए आतुर हो उठे। दोनों भाइयों का मिलन होते ही प्रेम, त्याग और समर्पण की अद्भुत छटा देखने को मिली। यह दृश्य देखकर उपस्थित श्रद्धालु भावुक हो गए। भगवान श्रीराम और भरत का मिलन इस बात का प्रतीक है कि भारतीय संस्कृति में भाई का रिश्ता केवल रक्त का संबंध नहीं, बल्कि त्याग, विश्वास, कर्तव्य और नि:स्वार्थ प्रेम की महान परंपरा है। कार्यक्रम के संयोजक सोमनाथ वर्मा के नेतृत्व में आयोजन को सफल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए गए। भरत मिलाप के अवसर पर नगरवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं भरत के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का सुंदर संगम दिखाई दिया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनय जायसवाल, गुलाब चंद गुप्त, आजाद जायसवाल, अरविंद साहू, प्रहलाद मद्धेशिया, मनोज जायसवाल, आशीष मद्धेशिया, पारसनाथ साहू एवं राहुल जायसवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।भरत मिलाप का यह आयोजन केवल धार्मिक परंपरा का निर्वहन नहीं, बल्कि समाज को भगवान श्रीराम और भरत के आदर्शों से जोड़ने का माध्यम भी बना। भगवान श्रीराम का मर्यादित जीवन और भरत का त्याग आज भी समाज को कर्तव्यनिष्ठा, पारिवारिक एकता तथा आपसी प्रेम की प्रेरणा देता है।

गोंठा से फरसरा तक अयोध्या जैसा माहौल

दोहरीघाट(मऊ)। रामलीला समिति गोंठा के तत्वावधान में आयोजित भरत मिलाप के बाद अयोध्या रूपी गोंठा व फरसरा गांव के नागरिकों में प्रभु श्रीराम की प्रतीक्षा को लेकर काफी उत्साह रहा। गुरुवार की रात्रि भर प्रभु श्रीराम ने भरत, लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न के साथ घर-घर पहुंचकर सबको दर्शन दिया। नागरिकों ने चारों भाइयों का पांव प्रक्षालन कर आरती उतारी।गोंठा रामलीला समिति के कलाकार पूरी रात गाजे बाजे के साथ प्रभु राम के रथ के आगे चलते रहे। जैसे ही फरसरा गांव पहुंचे घर घर पुड़ी मिठाई लेकर भगवान की आरती उतारी गयी ब्लाक प्रमुख राजू राय व उनके परिजनों ने चारों भाइयों की आरती उतारी तथा सभी अयोध्यावासियों को जलपान कराया। अशोक जायसवाल से भगवान राम समेत सभी भाइयों की आरती उतारी तथा सबको भोजन कराया ।इसी क्रम पूरी रात चलता रहा। रामजी समेत चारों भाई सबके दरवाजे पर जाकर दर्शन देते रहे शाम पांच से लेकर चार बजे बजे भोर सबके घर पर दस्तक देते हुए भगवान राम का रथ वापस रामलीला रंगमंच पर पहुंचा। भगवान राम ने विभीषण का राजतिलक कर लंका का राजा घोषित किया। इसके साथ ही चारों तरफ हर-हर महादेव एवं जय श्रीराम का उद्घोष सुनाई दिया। समिति के अध्यक्ष अजय कुमार उपाध्याय ने सभी ग्रामवासियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आज हम अगर राम भरत के चरित्र को अपने जीवन में उतार ले तो जीवन सफल हो जायेगा। इस दौरान विनय गुप्त, संजय उपाध्याय, मंटू राय , वीरेंद्र उपाध्याय, पवन उपाध्याय मनीष यादव सुखई गुप्ता आकाश गुप्ता मनोज राय प्रिंस गुप्त मानस उपाध्याय ओंकार राय, छट्ठू बारी समेत अन्य शामिल रहे।

घर-घर हुई आरती

किसानों को अनुदान पर मिलेगा बीज

मऊ। आगामी रबी फसल की बुवाई को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों को अनुदान पर बीज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत जनपद में कुल 13,995 कुंतल बीज वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानों को बीज प्राप्त करने के लिए कृषि विभाग के पोर्टल पर आनला. इन बुकिंग कराना अनिवार्य है। उप कृषि निदेशक, मऊ ने बताया कि निर्धारित लक्ष्य में 13,010 कुंतल गेहूं, 201.6 कुंतल चना, 86 कुंतल मटर तथा सरसों के बीज शामिल हैं। बीज का वितरण विभाग में पंजीकृत किसानों को आनलाइन बुकिंग के आधार पर किया जा रहा है।

खालिसपुर में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर में दी जानकारी

मऊ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के आदेश तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश के क्रम में महिला कल्याण विभाग की हब फार इंपावरमेंट आफ वूमेन टीम द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मऊ के तत्वावधान में ग्राम सभा खालिसपुर, विकास खंड रतनपुरा में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं आमजन को उनके कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों तथा नि:शुल्क विधिक सहायता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामवासियों को महिला अधिकारों, घरेलू हिंसा से संरक्षण, बाल विवाह निषेध, बाल अधिक. ारों तथा महिलाओं एवं बालिक. ाओं की सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना तथा निराश्रित महिला पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं के उद्देश्य एवं पात्रता के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त आपातकालीन एवं सहायता सेवाओं के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181 आदि नंबरों की जानकारी देते हुए जरूरत पड़ने पर इनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामवा. सियों को बताया गया कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या, घरेलू हिंसा अथवा उत्पीड़न की स्थिति में संबंधित विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सहायता प्राप्त की जा सकती है। महिलाओं एवं बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर उचित सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शिविर में महिला कल्याण विभाग की जिला मिशन समन्वयक अर्चना राय, जेंडर स्पेशलिस्ट तृप्ति राय, ग्राम प्रधान पिंटू राजभर सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

मां बनने से बिल्कुल अलग इंसान बन गयी हूं-कियारा आडवाणी




बेटी साराया के जन्म के बाद कियारा आडवाणी की जिंदगी में नाटकीय बदलाव आया। मां बनने के बाद से अभिनेत्री लाइमलाइट से काफी दूर रही हैं। हाल ही में वह अपनी आगामी फिल्म के प्रमोशन के लिए काम पर लौटी हैं । एक इंटरव्यू में कियारा आडवाणी ने प्रसव की भावनात्मक वास्तविकताओं और मातृत्व ने उन्हें भावनात्मक और मानसिक रूप से कैसे बदल दिया, इस बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री ने कहा, एक व्यक्तित्व के रूप में आप में सब कुछ बदल जाता है। मुझे लगता है कि मां बनने से पहले और बाद में, मैं हर तरह से एक बिल्कुल अलग इंसान बन गई हूं। और मैंने इसे स्वीकार भी कर लिया है। आप जो भी करते हैं, उसमें बहुत अधिक उद्देश्य होता है। मैं लगातार अपनी बेटी के लिए एक उदाहरण बनने के बारे में सोचती रहती हूं। अगर मैं ऐसा करूं तो मेरी बेटी को कैसा लगेगा? उन्होंने आगे कहा। मातृत्व के बारे में बात करते हुए कियारा आडवाणी ने कहा कि एक मां को दोहरी भूमिका निभानी पड़ती है। अपने नवजात शिशु की देखभाल करने के अलावा, वह घर का कामकाज भी संभालती है। उन्होंने स्वीकार किया कि एक माँ या गृहिणी जितना काम करती है, उसकी कल्पना हममें से कोई नहीं कर सकता। मैं ऐसी इंसान हूँ जिसने अपनी पूरी जिंदगी हर दिन काम किया है। मैंने बहुत व्यस्त शिफ्टें की हैं। मैंने बहुत संघर्ष किया है, अभिनेत्री ने आगे कहा। माता-पिता बनने के बाद, उन्होंने कहा कि वह कुछ समय के लिए अवकाश लेना चाहती हैं। उन्होंने समझाया, अवकाश लेने से कहीं अधिक, मैं वर्तमान में रहना चाहती थी, और साथ ही यह भी बताया कि वह अभी भी भविष्य की योजना बना रही हैं, बैठकों में भाग ले रही हैं और प्रस्तुतियों में शामिल हो रही हैं। नई मां ने आगे कहा कि मातृत्व की इस यात्रा में और घर से काम करने के परिदृश्य में भागदौड़ दोगुनी हो गई है, क्योंकि अब वह किसी और के जीवन के लिए जिम्मेदार है। अभिनेत्री ने बताया कि माता-पिता बनने के बाद व्यक्ति का नजरिया बदल जाता है। वे हर चीज को एक नए नजरिए से देखते हैं। उन्होंने आगे कहा, अभिनय के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी, आप अपने भविष्य के बारे में अलग-अलग विचार रखते हैं। इस दौर में आप अपने वर्तमान काम के अलावा अन्य चीजों के बारे में भी गहराई से सोचने लगते हैं। कियारा आडवाणी ने अपनी बेटी के जन्म के बाद प्रसवोत्तर परिवर्तनों के अपने अनुभव के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, प्रसवोत्तर अवस्था के बारे में और अधिक चर्चा होनी चाहिए। प्रसवोत्तर अवस्था में हर किसी का अनुभव अलग होता है। यह शारीरिक और भावनात्मक रूप से अलग-अलग तरह से प्रभावित करती है। अभिनेत्री ने अचानक बिना किसी कारण के त्वचा संबंधी समस्या से जूझने की बात याद करते हुए कहा, पहले तो मुझे लगता था, हे भगवान! ये सब क्यों हो गया! लेकिन अब मेरी जिंदगी में कोई भी चीज मुझे रोक नहीं सकती, और मैं जीना जारी रखूंगी। कियारा आडवाणी ने आगे बताया कि मातृत्व ने उन्हें खुद के प्रति दयालु होना सिखाया। पहचान में बहुत बड़ा बदलाव आता है। यह एक बिल्कुल नई दुनिया होती है। उस दौर में, खुद को समझने और समझने में समय लगता है। मुझे तो छह महीने लग गए! क्योंकि आपको एहसास होता है कि आप दूसरों के लिए इतना कुछ कर रही हैं कि आप खुद से अपने रिश्ते को, खुद से कही जाने वाली बातों को भूल जाती हैं, उन्होंने समझाया। अभिनेत्री ने स्वीकार किया कि वह हमेशा दूसरों पर ही ध्यान केंद्रित करती रही थीं, जिसके कारण उन्हें खुद पर ध्यान देने का बहुत कम समय मिलता था, लेकिन मातृत्व ने उनके दृष्टिकोण को बदल दिया। उन्होंने आगे कहा, और यह मेरे लिए सबसे अच्छा काम है जो मैंने किया है। 34 साल बाद, मैंने सीमाएं तय करना सीख लिया है। मैंने हर बात पर खुद से ज़रूरत से ज़्यादा आलोचनात्मक बातचीत न करना सीख लिया है। मैंने डर पर ध्यान न देना सीख लिया है। और ये सारी बातें मुझे इन छह महीनों में खुद को सिखानी पड़ी हैं। कियारा आडवाणी ने सारायाह के जन्म के महज पांच महीने बाद पिछले दिसंबर में काम पर वापसी की। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने अपनी गर्भावस्था के दौरान सात महीने तक फिल्म टॉक्सिक पर काम किया , जिसमें कई दमदार एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग भी शामिल थी।

अब भागदौड़ दुगुनी हो गयी है। एक व्यक्ति के रूप में आपमें सब कुछ बदल जाता है। मुझे लगता है कि मां बनने से पहले और बाद में मैं हर तरह से एक बिल्कुल अलग इंसान बन गयी हूं और मैंने इसे स्वीकार भी कर लिया है, कियारा आडवाणी ने बताया।





सतीश कौशिक के साथ रिश्ता सिर्फ पेशेवर जुड़ाव से कहीं बढ़कर था-अनिल कपूर



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर अपने शो को लेकर चर्चा में हैं। इस शो के अपकमिंग एपिसोड में अनिल कपूर ने दिवंगत अभिनेता-फिल्म निर्माता सतीश कौशिक के साथ अपनी गहरी दोस्ती को याद किया है। उन्होंने बताया कि उनके बीच का रिश्ता सिर्फ पेशेवर जुड़ाव से कहीं बढ़कर था। यह भावुक पल तब आया जब शो के एक प्रतियोगी गगन ने बताया कि लोग अक्सर उनकी तुलना दिवंगत अभिनेता से करते हैं। गगन की शक्ल सतीश कौशिक से काफी मिलती-जुलती है। गगन ने यह भी बताया कि टीवी शो सुमित संभल लेगा की शूटिंग के दौरान दिल्ली में उनकी मुलाकात सतीश कौशिक से हुई थी। इस बात ने अनिल कपूर को अपने दोस्त से जुड़ी पुरानी यादों में खो जाने पर मजबूर कर दिया। सतीश कौशिक के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए अनिल कपूर ने कहा, उनके साथ मेरा रिश्ता कैसा था, इसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। अगर यह शूटिंग 70 मिनट की भी होती, तो भी उनके बारे में किस्से सुनाने के लिए कम पड़ जाती। वे मुझसे अक्सर कहते थे, तुम्हारा टैलेंट लाजवाब है। अनिल कपूर ने यह भी बताया कि वह प्यार से सतीश कौशिक को डैनी डेविटो कहकर बुलाते थे। दोनों को ट्विन्स फिल्म बहुत पसंद थी और वे अक्सर सोचते थे कि काश वे कभी साथ में जुड़वां भाइयों का किरदार निभा पाते। अपनी गहरी दोस्ती को याद करते हुए अनिल कपूर ने कहा, अगर मेरा कोई जुड़वां भाई हो सकता है, तो वह सिर्फ सतीश थे, क्योंकि वह मेरे बारे में सब कुछ जानते थे। मेरा गुस्सा, मेरी खुशी, हर एक बात। वह मुझे बहुत अच्छे से समझते थे। बातचीत तब और मजेदार हो गई जब अनिल कपूर और गगन ने मंच पर सतीश कौशिक का एक यादगार डायलॉग दोहराया, मेरा नाम है कैलेंडर, मैं चला किचन के अंदर! गगन के इस अंदाज की तारीफ करते हुए अनिल कपूर ने कहा, आपने मेरा दिल जीत लिया है। इसके बाद उन्होंने मजाक में दर्शकों से कहा कि अगर किसी के पास ट्विन्स फिल्म से प्रेरित कोई फिल्म बनाने के लिए पैसे हों, तो उन्हें और गगन को जुड़वां भाइयों के रोल में कास्ट करें। सतीश कौशिक का 9 मार्च 2023 को निधन हो गया था। वह एक बेहतरीन अभिनेता होने के साथ निर्देशक, निर्माता, एडिटर और स्क्रीनराइटर थे। वह अनिल कपूर के साथ मिस्टर इंडिया, राम लखन और जमाई राजा जैसी फिल्मों में नजर आए थे।

हमले के बाद शूटिंग पर लौटे टाइगर श्रॉफ

मुंबई के जुहू में कार पर हुई गोलीबारी की घटना के महज दो दिन बाद अभिनेता टाइगर श्रॉफ काम पर वापस लौट आए हैं। टाइम्स नाउ की रिपोर्ट के अनुसार, 18 अक्टूबर को हुए हमले के बाद टाइगर ने 20 अक्टूबर से अपनी अपकमिंग फिल्म लग जा गले की शूटिंग दोबारा शुरू कर दी है। यह एक रोमांटिक-एक्शन फिल्म है, जिसमें टाइगर पहली बार जाह्नवी कपूर और लक्ष्य के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। घटना के बाद पुलिस जांच जारी है। इसी बीच टाइगर ने अपने वर्क कमिटमेंट को पूरा करते हुए सेट पर वापसी की है। फिल्म लग जा गले का निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस बैनर तले किया जा रहा है। फिल्म का निर्देशन राज मेहता कर रहे हैं, जो इससे पहले गुड न्यूज, जुग जुग जियो और सेल्फी जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। चर्चा है कि यह फिल्म मई 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है, हालांकि रिलीज डेट को लेकर आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। यह बयान 18 अक्टूबर की फायरिंग की घटना के दो दिन बाद आया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टाइगर उस दिन शाम करीब 7 बजे मुंबई के एक फुटबॉल क्लब से निकल रहे थे। घटना के वीडियो में हमलावर उनकी कार पर पास से फायरिंग करते दिखे थे। टाइगर इस घटना में सुरक्षित बच गए। हालांकि, घटना में उनके ड्राइवर और एक राहगीर घायल हुए थे। टाइगर पर फायरिंग करने वाले आरोपियों ने बताया है कि उन्होंने पहले अमिताभ बच्चन, सलमान खान, आमिर खान और अक्षय कुमार की रेकी की थी, लेकिन सिक्योरिटी ज्यादा होने के कारण प्लान बदल दिया था। आरोपियों के साथ एक चौथा युवक भी था, लेकिन वह हमले से एक रात पहले सिगरेट पीने के बहाने होटल से भाग गया। वहीं टाइगर पर फायरिंग के मामले में अब तक 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सबसे पहले पुलिस ने फायरिंग के मामले में बिहार के ऋतिक उर्फ रोशन, हरियाणा के रेहान और एक नाबालिग को कोटा से गिरफ्तार किया था। रेहान के दोस्त समीर और बोनी उर्फ रौनक भी पुलिस हिरासत में हैं। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने हथियारों की सप्लाई में भूमिका के आरोप में कुणाल, सुमित, राधा और बबीता को गिरफ्तार किया। राधा और बबीता को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से पकड़ा गया, जबकि कुणाल और सुमित को सोनीपत से हिरासत में लिया गया। मुंबई पुलिस ने पूछताछ के लिए चारों का तीन दिन का ट्रांजिट रिमांड हासिल किया है।

घटना के बाद पुलिस जांच जारी है। इसी बीच टाइगर ने अपने वर्क कमिटमेंट को पूरा करते हुए सेट पर वापसी की



रणबीर की रामायण पर लक्ष्मी जी की कृपा

बॉक्स ऑफिस पर किस्मत चमकने के लिए सिर्फ बड़े सितारे और भारी-भरकम बजट ही काफी नहीं होते, दर्शकों का प्यार भी जरूरी होता है। इन दिनों रणबीर कपूर की रामायण की एडवांस बुकिंग के आंकड़े कुछ ऐसी ही कहानी बयां कर रहे हैं. रिलीज से पहले ही फिल्म ने टिकट बिक्री में प्रभास की आदिपुरुष को पीछे छोड़ दिया है। एक तरफ रामायण पर मां लक्ष्मी जी की कृपा बरसती दिख रही है। दूसरी तरफ राम बने प्रभास की आदिपुरुष को रिलीज के बाद दर्शकों की नाराजगी झेलनी पड़ी थी। ऐसे में दोनों फिल्मों के शुरुआती आंकड़ों की तुलना ने एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर आस्था, उम्मीद और दर्शकों की पसंद की चर्चा छेड़ दी है। बॉक्स ऑफिस पर अभी रामायण रिलीज होने में वक्त है, लेकिन रणबीर कपूर और यश की रामायण ने टिकट खिड़की पर अपनी ताकत दिखानी शुरू कर दी है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट नजर आ रही है। इसका असर एडवांस बुकिंग के शुरुआती आंकड़ों में भी दिख रहा है। खास बात यह है कि फिल्म ने पहले 24 घंटे की टिकट बिक्री में प्रभास की आदिपुरुष को काफी पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रभास की फिल्म आदिपुरुष की एडवांस बुकिंग रिलीज से केवल 5 दिन पहले खोली गई थी। शुरुआती 24 घंटों में आदिपुरुष के हिंदी वर्जन ने करीब 36 हजार टिकट बेचकर 1.40 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं, रामायण के लिए सिर्फ हिंदी वर्जन की टिकट खिड़की खोली गई और फिल्म ने पहले ही दिन 65,000 से ज्यादा टिकट बेच डाले। इस बिक्री से फिल्म ने 3.13 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन हासिल किया, जो आदिपुरुष की तुलना में लगभग 123 प्रतिशत ज्यादा है। हालांकि, आदिपुरुष ने तेलुगु बुकिंग खुलने के बाद अंत में 26 करोड़ रुपये की प्री-सेल्स दर्ज की थी, लेकिन रामायण की शुरुआत उससे कहीं ज्यादा धमाकेदार साबित हुई है। रामायण की एडवांस बुकिंग को लंबा वक्त दिया गया है। फिल्म 5 नवंबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ऐसे में मेकर्स को दर्शकों के बीच चर्चा बढ़ाने और टिकट बिक्री को रफ्तार देने का मौका मिल रहा है। सैकनिल्क के मुताबिक, पहले दिन के लिए टिकटों की बिक्री 8.16 करोड़ रुपये के ग्रॉस आंकड़े तक पहुंच गई थी। इसमें ब्लॉक की गई सीटों को हटाने के बाद करीब 6.15 करोड़ रुपये की बुकिंग दर्ज की गई। रामायण के पक्ष में नजर आ रहे हैं। अब इंतजार 5 नवंबर का है। देखना ये होगा कि जितना बज इस फिल्म को लेकर बना है, क्या वो कमाई के मामले में वाकई सफल हो पाया।



हर लड़की को खूबसूरती पर होना चाहिए गर्व- तमन्ना भाटिया

फिल्म जेलर के गाने कवाला से लेकर स्त्री 2 के आज की रात तक में अपनी अदाओं और डांस मूव्स से हर किसी को झूमने पर मजबूर करने वाली ऐक्ट्रेस तमन्ना भाटिया इन दिनों चर्चा में हैं, अपनी फिल्म सिकंदर का मुकद्दर को लेकर। नीरज पांडे निर्देशित इस फिल्म में तमन्ना एक ऐसी सिंगल मदर बनी हैं जो हीरों की चोरी के आरोप में फंस जाती है। खास बातचीत-

इन दिनों हर तरफ आपके डांस नंबर्स का जलवा है, वो फिर कवाला हो या आज की रात, हर कोई इन पर झूम रहा है। आपके लिए डांस क्या है?

डांस से मेरा रिश्ता बहुत ही दिलचस्प रहा है, क्योंकि मैंने डांस सीखा नहीं है। मैं ट्रेंड डांसर नहीं रही हूं। मैं कभी डांस स्कूल नहीं गई। मैंने सेट पर ही डांस सीखा है तो मैं अपने डांस का श्रेय उन सभी कोरियोग्राफर्स को देना चाहूंगी, जिनसे मैंने सीखा। प्रभु देवा सर, राज सुंदरम सर, प्रेम रक्षित सर, वृंदा मैम और साउथ के बहुत सारे कोरियोग्राफर्स ही मेरे टीचर रहे हैं। उन्होंने मुझे फिल्म डांस समझने में काफी मदद की, क्योंकि फिल्म डांस बाकी से काफी अलग होता है। मेरा मानना है कि डांस शो ऑफ करने की चीज नहीं है कि मैं ये मुश्किल स्टेप कर सकती हूं। डांस ऐसा होना चाहिए कि उसे देखकर दूसरे का मन भी नाचने के लिए मचल जाए। मेरी कोशिश कभी ये नहीं होती कि देखो, मैं कितने मुश्किल स्टेप कर सकती हूं, मेरी कोशिश यही रहती है कि जब कोई मेरी ओर देखे और उसे मेरे अंदर की मस्ती या कोई एक्सप्रेशन पसंद आ जाए और उनका मन भी डांस करने का कर जाए और शायद इसीलिए लोग उससे कनेक्ट करते हैं।

फिल्मों के इन डांस नंबर्स पर अक्सर उत्तेजक के आरोप भी लगते हैं। आपकी इस पर क्या राय है?

अगर आप एक लड़की हैं तो अपने जेंडर का प्रतीक होना। अगर एक औरत बहुत ही खूबसूरत या औरत के जैसी लग रही है तो उसे सेक्सी बोलते हैं, तो इसका मतलब बहुत सरल है। बाकी किसी को घुमा फिराकर दूसरा मतलब निकालना है तो आप दस हजार मतलब निकाल सकते हैं, लेकिन मेरे हिसाब से औरतों को खुद में खूबसूरत महसूस करना चाहिए। मैं बहुत सी लड़कियों से मिलती हूं जो मुझे आकर बोलती हैं कि मैम, आप बहुत खूबसूरत हैं। आप तो रियल में बहुत इतनी सुंदर हैं, पर मेरा मानना है कि वे लड़कियां खुद बहुत सुंदर हैं। मेरा मानना है कि एक औरत को दूसरी औरत को सपोर्ट करना चाहिए और कहना चाहिए कि मुझे आप बहुत खूबसूरत लगती हैं और मैं दिल से ऐसा महसूस करती हूं। मैं इसे छिपाना नहीं चाहती। आपकी खूबसूरती पर आपको गर्व होना चाहिए तो ब्यूटी से जुड़ी कोई भी चीज जो मैं करती हूं, उसे लेकर मेरा नजरिया यही होता है।



फिल्म में आपकी किस्मत खूब नाच नचाती है, बहुत मुश्किलों से जूझने पर मजबूर करती है। असल जिंदगी में ऐसा मुश्किल दौर कौन सा रहा है, जिसे हराकर आप सिकंदर बनीं?

करियर के शुरुआत का दौर मैं कहूंगी कि थोड़ा मुश्किल था, क्योंकि जब मैंने काम करना शुरू किया था, तब मैं बहुत कम उम्र की थी और हमेशा ऐसे लोगों के साथ काम कर रही होती थी, जो मुझसे 20 साल बड़े थे। वो काफी अजीब होता था कि मैं इतनी छोटी थी और 20 साल बड़े मर्दों से घिरी रहती थी तो वो एक अलग किस्म की प्रजाति को समझने जैसा था। लोग इस बारे में बात नहीं करते लेकिन ऐक्टर होने का एक बड़ा हिस्सा ये होता है कि आप समझ सकें कि फिल्ममेकर आखिर क्या बनाना चाहता है और इसके लिए आप में वो समझ होनी चाहिए। मेरे लिए वो सोच विकसित करना और उनके दिमाग को समझना चुनौती थी। फिर, मैं साउथ में काम कर रही थी, जबकि खुद मुंबई से थी, तो वहां के कल्चर को समझना था, क्योंकि वो दुनिया ही बिल्कुल अलग थी। मेरा मानना है कि अगर आप किसी भी ऑडियंस के दिल तक पहुंचना चाहते हैं तो आपको उनकी जिंदगी, उनकी संस्कृति को समझना जरूरी है। इसके अलावा, हमारी जॉब में लोगों से इंटरैक्ट करने की कला भी आनी चाहिए, क्योंकि आपको अलग अलग लोगों के साथ मिलकर काम करना होता है। कैमरामैन, डायरेक्टर, कॉस्ट्यूम टीम, सब कुछ बताएंगे और इसमें सबसे बड़ी चीज है, अपने ईगो को आड़े ना आने देना। तभी आप बढ़िया साझेदारी कर पाएंगे। अगर आप ये सोचने लगे कि मुझे ज्यादा आता है तो आप वो नहीं कर पाएंगे, इन सब चीजों को उस छोटी उम्र में समझ पाना बहुत मुश्किल था। लेकिन मैं बहुत दृढ़ थी, इसलिए वो कर पाई, लेकिन बहुत मुश्किल होती थी। कई बार ऐसा हुआ कि दिग्गज लोग मुझसे कोई बात कर रहे हैं। मैं हां हां कहती रहती थी लेकिन मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा होता है, लेकिन मुझे ऐसा दिखाना है कि नहीं, मैं तो सब समझ रही हूं। (हंसती हैं) फिल्म मुकद्दर का सिकंदर करने की सबसे बड़ी वजह ये रही कि मुझे नीरज सर (डायरेक्टर नीरज पांडे) की फिल्में हमेशा से बहुत पसंद रही हैं। उनकी फिल्मों में जिस तरह बहुत ही आम लोगों की कहानी होती है, जो बहुत ही अजीब परिस्थिति में पड़ जाते हैं और फिर उन हालातों से वे कैसे जूझते और निकलते हैं, वो मुझे बहुत अच्छा लगता है। मुझे लगता है कि ये उनकी एक थीम है तो जब मैंने ये स्क्रिप्ट पढ़ी तो मुझे लगा कि यह एक अलग दुनिया है और हिंदी फिल्मों में निश्चित तौर पर लोगों ने मुझे अब तक ऐसे रोल में नहीं देखा है। फिर, यह साल बहुत ही दिलचस्प रहा है, क्योंकि बहुत अलग-अलग किस्म की फिल्में आई हैं। ऐसे में, इस तरह की फिल्म के लिए यह एक बेहतरीन समय है। यह एक तेज रफ्तार की हीस्ट थ्रिलर है। आप जैसे-जैसे इन किरदारों की जिंदगी को समझने लगते हैं, उनसे जुड़ते जाते हैं, तो मेरे लिए कुल मिलाकर यह एक बहुत अच्छा अनुभव रहा।